तदनन्तर ब्रह्मक्षेत्र कलाक्षेत्र रघुक्षेत्र और नन्दन पारिजात शिवा-रण्य है ॥ ५३ ॥

देशारण्यं ततः प्रोक्तं सप्तपीठमिदं प्रिये ।
पूर्वे तु हीरिका नाम नदी पुण्यतमा स्मृता ॥५४॥

देशारण्य यह सात पीठ स्थित है । पूर्वदिशामें पुण्यतमा हीरिका नदी है ॥ ५४ ॥

पश्चिमे नाथकं लिङ्गमुत्तरे किलिपर्वतः ।
दक्षिणे नाथवृक्षस्तु पीठन्तु परिकीर्त्तितम् ॥ ५५ ॥

पश्चिममें नाथकलिंग उत्तरमें किलिपर्वत और दक्षिणमें नाथवृक्ष पीठ कहीगई है ॥ ५५ ॥

गोयानेन त्रिभिर्मासैस्तथा चैव दिनत्रयम् ।
मासहीनेन पूर्वोक्तकाले नोपक्रमस्ततः ॥ ५६ ॥
वाराही प्रथमं पीठं द्वितीयं कोलपीठकम् ।
क्षेत्रं कुमारं प्रथमं द्वितीयं नन्दनाह्वयम् ॥ ५७ ॥
तृतीयं शाश्वतीक्षेत्रं मातङ्गं प्रथमं वनम् ।
सिद्धारण्यं द्वितीयन्तु तृतीयं विपुलं वनम् ॥ ५८ ॥
कोटिशश्च वृतं लिङ्गैः कोटिकोटिगणैर्वृतम् ।
पञ्चतीर्थं भवेत्पूर्वे पश्चिमे धनदा नदी ॥ ५९ ॥

गोयान (बैलगाडी) द्वारा तीन मास तीन दिन और नौका द्वारा मासहीन अर्थात् दो मास तीन दिनमें तीनों पीठकी फेरी लग जाती है । वाराही प्रथम पीठ और दूसरी कोल पीठ है । कुमारक्षेत्र प्रथम, नन्दन और शाश्वती क्षेत्र तीसरा है. मातंग प्रथम वन, सिद्धारण्य दूसरा और विपुल वन तीसरा है यह सब करोड करोड लिंग और करोडकरोड गणोंसे परिवृत्त है । पूर्वमें पंचतीर्थ और पश्चिममें धनदा नदी है५६-५९

पत्राख्या दक्षिणे चैव तूत्तरे कुरुवकावनम् ।
एतन्मध्यगतं देवि श्रीपीठं नाम नामतः ॥ ६० ॥

दक्षिणमें पत्राख्या वन और उत्तरमें कुरुवका वन है हे देवि ! इन सबके मध्यगत स्थानका नाम श्रीपीठ विख्यात है ॥ ६० ॥

इति श्रीयोगिनीतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे चतुर्विंशतिसाहस्रे कामरूपपीठाधिकारे प्रथमतमे द्वितीयभागे भाषाटीकायां प्रथमः पटलः ॥ १ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

नित्यं निर्व्वर्त्य स्वगृहे पितॄन्नान्दीमुखानपि ।
अभ्यर्च्य विधिवद्भक्त्या पश्चाद्यात्रां समाचरेत् ॥ १ ॥

श्रीभगवान् बोले-अपने घरमें नित्यकर्म समानपूर्वक पितरोंकी पूजा अर्थात् नान्दीमुख श्राद्ध सन्पन्न करके भक्तियुक्त हो फिर यथाविधि यात्रा करे ॥ १ ॥

उत्तरस्यां गते शुक्रे सानुकूले शुभे ग्रहे ।
गुरुपित्रोरनुज्ञाप्य ब्राह्मणाना विशेषतः ।
भोजयित्वा द्विजान्सप्त ततो यात्रां समाचरेत् ॥ २ ॥

शुक्रके उत्तरमें अवस्थित होनेपर और सब शुभग्रहोंके सानुकूल होनेपर गुरु और पिता मातादिकी तथा विशेषतः ब्राह्मणोंकी अनुमति ग्रहणपूर्वक सात ब्राह्मणोंको भोजन कराकर फिर यात्रा करनी चाहिये ॥ २ ॥

सिंहे धनुषि मेषे च लग्ने सत्पूर्वपीठके ।
तुलायां कुम्भमीने च न गच्छेत्पश्चिमं बुधः ॥ ३ ॥

बुद्धिमान् पुरुष सिंह धनु और मेष राशिमें पूर्वकी और तुला मिथुन और कुम्भ राशिमें पश्चिमकी ओर ॥ ३ ॥

वृषेऽङ्गनायां मकरे न गच्छेद्दक्षिणालयम् ।
कर्कटे कीटमीने च न गच्छेदुत्तरं सुधीः ॥ ४ ॥

वृष कन्या और मकरमें दक्षिणकी ओर कर्क वृश्चिक और मीनमें उत्तरकी ओर गमन न करै ॥ ४ ॥

चापे गव्यङ्गनायां च न गच्छेद्वह्निकोणकम् ।
मकरे कर्कटे मीने नैर्ऋत्यां परिवर्जयेत् ॥ ५ ॥
वायव्यां कुम्भमेषे च चापे चैव विवर्जयेत् ।
सिंहे मीने कर्कटे च ह्यैशान्यान्तु न चिन्तयेत् ॥ ६ ॥

सुधी मनुष्य धनुः वृष और कन्यामें, अग्निकोणकी ओर मकर कर्क और मीनमें, नैर्ऋत कोणकी ओर कुम्भ मेष और धनु राशिमें वायुकोणकी ओर तथा सिंह मीन और कर्कमें ईशान कोणकी और गमन न करे ॥ ५ ॥ ६ ॥

एतत्स्थूलं विजानीयाद्योगिनीं शृणु शङ्करि ।
न गच्छेन्मन्दवारे च पूर्वदेशं मम प्रिये ॥ ७ ॥

यह सब स्थूलरूपसे जानना हे शङ्करि ! योगिनीको सुनो हे प्रिये ! मन्दवार अर्थात् शनैश्चरके दिन पूर्वदेश ॥ ७ ॥

पश्चिमे सवितुर्वारे दक्षिणां बुधवासरे ।
कुजवारे चोत्तराञ्च बुध वापि दिशं त्यजेत् ॥ ८ ॥

रविवारको पश्चिम देश, बुधवारको दक्षिण देश और मंगलवारको उत्तर देशमें गमन न करै ॥ ८ ॥

जीववारे तु नैर्ऋत्यां वायव्यां भृगुवासरे ।
शनिवारे तथैशान्यां सोमे चैव विशेषतः ॥ ९ ॥

बृहस्पतिवारको नैर्ऋत्य कोणमें, शुक्रवारको वायु कोणमें, शनिवार और विशेषतः सोमवारको ईशान कोणमें न जाय ॥ ९ ॥

पूर्वदेशं महेशानि प्रतिपन्नवमी ह्यसत् ।
तत्र यात्रा न कर्त्तव्या योगिनी सम्मुखा यतः ॥ १० ॥

हे महेशानि ! यात्री लोग पडवा और नवमीको पूर्वदिशामें यात्रा न करै क्योंकि इनमें सन्मुख योगिनी होती है ॥ १० ॥

चतुर्दश्यान्तथा षष्ठ्यां पश्चिमन्तु विवर्जयेत् ।
त्रयोदशीं च पञ्चम्यां न गच्छेद्दक्षिणां दिशम् ॥ ११ ॥

चौदश और छठमें पश्चिम दिशा तेरस और पञ्चमीमें दक्षिण दिशा ११

दशम्यां च द्वितीयायां वर्जयेद्राक्षसीन्दिशम् ।
पूर्णिमा सप्तमी चैव वायव्यां सर्वथा ह्यसत् ॥ १२ ॥

द्वितीया और दशमीमें नैर्ऋत दिक् पूर्णिमा और सप्तमीमें वायव्य दिक् ॥ १२ ॥

न गच्छेच्चैव त्वैशानिममावस्याष्टमीदिने ।
विष्कम्भः प्रीतिरायुष्मान्प्रतिपत्सु विवर्जितः ॥ १३ ॥

और अमावस्या तथा अष्टमीमें ईशान दिक् परित्याग करै । पडवा-में विष्कम्भ प्रीति और आयुष्मान् योग वर्जन करै ॥ १३ ॥

सौभाग्यं शोभनश्चैव द्वितीयास्वतिगण्डकम् ।
सुकर्मा वैधृतिश्चैव तृतीयायां विवर्जितः ॥ १४ ॥

द्वितीयामें सौभाग्य शोभन और अतिगण्डक वर्जनीय है तृतीयामें सुकर्मा वैधृति ॥ १४ ॥

गण्डो वृद्धिर्ध्रुवश्चैव व्याघातश्च तथैव च ।
चतुर्थ्यां वर्जयेद्देवि पञ्चम्यां हर्षणन्तथा ॥ १५ ॥

चतुर्थीमें गण्ड, वृद्धि, ध्रुव और व्याघात पंचमीमें हर्षण ॥ १५ ॥

वज्रः सिद्धिर्व्यतीपातौ षष्ठ्यां जानीहि शङ्करि ।
वरीयान्परिघश्चैव सप्तम्यां परिवर्जयेत् ॥ १६ ॥

षष्ठीमें वज्र सिद्धि और व्यतीपात, सप्तमीमें वरीयान् और परिघ योग वर्जन करै ॥ १६ ॥

शिवः सिद्धिश्च साध्यश्च वर्ज्जयेदष्टमीतिथौ ।
नवम्यां शुभशुक्रौ च दशम्यां ब्राह्ममेव वा ॥ १७ ॥

अष्टमीमें शिव सिद्धि और साध्य नवमीमें शुभ शुक्र दशमीमें ब्रह्म १७

एकादश्यां तथैन्द्रन्तु द्वादश्यां वैधृतिं त्यजेत् ।
उत्तरात्रयं त्रयोदश्यां विशाखायां चतुर्दशीम् ॥ १८ ॥

एकादशीमें ऐन्द्र, द्वादशीमें वैधृति, त्रयोदशीमें उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढा और उत्तराभाद्रपदा चतुर्दशीमें विशाखा ॥ १८ ॥

मघार्द्रा भरणीश्चैव पौर्णमास्यां विवर्जयेत् ।
पक्षतौ कृत्तिका निन्द्या द्वितीयायान्तु ज्येष्ठका ।
अयात्रिके च नक्षत्रे प्रस्थानं न कदाचन ॥ १९ ॥

पौर्णमासीमें मघा आर्द्रा और भरणीको त्यागदे । प्रतिपत्में कृत्तिका और द्वितीयामें ज्येष्ठा यह सब नक्षत्र यात्रा वा प्रस्थानमें कभी शुभ नहीं है ॥ १९ ॥

यात्रायान्तु न दुष्टस्य कारणस्य विचिन्तनम् ।
जन्ममासे जन्मदिने जन्मनक्षत्रके तथा ।
अष्टम्यां च नवम्याञ्च सदा यात्रां विवर्ज्जयेत् ॥ २० ॥

यात्राकालमें करणका विचार नहीं करना चाहिये । जन्ममास जन्मदिन और जन्मनक्षत्रमें अष्टमी और नवमीमें सदा यात्रादि वर्जित है ॥ २० ॥

आपत्काले च यात्रायां सदुषा पश्चिमे मता ।
गोधूलिसमयश्चैव पूर्वदेशे प्रशस्यते ॥ २१ ॥

आपत्कालमें पश्चिम ओरकी यात्रामें उषा काल श्रेष्ठ है और पूर्वकी यात्रामें गोधूलिसमय प्रशस्त (उत्तम) है ॥ २१ ॥

मध्याह्ने दक्षिणे चैव अपराह्णे तथोत्तरे ।
ऐशान्याञ्च तथा रात्रौ नैर्ऋत्यां सन्ध्ययोर्द्वयोः ॥२२॥

मध्याह्नके समय दक्षिणमें अपराह्णकालमें उत्तर रात्रिकालमें ईशान कोन दोनों सन्ध्यामें नैर्ऋत कोन ॥ २२ ॥

मध्यन्दिने तथाग्नेये वायव्यां प्रातरेव हि ।
वारुणादिषु योगेषु यथाकालं समाचरेत् ॥ २३ ॥

मध्यदिनमें अग्निकोण, प्रातः कालमें वायुकोण, और वारुणादि योगमें यथाकालमें यात्रा करै ॥ २३ ॥

विना जन्मदिनं तत्र ह्यष्टमीं नवमीं तथा ।
प्राचीं दिशं समागच्छेद्यात्रां कुर्यादुदङ्मुखः ॥२४॥

इनमें जन्मदिन अष्टमी और नवमीके अतिरिक्त यात्रा करनी चाहिये उत्तरमुख होकर पूर्वदिशामें ॥ २४ ॥

पश्चिमे प्राङ्मुखः कुर्याद्दक्षिणे पश्चिमामुखः ।
उत्तरे दक्षिणमुखो यात्रां कुर्यात्सुसिद्धये ॥ २५ ॥

पूर्वमुख होकर पश्चिमदिशामें पश्चिममुख होकर दक्षिणदिशामें दक्षिण-मुख होकर उत्तरदिशामें यात्रा करनेसे कार्य सिद्ध होताहै अर्थात् जिस समय पश्चिमदिशाको गमनकरनेकी इच्छा हो तब प्रथम पूर्वाभिमुख हो कुछ दूर चले, फिर पश्चिमको यात्रा करे दक्षिणको यात्रा करनी हो तो प्रथम पश्चिमको चलकर फिर दक्षिणको जाय एवं उत्तरको जाना हो तो प्रथम दक्षिणको चलकर फिर उत्तरको चले तो कार्यसिद्धि होती है ॥ २५ ॥

कुसुमं यावकः शंखो भेरीवाद्यश्च भूमिपः ।
गवां शतं रथं यानं दक्षिणे शुभगाः स्मृताः॥ २६ ॥
सिद्धान्नं मांसपिण्डश्च भक्तभाजनमद्भुतम् ।
मत्स्यापिण्डं पराहाराः सर्वे ते दक्षिणे शुभाः ॥ २७ ॥

यात्राके समय दक्षिणभागमें कुसुम (पुष्प) यावक (कुल्माष) शंख भेरीवाद्य (नगाडेका शब्द) राजा बहुतसी गायें रथ और यान तथा सिद्ध अन्न मांसपिण्ड, भातका पात्र अद्भुत वस्तु मत्स्यपिण्ड और उत्कृष्ट आहार दक्षिणभागमें शुभ हैं ॥ २६ ॥ २७ ॥

कन्या वै मिथुनं वेश्या पूर्णकुम्भाः स्त्रियस्तथा ।
चरन्तः पशवोन्ये च वामतः शुभकारकाः ॥ २८ ॥

वामभागमें कन्या दम्पति (स्त्रीपुरुष) वेश्या और पूर्णकुंभ अर्थात् भरा हुआ घडा हाथमें लिये स्त्री और चरणशील पशु पक्षीगणोंको शुभकारक जानना चाहिये ॥ २८ ॥

अग्रे दधि फलं यात्रा शुभदं परिकीर्त्तितम् ।
यदि क्रौञ्चमयूराश्च युग्मशो यान्ति गच्छतः ।
तदा सिद्धिं विजानीयादन्यथा विघ्नमादिशेत् ॥ २९॥

अग्रभागमें दधि और फल शुभदायक है और गमनकालमें दोदो क्रौञ्च (पक्षिविशेष) और मोरके गमन करनेसे शुभको प्राप्त होता है, नहीं तो विघ्नाचरण करते हैं ॥ २९ ॥

गृध्रः श्येनाश्च चिल्लाश्च पार्श्वं गच्छन्ति वै यदा ।
न कुर्याद्यात्रिको यात्रां वायसे वनसंस्थिते ॥ ३० ॥

यात्राके समय यदि पार्श्वदेशमें गृध्र, श्येन (बाज) और चील गमन करै, तो यात्रीको यात्रा नहीं करनी चाहिये । यदि कौवा वन-स्थित ॥ ३० ॥

च्युते निष्ठुरसम्भाषं गृहगोधारुतं तथा ।
क्रन्दनं कलहं श्रुत्वा न गच्छेत्तु कदाचन ॥ ३१ ॥

गिरेहुए वृक्षपर बैठकर निष्ठुर भाषण करै, तब और गृहगोधा अर्थात् घरकी छिपकलीका शब्द सुनकर गमन करना उचित नहीं है रुदन और कलह सुनकर भी कभी यात्रा न करै ॥ ३१ ॥

गुर्वादित्ये गुरौ सिंहे शुक्रे चास्तमुपागते ।
देवतादर्शनं यात्रां प्रतिष्ठां चापि यत्नतः ॥ ३२ ॥
व्रतारम्भं तथोद्वाहं गृहप्रासादिकं तथा ॥ ३३ ॥
वापीकूपतडागानि यन्त्रस्यारम्भणं तथा ।
आरम्भो यज्ञवृक्षस्य चारामकरणं तथा ॥ ३४ ॥
देवव्रतवृषोत्सर्गं यज्ञस्यारम्भणं तथा ।
कर्णवेधश्च वृद्धिश्च स्त्रीणामानयनं त्यजेत् ॥ ३५ ॥

गुर्वादित्ययोगमें और सिंहराशिमें बृहस्पतिके प्राप्त होनेपर, शुक्रके अस्त होनेपर देवतादर्शन, यात्रा, और प्रतिष्ठा व्रतारंभ विवाह गृह और प्रासादादि वापी कूप तडागादिका खोदना, यन्त्रारंभ. यज्ञीय वृक्ष लगाना, आरामकरण, देवव्रत, वृषोत्सर्ग यज्ञारंभ, कानछेदन, वृद्धि श्राद्ध और स्त्रीको नहीं लावे ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ३५ ॥

सुराणां दर्शनं पूर्वं न कुर्वीत कदाचन ।
प्रागारम्भं व्रतानाञ्च यात्रा सम्वत्सरात्परम् ॥ ३६ ॥

देवताका दर्शनभी इसमें कभी न करै । व्रतका प्रथमारंभ, यात्रा सम्वत्सरके पीछे ॥ ३६ ॥

व्यालव्रते महापुण्ये तथा नित्यव्रते च वै ।
न कालनियमस्तत्र तथा च रोहिणीव्रते ॥ ३७ ॥
शिवरात्रिव्रते चैव प्रयागस्य च मुण्डने ।
देशदाहे ग्रहाणाञ्च विशुभं नैव चिन्तयेत् ॥ ३८ ॥

व्यालव्रत और नित्यव्रत करना चाहिये । इसमें कालनियम नहीं है और रोहिणीव्रत शिवरात्रिव्रत, प्रयागमें मस्तकमुण्डन और देशदाह इन सब विषयोंमें ग्रहादिके अशुभ होनेपर भी कर्मका आरंभ करै ॥ ३७ ॥ ३८ ॥

उज्जयिन्यामर्कशुद्धिर्मध्यदेशे विधोस्तथा ।
कुजशुद्धिर्जनस्थाने त्वरण्यान्यां बुधस्य च ॥ ३९ ॥

उज्जयिनीमें सूर्यशुद्धि, मध्यदेशमें चन्द्रशुद्धि जनस्थानमें कुज (मंगल) शुद्धि, अरण्यमें बुधशुद्धि ॥ ३९ ॥

गौडे चान्ध्रे गुरोः शुद्धिः कामरूपे भृगोः स्मृता ।
मथुरायामर्कजस्य राहोरङ्गे च वंगके ॥ ४० ॥

गौड और आन्ध्रदेशमें गुरुशुद्धि, कामरूपमें शुक्रशुद्धि, मथुरामें शनैश्चरशुद्धि अंग और वंगदेशमें राहुशुद्धि शुभकर होती है ॥ ४० ॥

धनुर्बाणं तथा तद्वदोड्रपीठे व्यवस्थितम् ।
जालन्धरे चतुर्हस्तमूर्म्मिके पूर्णहस्तकम् ॥ ४१ ॥
पंक्तिहस्तं कामरूपे सौमारे तारहस्तकम् ।
कोलपीठे तुर्य्यहस्तं चौहारे द्विगुणं भवेत् ॥ ४२ ॥

ओड्रपीठमें धनुर्बाण स्थित है, जालन्धरमें चार हस्त, ऊर्मिकमें पूर्णहस्त, कामरूपमें पंक्तिहस्त, सौमारमें तारहस्त, (तीनहस्त) कोलपीठमें तुर्यहस्त (चार हस्त) और चौहारमें द्विगुण व्यवस्थित है॥४१॥४२

महेन्द्रे वै कलाहस्तं श्रीहट्टे वह्निहस्तकम् ।
उपपीठे तु पाताले हस्तमेव हि विद्धि तत् ॥ ४३ ॥
रत्नपीठे तु षड्हस्तं लोहित्याश्चैव तूत्तरे ।
बलदेवाश्रमे चैव तथा कन्याश्रमेषु च ।
योगिनीमुखमासाद्य स्नानं ध्यानं गतिन्त्यजेत् ॥ ४४॥

महेन्द्रमें कलाहस्त, श्रीहट्टमें वह्निहस्तक, एवं उपपीठ और पातालमें एक हस्त जाने । रत्नपीठमें लोहितीके उत्तरमें बलदेवाश्रममें और

कन्याश्रममें छै हस्त व्यवस्थित हैं । योगिनीके मुखमें गमन, स्नान और ध्यान न करै ॥ ४३ ॥ ४४ ॥

यानेनार्द्धफलं विन्द्यात्तथा छत्रं च पादुके ।
तीर्थयात्राफलं हन्ति व्यायामो मांसभक्षणम् ॥ ४५ ॥

यान (सवारी) द्वारा तीर्थमें जानेसे वा छत्री पादुका इत्यादिको लेकर तीर्थमें जानेसे आधा फल प्राप्त होता है । व्यायाम (कसरत) और मांसभक्षणसे तीर्थयात्राका फल नष्ट होजाता है ॥ ४५ ॥

तीर्थं प्राप्यानुषङ्गेन तीर्थस्य च फलं भवेत् ।
ज्ञानेन तु तदाप्नोति ज्ञानहीनस्य निष्फलम् ॥ ४६ ॥

अनुषङ्ग क्रमसे अर्थात् किसी और प्रयोजनसे कहीं जानेपर तीर्थकी प्राप्ति होजाय तो तीर्थका फल प्राप्त होता है, ज्ञानपूर्वक ऐसा होनेसे भी वही फल प्राप्त होता है और अज्ञानसे यदि दर्शन हो तो वह निष्फल होता है ॥ ४६ ॥

तीर्थे चाचमनं त्याज्यं पादप्रक्षालनन्तथा ।
शौचमाचमनं चैव त्वन्यतीर्थप्रशंसनम् ॥ ४७ ॥

तीर्थमें आचमन और पैर धोना, शौच और दूसरे तीर्थकी प्रंशसा नहीं करनी चाहिये ॥ ४७ ॥

अन्यतीर्थरतिं चैव सदा तीर्थेषु दूषणम् ।
न मलं निर्वपेत्तीर्थे न केशं निर्वपेत्क्वचित् ॥ ४८ ॥

एक तीर्थमें जाकर दूसरे तीर्थमें प्रीति नहीं करनी चाहिये । तीर्थमें मलत्याग और बाल कतरने अनुचित है ॥ ४८ ॥

न तीर्थतीरे निवसेद्दक्षिणे तु विशेषतः ।
दक्षिणे चैव तीर्थस्य न स्नायाद्धि कदाचन ॥ ४९ ॥

तीर्थके तटमें और तीर्थके दक्षिणमें निवास न करै । तथा तीर्थके दक्षिणमें स्नान कभी न करै ॥ ४९ ॥

तीर्थस्य चोत्तरे भागे चाष्टकोटिसहस्रशः ।
वसन्ति तत्र तीर्थानि पुण्यान्यायतनानि च ।
दक्षिणे कुण्डतीर्थस्य सरितो वामतः प्रिये ॥ ५० ॥

हे प्रिये ! तीर्थके उत्तरभागमें, कुण्डतीर्थके दक्षिणमें और नदीके वामभागमें आठ करोडसहस्र तीर्थ और पुण्यायतन अधिष्ठित हैं॥५०॥

तीर्थेषु ब्राह्मणं नैव परीक्षेच्च कदाचन ।
येषु तीर्थेषु ये देवा ये च तत्र द्विजातयः ।
वन्दितव्याश्च पूज्याश्च तेषां वाक्येन पूतता ॥ ५१ ॥

तीर्थमें ब्राह्मणकी परीक्षा कभी न करै, जिस तीर्थमें जो जो देवता और ब्राह्मण वास करते हैं, वही वन्दनीय और पूजनीय हैं इन ब्राह्मणोंके वचनानुसार कर्म करनेसे पवित्र होता है ॥ ५१ ॥

न कालनियमः श्राद्धे मधु पिण्डे तु वर्जयेत् ।
तीर्थं गत्वा न दूरे तु वसेत्तीरे विचक्षणः ॥ ५२ ॥

श्राद्धमें कालनियम नहीं है, पिण्डमें मधु वर्जित है, तीर्थमें जाकर बुद्धिमान् मनुष्य तीर्थके दूर तटमें वास न करै ॥ ५२ ॥

ग्रहणे चैव तीर्थे च तथा च पितृवासरे ।
यज्ञारम्भे समाप्तौ च भूकम्पे तु विशेषतः ॥ ५३ ॥
ब्राह्मणे दानयोग्यत्वं श्राद्धयोग्यत्वमेव च ।
यद्दीयते चापरीक्ष्य निष्फलं परिकीर्त्तितम् ॥ ५४ ॥

तीर्थस्थलमें, ग्रहणमें, पितृवासरमें, यज्ञारंभमें, यज्ञसमाप्तिमें, विशेष कर भूमिकम्पमें यह ब्राह्मणगण श्राद्धादिदानमें योग्य हैं वा नहीं है, इस प्रकार परीक्षाके विना यदि महादानभी करै तो वह भी निष्फल होता है ॥ ५३ ॥ ५४ ॥

नावाहनं न चार्घ्यं च न चाग्नौ हवनं तथा ।
पवित्रसेचनं नैव तथाक्षय्यावधारणम् ॥ ५५ ॥
तीर्थश्राद्धे न कुर्वीत वासःसूत्रप्रदापनम् ।
तत्र सप्तदशान्पिण्डान्पिण्डकालेषु निर्वपेत् ॥ ५६ ॥

आवाहन, अर्घ्यदान, अग्निमें हवन, पवित्रसेचन, अक्षय्यावधारण, वाससूत्रप्रदापन अर्थात् जो पिण्डके ऊपर त्रिगुणित सूत्र रखते हैं, वह तीर्थश्राद्धमें उचित नहीं है । तीर्थश्राद्धके समय सत्रह पिण्ड देवें ॥ ५५ ॥ ५६ ॥

श्राद्धं समाप्य पिण्डं हि न दद्याच्च कदाचन ।
मज्जनं प्रतिकुण्डे च प्रतितीर्थे च मज्जनम् ॥ ५७ ॥
दिवसे दश चाष्टौ च पंच सप्त त्रयं तथा ।
ततः कृत्वाभिषेकं च तीर्थं च प्रतिपूजयेत् ॥ ५८ ॥

श्राद्धसमापन करके फिर पिण्डप्रदान कभी न करे । प्रतितीर्थ और प्रतिकुण्डमें दश, आठ, पांच, सात वा तीनवार मज्जन करना चाहिये इसके पीछे अभिषेक करके तीर्थपूजा करै ॥ ५७ ॥ ५८ ॥

लोहित्ये चैव शोणे च गयायां विरजेषु च ।
कन्याश्रमेष्वगस्त्ये च पारियात्रे तथैव च ॥ ५९ ॥
मुकुराङ्गे तु चैकाम्रे मुण्डनञ्च विवर्जयेत् ।
पापराशिस्तु केशाग्रे प्रयत्नेन प्रतिष्ठितः ॥ ६० ॥
तस्माच्छिखां परित्यज्य कर्णमूले च स्थापयेत् ।
पक्षान्ते चैव मासान्ते षण्मासान्ते च वत्सरे ॥ ६१ ॥
अष्टावष्टौ समान्ते वा मुण्डनञ्च पुनश्चरेत् ॥ ६२ ॥

लोहित्यतीर्थमें, शोणमें, गयामें, विरजमें, कन्याश्रममें, अगस्त्यमें, पारियात्रमें, मुकुरांग और एकाम्रमें मुण्डन वर्जित है, पापराशि केशाग्रमें अवस्थान करती है, इसीकारण शिखा परित्यागकर कर्णमूलमें स्थापित करै। पक्षके अन्तमें, महीनेके अन्तमें, छः महीनेके अन्तमें वा वर्षके अन्तमें अथवा आठ आठ वर्षके अन्तमें पुनर्वार मुण्डन करै॥५९–६२॥

ततः कुशमयं विप्रं कृत्वा तीर्थे निधाय च।
उत्तराभिमुखो भूत्वा बान्धवान्स्नापयेद्बुधः॥६३॥

बुद्धिमान् कुशमय ब्राह्मण निर्माणकरके तीर्थमें रक्षणपूर्वक उत्तराभिमुख हो बांधवोंको स्नान करावे॥ ६३ ॥

कुशोतीति हि मन्त्रेण त्रिवारं स्नापयेत्कुशैः।
तीर्थस्यास्य तुरीयाङ्गं फलं प्राप्स्यत्यसंशयम्॥६४॥
गृहीत्वा तु द्विजक्रोडं नामोच्चारणमज्जने।
कृत्वा तीर्थफलस्यार्द्धं ब्राह्मणस्य विधीयते॥ ६५ ॥

'कुशोतीति' इस मंत्रसे तीनवार कुशद्वारा स्नान करानेपर उस तीर्थस्नानका तुरीयांग अर्थात् पादफल होगा, इसमें सन्देह नहीं। ब्राह्मणका अंगग्रहणपूर्वक नामोच्चारणसे मज्जन करनेपर ब्राह्मणका आधा फल होताहै॥ ६४ ॥ ६५ ॥

वरं विक्रयणं मातुर्वरं विक्रयणं पितुः।
न स्नापयेच्चासगोत्रं न तीर्थेषु प्रतिग्रहम्॥ ६६ ॥

यद्यपि माता पिताका बेचनाभी अच्छा है तथापि असगोत्रको तीर्थस्नान न करावे और दानभी न ले॥ ६६ ॥

सिद्धक्षेत्रेषु तीर्थेषु नाशीः कुर्य्यात्परस्य च।
यायादितोऽन्यत्र भुवि तिलं गाश्च विशेषतः॥ ६७ ॥

न गृह्णीयात्तु शूद्रस्य न तेन सह वा वसेत् ।
यस्य यज्ञस्य यत्पात्रं तस्य पापेन लिप्यते ।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन परयज्ञं विवर्जयेत् ॥ ६८ ॥

सिद्धक्षेत्र और तीर्थमें पराया आशीर्वाद उचित नहीं है । एक स्थानमें यदि शूद्र हो, तो अन्यत्र गमन करै, तथापि शूद्रके तिल और गौ ग्रहण न करै, क्योंकि वह यज्ञमें ग्रहण करने योग्य नहीं है । जिस यज्ञका जो पात्र है, उसकेही होनेसे पाप स्पर्श नहीं होता अतएव सर्व प्रयत्नसे पराया यज्ञ वर्जित है ॥ ६७ ॥ ६८ ॥

इति श्रीयोगिनीतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे देवीश्वरसंवादे चतुर्विंशतिसाहस्रे कामरूपाधिकारे प्रथमतमे द्वितीयभागे भाषाटीकायां द्वितीयः पटलः ॥२॥

श्रीभगवानुवाच ।

कामरूपं महापीठं गुह्याद्गुह्यतरं परम् ।
सदा च संस्थितस्तत्र पार्वत्या सह शङ्करः ॥ १ ॥

श्रीभगवान् बोले-कामरूप महापीठ गुह्यसे भी परमगुह्य है वहां महादेवजी पार्वतीके सहित नित्य वास करते हैं ॥ १ ॥

न चिरात्पूजितो देवस्तास्मिन्पीठे प्रसीदति ।
तत्तु पीठं प्रवक्ष्यामि शृणु तं साम्प्रतं प्रिये ॥ २ ॥

वह देवदेव इस पीठमें पूजित होकर शीघ्र प्रसन्न होते हैं । हे प्यारी ! अब उसी पीठका वर्णन करता हूं सुनो ॥ २ ॥

यात्राकाले शतनदी लिङ्गकोटिगुणावृता ।
वायुकूटस्य चरमे धनुर्हस्तप्रमाणतः ॥ ३ ॥

वायुकूटके अन्तभागमें एक धनुष और एक हाथके प्रमाणसे करोड लिंगसमावृत शतनदी संयुक्त बहती है ॥ ३ ॥

वायुरूपी स्थितस्तत्र तस्मान्निःसृत्य मारुतः ।
तं तु वायुं समभ्यर्च्य वायुलोकमवाप्नुयात् ॥ ४ ॥
पूर्णवायुगिरेः शैलश्चन्द्रकूट इति स्मृतः ।
मध्यतश्चैव गोदन्तः क्रान्तो वै दक्षिणे शुभः ॥ ५ ॥

वहां वायु रूपवान् अवस्थित है, उससे वायु निकलती है, उस वायुकी अर्चना करनेसे वायुलोक प्राप्त होता है । वायुगिरिके पूर्वमें चन्द्रकूटशैल, मध्यमें गोदन्त, दक्षिणमें अश्वक्रान्त ॥ ४ ॥ ५ ॥

माधवश्चन्द्रकूटे तु गोदन्ते च जटाधरः ।
षण्मुखश्च जयन्तश्च ह्यश्वक्रान्ते जनार्दनः ॥ ६ ॥

चन्द्रकूटमें माधव, गोदन्तमें जटाधर, षण्मुख और जयन्त, अश्वक्रान्तमें जनार्दन अवस्थित हैं ॥ ६ ॥

तत्तद्बीजेन मन्त्रेण पूजयेन्मधुपायसैः ।
यो वसेद्वायुकूटे तु धनानामधिपो भवेत् ॥ ७ ॥
चन्द्रशैले निवासात्तु क्षयी भवति नान्यथा ।
पापी भवति गोदन्ते त्वश्वक्रान्ते तु मुक्तिमान् ॥ ८ ॥

उस उस बीजमंत्रद्वारा मधु और खीरसे उनकी पूजा करै. जो वायुकूटमें वास करता है वह धनाधिप होता है. चन्द्रकूटमें वास करनेसे क्षयी और गोदन्तमें पापी होता है. अश्वक्रान्तमें वास करनेसे मुक्तिको प्राप्त होता है ॥ ७ ॥ ८ ॥

चन्द्रशैलस्य पूर्वे तु किंचिदाग्नेयगोचरे ।
लौहित्यमध्ये देवेशि धनुस्त्रिंशत्प्रमाणतः ॥ ९ ॥
इन्द्रशैल इति ख्यातस्तत्र वासे महाफलम् ॥ १० ॥

चन्द्र शैलसे कुछेक आग्नेयकोणविभागमें लौहित्य मध्य वाम भागमें तीस धनुःप्रमाण इन्द्रशैल है वहां जानेसे महाफल होता है ॥ ९॥ १०॥

इन्द्रशैलस्य मध्ये तु किञ्चिद्दक्षिणगोचरे ।
उत्तरे चन्द्रशैलस्य त्यजेत्षोढा धनुर्बुधः ॥ ११ ॥

बुद्धिमान् इन्द्रशैलके किञ्चित् दक्षिणमें चन्द्रशैलके उत्तरमें षोढा अर्थात् छः धनुः परित्याग करे ॥ ११ ॥

धनुस्त्रयञ्च प्रस्तारे धनुषः शतकं तथा ।
पञ्चविंशति चायामे चन्द्रकुण्डाह्वयं सरः ।
तत्र पीत्वा च स्नात्वा स नरः कैवल्यमश्नुते ॥ १२ ॥

विस्तारमें तीन धनुष दैर्घ्यमें एक सौ पचीस धनुःप्रमाण चन्द्रकुण्डनामक सरोवर है, मनुष्य वहां स्नान पान करनेसे कैवल्य लाभ करते हैं ॥ १२ ॥

चन्द्रतीर्थं महातीर्थं तीर्थं पिण्डारकं समे ।
स्नात्वा चानेन मन्त्रेण ब्रह्महत्यां व्यपोहति ॥ १३ ॥

चन्द्रतीर्थ महातीर्थ है, वह और पिण्डारक तीर्थ यह दोनों समान हैं (चन्द्रतीर्थं महातीर्थं तीर्थं पिण्डारकं समे) इस मन्त्रसे स्नान करनेपर ब्रह्महत्याका पाप नष्ट हो जाता है ॥ १३ ॥

सुधीशवंशसम्भूत माधवप्रीतिदायक ।
सुधीश्रवणआह्लादात्पापं हर नमोऽस्तु ते ॥ १४ ॥
भृगुप्राय सगयुक्तं आदिपंक्तिसमन्वितम् ।
तदूर्द्धे च भृगुर्दण्डी जान्तं शक्तिसुरान्वितम् ॥ १५ ॥
नादाबिन्दुसमायुक्तं पुनर्जातं सुभाविकम् ।
अष्टाक्षरञ्च तन्मन्त्रमुक्त्वा सार्घ्यं समापयेत् ॥ १६ ॥
मेषे मीने पौर्णमास्यां जपन्कामं मनुं निशि ।
स्नात्वा ब्रह्मत्वमाप्नोति दुर्गतिञ्च न विन्दति ॥ १७ ॥

"सुधीशवंशसम्भूत माधवप्रीतिदायक ॥ सुधीश्रवण आह्लादात्पार्प हर नमोऽस्तु ते" यह उच्चारण कर भृगुमाय सर्गयुक्त आदि पंक्ति संयुक्त है। उसके ऊर्ध्वमें भृगु और दण्डी तथा शक्ति सुरान्विता जानता है। फिर नादबिन्दुसंयुक्त सुभावित जानता है । अष्टाक्षर इस मंत्रको जपकर फिर अर्घ्यसमापन करै। मेष मीन और पौर्णमासीमें उपयुक्त परिमाणसे इस मंत्रको जपता हुआ स्नान करनेपर ब्रह्मत्व प्राप्त होता है कभी दुर्गति प्राप्त नहीं होती ॥ १४ ॥ १५ ॥ १६ ॥ १७ ॥

स्नानञ्च दिवसे कुर्यान्महापातकनाशनम् ।
इत्यनेन तु मन्त्रेण यः स्नायाच्चन्द्रपाथसि ॥ १८ ॥
अविच्छिन्ना स्थितिस्तस्य यावत्तिष्ठति मेदिनी ।
भवति श्रीचन्द्रभवने शनैर्याति परं पदम् ॥ १९ ॥

दिनमेंही स्नान करना चाहिये। दिनमें स्नान करनेसे महापातक नष्ट होते हैं. इस मंत्रसे जो मनुष्य चन्द्रतीर्थमें स्नान करता है, वह बीरमनुष्य जबतक पृथ्वी विद्यमान रहेगी तबतक अविच्छिन्नरूपसे अर्थात् निरन्तर परमस्थान चन्द्रभवनमें वास करेगा, इसमें सन्देह नहीं और फिर क्रमसे मुक्तिकोभी प्राप्त करेगा ॥ १८ ॥ १९ ॥

तस्य दक्षिणदिग्भागे चतुर्धनुःप्रमाणतः ।
मानसं नाम तत्तीर्थं सर्वपापप्रणाशनम् ॥ २० ॥

उसकी दक्षिणदिशाके विभागमें चार धनुःप्रमाण सब पापोंका नाशकरनेवाला मानसतीर्थ है ॥ २० ॥

कार्तिके शुक्लपक्षे तु स्नानं तत्र समाचरेत् ।
विष्णुलोकमवाप्नोति मन्त्रेण परमेश्वरि ॥ २१ ॥

हे परमेश्वरि ! कार्तिकके शुक्लपक्षमें वहां मंत्रद्वारा स्नान करनेसे विष्णुलोकको प्राप्त होता है ॥ २१ ॥

तस्मान्न संशयस्तीर्थं विष्णुतुष्टिप्रदायकम् ।
योगज्ञानाप्तये तुष्ट्यै चार्घ्यं दद्यात्सरित्पतेः ॥ २२ ॥

अतएव यह तीर्थ जो विष्णुका तुष्टिदायक है, इसमें सन्देह नहीं योगज्ञानप्राप्तिके निमित्त सरित्पतिके संतोषार्थ अर्घ्य देवे ॥ २२ ॥

तस्य दक्षिणदिग्भागेऽष्टाविंशतिधनुर्मितम् ।
अयुताख्यं सरस्तत्र स्नात्वाच्युतपदं व्रजेत् ॥ २३ ॥

उसकी दाक्षिणदिशाके विभागमें अठाईस धनुःपरिमित अयुत नामक सरोवर है वहां स्नान करनेसे अच्युतपद (वैकुण्ठ) प्राप्त होता है ॥ २३ ॥

वर्षासु चतुरो मासान् यस्तत्र स्नानमाचरेत् ।
स याति ब्रह्मसदनं मध्याह्ने यदि शङ्करि ॥ २४ ॥

हे शंकरि ! जो मनुष्य वर्षाकालमें चार महीने मध्याह्नसमय वहां स्नान करता है वह ब्रह्मलोकको जाता है ॥ २४ ॥

स्नात्वा मन्त्रेण तत्पश्चादर्घ्यं दद्यात्तु साधकः ।
अमृताख्यमहापिण्डदानात्सिद्धिरवाप्यते ।
अमृतेधिवसन्त्सर्वं प्राणिनां किल्बिषापहम् ॥ २५ ॥

साधकमंत्रद्वारा स्नान करके फिर अर्घ्य देवे । इसके पीछे अमृताख्य पिण्डप्रदान करनेसे सिद्धिलाभ (और देवलोकमें पूजा प्राप्त होती है) अमृताख्यतीर्थमें वास करनेपर प्राणियोंके पापसे रक्षा होती है ॥२५॥

तद्दक्षिणे दशधनुः ऋणमोचनकं सरः ।
गत्वा ऋणत्रयान्मुक्तो भवबन्धं न गच्छति ॥ २६ ॥

उसके दशधनुः दक्षिणमें ऋणमोचनक सरोवर है । वहां जानेसे मनुष्य पितृऋण, ऋषिऋण और देवऋण इन तीनों ऋणसे छूटकर संसारबंधनसे मुक्तिलाभ करते हैं ॥ २६ ॥

भाद्रे ललितसप्तम्यां तत्र स्नात्वा दिवं व्रजेत् ।
माघे मासि चतुर्दश्यां स्नात्वा मुक्तिञ्च विन्दति॥२७॥

भादोंके महीनेकी ललितसप्तमीमें वहां स्नान करनेसे स्वर्गलाभ और माघके महीनेकी चौदशमें स्नान करनेसे मुक्ति प्राप्त होती है ॥ २७ ॥

ऋणग्रस्तनरान्सर्वान् विविधात्कर्मबन्धनात् ।
ऋणत्रयान्मोचयिता ऋणमोचनकं सरः ॥ २८ ॥

यह ऋणमोचनक सरोवर इस प्रकार सब ऋणग्रसित मनुष्योंके विविधकर्मबंधन और तीनों ऋणसे मुक्त करता है ॥ २८ ॥

दक्षिणे त्वश्वक्रान्तस्य किञ्चिदाग्नेयगोचरे ।
धनुरर्कप्रमाणेन चाश्वक्रान्ताह्वयं सरः ॥ २९ ॥

अश्वक्रान्तके दक्षिण कुछेक आग्नेयकोणकी दिशामें बारह धनुः-प्रमाण अश्वक्रान्त नामक सरोवर है ॥ २९ ॥

नागलोकादुत्थितश्च कल्किरूपी जनार्दनः ।
स्नात्वा तत्रैव विरजे ह्यश्वं तीर्थं चकार ह ॥ ३० ॥

कल्किरूपी जनार्दन भगवान्ने नागलोकसे प्रादुर्भूत होकर उस विरजमें स्नान करके अश्वतीर्थ किया था ॥ ३० ॥

मार्गस्योत्तरभागे तु तत्राघ्यं च समाहरेत् ।
गन्धतोयेन क्षीरेण मन्त्रेणानेन यत्नतः ॥ ३१ ॥

वहां मार्गके उत्तरमें अर्घ्य लाकर गंधतोय (जल) और दुग्धद्वारा इसमंत्रसे यत्नसहित पूजा करनी चाहिये ॥ ३१ ॥

ब्राह्मणैः सेविते पुण्ये वाराणस्याः कलाधिके ।
सक्षीरञ्च गृहाणार्घ्यं मुक्तिं तत्र भजाम्यहम् ॥ ३२ ॥
अश्वक्रमेण सम्भूत पापविच्युतिकारक ।
अयुतैकनिदानाय त्वश्वक्रान्ताय ते नमः ॥ ३३ ॥

सदाचारी ब्राह्मणोंके द्वारा सेवित काशीके उत्कृष्टस्थानमें तुम मेरे प्रदान कियेहुए क्षीरसहित अर्घ्यको ग्रहणकर मुझे मुक्तिलाभ कराओ हे अश्वक्रमोत्पन्न ! हे पापविनाशिन् ! आप अश्वक्रान्त हैं और उपासकोंके अभीष्टसिध्यर्थ आप अनेक उपाय विधान करते हैं अतएव हम आपके निमित्त प्रणाम करते हैं ॥ ३२ ॥ ३३ ॥

इत्यनेन तु मन्त्रेण स्नात्वा यज्ञफलं लभेत् ।
अश्वमेधादिकं पुण्यं मौसलस्नानमात्रतः ॥ ३४ ॥

इस मंत्रद्वारा स्नान करनेसे यज्ञका फल मिलता है, मौसलतीर्थमें स्नान मात्रसे अश्वमेधकी अपेक्षा अधिक फल लाभ होता है ॥ ३४॥

विधिवत्स्नानमात्रेण राजसूयफलं लभेत् ।
दानमक्षयतां याति पितॄणान्तर्पणं तथा ॥ ३५ ॥
विशाखस्थो यदा भानुः कृत्तिकासु च पूर्णिमा ।
स योगः पद्मको नाम ह्यश्वक्रान्ते सुदुर्लभः ॥ ३६ ॥
अश्वक्रान्ताद्देवतीर्थे ततः पैतामहे शुभे ।
स्नानं येऽत्र करिष्यन्ति तेषां लोका महोदयाः॥३७॥

और विधिवत् स्नान करनेसे राजसूययज्ञका फल प्राप्त होताहै और पितृतर्पण तथा स्नान करनेसे वह अक्षय होताहै । सूर्यके विशाखा नक्षत्रमें स्थित होनेपर और कृत्तिकामें पूर्णिमाके मिलनेपर उसको पद्मकयोग कहते हैं, अश्वक्रान्तमें इस योगका प्राप्त होना अत्यन्त दुर्लभ है । अश्वक्रान्तके अन्तर्गत देवतीर्थ है, फिर शुभदायक पैतामहतीर्थ है, जो इस तीर्थमें स्नान करताहै, उसको महल्लोक प्राप्त होता है ॥ ३५–३७ ॥

न स्पृहा तेषु पुण्यस्य कृतस्यापकृतस्य च ।
करिष्यन्ति महेशानि सत्यमेतदुदाहृतम् ॥ ३८ ॥
तीर्थानां परमं तीर्थं लोकेऽषु त्रिषु विद्यते ।
कार्त्तिकी तु विशेषेण पुण्यपापहरा परा ॥ ३९ ॥

मन्त्रैर्दानैस्तपोभिश्च यत्कृत्यं जायते द्विजैः ।
युतस्तु स्नानमात्रेण शुभैरपि सुभावितैः ॥ ४० ॥
पातकात् सुविनिष्क्रान्ता महापातकिनः प्रिये ।
उपपातकसंसर्गाः स्वयं मुक्ता भवन्ति ते ॥ ४१ ॥

हे महेशानि !(सज्जनगण कहते हैं कि, वहां पुण्यापुण्यकी स्पृहा नहीं करनी चाहिये । यह सब तीर्थ तीनों लोकमें परमोत्तम हैं, पुण्य पापोंका हरनेवाला कार्तिकी तीर्थ विशेषप्रकारसे श्रेष्ठ है, वहां मंत्रदान और तपस्याद्वारा सुकृतिलाभ और स्नानमात्र मंगलकर पुण्यलाभ होता है, तथा उसका दर्शन करनेपर महापातकी पापोंसे रक्षा पाता है । हे प्रिये ! उपपातकी मनुष्यभी वहां जानेसे मुक्तिलाभ करते हैं ३८–४१

तत्रोपवासी यक्षस्य पुण्डरीकस्य यत्फलम् ।
तत्प्राप्नोति नरः क्षिप्रमनायासेन शङ्करि ॥ ४२ ॥

हे शंकरि ! उपवासी पुण्डरीकयक्षने जो फल प्राप्त किया था वहां उपवास करनेसे तत्काल मनुष्योंको सहजमेंही वह फल प्राप्त हो सकता है ॥ ४२ ॥

माघे स्नात्वा तिलान्यस्तु प्रयच्छति च सद्विजे ।
यथाशक्त्या च भक्त्या च स विभोर्भुवने वसेत् ॥ ४३ ॥

जो मनुष्य वहां माघके महीनेमें स्नान करके श्रेष्ठ ब्राह्मणका भक्तिपूर्वक यथाशक्ति तिल दान करता है. वह ईश्वरके भवनमें निवास करता है ॥ ४३ ॥

तत्रोपवासं स्नानञ्च तद्वै गव्याशनन्तथा ।
यः करोति नरः सोऽपि मृते स्वर्गमवाप्नुयात् ॥ ४४ ॥

जो मनुष्य वहां स्नान उपवास और गौके घृत, दुग्ध, दधि इत्यादिका भोजन करता है. उसको भी मृत्युके पीछे स्वर्ग प्राप्त होता है ॥ ४४ ॥

वसन्ति तत्समीपस्था ये च तन्नरजातयः ।
तेऽपि तस्यानुभावेन स्वर्गं यान्ति न संशयः ॥४५॥

उसके समीप जो जो नरजाति वास करती है. उस तीर्थके प्रभावसे वह प्राणियोंको अगम्य पुण्यवानोंकी अभीप्सित स्वर्गभूमि प्राप्त करती है. इसमें सन्देह नहीं ॥ ४५ ॥

ये यच्छन्ति द्विजेऽप्यर्थं पूजनं ब्रह्मशान्तितः ।
ते मृतासनमारूढाः पद्मासनचतुर्भुजाः ।
ब्रह्मणा सह सायुज्यं प्राप्नुवन्त्यपुनर्भवम् ॥ ४६ ॥

जो मनुष्य ब्रह्मशान्तिमें ब्राह्मणोंको अर्थ (धन) दान करता है और वहां पूजा करता है, वह अन्तसमय पद्मासनमें आरोहणपूर्वक चतुर्भुज हो ब्रह्मके सहित सायुज्यको प्राप्त होता है, फिर उसको जन्म लेना नहीं पडता ॥ ४६ ॥

प्रायोपवेशं ये तत्र प्रकुर्वन्ति नरोत्तमाः ।
ते हंसयानेन नरा दिवं यान्त्यकुतोभयाः ॥ ४७ ॥

जो मनुष्य वहां प्रायोपवेशन अर्थात् अन्न, जल परित्याग करके व्रताचरण करता है, वह हंसके विमानमें चढकर सर्वत्र निर्भय हो स्वर्गमें जाता है ॥ ४७ ॥

नृत्यन्ति पितरस्तेषां तुष्टाश्चैव पितामहाः ।
लभन्ते तर्पणात्तृप्तिं पितुर्दानात्त्रिविष्टपम् ॥ ४८ ॥

उसके पितृपितामह संतुष्ट हो हर्षमें भरकर नृत्य करते हैं. वहां तर्पण करनेसे पितर संतुष्ट और दान करनेसे स्वर्गगामी होते हैं ॥ ४८ ॥

स्पृष्टास्तु पापिनस्तत्र मुच्यन्ते भवबन्धनात् ।
ब्रह्मणोऽनुचरो भूयात्तत्र दानान्न संशयः ॥ ४९ ॥

पापीगण उस स्थानका स्पर्श करनेपर संसारबंधनसे छूट जाते हैं वहां दान करनेसे सदा ब्रह्माका अनुचर होता है इसमें संदेह नहीं ॥४९॥

अश्वक्रान्तमनुप्राप्य न स्नाने न मनोऽमलम् ।
भुंक्ते वा यदि वाऽभुंक्ते दिवा वा यदि वा निशि ॥५०॥
तत्तीर्थं सर्वतीर्थानां स एव प्रवरो मतः ।
पापघ्नं पुण्यजननं प्राणिनां परिकीर्तितम् ॥ ५१ ॥

दिनमें वा रात्रिमें, भोजन किये वा विना भोजन किये अश्वक्रान्तमें स्नान करनेसे मन निर्मल होता है. सुतरां ज्ञानको प्राप्त होकर मोक्ष-लाभ करता है वह तीर्थ सब तीर्थोंकी अपेक्षा पापनाशक पुण्यजनक और श्रेष्ठ है ॥ ५० ॥ ५१ ॥

ये पुनर्भावितात्मानस्तत्र स्नात्वा जनार्दनम् ।
पूजयन्ति यथाशक्ति ते प्रयान्ति त्रिविष्टपम् ॥ ५२ ॥

जो मनुष्य संयत होकर वहां स्नान करनेके पीछे जनार्दनकी पूजा करते हैं, वह स्वर्गको प्राप्त होते हैं ॥ ५२ ॥

ब्रह्माविष्णुस्तथा रुद्रो नित्यं सन्निहितास्त्रयः ।
अश्वतीर्थे महेशानि नान्यत्पुण्यतमं भुवि ॥ ५३ ॥

और ब्रह्मा विष्णु तथा रुद्र सदाही उसके समीप रहते हैं, हे महेशा-नी ! अश्वतीर्थकी अपेक्षा पुण्यतम तीर्थ पृथ्वीमें दूसरा नहीं है ॥५६॥

विरजन्त्वमलं तोयं त्रिषु लोकेषु विश्रुतम् ।
ब्रह्मलोकस्ययत्स्थानं धन्याः पश्यन्तितीर्थकम्॥५४॥

विरज नामक निर्मल जलयुक्त तीर्थ तीनों लोकमें विख्यात है वहां जानेसे ब्रह्मलोकको सब स्थानोंके दर्शन करनेका फल प्राप्त होता है ॥ ५४ ॥

येतु वर्षशतं साग्नि अग्निहोत्रमुपासते ।
कार्त्तिकीं वा महेश्येकां तीर्थन्ते सममेव तत् ॥५५॥

एक सौ वर्ष साग्निक होकर अग्निहोत्रका अनुष्ठान करनेसे जो फल प्राप्त होता है, कार्तिकी पूर्णिमाको उस तीर्थमें वास करनेसे उसीके समान फल मिलता है ॥ ५५ ॥

सर्वयज्ञफलं तुल्यं सर्वतीर्थफलप्रदम् ।
अन्येषाञ्चैव वेदानां समाप्तिस्तेन वै कृता ॥ ५६ ॥
अश्वक्रान्ते च यैर्गत्वा सन्ध्या च समुपासिता ।
सयत्नात् हस्तदण्डेन चाश्वक्रान्तजलेन तु ॥ ५७ ॥
भृङ्गारेण करङ्गेण मृन्मयेनापि शङ्करि ।
आनीय तज्जलं पुण्यं कृता सन्ध्या विचक्षणैः ॥ ५८ ॥
समाधिना समाधेया सप्राणायामपूर्विका ।
तस्यां कृतायां यत्पुण्यं तच्छृणुष्व वरानने ॥ ५९ ॥

और वह मनुष्य सर्वयज्ञका, सर्वतीर्थका और सब वेदोंके समाप्त करनेका फल पाता है इसमें सन्देह नहीं । जो मनुष्य अश्वक्रान्तमें जाकर संध्योपासन करता है भृंगा (कांसी) करंग (कसकुट) वा मिट्टीक पात्रद्वारा अथवा कांवरमें वहांसे जल लाय समाधिद्वारा प्राणायामपूर्वक संध्योपासन करता है. हे वरानने ! उसका फल सुनो ॥ ५६-५९ ॥

तेन द्वादशवर्षाणि भवेत्सन्ध्या सुवन्दिता ।
अश्वमेधफलं स्नाने पाने दशगुणं तथा ।
उपवासेऽप्यनंतञ्च प्राप्नोति सुमहत्फलम् ॥ ६० ॥
तीर्थान्तरे गवां कोटिं विधिवद्यः प्रयच्छति ।
एकाहं यो वसेत्तीर्थे स सर्वं तत्फलं लभेत् ॥ ६१ ॥

हे प्रिये ! उसकेद्वारा बारहवर्षकी सन्ध्योपासनका फल प्राप्त होता है । स्नान और उसका जल पीनेसे दशगुणफलका लाभ और वहां उपवास करनेसे महा अनन्तफल प्राप्त होता है ॥ ६० ॥ ६१ ॥

अर्द्धपादप्रमाणेन यस्तु स्वर्णं प्रयच्छति ।
स्वर्णमानफलं तस्मै तस्माद्ध्यामतः परम् ॥ ६२ ॥

वहां अर्द्धपाद सुवर्णदान करनेसे उसको पूर्णपाद स्वर्णदानका फल प्राप्त होता है ॥ ६२ ॥

चन्द्रशैलं गता धारा जाह्नवी सा प्रकीर्त्तिता ।
अश्वतीर्थस्पृशा धारा मज्जने तु विधीयते ॥ ६३ ॥

अश्वतीर्थकी जो धारा चन्द्रशैलका स्पर्श करती है, उसे गंगा जानना चाहिये और उसमें स्नान करनेसे भी गंगास्नानका फल मिलता है ॥ ६३ ॥

चन्द्रशैलस्पृशा धारा सा विज्ञेया सरस्वति ॥ ६४ ॥

जो धारा चन्द्रशैलका स्पर्श करती है उसको सरस्वती जानना चाहिये ॥ ६४ ॥

अश्वक्रान्ते संगमस्तु वर्षासु च प्रदृश्यते ।
प्रयान्तं तद्विजानीयात्कार्त्तिकेषु विशेषतः ॥ ६५ ॥

वर्षाकाल और विशेषकर कार्तिकमें अश्वक्रांतमें संगम दिखाई दे तो उसको प्रयान्त कहते हैं ॥ ६५ ॥

यस्तत्र मुण्डनं कुर्यात् प्रयागसदृशं फलम् ।
अद्यापि दृश्यते देवि गयाकुण्डे द्विधाकरम् ॥ ६६ ॥

जो मनुष्य वहां मुण्डन करता है, उसको प्रयागमें मुण्डन करानके समान फल मिलताहै । हे देवि ! अबतक गयाकुण्डमें द्विधारा दिखाई देती है ॥ ६६ ॥

इह लोके दरिद्रो यो भ्रष्टराज्योऽथवा पुनः ।
अवश्वक्रान्ते जले गत्वा मनुं वैष्णवकं जपेत् ।
कृत्वा पूजोपहारञ्च देवानां पितृतर्पणम् ॥ ६७ ॥
कृत्वा पिण्डप्रदानन्तु सोऽचिराज्जन्मवर्जितः ।
एकचक्रो भवेद्राजा सत्यमेतन्न संशयः ॥ ६८ ॥

जो मनुष्य इस लोकमें दरिद्र वा राज्यभ्रष्ट होते हैं वह अश्वक्रान्तजलमें गमनपूर्वक वैष्णवमंत्र जपकर पूजा, उपहार और देवतातर्पण,

पितृतर्पण और पिण्डदान करनेसे चक्रवर्ती राजा होते हैं, इसमें सन्देह नहीं ॥ ६७ ॥ ६८ ॥

इह जन्मनि सौभाग्यं धनं धान्यं वरास्त्रियः ।
भवन्ति विविधास्तस्य येर्यात्रा कार्तिके कृता ॥ ६९ ॥

जो कार्तिकमें यात्रा करताहै, उसको इस जन्ममें सौभाग्य, धन, धान्य और उत्तम स्त्री मिलती है ॥ ६९ ॥

इदं यात्राविधानं यः कुरुते कारयेत वा ।
शृणोति वा स पापैस्तु सर्वैरेव प्रमुच्यते ॥ ७० ॥

इस यात्राविधानमें जो कुछ कार्य किया जाय, वा कराया जाय, या सुनाजाय तो सब प्रकारके पापोंसे मुक्ति प्राप्त होती है ॥ ७० ॥

अगस्त्यागमनं येन कृतं यातीह मानवः ।
ब्रह्मक्रियाप्रलोभेन बहुवर्षशतेन च ।
यात्रां चैत्रीं तथा कुर्याद्देवसंस्कारमाप्नुयात् ॥ ७१ ॥

जो मनुष्य वहां अगस्त्यगमनयात्रा करता है, वह बहुतसे शतवर्ष ब्रह्मक्रियानुष्ठानके फलको प्राप्त होता है और उसी स्थानमें चैत्रमासकी यात्रा करनेसे देवसंस्कारको प्राप्त होता है ॥ ७१ ॥

किमन्यत् बहुनोक्तेन न तदस्तीति भाविनि ।
प्राप्यं संप्राप्यते तेन भवं नायं हि पश्यति ॥ ७२ ॥
सर्वयज्ञफलैस्तुल्यं सर्वतीर्थफलप्रदम् ।
सर्वेषाञ्चैव देवानां समष्टिस्तेन वै कृता ॥ ७३ ॥
ये गताश्चाश्वतीर्थे तु सकृत्स्नात्वा यथाविधि ।
पुत्रिण्या वै दुहित्रा वा वसुभिः सहिताः कुले ॥ ७४ ॥
शिखराणां प्रदातॄणां युवतीनां न संशयः ।
मोदते तत्तस्य तु वै सर्वाङ्गं परिपूरितम् ॥ ७५ ॥

हे भाविनी ! बहुत कहनेका क्या प्रयोजन है जो कुछ प्राप्य विषय है वह सबही प्राप्त होजाता है और पापका दर्शनतकभी नहीं होता, इसमें समस्त यज्ञफल, सर्वतीर्थफल और सब देवताओंके पूजनका फल मिलजाताहै जो मनुष्य अश्वतीर्थमें जाकर विधिपूर्वक स्नान करताहै. वह पुत्र कन्या और बहुतधनसे वर्द्धित होकर कुलमें वास करताहै और वह दाताओंमें प्रवर होताहै, तथा स्त्रियोंके सहित सर्वाङ्गमें परिपूरित होकर सुखसे वास करता है, इसमें सन्देह नहीं ॥ ७२-७५ ॥

काशीवासे युगान्यष्टौ दिनैकं पुरुषोत्तमे ।
तदेव कोटिगुणितं विरजामुखदर्शने ।
तत्सहस्रं गुणं विन्द्यादश्वतीर्थे क्षणे क्षणे ॥ ७६ ॥

आठ युग काशीवास और एक दिन पुरुषोत्तमवाससे जो फल होता है, विरजामुख दर्शन करनेपर उससे करोड गुण फल मिलताहै अश्वतीर्थमें क्षण क्षण उसीकी समान फल प्राप्त होताहै ॥ ७६ ॥

एतस्य दर्शनकृतौ नृपसूयलाभः
स्नानं जले दशगुणं तव वाजपेयात् ।
गण्डूषमात्रमपिबेत्तु स चाश्वमेधः
सर्वक्रतोरधिकमप्यधिकं भवान्तः ॥ ७७ ॥

अश्वतीर्थका दर्शन करनेसे राजसूय यज्ञका फल वहां स्नान करनेपर वाजपेययज्ञसे दशगुण और गण्डूष (चल्लू) मात्र पान करनेसे अश्वमेधका फल और सब यज्ञोंसे अधिक फल प्राप्त होकर संसारबंधनसे मुक्तिलाभ करता है ॥ ७७ ॥

इति श्रीयोगिनीतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे चतुर्विंशतिसाहस्रे
कामरूपाधिकारे प्रथमतमे द्वितीयभागे
भाषाटीकायां तृतीयः पटलः ॥ ३ ॥

श्रीदेव्युवाच ।

यदि प्रसन्नो मे नाथ वराहीं यदि वाप्यहम् ।
तमेकं मे वद विभो कुत्र किन्नाम ते मतम् ॥ १ ॥
केषु केषु च होमेषु त्वां पश्यन्ति सदा द्विजाः ।
नाम्ना च कतमं स्थानं शोभते धरणीतले ॥ २ ॥

श्रीदेवी बोली—हे नाथ ! यदि मेरे ऊपर आप प्रसन्न हैं और म यदि आपकी वराही (वरदेने योग्य) और प्यारी हूं, तो हे विभो ! आपका कहां क्या नाम है ? सो कहिये ॥ १ ॥ किस किस स्थानमें ब्राह्मण आपका दर्शन करते हैं ? आप किसकिसनामसे किस किस स्थानमें वास करके वहां धरणीतलकी शोभा संपन्न करते हैं यह कह-कर मेरा कौतूहल चरितार्थ कीजिये ॥ २ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

पुष्करेऽहं सुरेशानो गयायां वै सुशर्म्मदः ।
कान्यकुब्जे वेदगर्भो भृगुकक्षे पितामहः ॥ ३ ॥

श्रीभगवान् बोले—मैं पुष्करतीर्थमें सुरेशान, गयामें सुशर्मद, कान्य-कुब्जमें वेदगर्भ, भृगुकच्छमें पितामह ॥ ३ ॥

कौबेर्यां सृष्टिकर्ता च नन्दिपुर्य्यां बृहस्पतिः ।
प्रभासे पद्मजन्मा च स्वर्णनद्यां सुरप्रियः ॥ ४ ॥

कौबेरीमें सृष्टिकर्ता, नन्दिपुरीमें बृहस्पति, प्रभासमें पद्मजन्मा, स्वर्ण नदीमें सुरप्रिय ॥ ४ ॥

द्वारावत्यान्तु वाग्देवो नाटके नाटकेश्वरः ।
नीलाचले च कामेशः पिङ्गलो हस्तिपर्वते ॥ ५ ॥

द्वारावतीमें वाग्देव, नाटकमें नाटकेश्वर, नीलाचलमें कामेश, हस्तिपर्वतमें पिङ्गल ॥ ५ ॥

कुशावर्त्ते तु विजयो जयन्तः पुष्कराचले ।
भस्माचले भयानन्दश्चन्द्रकूटे च माधवः ॥ ६ ॥

कुशावर्त्तमें विजय, पुष्कराचलमें जयन्त, भस्माचलमें भयानन्द, चन्द्रकूटमें माधव ॥ ६ ॥

अन्तर्गृहे पद्महस्तो मंगलायाश्च त्र्यम्बकः ।
भद्रपीठे च दिव्येशो ह्यश्वक्रान्ते जनार्दनः ॥ ७ ॥

अन्तर्गृहमें पद्महस्त, मंगलामें त्र्यम्बक, भद्रपीठमें दिव्येश, अश्वक्रान्तमें जनार्दन ॥ ७ ॥

अहिच्छत्रे तुलानन्दः श्रीशैले तु जगत्प्रियः ।
कुशहस्ते पद्मपाणिर्मानशैले मुनीश्वरः ॥ ८ ॥

अहिच्छत्रमें तुलानन्द, श्रीशैलमें जगत्प्रिय, कुशहस्तमें पद्मपाणि, मानशैलमें मुनीश्वर ॥ ८ ॥

श्रीकण्ठे श्रीनिवासश्च श्रूयतां प्राणवल्लभे ।
कन्याश्रमे च रुद्रो वै मैनाके विश्वनादकः ॥ ९ ॥

श्रीकिण्ठमें श्रीनिवास, कन्याश्रममें रुद्र, मैनाकमें विश्वनादक ॥९॥

एकाम्रे चैव नागेशो विरजायां महेश्वरः ।
मूलिकाख्ये तथा विष्णुर्महेन्द्रे भार्गवस्तथा ॥ १० ॥

एकाम्रमें नागेश, विरजामें, महेश्वर, मूलिकाख्यमें विष्णु, महेन्द्रमें भार्गव ॥ १० ॥

कौशिक्यान्तु तथा बोधिरयोध्यायान्तु भार्गवः ।
मणिकूटे हयग्रीवो वराहो बिन्दुपर्वते ॥ ११ ॥

कौशिकीमें बोधि, अयोध्यामें भार्गव, मणिकूटमें हयग्रीव, बिन्दुपर्वतमें वराह ॥ ११ ॥

जटाधरस्तु गोदन्ते गोमन्ते जांगलेश्वरः ।
परमेष्ठी ब्रह्मपुत्रे विश्वशैले तु गह्वरः ॥ १२ ॥

गोदन्तमें जटाधर, गोमन्तमें जांगलेश्वर, ब्रह्मपुत्रमें परमेष्ठी, विश्वशैलमें गह्वर ॥ १२ ॥

चित्रशैले तु चित्रेशो देविकायाश्चतुर्भुजः ।
वृन्दावने पद्मपाणिः कुशहस्तस्तु नैमिषे ॥ १३ ॥

चित्रशैलमें चित्रेश, देविकामें चतुर्भुज, वृन्दावनमें पद्मपाणि, नैमिषमें कुशहस्त ॥ १३ ॥

मन्दरे च महाबोधिर्गोपीन्द्रो हनुपर्वते ।
भागीरथ्यां पद्मगर्भः काम्पिल्ले कनकप्रियः ॥ १४ ॥

मन्दरमें महाबोधि, हनुपर्वतमें गोपीन्द्र, भागीरथीमें पद्मगर्भ, काम्पिल्लमें कनकप्रिय ॥ १४ ॥

करणे चैव कामारिः कपोते हव्यवाहनः ।
वसिष्ठश्चार्बुदे चैव श्वेतनद्यां मनोभवः ॥ १५ ॥

करणमें कामारि, कपोतमें हव्यवाहन, अर्बुदमें वसिष्ठ, श्वेतनदीमें मनोभव ॥ १५ ॥

धवलायां पिनाकी च पिच्छिलायां त्रिविक्रमः ।
यज्ञगर्भस्तु आगस्त्ये उर्वश्यां मधुसूदनः ॥ १६ ॥

धवलामें पिनाकी, पिच्छिलामें त्रिविक्रम, आगस्त्यमें यज्ञगर्भ, उर्वशीमें मधुसूदन ॥ १६ ॥

रुक्मिणीशो हरिश्चैव पैतृके तु रुचिस्तथा ।
गोमन्ते वामनश्चैव काश्यां विश्वेश्वराह्वयः ॥ १७ ॥

रुक्मिणीशमें हरि पैतृकमें रुचि, गोमन्तमें वामन, काशीमें विश्वेश्वर ॥ १७ ॥

प्रजापतिः प्रयागे च विदर्भायां द्विजप्रियः ।
गंगाधरो भद्रपीठे मातंगे चैव त्र्यम्बकः ॥ १८ ॥

प्रयागमें प्रजापति, विदर्भामें द्विजप्रिय, भद्रपीठमें गंगाधर, मातंगमें त्र्यम्बक ॥ १८ ॥

त्रिपुरारिर्नन्दशैले पाण्डुशैले त्रिलोचनः ।
गंगाह्रदे त्रिलोकेशो भित्तिपुर्यां दिवाकरः ॥ १९ ॥

नन्दशैलमें त्रिपुरारि, पाण्डुशैलमें त्रिलोचन। गंगाह्रदमें त्रिलोकेश भित्तिपुरीमें दिवाकर ॥ १९ ॥

वमटे मिंगिलानाथो दारुशृंगे कलानिधिः ।
महालिंगं दारुवने अशोके तु विनाशकः ॥ २० ॥

वमटमें मिंगिलानाथ, दारुशृंगमें कलानिधि, दारुवनमें महालिंग, अशोकमें विनाशक ॥ २० ॥

हरिसेनश्चुल्लुकायां पर्णाटे तु ह्यनन्तकः ।
मार्कण्डेयो वटे चैव इक्षुद्वारे दिवाकरः ॥ २१ ॥

चुल्लुकामें हरिसेन, पर्णाटमें अनन्त, वटमें मार्कण्डेय, इक्षुद्वारमें दिवाकर ॥ २१ ॥

गोकर्णे च विकर्णाख्यो मन्दारे मधुसूदनः ।
अष्टोत्तरशतं स्थानं मया ते परिकीर्तितम् ॥ २२ ॥

गोकर्णमें विकर्ण और मन्दारमें मधुसूदन, यह मैंने तुमसे अष्टोत्तर शत अर्थात् एकसौ आठ स्थान कहे ॥ २२ ॥

यत्र वै मम सान्निध्यं नित्यं तु तव सुव्रते ।
एतेषामपि यस्त्वेकं पश्येद्वै भक्तिमान्नरः ।
स्नानं विरजसं लब्ध्वा मोदते शाश्वतीः समाः ॥२३॥

इन सब स्थानोंमें मेरी और तुम्हारी नित्य समीपता है। हे सुव्रते ! मनुष्य भक्तिमान् होकर यदि इनमेंसे एककाभी दर्शन करै अथवा एकमें भी स्नान करै तो वहां विरजभवनको प्राप्त होकर सदा सुखपूर्वक वास करते हैं, इसमें सन्देह नहीं ॥ २३ ॥

मानसं वाचिकञ्चैव कायिकं यच्च दुष्कृतम् ।
तत्सर्वं वै समं याति नात्र कार्या विचारणा ॥ २४ ॥

और मानसिक, वाचिक, तथा कायिक, जो कुछ दुष्कृत (पाप) हैं वह सभी प्रशमित होजाते हैं, इसमें विचारनेकी कोई बात नहीं है ॥ २४ ॥

यानि तानि च सर्वाणि गत्वा मां चेक्षते नरः ।
मोक्षमार्गी भवति च यत्राह तत्र संस्थितः ॥ २५ ॥

मनुष्य जिस जिस तीर्थमें जाकर मेरा दर्शन करै, मैं उसी उसी तीर्थमें स्थित रहकर उनको मोक्ष देता हूं ॥ २५ ॥

पुष्पोपहारैर्धूपैश्च ब्राह्मणानाञ्च तर्पणैः ।
ध्यानेन च स्थिरेणाशु प्राप्स्यते परमेश्वरि ॥ २६ ॥

हे परमेश्वरि ! पुष्प, बलि, उपहार, धूपदान और ब्राह्मणतृप्ति और अचलध्यान मुझको शीघ्र प्राप्त होता है ॥ २६ ॥

अश्वक्रान्तस्योत्तरत ऋणमोचनपश्चिमे ।
द्वाविंशतिधनुर्मानं क्षेत्रं परमदुर्लभम् ॥ २७ ॥
क्षेत्रं द्विपञ्चकं नाम सर्वदेवनमस्कृतम् ।
पूजयित्वा तत्र रुद्रं ज्योतिष्टोमफलं लभेत् ॥ २८ ॥

अश्वक्रान्तके उत्तरमें और ऋणमोचनके पश्चिममें बाईस धनुपरिमित सर्वदेवनमस्कृत द्विपञ्चक नामक एक परमदुर्लभ क्षेत्र है. वहां रुद्रदेवकी पूजा करनेसे, ज्योतिष्टोमका फल प्राप्त होता है ॥ २७ ॥ २८ ॥

षण्मासान्नियताहारी ब्रह्मचर्यं समाहितः ।
उषित्वा तत्र देवेशि प्राप्यते परमं पदम् ॥ २९ ॥
कृते युगे पुष्कराणि त्रेतायां नैमिषं मतम् ।
द्वापरे तु कुरुक्षेत्रमश्वतीर्थं कलौ युगे ॥ ३० ॥

हे देवेशि ! वहां नियताहारसे ब्रह्मचर्य अवलम्बनपूर्वक छः महीने वास करनेपर परमपद प्राप्त होता है । सत्ययुगमें पुष्कर, त्रेतामें नैमिष, द्वापरमें कुरुक्षेत्र और कलियुगमें अश्वतीर्थको श्रेष्ठ जानना चाहिये २९–३०॥

तस्मात्तदुत्तरे तीरे साधयेन्मानसेप्सितम् ।
द्वापरे तु कुरुक्षेत्रं तत्र दानेऽक्षयं फलम् ॥ ३१ ॥

अतएव उसके उत्तरतीरमें मनोभिलाष साधन करे । द्वापरमें कुरुक्षेत्रतीर्थ श्रेष्ठ है, वहां दान करनेसे अक्षय फल प्राप्त होता है ॥ ३१ ॥

दुष्करं पञ्चके दानं पञ्चक सर्वदुष्करम् ।
यदन्यत्र कृतं पापं तीर्थे याति च लाघवात् ।
न तत्तीर्थे कृतेऽन्यत्र क्वचिदन्यो व्यपोहति ॥ ३२ ॥

पंचकतीर्थमें दान दुष्कर है, पंचकमें सभी दुष्कर जाने अन्यस्थानका कियाहुआ पाप तीर्थमें नष्ट होता है, किन्तु उसी तीर्थमें पाप करनेसे अन्यत्र कहींभी नष्ट नहीं होता ॥ ३२ ॥

द्वादशाहं दशाहं वा मासार्द्धं दश चैव वा ।
रुद्रस्यार्द्धासनगता मेरुपृष्ठे यशस्विनी ।
महादेवं ततो देवि प्रणता परिपृच्छति ॥ ३३ ॥

अनन्तर यशस्विनी पार्वतीने दशाह, (दशदिन) द्वादशाह (बारहदिन) मासार्द्ध इत्यादिरूपसे मेरुपृष्ठपर वास करते करते रुद्रके आसनार्द्धमें बैठ, प्रणत हो महादेवजीसे पूछा ॥ ३३ ॥

श्रीदेव्युवाच ।

जन्मान्तरसहस्रेषु यत्पापं पूर्वसञ्चितम् ।
कथं तत्क्षयमाप्नोति तन्ममाचक्ष्व शङ्कर ॥ ३४ ॥

देवीने कहा—सहस्रजन्मान्तरका पूर्वसंचित जो पाप है, वह किस प्रकार क्षयको प्राप्त होता है ? हे शंकर ! यह मुझसे वर्णन कीजिये ॥ ३४ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि गुह्याद्गुह्यमनुत्तमम् ।
सर्वतीर्थेषु विख्यातमश्वक्रान्तमतः परम् ॥ ३५ ॥

श्रीभगवान् बोले—हे देवि ! परम गुह्यतम विषय कहताहूं, सुनो । देवाभिलषित अश्वक्रान्ततीर्थ सब तीर्थोंकी अपेक्षा विख्यात है ॥ ३५ ॥

यस्योत्तरे तु यत्क्षेत्रं मयोक्तमविमुक्तकम् ।
एतदेव परं ज्ञानमेतदेव परन्तपः ॥ ३६ ॥

इसके उत्तरमें जो क्षेत्र है, वह मैं तुमसे कहता हूं यह अश्वक्रान्तही परमज्ञान और यही परमतपस्या है ॥ ३६ ॥

एतदेव परं ब्रह्म चैतदेव पर पदम् ।
यथा नारायणः श्रेष्ठो देवानां पुरुषोत्तमः ।
यथेश्वराणां गिरिशः स्नानानामेतदुत्तमम् ॥ ३७ ॥

यही परब्रह्म और यही परमपद है । जिस प्रकार देवताओंमें पुरुषोत्तम नारायण श्रेष्ठ हैं और ईश्वरोंमें गिरीश श्रेष्ठ हैं उसी प्रकार सब स्थानोंमें यह अश्वक्रान्तही श्रेष्ठ है ॥ ३७ ॥

दत्तं जप्तं हुतं शेषं तपस्तप्तं कृतश्च यत् ।
ध्यानमध्ययनं ज्ञानं सर्वं भवति चाक्षयम् ॥ ३८ ॥

वहां दान, जप, होम, तप, ध्यान, अध्ययन, ज्ञानादि जो कुछ किया जाता है, वह सर्वदा अक्षय होता है ॥ ३८ ॥

अश्वक्रान्ते परो योगोह्यश्वक्रान्ते परा गतिः ।
अश्वक्रान्ते परो मोक्षस्तीर्थं नैवास्ति तादृशम् ॥ ३९ ॥
अश्वक्रान्तमें परमयोग, अश्वक्रान्तमें परमगति और अश्वक्रान्तमें परममोक्ष प्राप्त होती है, अतएव इसकी समान अन्यतीर्थ नहीं है ३९ ॥

मेरुमन्दरतुल्योऽपि राशिः पापस्य सर्वशः ।
अश्वक्रान्तं समासाद्य सर्वो व्रजाति संक्षयम् ॥ ४० ॥
अश्वक्रान्तमें जानेसे मेरुमन्दराचलकी समान समस्त पापराशि क्षयको प्राप्त होती हैं ॥ ४० ॥

अश्वक्रान्तस्थिताः स्पृष्टाः पांसुभिर्वायुनेरितैः ।
यदि दुष्कृतकर्माणो यास्यन्ति परमां गतिम् ॥ ४१ ॥
मनुष्य यदि परमपातकीभी हो, तथापि अश्वक्रान्तमें वायुसे उडी धूलिद्वारा स्पृष्ट होकरभी परमगतिको प्राप्त होता है ॥ ४१ ॥

न सा गतिः कुरुक्षेत्रे गयाद्वारे च पुष्करे ।
या गतिर्विहिता पुंसां ह्यश्वक्रान्तनिवासिनाम् ॥ ४२ ॥
अश्वक्रान्तनिवासी जैसी गतिको प्राप्त होते हैं, कुरुक्षेत्र, गयाद्वार और पुष्करतीर्थमें भी वैसी गति प्राप्त नहीं होती ॥ ४२ ॥

न दानेन तपोभिर्न यज्ञैर्नापि च विद्यया ।
प्राप्यते गतिरुत्कृष्टा चाश्वतीर्थे स लभ्यते ॥ ४३ ॥
अश्वतीर्थसे जिस प्रकार श्रेष्ठ गति प्राप्त होती है, दान, तपस्या, यज्ञ और विद्यासे भी वैसी गति प्राप्त नहीं होती ॥ ४३ ॥

संसर्गाच्च भवेन्मोक्ष इतरासत्परिग्रहात् ।
अगस्त्यादपि चाग्र्यादि चेदमेव महत्तरम् ॥ ४४ ॥
अश्वतीर्थके संसर्गसे मोक्षलाभ और सत्परिग्रहसे पवित्रगति प्राप्त होती है । अगस्त्यादितीर्थसेभी यह तीर्थ महत्तर है ॥ ४४ ॥

ब्रह्महा चापि यो गच्छेदश्वकान्तं कदाचन ।
अश्वक्षेत्रस्य माहात्म्यात्तस्य हत्या निवर्त्तते ।
न तस्य पुनरावृत्तिः कदाचिदपि दृश्यते ॥ ४५ ॥

ब्रह्मघाती मनुष्यभी यदि अश्वक्रान्तमें जाया करे, तौ वह उस माहात्म्यके बलसे ब्रह्महत्याके पापसे छुटकारा पानेमें समर्थ होताहै और फिर उसको कभी जन्मग्रहण करना नहीं पडता ॥ ४५ ॥

उत्तरं दक्षिणं वापि अन्यद्द्वारं विचिन्तयेत् ॥ ४६ ॥
सर्वोऽप्यस्य शुभः कालश्चाश्वक्रान्ते वरानने ।
महादानेन तल्लाभो यत्फलं लभते नरः ॥ ४७ ॥

हे वरानने ! उत्तर वा दक्षिण अथवा अन्य जो कोई द्वार या जिस किसी कालमें अश्वक्रान्ततीर्थ शुभकरहै अन्यतीर्थमें मनुष्य महादान-द्वारा जो फल लाभ करते हैं ॥ ४६ ॥ ४७ ॥

अश्वतीर्थे तु काकिण्यां दत्तायां लभतेऽक्षयम् ।
एकाहमुपवासं यः करोतीह मम प्रिये ।
फलं वर्षसहस्रस्य लभते मत्परायणः ॥ ४८ ॥

इस अश्वतीर्थमें एक कौडीमात्र दानकरके उसी प्रकार अक्षय फल लाभ करसकताहै । हेप्रिये ! मत्परायण मनुष्य इस स्थानमें केवल एक दिन उपवास करनेपर सहस्रवर्षके उपवासका फल प्राप्त करताहै॥४८॥

तीर्थान्तरे गवां कोटिं विधिवद्यः प्रयच्छति ।
एकाहञ्च वसेच्चात्र तयोस्तुल्य फलं भवेत् ॥ ४९ ॥

तीर्थान्तरमें विधिपूर्वक करोड गोदान करनेसे जो फल होता है, अश्वक्रान्तमें एक दिन उपवास करनेसे वही फल प्राप्त होसकता है॥४९

प्रयागे माघमासे तु सम्यक् स्नानेन यत्फलम् ।
तत्फलं कोटिगुणितमश्वतीर्थे क्षणे क्षणे ॥ ५० ॥

और प्रयागमें माघमासमें सम्यक्प्रकार स्नान करनेसे जो फल मिलताहै, अश्वतीर्थमें क्षण क्षण उससे करोड करोड गुण फल प्राप्त होताहै ॥ ५० ॥

षष्टिकोटिसहस्राणि षष्टिकोटिशतानि च ।
सेवनाच्चैव मध्याह्ने अपराह्ने तु शङ्करि ॥ ५१ ॥

हे शंकरि ! मध्याह्न अपराह्नकालमें अश्वतीर्थकी सेवा करनेसे तीर्थान्तरसेवनसे साठ करोड सहस्र और साठ करोड शतगुण फल प्राप्त होजाता है ॥ ५१ ॥

मेरुमन्दरतुल्यो हि राशिः पापस्य सर्वशः ।
अश्वक्रान्तं समासाद्य सर्वो व्रजति संक्षयम् ॥ ५२ ॥

अश्वक्रान्ततीर्थकी सेवासे मन्दराचलकी समानभी सब पापराशि क्षय हो जाती हैं ॥ ५२ ॥

कीटाः पतङ्गा मशकाश्च वृक्षा
जले स्थले ये विचरन्ति जीवाः ।
मण्डूकमत्स्याः क्रमशोऽश्वक्रान्ते
त्यक्त्वा शरीरं शिवमाप्नुवन्ति ॥ ५३ ॥

कीट, पतंग, मशक, वृक्ष और मत्स्य, मण्डूकादि जो जो जीव वहां जलमें वा स्थलमें विचरते हैं, वह अश्वतीर्थमें देह त्यागकर शिवत्वको प्राप्त होते हैं अर्थात् शिव होजाते हैं ॥ ५३ ॥

यो वसेत्पञ्चके नित्यं स गच्छेत्परमां गतिम् ॥ ५४ ॥

जो मनुष्य पंचकतीर्थमें नित्य वास करता है वह परमगतिको प्राप्त होताहै ॥ ५४ ॥

सर्वेषामेव लोकानां ब्रह्मलोकस्य चोपरि ।
यदीच्छेत्तत्पदं गन्तुं स वसेदत्र दुष्करम् ॥ ५५ ॥

सब लोकोंके ऊपरी भागमें ब्रह्मलोक अवस्थित पंचकनिवासी मनुष्य अभिलाषा करनेपर उसी ब्रह्मपदको प्राप्त होसकते हैं ॥ ५५ ॥

यथा सुराणां सर्वेषामादिस्तु मधुसूदनः ।
तथैव सर्वक्षेत्राणामादिः पञ्चकमुच्यते ॥ ५६ ॥

जैसे मधुसूदन सब देवताओंके आदि हैं, ऐसेही पञ्चकतीर्थ सब क्षेत्रोंमें आदि कहा गया है ॥ ५६ ॥

अनुलोमविलोमाभ्यां तथा व्यस्तसमस्तयोः ।
स्नातव्यं पञ्चकं यच्च अश्वतीर्थं वरानने ॥ ५७ ॥

हे वरानने ! पंचकतीर्थ और अश्वतीर्थमें अनुलोम विलोमके क्रमसे अर्थात् एकसे अपर और अपरसे प्रथम इस प्रकार और व्यस्त समस्त क्रमसे स्नान करना चाहिये ॥ ५७ ॥

तथैवोत्तरमारण्यं तदेव फलमश्नुते ।
विधिवद्गम्यमानेषु सर्वतीर्थेषु यत्फलम् ।
पञ्चकालोकनादेव नरः प्राप्नोति तत्फलम् ॥ ५८ ॥

वह उत्तरारण्य गवन करके उसीके तुल्य फलको प्राप्त होते हैं । विधिपूर्वक जाननेसे समस्त तीर्थोंका जो फल है, एक पंचकतीर्थके दर्शनमात्रसेही मनुष्य वह फल प्राप्त करसकते हैं ॥ ५८ ॥

दशकोटिसहस्राणि तीर्थानां वै महीतले ।
सान्निध्यमश्वतीर्थस्य मुक्तिद्वारसमीपतः ॥ ५९॥

पृथ्वीतलमें दश करोड सहस्र तीर्थ स्थान हैं, अश्वक्रान्ततीर्थमें मुक्तिद्वारके समीप उन सबका सान्निध्य है ॥ ५९ ॥

यावत्तिष्ठन्ति गिरयो यावत्तिष्ठन्ति सागराः ।
तावत् पञ्चकमृत्यूनां ब्रह्मलोके स्थितिर्मता ॥ ६० ॥

जबतक सब पर्वत और समुद्र अवस्थित है, तबतक पञ्चकमें मरे मनुष्यको ब्रह्मलोक लाभ होता है, इसमें सन्देह नहीं ॥ ६० ॥

जन्मान्तरसहस्रैश्च आजन्म मरणान्तिकम् ।
निर्दहेत् पातकं सर्वं सकृत् स्नात्वा तु शङ्करि ॥६१॥

हे शंकरि ! पंचकतीर्थमें एकवार स्नान करनेसे सहस्र जन्मान्तर और जन्मसे मरणतक जो पाप संचित हुए हैं, वह सब भस्म हो जाते हैं ॥ ६१ ॥

योगाभ्यासेन यस्तिष्ठेत्सम्यग्वर्षत्रयं नरः ।
एकेन जन्मना मुक्तियोगं मोक्षञ्च विन्दति ॥ ६२ ॥

जो मनुष्य पंचकतीर्थमें तीन वर्ष योगाभ्यासकरके अवस्थान करता है, उसको योगाभ्यासके कारण एक जन्ममें ही मोक्ष प्राप्त होती है ॥ ६२ ॥

ऋणमुक्त्यै तु देवेशि समन्तात्पञ्चकं स्मृतम् ।
ब्रह्मणः सदनं भद्रे प्रसह्यमपि सर्वतः ॥ ६३ ॥

हे देवेशि ! ऋणमोचनकतीर्थके चारों ओर पंचकतीर्थ अवस्थित है और उसके सब ओरही ब्रह्मसदन है ॥ ६३ ॥

यत्र स्नानं जपो होम श्राद्धं दानादिकं स्मृतम् ।
एकैकशो महेशानि पुनाति सकलं कुलम् ॥ ६४ ॥

यहां स्नान, जप होम, श्राद्ध और दानादि करनेसे वह एक एकही सब कुलके उद्धार करता है ॥ ६४ ॥

अश्वतीर्थे समक्षे तत्किञ्चित्पश्चिमगोचरे ।
धनुरष्टप्रमाणेन सिद्धकुण्डमिहोच्यते ॥ ६५ ॥
अत्र स्नात्वोदकं पीत्वा मुच्यते सर्वपातकैः ।
त्रिरात्रोपोषितेनात्र एकरात्रोषितेन वा ।
द्विजातीनान्तु कथितं तीर्थानामिह सेवनम् ॥ ६६ ॥

अश्वतीर्थके समीप कुछेक पश्चिमदिशामें आठ धनुर प्रमाण सिद्धकुण्ड है, वहां स्नान और जलपान करनेपर सब प्रकारके पातकोंसे छुटकारा

मिलता है । द्विजगण तीनरात वा एकरात उपवास करके इन सब तीर्थोंकी सेवा करें ॥ ६५ ॥ ६६ ॥

यस्य वायुर्वशी भद्रे हस्तपादौ च संयतौ ।
अनुलेप्य ब्रह्मचारी तीर्थानां फलमाप्नुयात् ॥ ६६ ॥

हे भद्रे ! जिसका प्राणपवन वशीभूत है और जिसके हाथ पैर संयत तथा जो मनुष्य अनुलेप्य अर्थात् तिलकादिधारी और ब्रह्मचारी है वही मनुष्य तीर्थका फल प्राप्त करनेमें समर्थ होता है ॥ ६७ ॥

सिद्धकुण्डं महाभोगं देवताभिः सुसंस्कृतम् ।
पुनीहि सर्वपापेभ्यस्तीर्थवर्य नमोऽस्तु ते ॥ ६८ ॥

"सिद्धकुण्डं महाभोगं देवताभिः सुसंस्कृतम् । पुनीहि सर्वपापेभ्यस्तीर्थवर्य नमोऽस्तु ते" ॥ ६८ ॥

इत्यनेन तु मन्त्रेण वैशाखे कृष्णपक्षके ।
त्रयोदश्यां स्नानमात्रात्पुनात्युभयतः कुलम् ॥ ६९ ॥

इस मंत्रसे वैशाखमासकी कृष्णपक्षीय त्रयोदशीमें केवल स्नानमात्र करनेसेही दोनों कुल पवित्र करता है ॥ ६९ ॥

पश्चिमे तस्य तीर्थस्य किञ्चिद्वायव्यगोचरे ।
चतुःषष्टिधनुर्मानं तीर्थं ब्रह्मसरः स्मृतम् ॥ ७० ॥

कुछेक वायुकोणको उस तीर्थके पश्चिममें चतुःषष्टि अर्थात् चौंसठ धनुपरिमाण ब्रह्मसरोवर है ॥ ७० ॥

तत्र स्नात्वा पितॄन्भक्त्या तर्पयित्वा यथाविधि ।
पापकर्तॄनपि पितॄन्तारयेन्नात्र संशयः ॥ ७१ ॥

वहां स्नान करने और भक्तिपूर्वक यथाविधि पितरोंका तर्पण करनेसे पापकारी पितरोंको भी सद्गति प्राप्त होती है, इसमें सन्देह नहीं॥७१॥

स्नात्वा याति द्विजः सम्यक्ततः संस्कारतां व्रजेत् ।
स्वयं तु ब्रह्मणा(घृष्टं--दृष्टं)घट्टमीश्वरप्रियकाम्यया७२॥
स्वयं तु ब्रह्मणा स्नातं तस्मात्पावनकारकम् ।
इत्यनेन तु मंत्रेण स्नानं कृत्वा यथाविधि ॥ ७३ ॥
माघे मासि चतुर्दश्यां शुक्लपक्षे विशेषतः ।
दत्त्वा दानञ्च विधिवद्ब्रह्मलोके महीयते ॥ ७४ ॥

" स्नात्वा याति द्विजः सम्यक् ततः संस्कारतां व्रजेत् ।' स्वयन्तु ब्रह्मणा घट्टमीश्वरः प्रियकाम्यया । स्वयन्तु ब्रह्मणा स्नातं तस्मात्पावनकारकम् " इस मंत्रसे यथाविधि स्नान करनेपर विशेषतः माघमासके शुक्लपक्षमें चतुर्दशीमें विधिपूर्वक दान करनेसे ब्रह्मलोकमें पूजाको प्राप्त होता है ॥ ७२ ॥ ७३ ॥ ७४ ॥

इन्द्रकूटस्य कौबेर अशीतिधनुर्मानतः ।
रामक्षेत्रं विजानीयात्तस्य कुण्डं कुले प्रिये ॥ ७५ ॥
बिल्वकुन्दप्रमाणन्तु स्नात्वाभ्यर्च्य पितॄनपि ।
तीर्थेभ्यः परमं तीर्थं रामतीर्थं वरानने ॥ ७६ ॥

इन्द्रकूटके उत्तरमें अस्सी धनुःप्रमाण राम क्षेत्र है, उसके तटमें बिल्वकुन्दप्रमाण वह कुण्ड अवस्थित है, उसमें स्नान और पूजा करनेसे मनुष्य ब्रह्मलोकमें जाता है, हे वरानने ! रामतीर्थ तीर्थोंमें परमोत्तम है ॥ ७५ ॥ ७६ ॥

ब्राह्मणानर्चयित्वा तु ब्रह्मलोके महीयते ॥ ७७ ॥

वहां ब्राह्मणकी अर्चना करनेसे ब्रह्मलोकमें पूजाको प्राप्त होता है ॥ ७७ ॥

तस्य तीरे महाभागे श्रीरामेण महात्मना ।
पितरस्तर्पिताः सर्वे तीर्थवर्य नमोऽस्तु ते ॥ ७८ ॥

"तस्य तीरे महाभागे श्रीरामेण महात्मना । पितरस्तर्पिताः सर्वे तीर्थवर्य नमोऽस्तुते" ॥ ७८ ॥

इत्यनेन तु मन्त्रेण वैशाखे कृष्णपक्षके ॥
एकादश्यां स्नानमात्रे पुनात्युभयतः कुलम् ॥ ७९ ॥
तस्य पूर्वे नवधनुः सीतातीर्थं वरानने ।
तत्र स्नात्वा दिवं यान्ति सशरीरा द्विजातयः ॥ ८० ॥

इस मंत्रद्वारा वैशाखमासके शुक्लपक्षकी एकादशीमें स्नानमात्र करनेसे दोनों कुल पवित्र होते हैं । इस तीर्थके नव धनुः अन्तरमें सीतातीर्थ है, वहां स्नान करनेसे ब्राह्मणगण सशरीर स्वर्गमें जाते हैं ॥ ७९ ॥ ८० ॥

क्रौञ्चंचापि महाश्राद्धे त्वक्षयं समुदाहृतम् ।
सीतया रामभद्रेण निर्मितं तीर्थमुत्तमम् ॥
तस्मात्पुनीहि मां पापान्मोक्षं कुरु सुरार्चिते ॥ ८१ ॥

क्रौञ्चश्चापि महाश्राद्धे त्वक्षयं समुदाहृतम् । सीतया रामचन्द्रेण निर्मितं तीर्थमुत्तमम् । तस्मात्पुनीहि मां पापान्मोक्षं कुरु सुरार्चिते॥ ८१ ॥

मौनी भूत्वा त्रयोदश्यां तत्र स्नात्वा महाफलम् ।
मन्त्रेणानेन तु स्नात्वा रत्नेनार्घ्यं प्रदापयेत् ।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो ब्रह्मलोके वसेन्मृतः ॥ ८२ ॥

इस मंत्रद्वारा त्रयोदशीमें मौनी हो वहां स्नान करनेके अनन्तर रत्नद्वारा अर्घ्यप्रदान करनेपर परलोकमें पापोंसे छूटकर ब्रह्मलोकमें वास करता है ॥ ८२ ॥

दक्षिणे चैव सीताया धनुर्दशकमानतः ।
तत्राभिषेकमात्राच्च विजयी सर्वदा भवेत् ॥ ८३ ॥

सीतातीर्थके दक्षिणमें दशधनुः परिमित शोभायमान तीर्थ है, वह तीर्थ तीर्थोंमें उत्तम है, उसमें स्नान करनेसे सदा विजयकी प्राप्ति होती है ॥ ८३ ॥

तीर्थानां परमं तीर्थं विजयं नाम शोभनम् ।
तत्र लिङ्गं महेशस्य विजयन्नाम विश्रुतम् ॥ ८४ ॥

सब तीर्थोंमें परमोत्तम विजयनामक तीर्थ सुशोभित है । वहां विजयनामसे विख्यात महेशलिंग है ॥ ८४ ॥

षण्मासान्नियताहारो ब्रह्मचारी समाहितः ।
उषित्वा तत्र देवेशि मुच्यते सर्वपातकात् ॥ ८५ ॥

उस स्थानमें छः मास नियताहारी ब्रह्मचारी और समाहित होकर वास करनेपर संपूर्ण पातकोंसे छूट जाता है ॥ ८५ ॥

तीर्थानां परमं तीर्थं योगतीर्थमिति श्रुतम् ।
सर्वपापहरं शम्भोर्निवासः परमेष्ठिनः ॥ ८६ ॥

तदनन्तर योगतीर्थनामसे विख्यात तीर्थोंमें एक उत्तम तीर्थ है; उस स्थानमें परमेष्ठि ब्रह्मा और सब पापोंको हरनेवाले महादेवजी वास करते हैं ॥ ८६ ॥

दृष्ट्वा लिङ्गंतु देवस्य योगीशं नाम विश्रुतम् ।
ईप्सितांल्लभते कामान्रुद्रस्य दयितो भवेत् ॥ ८७ ॥

वहां योगीश नामक महादेवके लिंगका दर्शन करनेसे सम्पूर्ण अभिलषितविषयोंको प्राप्त होकर रुद्रदेवका प्रिय होता है ॥ ८७ ॥

मुक्तितीर्थं विजानीहि द्वाविंशति धनुर्मितम् ।
वक्ष्यमाणेन मन्त्रेण स्नात्वार्घ्यं विनिवेदयेत् ॥ ८८ ॥
मोक्षाभिकाङ्क्षिभिर्युक्तैर्वन्द्यसे पूज्यसेऽनिशम् ।
योगकुण्डं महाभागं मां पुनात्वमरार्चिता॥ ८९ ॥

फिर बाईस धनुपरिमित मुक्तितीर्थ है "मोक्षाभिकाङ्क्षिभिर्युक्तैर्वन्द्यसे पूज्यसेऽनिशम् । योगकुण्डं महाभागे मां पुनात्वमरार्चिता" इस मंत्रसे मुक्तितीर्थमें स्नान करनेके पीछे अर्घ्यनिवेदन करै ॥ ८८ ॥ ८९ ॥

तस्यातिदूरे लोकस्य वृत्तं कुण्डमनुत्तमम् ।
तत्र स्नात्वा तु विधिवत्सन्तर्प्य पितृदेवताः ॥ ९० ॥
ब्राह्मणेभ्यः प्रदायाथ दानानि विविधानि च ।
स्नात्वा कोलेन बीजेन तत्त्वेनार्घ्यं निवेदयेत् ॥ ९१ ॥

लोकवृत्तनामक अतिउत्तम कुण्ड उससे अतिदूर स्थित है वहां स्नानकरनेसे विधिपूर्वक पितरदेवताओंका तर्पण करके ब्राह्मणोंको विविध दान प्रदानपूर्वक कोलबीजमंत्रद्वारा स्नान करनेके पीछे तत्त्वद्वारा अर्घ्य निवेदन करै ॥ ९० ॥ ९१ ॥

पश्चात्कोलेश्वरं दृष्ट्वा मुच्यते भवबन्धनात् ॥ ९२ ॥

इसके पीछे कोलेश्वरका दर्शन करनेपर भवबंधनसे मुक्तिलाभ करता है ॥ ९२ ॥

तिथिहस्तमितं कुण्डं देवगन्धर्वसेवितम् ।
कुण्डे सिततृतीयायां ग्रामं धान्यं धनं लभेत् ॥ ९३ ॥

फिर पन्द्रह हस्तपरिमित गंधर्वसेवित कुण्ड है, वहां शुक्लपक्षकी तीजमें स्नान करनेसे ग्राम धान्य और धनलाभ होता है ॥ ९३ ॥

इन्द्रशैलस्य याम्ये तु धनुर्द्वादशमानतः ।
सूर्यतीर्थमिति ख्यातं तीर्थानां तीर्थमुत्तमम् ॥ ९४ ॥

इन्द्रशैलके दक्षिणमें बारह धनुपरिमित सूर्यतीर्थनामक विख्यात एक उत्तम तीर्थ है ॥ ९४ ॥

अदृश्यमूर्त्तिर्भगवान् सततंतीरथेरतः ।
आस्ते लोकहितार्थाय व्यापी योगतनुः स्वयम् ॥ ९५ ॥

वहां योगतनु अदृश्यमूर्ति व्यापी सप्तसप्ति (सूर्यदेव) लोकहितार्थ स्वयं अवस्थित है ॥ ९५ ॥

महाहरश्च निरतं निवासं कृतवानिह ।
तथैव देवताः सर्व्वास्तस्यां सेव्याः समागताः ॥९६॥

जब देवदेव महादेव उस स्थानमें सदा वास करते हैं, तब सब देवता वहां सेव्यरूपसे अर्थात् बडेबडे देवता आते हैं ॥ ९६ ॥

भानुबीजेन तु स्नात्वा ह्यर्घ्यं तारेण दापयेत् ।
रामक्षेत्रं ततो गच्छेत्साधकः सिद्धिमानसः ॥ ९७ ॥

वहां भानुबीजसे स्नान और तारमंत्रसे अर्घ्यप्रदान करना चाहिये फिर सिद्धिके निमित्त साधक रामक्षेत्रमें जाय ॥ ९७ ॥

दुर्गकूपद्वयं तत्र ब्रह्मयूपश्च तिष्ठति ।
दुर्गकूपोदकं पीत्वा माघे मासि चतुर्दशी ॥ ९८ ॥
भवेद्भक्त्या गर्भधरा मन्त्राणामयुतं जपन् ॥
यूपं प्रदक्षिणीकृत्य ततः श्राद्धं प्रकल्पयेत् ॥ ९९ ॥
पितॄंश्च तारयेत्तेनब्रह्मलोके महीयते ॥ १०० ॥

वहां दो दुर्ग कूप और ब्रह्मयूप अवस्थित हैं, माघके महीनेकी चौदशमें भक्तिपूर्वक दुर्गाकूपका जल पीकर अयुत (दशसहस्र) मंत्र जपने और तत्रस्थ यूपकी प्रदक्षिणा करके श्राद्ध करनेपर पितरोंका उद्धार करके ब्रह्मलोकमें पूजाको प्राप्त होता है ॥९८॥९९॥ १०० ॥

काकिनीश्च न्यसेत्कूपे सुवर्णं रजतं तथा ।
यस्य मित्रस्य यद्वित्तं शोधयेत्पूर्वजन्मनि ॥ १०१ ॥

उस कूपमें काकिनी (कौडियें) सोना और चांदी डालनेसे पूर्वजन्मका मित्रऋणादि शोध होता है ॥ १०१ ॥

ततो गच्छेदिन्द्रशैलं दक्षिणाभिमुखेन तु ।
मणीश्वरं ततः पश्येन्निर्गताच्च प्रमुच्यते ॥ १०२ ॥

तदनन्तर दक्षिणाभिमुख हो इन्द्रशैलमें जानेके पीछे मणीश्वरका दर्शन करनेपर मनुष्य सब पापोंसे छूट जाता है ॥ १०२ ॥

वधबन्धनयुक्तोऽपि युक्तो वाप्युपपातकैः ।
इन्द्रकूटस्थितं दृष्ट्वा मणिनाथं स वायुना ।
क्षणेन मुच्यते देवि नात्र कार्या विचारणा ॥ १०३ ॥

हे देवि ! मनुष्य वधबन्धनयुक्त वा आपातक युक्त हो । इन्द्रकूटस्थित मणिनाथका वायुसहित दर्शन करनेपर क्षणमात्रमें मुक्तिलाभ करता है इसमें सन्देह नहीं ॥ १०३ ॥

चरमे लोमतीर्थस्य धनुः पञ्चप्रमाणतः ।
नागतीर्थं ततो जातं पृथिव्यां ख्यातिमागतम् ॥ १०४ ॥

लोमतीर्थके अन्तमें पञ्चधनुः प्रमाण पृथ्वीख्यात नागतीर्थ है ॥ १०४ ॥

नागकुण्डे तु वैकुण्ठः स्नात्वा नागान्समर्चयेत् ।
पुण्यदं सर्वतीर्थेषु सर्पाणां विषनाशनम् ॥ १०५ ॥

"नागकुण्डेतु वैकुण्ठः" इस मंत्रसे स्नानादि करके नागोंकी पूजा करै । यह तीर्थ सर्व तीर्थोंमें पुण्यप्रद है । इसमें स्नानादि करनेसे सर्व प्रकारके पाप नष्ट होते हैं और सर्पोंका विष नष्ट होता है ॥ १०५ ॥

स्नानं कुर्वन्ति ये मर्त्या भक्त्या श्रावणपञ्चमीम् ।
न तेषां तत्कुले पीडा सर्पाः कुर्वन्ति कर्हिचित् ॥ १०६ ॥

जो मनुष्य श्रावणकी पंचमीमें भक्तिपूर्वक स्नान करता है, सर्पगण उसके कुलमें कभी पीडादायक नहीं होते ॥ १०६ ॥

श्राद्धं पितॄणां ये तत्र करिष्यान्ति नरा भुवि ।
ब्रह्मा तुष्टः परं स्थानं दास्यते नात्र संशयः ॥ १०७ ॥

जो मनुष्य वहां पितृश्राद्ध करता है, ब्रह्मा उसके प्रति संतुष्ट होकर परम स्थानप्रदान करते हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ १०७ ॥

चन्द्रादुत्तरतः शैलश्चतुः षष्टिप्रमाणतः ।
जले तत्र गयाकुण्डं क्षेत्रं तीरे तदुच्यते ॥ १०८ ॥

चन्द्रशैलके उत्तरमें चौंसठ हस्त प्रमाण गयाक्षेत्र है, उसके जलको गयाकुण्ड और तीरको गयाक्षेत्र कहते हैं ॥ १०८ ॥

गयाशीर्षं पूर्वभागे धनुर्द्वाविंशमानतः ।
यावल्लोहित्यपर्यन्तमुत्तरे ब्रह्मयोनिकम् ॥ १०९ ॥
गयातीर्थं परं गुह्यं पितॄणांचातिवल्लभम् ।
कृत्वा पिण्डप्रपादन्तु न भूयो जायते नरः ॥ ११० ॥

उसके पूर्वभागमें लोहित्यपर्यन्त और उत्तरमें ब्रह्मयोनिपर्यन्त बाईस धनुःपरिमित पितृवल्लभ परमगुह्य गयातीर्थ है, वहां पिण्डदान करनेसे मनुष्यको फिर जन्मग्रहण करना नहीं पडता ॥१०९॥११०॥

आगस्त्येऽस्मिन्गयायाञ्च तथा नीलाचले गमे ।
यात्राभेदे ददेत्पिण्डं गयामथ सकृत्प्रिये ॥ १११ ॥

हे प्रिये ! आगस्त्यमें, गयामें और नीलाचलमें यात्राभेदसे पिण्ड-दान करना चाहिये, किन्तु गयामें केवल एकबार पिण्ड देवे ॥१११॥

शोचन्ति पितरस्तस्य व्यथात्र च परिश्रमः ।
गायन्ति पितरो गीतं कीर्त्तयन्ति महर्षयः ॥ ११२ ॥
गयां यास्यति यः कश्चित्सोऽस्माकं तारयिष्यति ।
एष्टव्या बहवः पुत्राः शीलवन्तो गुणान्विताः ॥११३॥
तेषां तत्समवेतानां यद्येकोऽपि गयां व्रजेत् ।
तस्मात्सर्व्वप्रयत्नेन ब्राह्मणस्तु विशेषतः ॥ ११४ ॥

यो दद्याद्विधिवत्पिण्डान्गयां गत्वा समाहितः ।
धन्यास्तु खलु ते मर्त्या गयायां पिण्डदायिनः ।
कुलान्युभयतः सप्त समुद्धृत्य स्वराप्नुयात् ॥ ११५ ॥

गयामें अनेकबार गमन करनेसे परिश्रमके हेतु उसके पितर शोच करते हैं महर्षिगण कहते हैं कि, पितर यह कहकर गान करते हैं कि, जो कोई गमनागमनकरकेही हमको तार सकता है. (अर्थात् गयाकी यात्रासे ही पितरोंका उद्धार होता है) मनुष्यगण गुणवान् शीलवान् बहुत-पुत्रोंकी अभिलाषा करते हैं क्योंकि उनमें एक मनुष्यभी गमनागमन करके हमारा उद्धार कर सकता है । अतएव सभी और विशेषतः ब्राह्मणगण वहां जाकर सावधान चित्तसे विधिपूर्वक सर्वप्रयत्नसे पिण्ड-प्रदान करैं गयामें पिण्ड देनेवाले मनुष्य धन्य हैं । वह मातृकुल और पितृकुल इन दोनों कुलके सातपुरुष पर्यन्त उद्धार करते हैं ॥ ११२ ॥ ११३ ॥ ११४ ॥ ११५ ॥

परापिण्डप्रदानं तु नाम्ना वै पायसेन तैः ।
कर्त्तव्यमृषिभिर्दृष्टं पिण्याकेन गुडेन तु ॥ ११६ ॥
तिलपिण्याककैर्देया भक्तिमद्भिर्नरैः सदा ।
श्राद्धं तु तत्र कर्त्तव्यमर्घ्यावाहनवर्जितम् ॥ ११७ ॥

पायस (खीर) द्वारा नामोच्चारणपूर्वक परापिण्डप्रदान करना चाहिये । ऋषियोंने कहा है कि पिण्याक (खजूर) द्वारा वहां श्राद्ध करै । मनुष्य भक्तियुक्त चित्तसे तिलपिण्याकद्वारा अर्घ्यावाहनवर्जित श्राद्ध करै ॥ ११६ ॥ ११७ ॥

मूषिकागृध्रकाकैश्च नानुदृश्यं चरन्ति ते ।
श्राद्धं तत्तीर्थके प्रोक्तं पितॄणां तुष्टिदं परम् ॥ ११८ ॥

मूषिक गृध्र और काक जिससे उसको न देख सके इस विषयमें सावधान रहना चाहिये । इस तीर्थमें श्राद्ध करनेसे पितृगण अतिशय तृप्तिलाभ करते हैं ॥ ११८ ॥

कार्यं तत्र प्रयत्नेन भुक्तिरेवाथ कारणम् ॥ ११९ ॥
भक्त्या तुष्यन्ति पितरस्तुष्टा ददति कामनाः ।
आयुः पुत्रान्धनं धान्यं कामांस्त्वन्यांस्तथैव च ॥ १२० ॥

अतएव सर्व प्रयत्नसे इस स्थलमें पितरोंको भोगप्रदान करना चाहिये पितरगण भोगद्वारा संतुष्ट होकर समस्त अभिलषित विषय और आयु, पुत्र, धन, धान्य तथा अन्यान्य विविधप्रकार काम्यप्रदान करते हैं ॥ ११९ ॥ १२० ॥

भक्त्या चाराधिते रुद्रे नृणां पितृपितामहाः ।
अकालेऽप्यथवा काले गयाश्राद्धे सतीं गतिम् ॥ १२१ ॥

वहां भक्तिपूर्वक रुद्रकी आराधना करनेसे पितृपितामहको सद्गति और प्रीतिलाभ होता है, अकालमें हो, अथवा कालमें हो, मनुष्यगण सदाही गयाश्राद्ध करें ॥ १२१ ॥

प्राप्य चैव सदा स्नानं कर्त्तव्यं पितृतर्पणम् ।
पिण्डदानञ्च तेनाप्तं पितॄणाञ्चातिवल्लभम् ॥ १२२ ॥

वहां सदा स्नान और तर्पण करनेसे दोष नहीं होता । वहां पिण्डदान पितरोंको अत्यन्त प्रिय है ॥ १२२ ॥

पितरो हि निरीक्षन्तो गगनं समुपागताः ।
आशया परया भक्त्या आशामेषां प्रपूरयेत् ॥ १२३ ॥

गयामें आकाशमण्डलमें पितरगण आनकर प्राप्त होनेकी आशासे अवस्थान करते हैं, अतएव परमभक्ति सहित उनकी आशा पूर्ण करनी चाहिये ॥ १२३ ॥

विलम्बो नैव कर्त्तव्यो न च विघ्नं समाचरेत् ।
अच्छिन्ना सन्ततिस्तेषां सदा काले भविष्यति ॥ १२४

इस विषयमें विलंब करना उचित नहीं है विलंब करनेसे विघ्न बाधा

उपस्थित होती है जो गयामें पिण्डदान करता है उसकी संतान सन्तति सदा अविच्छिन्न रहती है ॥ १२४ ॥

पितरः पुत्रदातारो वृद्धिश्राद्धं च कांक्षिणः ॥१२५॥

वृद्धिश्राद्धाभिलाषी पितरगण पुत्रदान करते हैं ॥ १२५ ॥

तेन तेषां च तद्देयं यथोक्तेन विधानतः ।
अतः श्राद्धं पुरा प्रोक्तं स्वयमेव स्वयम्भुवा ।
तेनतत्सत्वरं कार्यं द्विजैः पितृपरायणैः ॥ १२६ ॥
तीर्थेऽक्षते गृहे वापि संक्रान्तौ ग्रहणेपि वा ।
विषुवे तु तथान्यत्र जन्मनक्षत्रपीडने ।
एते वै श्राद्धकालाः स्युः पुरा स्वायम्भुवोऽब्रवीत् १२७

अतएव कभी उनको निराश न करे । पूर्वकालमें भगवान् स्वयम्भूने स्वयं अन्तश्राद्धका विषय कीर्त्तन किया है, पितृपरायण द्विजगण यह कार्य शीघ्र संपादन करें. तीर्थमें, अक्षतमें वा गृहमें, संक्रमणकालमें, ग्रहणमें विषुवकालमें जन्मनक्षत्र यह सब प्रशस्तश्राद्धकाल है, ऐसा भगवान् स्वयम्भूने कहा है ॥ १२६ ॥ १२७ ॥

कृते श्राद्धे न वै पुंसां पीडा भवति देहजा ।
इहामुत्र कृतं वापि सर्वं त्यजति दुष्कृतम् ॥ १२८ ॥
पीडा याम्या न भवति ग्रहचौरनृपादिजा ।
दुष्कृतं नश्यते सर्वं परत्र च गतिं शुभाम् ॥ १२९ ॥
लभते नात्र सन्देहः प्रजापतिवरो यथा ।
कामेश्वरी सप्त वेदे त्वश्वक्रान्तं तु कार्त्तिके ॥ १३० ॥
मातृमुख्यं गयाश्राद्धं पितृमुख्यन्तु चान्यतः ।
पिण्डान्षोडशवैदद्याद्द्रहुलं कारयेत्सुधीः ॥ १३१ ॥

श्राद्ध करनेसे मनुष्यको देहज पीडा नहीं होती और इस लोक तथा परलोकके समस्त पाप यमयातना और ग्रह चौर नृपादिकी करी पीडा एवं दुष्कृत नष्ट होते हैं तथा वह परलोकमें शुभगतिको प्राप्त होता है इसमें सन्देह नहीं । जैसे प्रजापतिका वर व्यर्थ नहीं होता, ऐसेही यह सब भी कभी व्यर्थ होनेवाला नहीं है । कामेश्वरी सप्तवेद और अश्वक्रान्तमें कार्त्तिकमें जाना चाहिये । गयाश्राद्ध मातृमुख्य, अन्यत्र श्राद्ध पितृतुल्य जाने । बुद्धिमान् पहिले सोलह पिण्ड देकर फिर बहुत पिण्ड देवे ॥ १२८ ॥ १२९ ॥ १३० ॥ १३१ ॥

पातयेत्क्षीरधाराश्च ह्यारुह्य सोमपर्वतम् ।
साक्षिणः सन्तु मे देवा ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः ।
मया गयां समासाद्य अपनीतमृणत्रयम् ॥ १३२ ॥

तदनंतर "हे ब्रह्माविष्णुमहेश्वरादिका देवताओ! मैं गयामें आनकर तीनों ऋणसे मुक्त हुआ तुम साक्षी हो ओ" इस मंत्रसे सोमपर्वतपर आरोहण करके दूधकी धार गिरावै ॥ १३२ ॥

ततो भेर्य्यादिशब्देन चारुह्य शिबिकां नरः ॥ १३३ ॥

फिर भेरी इत्यादिका शब्द करके मनुष्य पालकीमें चढै ॥ १३३ ॥

गृहं गत्वा समभ्यर्च्य गृहदेवीं यथाविधि ।
ब्राह्मणान्भोजयेत्पश्चादक्षय्यमुपधारयेत् ॥ १३४ ॥

अनन्तर घर जाकर यथाविधि गृहदेवीकी पूजा करै फिर ब्राह्मण भोजन करानेके पीछे अक्षयावधारण करै ॥ १३४ ॥

भुञ्जीत ब्राह्मणैः सार्द्धं दक्षिणामुपपादयेत् ॥ १३५ ॥

तदनन्तर ब्राह्मणोंके संग भोजन कर दक्षिणा देवै ॥ १३५ ॥

अस्मिन्पिण्डप्रदानेन चागस्त्ये विरजेषु च ।
दशाश्वमेधिके चैव तथा विष्णुपदेषु च ॥ १३६ ॥

गयातीर्थमें, आगस्त्यमें और विरज तथा दशाश्वमेधिकमें एवं विष्णुपदमें ॥ १३६ ॥

एकत्र पिण्डदः कश्चित्पुनः श्राद्धं विवर्जयेत् ।
पुनराकर्षणं कृत्वा शापः पतति मूर्द्धनि ॥ १३८ ॥

जो एकत्र पिण्डदान करे तो पुनः श्राद्ध न करै, पुनर्वार आकर्षण करनेसे मस्तकपर शाप पडता है ॥ १३७ ॥

त्रिदिनं पातयेत्पिण्डं गयायाञ्च विशेषतः ।
ततो मातृगयायाञ्च त्वेकाहमपि पातयेत् ।
आगस्त्ये विरजे चैव पातयेच्च दिनत्रयम् ॥ १३८ ॥

विशेषकर गयामें तीन दिन पिण्डदान करे । फिर मातृगयामें एक दिन पिण्ड देना चाहिये । आगस्त्य और विरजमें तीन दिन पिण्ड देवे ॥ १३८ ॥

इति योगिनीतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे कामरूपाधिकारे चतुर्विंशतिसाहस्रे द्वितीयभागे भाषाटीकायां चतुर्थः पटलः ॥ ४ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

ततः प्रभाते विमले साधकः सिद्धमानसः ।
सोमशैलस्य चैशान्यां दृष्टिमात्रान्तरे प्रिये ।
मानशैलं ततो गत्वा गच्छेद्वाराणसीं सरः ॥ १ ॥

श्रीभगवान् बोले–हे प्रिये ! तदनन्तर विमल प्रातःकालमें सिद्धाभिलाषी साधक सोमशैलके ईशानकोणमें दृष्टिमात्र अन्तर अवस्थित मानशैलमें गमनपूर्वक वाराणसीसरोवरमें जाय ॥ १ ॥

मणीश्वरस्य चैशान्ये किञ्चित्पूर्वादिगोचरे ।
धनुःसप्तान्तरे चैव कुण्डं वाराणसीयकम् ॥ २ ॥

मणीश्वरके ईशानकोण किंचित् पूर्वकी ओर सात धनुःके अन्तरमें वाराणसीयक कुण्ड है ॥ २ ॥

द्वाविंशद्धनुरायामं सर्वदेवैश्च संयुतम् ।
देवी त्रिपथगा तत्र गोमती च सरस्वती ॥ ३ ॥

वह लम्बाईमें बाईस धनुकी बराबर है उसमें देवता सदाही स्थित रहते हैं । देवी त्रिपथगामिनी गोमती, सरस्वती ॥ ३ ॥

करतोया दिव्यनदः लौहित्यो घर्घरस्ततः ।
सरयूर्धूतपापा च नर्मदा च महानदी ॥ ४ ॥

करतोया, दिव्यनद, लौहित्य, घर्घरा, सरयू और निर्धौतपाप महानदी नर्मदा ॥ ४ ॥

दृषद्वती देविका च तथा चर्म्मण्वती नदी ।
कृष्णवेणी तथा पुण्या शोणः श्येनो महानदः ॥ ५ ॥
कावेरी यमुना चैव ये चान्ये नानुकीर्तिताः ।
मम प्रीत्यर्थमायान्ति कुण्डं वाराणसीयकम् ॥ ६ ॥

दृषद्वती, देविका, चर्मण्वती, पुण्यदायिनी, कृष्णवेणी, महानद, शोण और श्येन, कावेरी, यमुना और अन्यान्य अनेकों नद नदी मेरी प्रीतिके निमित्त वाराणसीयक कुण्डमें आनकर स्थित रहती हैं॥५॥६

उदधिर्गह्वरं चैव क्षीरोदश्च तथा पयः ।
घृतोदश्चैव मद्योदो दध्योदश्चैव सागरः ॥ ७ ॥
ह्रदाश्च सरितश्चैव तीर्थानि विविधानि च ।
मधुमासे चतुर्दश्यां समायान्ति न संशयः ॥ ८ ॥
वैशाखस्य तृतीयायां समायान्ति सुमध्यमे ।
स्नात्वा तत्र दिवं यान्ति यावदाभूतसंप्लवम् ॥ ९ ॥

उदधि और गह्वरगण, क्षीरोद, पयोद, घृतोद, मद्योद, दध्योद और सागर समस्त ह्रद सरिद्गण और विविध तीर्थ यह सभी चैत्रमासकी

चौदश और वैशाखमासकी तृतीयाको वहां आते हैं. इसमें सन्देह नहीं
वहां स्नान करनेपर प्रलयकालतक स्वर्ग भोगता है ॥ ७ ॥ ८ ॥ ९

जगन्माये जगद्दीपे जगत्पापप्रणाशिनि ।
अमृतं देहि मे वाराणासि कुण्ड नमोऽस्तु ते ॥१०॥

"जगन्माये जगद्दीपे जगत्पापप्रणाशिनि । अमृतं देहि मे वाराणासि कुण्ड नमोस्तुते" ॥ १० ॥

इत्यनेन तु मन्त्रेण त्वन्येनार्घ्यं निवेदयेत् ॥ ११ ॥

इस मंत्रसे औरसे भी अर्घ्य निवेदन करे ॥ ११ ॥

तस्य दक्षिणादिग्भागे धनुःपञ्चप्रमाणतः ।
द्वाविंशतिधनुर्मानं कुण्डं च मणिकर्णिकम् ।
मणिकर्ण्यासमं तीर्थं न भूतं न भविष्यति ॥ १२ ॥

उसके दक्षिण दिशाकी ओर पांच धनुः प्रमाण दूर बाईस धनुः परिमित मणिकर्णिकाका कुण्ड है, हे महेश्वरि ! मणिकर्णिकाके समान तीर्थ नहीं हुआ और होगाभी नहीं ॥ १२ ॥

सत्यं सत्यं पुनःसत्यं सत्यमेव सुनिश्चितम् ।
मणिकर्ण्या समं तीर्थं नास्ति ब्रह्माण्डगोलके ॥ १३॥

यह सत्य सत्यही वारम्वार कहता हूं. ब्रह्माण्डगोलकमें मणिकर्णिका समान अन्य तीर्थ नहीं है यह निश्चित है ॥ १३ ॥

युग्मादिषु च संक्रान्तावुपरागे महेश्वरि ।
स्नानं मध्यन्दिने कुर्यान्महापातकनाशनम् ॥ १४ ॥

युग्मादिमें, संक्रमणमें, ग्रहणकालमें मध्याह्नसमयमें, मणिकर्णिकामें स्नान करनेसे महापातक नष्ट होते हैं ॥ १४ ॥

मणिकर्णि सुरश्रेष्ठे मणीश्वरि मणिप्रिये ॥
अघं हर कृतावासे मणिकर्णि नमोऽस्तु ते ॥ १५ ॥

हे मणिकर्णे सुरश्रेष्ठे मणीश्वरि और मणिप्रिये! अपने स्थानमें वास करते हुए मेरे सब पापोंको हरण करो तुम्हें प्रणाम है ॥ १५ ॥

मन्त्रेणानेन तु स्नात्वा प्रणिपत्य प्रपूजयेत् ॥ १६ ॥

इस मन्त्रसे स्नान और प्रणाम करके पूजा करै ॥ १६ ॥

ऐशान्यां मणिशैलस्य मङ्गला नाम वै नदी ।
क्षीरनीरवहन्तीत्वं पापौघाच्च पुनीहि माम् ॥ १७ ॥

मणिपर्वतके ईशानकोणमें जो मंगलानाम नदी है वह क्षीरकी समान जल बहाती हुई मेरे पापसमूहोंको दूर करै ॥ १७ ॥

स्नात्वा मन्त्रेण देवेशीं प्रणिपत्य प्रसादयेत् ।
मणीश्वरं ततो गत्वा क्षालयेन्मनुमुच्चरन् ।
स्पृष्ट्वा द्वितीयकेनैनं तृतीयेनाभिपूजयेत् ॥ १८ ॥

इस मन्त्रसे प्रणामकरके प्रसन्न करै । फिर मणीश्वरमें जाकर प्रथम मंत्रउच्चारणपूर्वक प्रक्षालनानन्तर दूसरे मंत्रद्वारा स्पर्शकरके तीसरे मंत्रसे पूजा करै ॥ १८ ॥

कलाहस्तद्वयांशेन सिद्धिक्षेत्रमिहोच्यते ।
हंसोऽर्घ्यासनमारूढो रश्मिबिन्दुसमायुतः ॥ १९ ॥

अपनी पूर्णकलाओं तथा दोनों हाथोंसे यह सिद्धिक्षेत्र कहलाता है । इसमें सूर्यकी किरणोंकी संक्षेपसे स्थिति है और इनमें आसनके ऊपर विराजमान हंसस्वरूपका अर्घ्यप्रदानपूर्वक ध्यान करना चाहिये ॥ १९ ॥

मन्त्रोऽयं देवदेवस्य ऋषिर्गर्ग उदाहृतः ।
छन्दोनुष्टुब्भवो देव इष्टार्थे विनियोजयेत् ॥ २० ॥

देवदेवका यह मंत्र गर्गऋषिने कहा है इसका छन्द अनुष्टुप्, भव इसके देवता और इष्टार्थ (इष्टसिद्धि) में इसका विनियोग करै ॥ २० ॥

उद्यत्किरीटेन्दुकलं सदैव
बिभर्त्ति वैयाघ्रतनुं चतुर्भिः ।
शूलञ्च यं यः परमञ्च वज्रं
रक्तं त्रिनेत्रं परमं मृगं च ॥ २१ ॥
मध्ये देवं पूजयेत्कृत्तिवासं
भीमं देवं तत्पुरस्ताद्धरञ्च ।
भवं साम्बं शक्रमध्ये विसंज्ञं
पश्चाद्देवं वामनं कालसंज्ञम् ॥ २२ ॥

जिन देवके किरीटस्थित मणिसे सबकी किरणछ्टा प्रकाशित होती है । जिन्होंने अपने देहमें व्याघ्रचर्म धारण किया है, जो शूल, वर, अभय और वज्र इन चारोंसे शोभायमान हैं जो लालवर्णके तीन नेत्रोंसे विराजित हैं और मृगस्थ अंग भयानक मूर्त्ति हैं, उन परमदेवकृत्तिवास हर महेश्वरकी मध्यभागमें पूजा करै । फिर कालसंज्ञक वामनकी पूजा करनेके पीछे ॥ २१ ॥ २२ ॥

यजेच्छक्तीः पद्मपत्रेषु देवी
वाराणसीकीर्तितयोः पुरस्तात् ।
श्रीकण्ठाद्यंतद्बहिः संयजेद्वै
गृहान्पश्चात्तत्पुरस्तादिगीशान् ॥ २३ ॥
वामेऽनन्तः पूजितः स्यात्पिनाकी
दाक्षे भागे कमला सर्वतश्च ।
सिद्धेशाख्यादग्रतश्च प्रपूज्या
स्वैः स्वैर्मन्त्रैः स्वीयकल्पोदितैश्च ॥ २४ ॥

मणिनाथश्चादिलिङ्गं ब्रह्मपाषाणमक्षयम् ।
ऐशान्यां मङ्गला देवि चैतन्मध्यगतं प्रिये ॥ २५ ॥

वहां स्थित वाराणसी कीर्ति शक्ति सबकी पद्मपत्रमें पूजा करके बहिर्भागमें श्रीकण्ठादिकी पूजापूर्वक तत्पुरस्थित दिगीशगण और वामभागमें अनन्तकी पूजा करे, दक्षिणभागमें पिनाकी और सर्वतः कमलादेवी तथा आदिमें सिद्धेशाख्य देवता इन सब देवताओंके कल्पोक्त स्वस्वमंत्रद्वारा पूजा करके मणिनाथ आदिलिंग अक्षय ब्रह्मपाषाण इनकी पूजा करै. हे देवि ! ईशान कोणके भागमें मंगला देवी अवस्थान करती है यह मध्यतम क्षेत्र है ॥ २३ ॥ २४ ॥ २५ ॥

कोशत्रयमिदं क्षेत्रं मणिपीठं सुरार्चिते ।
दक्षवक्रे च कामेशी हयग्रीवन्तु पश्चिमे ॥ २६ ॥

हे देवताओंसे पूजित ! यह मणिपीठ क्षेत्र तीन कोशमें व्याप्त है । इसके दक्षिणमुखमें, कामेशी पश्चिममें हयग्रीव ॥ २६ ॥

उत्तरं कमलं लिङ्गमुत्तरायाः समुद्भवः ।
पूर्ववक्रे च विरजा उत्तरे कीलकोद्भवम् ॥ २७ ॥

उत्तरमें उत्तरासमुद्भूत कमललिंग है । पूर्वमुखमें विरजा, उत्तरमें कीलकोद्भव ॥ २७ ॥

अन्यत्र कोटिद्वितयं सर्वं वामोद्भवं भवेत् ।
रमणायाः समुद्भूतं कुण्डं पञ्चशतं शतम् ॥ २८ ॥

अन्यत्र वामोद्भव दो करोड कुण्ड हैं और रमणासंभव पांचसौ कुण्ड हैं ॥ २८ ॥

सार्द्धकोटिस्तथा लिङ्गं त्रिशतं च कलौ युगे ।
भूम्यन्तरस्थं लक्ष्यञ्च सार्द्धलक्षं जले प्रिये ॥ २९ ॥

और डेढ करोड लिंग हैं, परन्तु कलियुगमें तीन सौ लिंग वर्तमान हैं हे प्रिये ! भूमिके अन्तरमें लक्ष जलमें डेढ लाख ॥ २९ ॥

द्विलक्षं पर्वते चैव पञ्चलक्षं गुहासु च ।
भूमिपीठे लक्षसप्तं वृक्षमूले तु लक्षकम् ॥ ३० ॥

पर्वतमें दोलाख, गुहोंमें पांच लाख, भूमिपीठमें सात लाख वृक्षमूलमें लाख ॥ ३० ॥

कुण्डमध्यगतं लिंगमर्द्धलक्षं तथैव च ।
संध्यासन्ध्यांशके चैव कुण्डं लौहित्यपावनम् ॥ ३१ ॥

कुण्डमें अर्द्धलक्ष लिंग हैं और सन्ध्यासन्ध्यांशको पवित्र लौहित्य कुण्ड जानना चाहिये ॥ ३१ ॥

नवेन्दुशाके देवेशि विदितं सर्वमेव तु ।
त्र्यंशं सन्ध्यांशके चैव यदा शूद्रो भवेन्नृपः ॥ ३२ ॥

नवेन्दु (१९) शाकेमें वह सर्वत्र विदित हुआ है तीसरें शाकेकी सन्धिमें जब शूद्र राजा हों ॥ ३२॥

तदा कामेश्वरी देवी स्फुटिता मध्यमांशतः ।
अन्ते शाकेश्वरीनैवस्फुटिता मध्यमेंशके ॥ ३३ ॥

तब कामेश्वरी देवी मध्यमांशमें प्रकाशमान होगी । फिर मध्यमांशमें शाकेश्वरी प्रगट होगी ॥ ३३ ॥

अन्त्यांशे चैव शाके च सुव्यक्ता उर्वशी तदा ।
भूशाके माधवे व्यक्ता सुधांशे विरजा प्रिये ॥ ३४ ॥

अन्त्यांश शाकेमें उर्वशी देवी सुव्यक्ता (प्रगट) होगी । भूशाकके मध्यमांशमें विरजा प्रगट होगी ॥ ३४ ॥

फलं दिव्येश्वरत्वं यद्राजसूयेन लभ्यते ।
तत्फलं प्राप्यते देवि पूजनाद्वन्दनात्प्रिये ॥ ३५ ॥

हे देवि ! राजसूयद्वारा जो दिव्यैश्वरत्वफल प्राप्त होता है वहां पूजा वन्दनादि करनेसे वही फल प्राप्त करसकता है इसमें सन्देह नहीं ॥ ३५ ॥

वायव्ये मानशैलस्य वराहो नाम पर्वतः ॥ ३६ ॥

हे प्रिये ! मानशैलके वायुकोणमें वराहनामक एक पर्वत है ॥ ३६ ॥

तस्य पूर्वे दक्षिणे च नरनारायणं सरः ।
तत्र स्नात्वा च पीत्वा च विष्णुलोके महीयते ॥ ३७ ॥

उसकी पूर्वदक्षिण दिशामें नरनारायणसरोवर है, वहां स्नान पान करनेसे स्वर्ग लोक प्राप्त होता है ॥ ३७ ॥

तस्य पश्चिमतीरे च लिंगं सोमेश्वरं हरम् ।
तीर्थं प्रभासनामानं मृतानां मुक्तिदं परम् ॥ ३८ ॥

उसके पश्चिमतटमें सोमेश्वर लिंग शिव विद्यमान हैं उस तीर्थका नाम प्रभास है यह तीर्थ मरेहुए मनुष्योंको परलोकमें मुक्ति देता है ॥ ३८ ॥

देवनात्कृतपिण्डानां कामपूरकृतं नृणाम् ।
तत्र वैनायकं तीर्थं वायव्ये धनुरष्टकम् ॥ ३९ ॥

पितृगणके क्रीडाकरने और पिण्डग्रहण करनेसे मनुष्योंके मनोरथों-को पूर्णकरनेवाला वहां वायुकोणमें अष्टधनुः परिमित वैनायक तीर्थ है ॥ ३९ ॥

सशतं धनुरायामं प्रभासं तीर्थमुत्तमम् ।
वायव्ये तस्य देवेशि धनुरर्कप्रमाणतः ॥ ४० ॥
तीर्थं बिन्दुसरः पुण्यं स्नानात्पातकनाशनम् ।
मणिसोमाचलान्तेन धनुः साहस्रपञ्चकम् ॥ ४१ ॥

प्रभासतीर्थ शतधनुः लम्बाईसे युक्त है । हे देवि ! उसके वायुको-णमें बारह धनुः परिमित बिन्दुसरोवरनामक पापनाशक अत्युत्तम पवित्र तीर्थ विद्यमान है, वह मणि सोमाचलपर्यन्त पांच हजार धनुः फैला हुआ है ॥ ४० ॥ ४१ ॥

भूर्लिंगे च भवेत्कोटिज्यामिता च सरस्वती ।
धानुष्कोकिलकः शम्भुर्लक्षः कालिरुदाहृता ॥ ४२ ॥

भूलिंगमें करोडधनुःपरिमित सरस्वती है, वहां धनुष्कोकिलक शम्भु और लक्षकालिका स्थित हैं ॥ ४२ ॥

नाटकाचलपूर्वे तु मतङ्गो नाम पर्वतः ।
अचलं यावदग्नौ तु शिवस्यान्तर्गृहं स्मृतम् ॥ ४३ ॥

नाटकाचलके पूर्वमें मतङ्ग नामक पर्वत है, यहां अचलपर्यन्त स्थान शिवका अन्तर्गृह कहा गया है ॥ ४३ ॥

अन्तर्गृहमृता ये च यान्ति ब्रह्म सनातनम् ।
अक्षयं सत्कृतं तत्र यत्कृतश्च तदक्षयम् ॥ ४४ ॥

जो मनुष्य अन्तर्गृहमें प्राणत्याग करता है वह अक्षय ब्रह्म सनातन पदको प्राप्त होता है और वहां जो कुछ सत्कार्य करै वह सब अक्षय होता है ॥ ४४ ॥

मणिशैले स्थिता ये च ये मृतास्ते पुनर्भवाः ।
तत्र दानं कुरुक्षेत्रसमं भवति नान्यथा ॥ ४५ ॥

जो मणिशैलमें वास करता है, उसको फिर जन्म लेना नहीं पडता वहां दान करनेसे कुरुक्षेत्रकी समान फल मिलता है इसमें सन्देह नहीं ॥ ४५ ॥

अश्वतीर्थेन्द्रमध्ये तु ब्रह्मावधिरुदाहृतः ।
वराहस्य मुखे तोयं दृष्ट्वा मत्स्योदरी तदा ।
आषाढे वर्षणे विष्णोर्यदा मत्स्योदरं भवेत् ॥ ४६ ॥

अश्वतीर्थेन्द्रमध्यमें ब्रह्मावधि कहागया है, तब वराहके मुखमें जल और मत्स्योदरीका दर्शन करै । आषाढ वर्षणकालमें जब विष्णुका मत्स्योदर होता है ॥ ४६ ॥

तदा सर्वप्रयत्नेन स्नानं कुर्यान्मम प्रिये ।
शतजन्मकृतं पापं स्नानान्नश्यति निश्चितम् ॥४७॥

तब सर्वप्रयत्नसे वहां स्नान करना चाहिये । इस स्थानमें सौ जन्मके किये पाप निःसन्देह नष्ट हो जाते हैं ॥ ४७ ॥

भाद्रे वा श्रावणे वापि तदार्द्धार्द्ध लभेत्फलम् ।
कार्त्तिके दृश्यते किंचित्फलं दशगुणोत्तरम् ॥ ४८ ॥

भाद्र वा श्रावणमें आधा फल होता है । कार्तिकमें उसका दशगुणसेभी अधिक फल प्राप्त होता है ॥ ४८ ॥

हस्ताचलस्य पूर्वे तु किंचिदैशान्यगोचरे ।
भस्माचलं स्थिरं भूत्वा समीक्षेत्काममुच्चरन् ॥ ४९ ॥

हस्ताचलके पूर्व कुछेक ईशानकोणकी ओर स्थिर मंत्रोच्चारणपूर्वक भस्माचलका दर्शन करै ॥ ४९ ॥

कीलकाचरमे भागे नाक्रान्तं सूत्रमापते ॥ ५० ॥

कीलकके अन्त्यभागमें आक्रान्त आकर्षण किये हुएका सूत्रपात न करै ॥ ५० ॥

तत्क्षेत्रस्योत्तरे भागे धनुरर्कप्रमाणतः ।
उर्वशीति समाख्याता सर्वकिल्बिषनाशिनी ॥ ५१ ॥

उस क्षेत्रके उत्तरभागमें बारह धनुःप्रमाण सब पापोंका नाश करनेवाला उर्वशीतीर्थ है ॥ ५१ ॥

माघे मासि सिते पक्षे द्वादश्याञ्च समाहितः ।
स्नात्वाश्वमेधजं पुण्यं लभते संक्रमेषु च ॥ ५२ ॥

वहां माघके महीनेकी शुक्लद्वादशीमें और संक्रांतिमें सावधान होकर स्नान करनेसे अश्वमेधकी तुल्य फल प्राप्त होता है ॥ ५२ ॥

दिनक्षये च ग्रहणे न स्नायाद्धि कदाचन ।
नाशोऽपि ज्येष्ठपुत्रस्य धनस्य परमेश्वरि ॥ ५३ ॥

हे परमेश्वरी ! सायंकाल वा ग्रहणमें वहां कभी स्नान न करै, ऐसा करनेसे ज्येष्ठ पुत्र और धनका नाश होता है ॥ ५३ ॥

तारं श्रवणशून्यश्च वाराहं सशिखीस्थितः ।
समार्णको वह्निजायानन्तोऽयं च प्रकीर्तितः ॥ ५४ ॥
पृथिव्यां यानि तीर्थानि आसमुद्रसरांसि च ।
उर्वश्यन्तानि सर्वाणि पापं हर नमोऽस्तु ते ॥ ५५ ॥

ताराश्रवणशून्य शिखीसहित वाराह समार्णक और वह्निजाया यह अनन्त कहाते हैं । समुद्रसे लेकर सरोवरोंतक पृथ्वीमें जितने तीर्थ हैं, वह सब उर्वशीतीर्थतक मेरे पापोंको दूर करै, उनको प्रणामहै५४॥५५

मन्त्रेण विधिवत्स्नात्वा चोत्तराशामुखेन तु ।
वारुणेन च मन्त्रेण दद्यादर्घ्यं विभूतये ॥ ५६ ॥

इस मन्त्रद्वारा उत्तर मुख हो विधिपूर्वक स्नान करके विभूतिके निमित्त वारुणमन्त्रसे अर्घ्य देवे ॥ ५६ ॥

पूर्वाशामज्जनं कृत्वा महाऽलक्ष्म्या विमुच्यते ।
धनं धान्यं प्रजावृद्धिः कुबेराशाविमज्जनात् ॥ ५७ ॥

पूर्वाभिमुख होकर स्नान करनेसे दरिद्र दूर होता है, उत्तराभिमुख होकर मज्जन करनेसे धन धान्य और प्रजाकी वृद्धि होती है ॥ ५७ ॥

तस्याः पूर्वे चार्कधनुरयुताशं तथा परम् ।
सूर्यतीर्थमिति ख्यातं देवानामपि दुर्लभम् ॥ ५८ ॥

उसके पूर्वमें बारह धनु परिमित दशसहस्र देवताओंकोभी दुर्लभ विख्यात सूर्यतीर्थ है ॥ ५८ ॥

ऋषयः सिद्धगन्धर्वास्तीर्थानि च सरांसि च ।
माहात्म्यमतुलं तस्य सूर्यकुण्डस्य शङ्करि ॥ ५९ ॥

ऋषिगण, सिद्धगण और गन्धर्वगण समस्ततीर्थ और सरोवर सभी उस सूर्यकुण्डके समीप स्थित हैं ॥ ५९ ॥

भृग्वन्तं गगनं देवि भृगुस्वर्गान्तिको मनुः ।
स्नाने च पूजने चार्घ्ये स्तुतौ च विनियोजयेत् ॥ ६० ॥

हे देवि ! भृग्वन्त गगन एवं भृगुस्वर्गान्तिक मनु स्नान, पूजन, अर्घ्य और स्तवमें विनियोग करै अर्थात् भृगुसंपुटित ओंकारसे स्नान आदि करै ॥ ६० ॥

मासि चैत्रे च माघे च सप्तम्यां रविवासरे ।
स्नात्वा सर्वमवाप्नोति सूर्यलोकञ्च विन्दति ॥ ६१ ॥

चैत्र और माघमासकी सप्तमीमें रविवारके दिन स्नान करनेसे मनुष्य सूर्यलोकको प्राप्त होता है ॥ ६१ ॥

रक्तांशो विंशसम्भूत महापातकनाशन ।
ईशमानससौभाग्य पापं हर नमोऽस्तु ते ॥ ६२ ॥

हे रक्तांशु ! हे विंशसे उत्पन्न ! हे महापातकोंके नाशकर्त्ता ! हे शिवके मनस्वरूप ! हे महाभाग्यवाले । मेरे पापोंको हरो तुमको प्रणाम है ॥ ६२ ॥

मन्त्रेणानेन संपूज्य प्रणतिं समुपाचरेत् ।
तत्पूर्वे वै पञ्चधनुः कामाख्यं नाम वै सरः ।
तत्र स्नात्वा त्रयोदश्यां सर्वान्कामानवाप्नुयात् ॥ ६३॥

इस मंत्रसे पूजा और प्रणाम करै, उसक पूर्वभागमें पंचधनुःपरिमित कामाख्यानामक सरोवर है. वहां त्रयोदशीमें स्नान करनेसे समस्त कामना प्राप्त होती हैं ॥ ६३ ॥

धात्रीफलं मुखे कृत्वा यस्तु स्नानं समाचरेत् ।
अपुत्रो लभते पुत्रं राजानं पृथिवीपतिम् ॥ ६४ ॥

आँवलेको मुखमें रखकर स्नान करनेसे अपुत्रमनुष्यको पुत्र प्राप्त होता है और वह पुत्र पृथ्वीका पति राजा होता है ॥ ६४ ॥

चैत्रे सितत्रयोदश्यां स्नात्वा राज्यञ्च विन्दति ।
वक्ष्यमाणेन मन्त्रेण कामेनार्घ्यं निवेदयेत् ॥ ६५ ॥
कामकुण्ड महाभाग देवीभिः संस्कृतः स्वयम् ।
प्रयच्छ कामान्सकलान्पापाच्च त्राहि सर्वतः ॥ ६६ ॥

चैतके महीनेकी शुक्लत्रयोदशीमें स्नान करनेसे राज्य प्राप्त होता है "कामकुण्ड महाभाग देवीभिः संस्कृतः स्वयम् । प्रयच्छ कामान्सकलान् पापाच्च त्राहि सर्वतः" इस मंत्रसे अर्घ्य निवेदन करे ॥६५॥ ६६ ॥

सूर्यतीर्थे चार्घ्यदानं यः करोति वराङ्गने ।
शतमष्टोत्तरञ्चापि सहस्रमयुतं तथा ।
द्वादशाष्टौ तु देवेशि चाश्वमेधफलं लभेत् ॥ ६७ ॥

हे शोभायमान अंगवाली ! जो मनुष्य सूर्यतीर्थमें अष्टोत्तरशतसहस्र वा अयुत अथवा द्वादश या आठ अर्घ्य देता है, वह अश्वमेधके फलको पाता है ॥ ६७ ॥

माघे वा फाल्गुने वापि स्वाहार्घ्यं सप्तमीदिने ।
स्नात्वा रव्युदये काले कुष्ठी पापाद्विमुच्यते ॥ ६८ ॥

माघ वा फाल्गुनमें सप्तमीके दिन सूर्योदयकालमें स्नान करनेपर अर्घ्य देवे तो कुष्ठी मनुष्य पापोंसे छूट जाता है ॥ ६८ ॥

अपुष्पिता च विंशाहाद्या नारी परमेश्वरि ।
तत्राभ्यर्च्यार्घ्यदानेन सा नारि पुष्पिता भवेत् ॥ ६९ ॥

हे परमेश्वरी ! जो नारी अपुष्पिता है, अर्थात् समयपर ऋतुमती नहीं होती, वह पूजापूर्वक अर्घ्यदान करनेसे वीस दिनमें ऋतुमती होती है ॥ ६९ ॥

योऽर्घ्यं तु मार्त्तपात्रेण चादित्यस्य तु शङ्करि ।
सप्तजन्मनि दारिद्र्यमृतेसो चाभिजायते ॥ ७० ॥

हे शंकरि ! मिट्टीके पात्रमें सूर्यको अर्घ्य देनेसे सात जन्म श्रीमान्के घर जन्म लेकर दरिद्रता प्राप्त नहीं होती ॥ ७० ॥

मृतापत्या च या नारी त्वह्नि संपूज्य भास्करम् ।
करवीरेण वार्केण तथा धात्रीफलेन च ।
करवीरशतं दत्त्वा नापुत्री जायते क्वचित् ॥ ७१ ॥

मृतापत्या नारी (अर्थात् जिसकी सन्तान मर जाती हो) दिनमें कनेरके सहित आकके फूल वा धात्रीफलके सहित शत करवीरद्वारा सूर्यकी पूजा करनेसे पुत्रवती होती है, इसमें सन्देह नहीं ॥ ७१ ॥

अभावे करवीरस्य पत्राण्यपि निवेदयेत् ।
रक्तं रुद्रजटञ्चैव रक्तञ्च करवीरकम् ॥ ७२ ॥

कनेरके अभावमें कनेरके पत्तेभी निवेदन करै । रक्तरुद्रजटा (लाल रुद्रजटा) और लाल कनेर ॥ ७२ ॥

तथा रक्ततया देवि शस्तं भास्करपूजने ।
सर्वेषाञ्चैव पुष्पाणां श्रेष्ठञ्च करवीरकम् ॥ ७३ ॥

तथा अन्यान्य रक्तपुष्प सूर्यकी पूजामें प्रशस्त होते हैं, वह सब पुष्पोंमें कनेरका पुष्प श्रेष्ठ है ॥ ७३ ॥

एकंच करवीरञ्च रक्तपद्मसहस्रकम् ।
प्रतिपुष्पं चाश्वमेधफलं सम्यक्प्रजायते ॥ ७४ ॥

एक कनेर हजार रक्तपद्मके समान है प्रतिपुष्पमें अश्वमेधका फल प्राप्त होता है ॥ ७४ ॥

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन करवीरेण पूजयेत् ।
अभावे करवीरस्य त्रिवारं वाग्यतः स्मरेत् ॥ ७५ ॥

इस कारण सर्व प्रयत्नसे कनेरके पुष्पद्वारा पूजा करनी चाहिये । कनेरके अभावमें मौन धारणपूर्वक तीनबार कनेरको स्मरण करै ॥ ७५ ॥

उच्चरेत्करवीरेति न तथा कोटिजाप्यतः ।
प्रीतिः स्यात्करवीरस्य न तथा याति भास्करः॥७६॥

'करवीर' यह वाक्य उच्चारण करनेसे करोड जपकी समान फल होता है, करवीरसे सूर्यदेवकी जैसी प्रीति होती है, अन्यपुष्पसे वैसी नहीं होती ॥ ७६ ॥

संवत्सरस्य मध्ये तु चैकदा सप्तमीव्रतम् ।
सूर्यतीर्थे पुमान्कृत्वा पुनाति कुलसप्तकम् ॥ ७७ ॥

सम्वत्सरके बीच सूर्यतीर्थमें एकबार सप्तमीका व्रत करनेसे सातों कुलको पवित्र करता है ॥ ७७ ॥

अपराह्णं परं कालं विजानीहि व्रतस्य च ।
न्यूनातिरिक्ते देवेशि न सिद्धिर्जायते भुवि ॥ ७८ ॥

अपराह्णही व्रतका श्रेष्ठ काल जानना चाहिये. हे देवेशि ! उसमें कम अधिक होनेसे पृथ्वीमें सिद्धि प्राप्त नहीं होती ॥ ७८ ॥

द्विपक्वं वर्जयेद्यस्माद् घृतश्चैव कलायकम् ।
कशेरुशृङ्गबेरञ्च लवणञ्च कषायकम् ॥ ७९ ॥
अम्लञ्चैव तथा तिक्तं दूषितञ्च न भक्षयेत् ।
शिलापात्रे च भोक्तव्यं रौप्यताम्रे कदाचन ॥ ८० ॥

द्विपक्वं कलाय (सतीनक) और घृतवर्जित है कशेरु, अदरख लवण, कषाय खट्टी और तीखी तथा दूषित वस्तुका भोजन न करै पत्थरके बर्तनमें भोजन करै चांदी और तांबेके पात्रमें कभी भोजन न करै ॥ ७९ ॥ ८० ॥

मदनस्य दक्षभागे धनुःपंक्तिप्रमाणतः ।
तीर्थं गङ्गासरिन्नाम तत्र स्नात्वा महत्फलम् ॥ ८१ ॥
गङ्गातीरे नरः स्नात्वा पितॄन् देवांश्च तर्पयेत् ।
ब्रह्मलोकं समाप्नोति रविसंक्रमणे ग्रहे ॥ ८२ ॥

मदनके दक्षिणभागमें दशधनु प्रमाण गंगासर नामक तीर्थ है, उसमें स्नान करनेसे फल दशधनुःप्रमाण होता है । गंगासरके तीन रवि-संक्रमण और ग्रहणकालमें स्नान करनेपर देव पितरका तर्पण करनेसे ब्रह्मलोक प्राप्त होता है ॥ ८१ ॥ ८२ ॥

विष्णुपादरजोद्भूते गङ्गे त्रिपथगामिनि ।
धर्मद्रवे सरिच्छ्रेष्ठे त्राहि मां सर्वपातकात् ॥ ८३ ॥
तुलायां मकरे चैव शुक्लाष्टम्याश्च भामिनि ।
स्नानमात्रं नरः कृत्वा विष्णुलोके महीयते ॥ ८४ ॥

तुला, मकर और शुक्लाष्टमीमें "धर्मद्रवे सरिच्छ्रेष्ठे त्राहि मां सर्वपातकात्" इस मन्त्रसे स्नान करनेपर विष्णुलोकमें पूजाको प्राप्त होता है ॥ ८३ ॥ ८४ ॥

तस्य दक्षिणदिग्भागे धनुरष्टप्रमाणतः ।
आगस्त्यं परमं तीर्थं मृतानां भुक्तिमुक्तिदम् ।
यो गत्वा मज्जते मर्त्यः सर्वज्ञत्वमवाप्नुयात् ॥ ८५ ॥

उसके दक्षिणभागमें आठ धनुः प्रमाण आगस्त्यनामक परम तीर्थ है. उसमें प्राणत्याग करनेसे मनुष्य भोग तथा मोक्षको प्राप्त होते हैं, जो मनुष्य वहां जाकर मज्जन करता है वह सर्वज्ञत्वको प्राप्त होता है ॥ ८५ ॥

स्वयं देवो महादेवो विष्णुस्तत्र च संस्थितः ।
कामाख्यायाश्च क्रीडार्थमागस्त्यं कुण्डमुत्तमम् ॥ ८६ ॥
सर्वपापहरं शुद्धं विष्णुब्रह्मादिभिर्युतम् ।

देवदानवविद्याधृग्वन्दितं सर्वकामदम् ॥ ८७ ॥
नानारत्नादिभिर्बद्धं सोपानं सुमनोहरम् ।
शल्यस्योत्पाटनं कुण्डं महादेव्याश्चतुष्टयम् ॥८८॥

वहां स्वयं महादेव और विष्णु स्थित हैं, कामाख्याकी क्रीडाके निमित्त सर्वपापहर, विशुद्ध ब्रह्मा, विष्णु इत्यादि देवताओंसे सेवित विद्याधरवन्दित, सर्वकामनादायक नानारत्नसम्पन्न मनोहर सोपानयुक्त पुण्यतम आगस्त्यकुण्ड विद्यमान है महादेवीके चारों कुण्ड दुःख विनाश करनेवाले हैं ॥ ८६ ॥ ८७ ॥ ८८ ॥

माघे च कार्त्तिके चैव शुक्लपक्षे वरानने ।
दशम्यां स्नानमात्रेण पुष्करस्य फलं लभेत् ॥ ८९ ॥

हे वरानने ! माघ वा कार्तिकके शुक्लपक्षकी दशमीमें स्नान मात्र करनेसे पुष्कर तीर्थका फल प्राप्त होता है ॥ ८९ ॥

शतजन्मकृतं पापं तत्क्षणादेव नश्यति ।
सहस्रजन्मजं पापं विषुवे च दिनक्षये ॥ ९० ॥

और सौ जन्मका किया हुआ पाप तत्काल नष्ट होता है और विषुव और तिथिक्षयमें हजार जन्मका पाप नष्ट होनेपर पुण्यलोक लाभकरताहै ॥ ९० ॥

पौषे च कर्कटे चैव कृष्णाष्टम्यां महेश्वरि ।
स्नानञ्च वर्जयेद्देवि भार्याहानिर्भवेद्यतः ॥ ९१ ॥

हे महेश्वरी ! पौष, कर्कट और कृष्णाष्टमीमें स्नान न करै, हे देवि ऐसा करनेसे भार्याकी हानि होती है ॥ ९१ ॥

यथा वाराणसी पुण्या तथा पुण्या न संशयः ।
गुह्यतीर्थं परं देवि नात्र कार्या विचारणा ॥ ९२ ॥

वाराणसी जिस प्रकार पुण्यमयी है यह भी वैसेही है इसमें सन्देह नहीं । हे देवि ! यह परमगुह्यक्षेत्र है ॥ ९२ ॥

एतद्गुह्यतमं क्षेत्रमेतद्गुह्यतरं परम् ।
यत्र गत्वा नरः सद्यो मुच्यते सर्वपातकैः ॥ ९३ ॥

यह तीर्थ परमगुह्यतम है, इसमें गमन करनेसे मनुष्य तत्कालही सब पापोंसे छूट जाते हैं ॥ ९३ ॥

तत्र देवो महादेवो यत्र देवी सरस्वती ।
गङ्गादिसरितः सर्वाः समुद्राः सप्त चैव हि ॥ ९४ ॥

यहां महादेव, देवी सरस्वती, गंगादि सरिद्गण, सात समुद्र ॥ ९४ ॥

नदाः शोणादयो यत्र तीर्थानि च सरांसि च ।
किम्वा वामे परीतस्य कुण्डस्य परमेष्ठिनः ।
न शक्यो विस्तराद्वक्तुं मया जलजलोचने ॥ ९५ ॥

शोणादि नद, और सब तीर्थ तथा सब सरोवर परमेष्ठीके कुण्डके वाममें विराजित हैं । हे कमलकी समान नेत्रोंवाली ! मैं अब विस्तार सहित वर्णन करनेमें असमर्थ हूं ॥ ९५ ॥

यथा चराचरं सर्वं त्रैलोक्यं त्रासयेल्लघु ।
तथा त्रायस्व मां नित्यं तीर्थवर्य नमोऽस्तु ते ॥ ९६ ॥
तस्य क्षेत्रस्य चाग्नेये किञ्चित्पश्चिमगोचरे ॥
एकविंशद्धनुर्मानं वासवं नाम तीर्थकम् ॥ ९७ ॥

"यथा चराचरं सर्वं त्रैलोक्यं त्रासयेल्लघु । तथात्रायस्व मां नित्यं तीर्थवर्य नमोस्तुते" इस मन्त्रसे वहां पूजार्घ्यादि प्रदान करै । उस क्षेत्रके आग्नेयकोणमें कुछेक पश्चिमकी ओर इक्कीस धनुःपरिमित वासव नामक तीर्थ है ॥ ९६ ॥ ९७ ॥

वासवे परमे तीर्थे स्नात्वाभ्यर्च्य च वासवम् ।
शक्रबीजेन देवेशि चेष्टं हि सदनं व्रजेत् ।
वक्ष्यमाणेन मन्त्रेण पृथ्व्यां त्वर्घ्यं निवेदयेत् ॥ ९८ ॥
वासवाख्यं महातीर्थं सर्वपापप्रणाशनम् ।
भवाम्भसि निमज्ज्याथ यथोक्तफलदो भव ॥ ९९ ॥

परम तीर्थ वासवमें स्नान और शक्रबीजसे वासव (इन्द्र) की पूजा करके अभिलषितस्थानके जानेमें समर्थ होता है "वासवाख्यं महातीर्थं सर्वपापप्रणाशनम् । भवाम्भसि निमज्ज्याथ यथोक्त फलदो भव" इस मन्त्रसे अर्घ्य निवेदन करना चाहिये ॥ ९८ ॥ ९९ ॥

तस्य पश्चिमतो देवि नातिदूरे व्यवस्थितम् ।
धनुः सप्तप्रमाणेन रम्भातीर्थं महेश्वरि ॥ १०० ॥

हे महेश्वरि ! उसकी पश्चिम दिशामें थोडीही दूर स्थित सात धनुः प्रमाण रम्भानामक तीर्थ है ॥ १०० ॥

रम्भातीर्थे नरः स्नात्वा रूपवानभिजायते ।
भर्त्रा सह मृता यापि ज्ञानान्नारी पतिव्रता ।
रम्भालोकञ्च तदनु तदन्ते भवनं हरेः ॥ १०१ ॥

मनुष्य रम्भातीर्थमें स्नान करके रूपवान् होते हैं । पतिव्रता नारी भर्ताके सहित वहां ज्ञानपूर्वक प्राणत्याग कर पहिले रम्भालोक और फिर हरिके लोकमें जाती है ॥ १०१ ॥

याति नास्त्यत्र सन्देहः शेषे च गुरुवासरे ।
ब्रह्मकर्मसमुद्भूते सर्वकामप्रदे शुभे ॥ १०२ ॥
कामद्रवे नमस्तेऽस्तु त्राहि मां भवसागरात् ।
स्नात्वा तु येन रम्भायै मन्त्रेणार्घ्यं निवेदयेत् ॥ १०३ ॥

वहां गुरुवारमें "ब्रह्मकर्मसमुद्भूते सर्वकामप्रदे शुभे । कामद्रवे नमस्तेस्तु त्राहि मां भवसागरात् । इस मंत्रसे स्नान करके रम्भाको अर्घ्यप्रदान करै ॥ १०२ ॥ १० ३॥

क्षेत्रस्य पश्चिमे भागे धनुस्त्रिंशत्प्रमाणतः ।
तत्रैव रुक्मिणीकुण्डं स्नात्वा ब्रह्मपुरं व्रजेत् ॥ १०४॥

क्षेत्रके पश्चिमभागमें त्रिंशत् (तीस) धनुः प्रमाण उसी स्थानमें रुक्मिणीकुण्ड है वहां स्नान करनेसे मनुष्य ब्रह्मपुरमें जाता है ॥१०४॥

मुखस्य क्षालनं कृत्वा नारी वा पुरुषोऽपि वा ।
रूपवान् परलोके तु जायते नात्र संशयः ॥ १०५ ॥

पुरुष हो वा स्त्री हो इस तीर्थमें मुख धोनेसे परलोकमें रूपलाभ करते हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ १०५ ॥

स्नानं कन्दर्पबीजेन शृणु क्षालनमन्त्रकम् ।
ब्रह्मविष्णुमहेशानैः क्षालितं वदनं त्वयि ।
रूपवानाश्विनोर्याति रूपं सत्येन देहि मे ॥ १०६ ॥

कन्दर्प बीज मन्त्रसे स्नान करना चाहिये "ब्रह्मविष्णुऽमहेशानैः क्षालितं वदनं त्वयि । रूपवानाश्विनोर्याति रूपं सत्येन देहि मे" । यही मुखप्रक्षालनका मन्त्र है ॥ १०६ ॥

तस्य क्षेत्रस्य वायव्ये धनुरष्टकसम्मितम् ।
पितॄणां परमं तीर्थं स्नानाद्याति परां गतिम् ॥१०७॥

उस क्षेत्रके वायव्यमें अष्ट धनुः परिमित पितृगणोंका परमतीर्थ है वहां स्नान करनेसे परमगति प्राप्त होती है ॥ १०७ ॥

पितृतीर्थे महाभाग स्वयं देवाष्टसत्कृत ।
तृप्तिहेतोर्महाभाग अघोरान्मां पुनीहि ताः ॥ १०८॥

"पितृतीर्थ महाभाग स्वयं देवाष्टसत्कृत । तृप्तिहेतोर्महाभाग अघोरान्मां पुनीहि तां:" ॥ १०८ ॥

अत्र स्नात्वा च मन्त्रेण पितृमेधफलं लभेत् ।
आगस्त्यस्य तु दक्षे च गत्वा स्नात्वा सुतर्प्य च॥१०९
धनुर्वेदप्रमाणञ्च गवाक्षगातिं वै सरः ।
तत्र गत्वा च सप्तम्यां पितृणामनृणो भवेत् ॥११०॥

इस मंत्रसे वहां स्नान करनेपर पितृमेध यज्ञका फल मिलता है । आगस्त्यके दक्षिणमें जाय स्नान, तर्पण करनेके पीछे चार धनुःप्रमाण गवाक्षगति तीर्थमें जानेपर पितरोंके ऋणसे मुक्त होता है ॥१०९॥११०॥

गयातीर्थं महातीर्थं पितृणां नास्ति तत्समम् ।
पावनं सर्वतीर्थेषु मां पुनीताति पापतः ॥ १११ ॥

गयातीर्थ महातीर्थ है, इसकी समान पितरोंका उद्धार करनेवाला दूसरा तीर्थ नहीं है यह सब तीर्थोंमें पवित्र है । सो मुझे पापसे पवित्र करो ॥ १११ ॥

अनेन कृत्वा स्नानं तु धृत्वा वै धौतवाससी ।
विधाय तिलकं दद्यात् कुर्यात्क्षेत्रे प्रदक्षिणम् ॥११२॥

इस मंत्रसे स्नान करके उठनेपर धुले वस्त्र पहर तिलक लगाकर क्षेत्रकी प्रदक्षिणा करै ॥ ११२ ॥

गत्वा दशाश्वक्षेत्रे च पिण्डं दद्यात्समाहितः ।
तत्र षोडशकैर्देवि पितॄन् संतर्पयेद्बुधः ॥ ११३ ॥

फिर दशाश्वक्षेत्रमें जाकर सावधानचित्तसे पिण्ड देना चाहिये । हे देवि ! पण्डितगण षोडशोपचार द्वारा पितरोंकी पूजा करै ॥११३॥

क्षीरेण मधुना चैव पादापनयनेन च ।

दक्षिणादिक्रमाच्चात्र एकैकाहस्तकान्तरे ।
देवीषोडशकं तत्र प्रतिदेवीं समर्चयेत् ॥ ११४ ॥

तदनन्तर क्षीर मधु और पादपानयनद्वारा (गंगाजल) से अर्चना करै । इस स्थानमें एक एक हस्तप्रमाण षोडश (१६) देवी है, दक्षिणादि क्रमसे उन सब देवियोंकी पूजा करनी चाहिये ॥ ११४ ॥

गयाकूपे नरः स्नात्वा दृष्ट्वा देवमुमापतिम् ।
आत्मानं तारयेत्सद्यो दशपूर्वान्दशापरान् ॥ ११५ ॥

मनुष्यगण गयाकूपमें स्नान और देवदेव उमापतिका दर्शन करके आत्माका तारण और ऊपर नीचेके दश दश पुरुष पवित्र करतेहैं ११५

विष्णुर्ब्रह्मा च रुद्रश्च अगस्त्यश्च शतक्रतुः ।
क्रौञ्चश्चैव गणेशश्च कुमारश्च प्रजापतिः ॥ ११६ ॥

विष्णु, ब्रह्मा, रुद्र, अगस्त्य, शतक्रतु, (इन्द्र) गणेश, क्रौंच कुमार प्रजापति ॥ ११६ ॥

च्यवनः कश्यपश्चैव पुलस्त्यश्च यथाक्रमम् ।
अश्वक्रान्तस्य वृद्धश्चैवमागत्यामृतवासरे ।
अत्र स्थातुं पृथक् पिण्डमन्यत्र पतिना सह ॥ ११७॥

च्यवन, कश्यप और पुलस्त्य इन्होंने क्रमानुसार अश्वक्रान्त और अगस्त्यके समान इस स्थानमें स्थिति करी है यहां माताका पृथक् पिण्ड देना चाहिये, अन्यत्र पतिके सहित पिण्ड देना उचित है ॥ ११७ ॥

दशाश्वमेधे यः पिण्डो नाम्ना येषान्तु निर्वपेत् ।
भुविस्थाश्च दिवं यान्ति स्वर्गस्था मोक्षमाप्नुयुः ११८॥

दशाश्वमेधमें जिसके नामसे पिण्ड दिया जाय वह स्वर्गस्थ होनेपर उसको मोक्ष प्राप्त होता है ॥ ११८ ॥

केऽस्मत्कुले च पितरो लुप्तपिण्डोदकक्रियाः ॥
ये चाप्यकृतचूडाश्च ये च गर्भाद्विनिःसृताः॥ ११९ ॥
येषां पाणिग्रहो नैव येऽग्निदग्धास्तथापरे।
भूमौ दत्तेन तृप्यन्तु तृप्ता यान्तु परां गतिम् ॥१२०॥

हमारे कुलमें जिन जिन पितरोंकी पिण्डोदकक्रिया लुप्त हुई है, जो जो मुण्डन होनेसे प्रथमही मरगये हैं वा जो जो मनुष्य गर्भनिःसृत हैं जिन जिनका विवाह नहीं हुआ है, जो मनुष्य अग्निमें दग्ध हुए हैं वह सब इस भूमिमें दिये पिण्डद्वारा तृप्त और तृप्त होकर परम गतिको प्राप्त हों ॥ ११९ ॥ १२० ॥

पिता पितामहश्चैव तथैव प्रपितामहः।
माता पितामही चैव तथैव प्रपितामही ॥ १२१ ॥
तथा मातामहश्चैव प्रमातामह एव च।
ये च सिंहव्याघ्रहतास्त्वन्यैश्च प्रहताश्च ये।
दंष्ट्रिभिः शृङ्गिभिर्वापि तेषां पिण्डं ददाम्यहम्॥१२२॥

पिता, पितामह, प्रपितामह ,माता पितामही, प्रपितामही तथा मातामह, प्रमातामह और जो कोई सिंह व्याघ्रादि द्वारा अथवा अन्य हिंसकादि द्वारा वा दाढ और सींगवाले जन्तुके द्वारा मरे हैं मैं उनको पिण्ड देता हूं ॥ १२१ ॥ १२२ ॥

अग्निदग्धाश्च ये केचिन्नाग्निदग्धास्तथापरे।
विद्युच्चौरहता ये च तेषां पिण्डं ददाम्यहम् ॥१२३॥

जो कोई अग्निद्वारा वा अन्य भांति आग्नेयादिद्वारा एवं विद्युतादि द्वारा मरे हैं मैं उनको पिण्ड देता हूं ॥ १२३ ॥

पशुयोनिं गता ये च पक्षिकीटसरीसृपाः।
अथवा वृक्षयोनिस्थास्तेषां पिण्डं ददाम्यहम्॥१२४॥

जो पशुयोनि वा पक्षी कीट सरीसृपादि योनि अथवा वृक्ष योनिको प्राप्त हुए हैं मैं उनको पिण्ड देताहूं ॥ १२४ ॥

असंख्यजनसंस्था ये ये नीता यमशासनम् ।
तेषामुद्धरणार्थाय इमं पिण्डं ददाम्यहम् ॥ १२५ ॥

जो असंख्यजन संस्थित हैं (अर्थात् जो बहुतसे लोगोंको पालन करनेवाले हैं) वा जो युद्धादिद्वारा यमसदनमें गये हैं मैं उनका उद्धार होनेके निमित्त यह पिण्ड देताहूं ॥ १२५ ॥

जात्यंतरसहस्राणि भ्रमन्ति स्वेन कर्मणा ।
मनुष्यान्तर्गता ये च तेषां पिण्डं ददाम्यहम् ॥ १२६ ॥

जो अपने कर्मके फलसे सहस्रों जातियोंके अन्तरमें घूमते हैं जिन्होंने मनुष्य जन्म लिया है, मैं उनको यह पिण्ड देताहूं ॥ १२६ ॥

अन्येषां यातनास्थानां प्रेतलोकनिवासिनाम् ।
तेषामुद्धरणार्थाय इमं पिण्ड ददाम्यहम् ॥ १२७ ॥

जो अन्यप्रकारके यातनास्थानमें स्थित हैं; जो प्रेतलोकनिवासी हैं, उनके उद्धारके निमित्त मैं यह पिण्ड देताहूं ॥ १२७ ॥

येऽबान्धवा बान्धवाश्च येऽन्यजन्मनि बान्धवाः ।
ते सर्वे तृप्तिमायान्तु पिण्डदानेन सर्वदा ॥ १२८ ॥

जो बांधव वा अबांधव अथवा जो अन्य जन्ममें बांधव थे, इस पिण्डद्वारा वह सब तृप्तिलाभ करैं ॥ १२८ ॥

ये ये पितृकुले जाताः कुले मातुस्तथैव च ।
गुरुश्वशुरबन्धूनां ये चान्ये बान्धवाः स्मृताः ॥ १२९ ॥
ये ये कुले लुप्तपिण्डाः पुत्रदारविवर्जिताः ।
क्रियालोपहता ये च जात्यन्धाः पंगवस्तथा ॥ १३० ॥

विरूपा आमगर्भाश्च ये च जाताः कुले मम ।
तेषां पिण्डं मया दत्तमक्षय्यमुपतिष्ठताम् ॥ १३१ ॥

जिन्होंने पितृकुल मातृकुल, गुरुकुल, श्वशुरकुल वा बन्धुकुलमें जन्म लिया है, अथवा अन्यरूपमें बांधव और जिस कुलमें पिण्डलोप हुआ है, उस कुलके और जो पुत्र स्त्रीहीन हैं, जिनके कुलमें क्रियालुप्त होगई है, जो जन्मान्ध और जो पंगु हैं, जो विरूप वा सगर्भ हैं, जिन्होंने मेरे कुलमें जन्म लिया है, मैं उनको पिण्ड देता हूं अक्षयरूपको प्राप्त हो ॥ १२९ ॥ १३० ॥ १३१ ॥

ये बान्धवा ये पितृवंशजाता
मातुस्तथा वंशभवा मदीयाः ।
कुलद्वयेऽस्मिन्मम दासभूता
भृतेस्तथैवामृतसेवकाश्च ॥ १३२ ॥
मित्राणि सख्यः सुहृदश्च सर्वे
स्पृष्टाश्च दृष्टाश्च कृतोपकाराः ।
जन्मान्तरे ये मम संगताश्च
तेभ्योन्तिमं पिण्डमहं ददामि ॥ १३३ ॥

जो बांधव और पितृवंशोत्पन्न तथा मातृवंशोत्पन्न हैं, जो हमारे आदिकाय, हमारे दोनों कुलमें जो दास, सूत, भृत्य और सेवक हैं, एवं मित्र, सखा परसखा, वृक्ष पुष्प दुष्ट और उपकार करनेवाले तथा जो जन्मान्तरमें मेरे दासभूत हैं मैं उनको यह अंतिम पिण्ड देता हूं ॥ १३२ ॥ १३३ ॥

सूर्यकुण्डस्य वायव्ये धनुर्दण्डान्तरे स्थितः ।
देवो गदाधरस्तत्र प्रणिपत्य प्रदापयेत् ॥ १३४ ॥

सूर्यकुण्डके वायव्यकोणमें धनुर्दण्डान्तरमें गदाधरदेव स्थित हैं, उनको प्रणाम करके पिण्डदान करै ॥ १३४ ॥

साक्षिणः सन्तु मे देवा ब्रह्मेशानपुरोगमाः ।
मया गयां समासाद्य पितॄणां निष्कृतिः कृता ॥ १३५ ॥
आगतोऽहं गयां देव पितृकार्ये गदाधर ।
त्वमेव साक्षी भगवाननृणोऽहं ऋणत्रयात् ॥ १३६ ॥

देवगण, ब्राह्मणगण और वसुगण तुम मेरे साक्षी हो, मैंने गयामें आनकर पितरोंका छुटकारा किया । हे गदाधर ! मैं पितृकार्यके लिये गयामें आया हूं, हे देव ! तुम साक्षी होओ, मैं तीनों ऋणसे मुक्त हुआ ॥ १३५ ॥ १३६ ॥

पितृपिण्डस्य मध्ये तु पिण्डं दद्याच्च षोडश ।
वर्तुलं कारयेत्पिण्डं क्षीरधारां सुपातयेत् ॥ १३७ ॥

पितृपिण्डके मध्यमें सोलह पिण्ड देवे । पिण्ड गोलाकार करके उनमें दूधकी धार छोडे ॥ १३७ ॥

गदाधरस्य वामेतु नाति दूरेण शङ्करि ।
तत्र मातृगया देवि दक्षिणेन सुतीर्थकम् ॥ १३८ ॥
तथा गदाधरं देवं केशवं पुरुषोत्तमम् ।
तं प्रणम्य प्रयत्नेन न भयं जायते नृणाम् ॥ १३९ ॥

हे शंकरि ! गदाधरके वामभागमें थोडीही दूर मातृगया और दक्षिणमें सुतीर्थक है, वहां गदाधरदेव केशव पुरुषोत्तमको यत्नसहित प्रणाम करनेसे मनुष्यको फिर जन्म लेना नहीं पडता ॥ १३८ ॥ १३९ ॥

मौनादित्यं महात्मानं कनकार्कं विशेषतः ।
दृष्ट्वा मौनेन विप्रर्षिः पितृणामनुगो भवेत् ।
ब्रह्माणं पूजयित्वा च ब्रह्मलोकमवाप्नुयात् ॥ १४० ॥

विप्रर्षिगण महात्मा मौनादित्यका और विशेषकर कनकादित्यका

मौनावलम्बनसे दर्शन करके पितरोंके अनुगामी होते हैं, वहां ब्राह्मणों-की पूजा करनेसे ब्रह्मलोक प्राप्त होता है ॥ १४० ॥

उर्व्वश्या दक्षिणे तीरे या शिला तुङ्गगा प्रभा ।
सा विज्ञेया च गायत्री पूजयेद्गन्धचन्दनैः ॥ १४१ ॥

उर्वशीके दक्षिणतीरमें जो (उन्नत और प्रकाशवान्) शिला है, उसीको गायत्री जानना चाहिये, गन्ध चन्दनादिद्वारा उसकी पूजा करै ॥ १४१ ॥

प्रातरुत्थाय गायत्रीमुपागम्य तु नामशः ।
सन्ध्यां कृत्वा प्रयत्नेन सर्ववेदफलं लभेत् ॥ १४२ ॥

प्रातःकालमें उठकर गायत्रीके समीप गमनपूर्वक परमयत्नसे संध्या करनेपर चारों वेदका फल प्राप्त होता है ॥ १४२ ॥

सावित्रीञ्चैव मध्याह्ने दृष्ट्वा यज्ञफलं लभेत् ।
दशाश्वमेधे धनदो देवदेवो जनार्दनः ॥ १४३ ॥

और मध्याह्नमें सावित्रीका दर्शन करनेपर यज्ञका फल पाता है । दशाश्वमेधमें धनदत्तदेवदेव जनार्दन स्थित हैं ॥ १४३ ॥

तत्र पिण्डप्रदानेन तृप्तिर्भवति शाश्वती ॥ १४४ ॥

वहां पिण्डदान करनेसे नित्य तृप्तिलाभ होता है ॥ १४४ ॥

गयायां पितृरूपेण देवदेवो जनार्दनः ।
तं दृष्ट्वा पुण्डरीकाक्षं मुच्यते वै ऋणत्रयात् ॥ १४५ ॥

गयाधाममें देवदेव जनार्दन पितृरूपसे स्थित हैं उन पुण्डरीकाक्ष देवका दर्शन करनेपर तीनों ऋणसे छुटकारा मिलता है ॥ १४५ ॥

दृष्ट्वा पितामहं देवं सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ १४६ ॥

मनुष्यगण वहां पितामहदेवका दर्शन करके सब पापोंसे छूट जाते हैं ॥ १४६ ॥

मकरे वर्तमाने च ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः ।
दुर्लभं त्रिषु लोकेषु आगस्त्ये पिण्डपातनम् ॥ १४७ ॥

मकर संक्रमण और चन्द्र सूर्यके ग्रहणकालमें अगस्त्य तीर्थमें पिण्ड दान करनेका सुअवसर प्राप्त होना तीनों लोकमें दुर्लभ है ॥ १४७ ॥

आत्मजो वा तथान्यो वा गयाकूपेऽश्वमेधिके ।
यन्नाम्ना पातयेत्पिण्डं तं नयेद्ब्रह्म शाश्वतम् ॥ १४८ ॥

आत्मज हो वा अन्य हो गयाकूपके अश्वमेधिकमें जिस नामसे पिण्ड निक्षेप करेगा उसको शाश्वत ब्रह्मधाममें लेजायगा, इसमें सन्देह नहीं ॥ १४८ ॥

तद्ब्रह्मकल्पितं स्थानं विप्रा ब्रह्मप्रकल्पिताः ।
पूजितैः पूजिताः सर्वे पितृभिः सह देवताः ॥ १४९ ॥

ब्रह्मकल्पित विप्रगण उस ब्रह्मकल्पितस्थानमें पूजित पितरोंके सहित देवताओंके द्वारा पूजित होते हैं ॥ १४९ ॥

तर्पयेत्तु गयाविप्रान्हव्यकव्यविधानतः ।
दानं चैव परित्यागो गयायान्तु विधीयते ॥ १५० ॥

गयामें हव्य कव्य विधानसे ब्राह्मणोंको तृप्त करे । गयामें दान करना चाहिये ॥ १५० ॥

यः करोति महादानं वृषोत्सर्गं करोति यः ।
दशाश्वमेधिके चैव पुनर्जन्म न विद्यते ॥ १५१ ॥

जो मनुष्य दशाश्वमेधिकमें महादान वा वृषोत्सर्ग करता है, उसका पुनर्जन्म नहीं होता ॥ १५१ ॥

चतुःषष्टिर्धनुर्मानं क्षेत्रमागस्त्यमीरितम् ।
पञ्चपञ्चाशतं तीर्थमुक्तं तीर्थं सुमध्यमे ॥ १५२ ॥

हे सुमध्यमे ! आगस्त्यक्षेत्र चौंसठ धनुःपरिमित है, उसमें पञ्च-पञ्चाशत् (५५) तीर्थ हैं ॥ १५२ ॥

उर्वशी च तथा सूर्यः कामः पुत्रश्च वासवः ।
आगस्त्यश्चाश्वमेधश्च तीर्थसारो गयाबिलः ॥१५३॥

हे देवि ! उर्वशी, सूर्य, काम, पुत्र, वासव, आगस्त्य, अश्वमेध और गयाबिवल यह सब तीर्थसार हैं ॥१५३ ॥

उद्बन्धनमृता ये च गलपाशान्मृताश्च ये ।
चितिं स्पृष्ट्वा च या नारी क्रिया तेषां न विद्यते ।
नान्त्येष्टिनं च दाहश्च नाशौचं तेषु विद्यते॥ १५४ ॥

जो किसी प्रकारके बंधनद्वारा और जो फांसीसे मरे हैं, जिन स्त्रियोंने चिताका स्पर्श किया है उनका अन्त्येष्टि, दाह, अशौच और क्रियादि नहीं है ॥ १५४ ॥

आगस्त्ये च गयायाञ्च क्रियां कुर्य्यात्त्रिरात्रकम् ।
अमायाञ्च समारभ्य कुर्य्याच्चैव त्रिरात्रकम् ॥१५५॥

आगस्त्य और गयामें तीन रात क्रिया करनी चाहिये अमावस्यासे आरंभ करके तीन रात क्रिया करे ॥ १५५ ॥

अन्यत्र च क्रिया तेषां यः करोति स दुर्मतिः ।
विफला च क्रिया तेषां चरेच्चान्द्रायणं व्रतम् ।
ततः शुद्धिमवाप्नोति अन्यथा नारकी भवेत् ॥१५६॥

जो दुर्मति अन्यत्र उनकी क्रिया करता है, उसकी वह क्रिया विफल होती है, वह चान्द्रायण व्रत करके शुद्ध होवे, नहीं तो नारकी होता है ॥ १५६ ॥

अश्वतीर्थे कृतं पापं गयायान्तु विनश्यति ।
गयायां यत्कृतं पापं रामक्षेत्रे विनश्यति ॥१५७ ॥

अश्वतीर्थमें पाप करनेसे वह गयामें नष्ट होता है और गयामें पाप करनेसे रामक्षेत्रमें नष्ट होता है ॥ १५७ ॥

रामक्षेत्रे कृतं पापं मणिकूटे विनश्यति ।
मणिकूटे कृतं पापं नीलशैले विनश्यति ॥ १५८ ॥
नीलशैले कृतं पापमन्तर्गेहे विनश्याति ।
अन्तर्गेहे कृतं पापं सोमतीर्थे विनश्यति ॥ १५९ ॥

रामक्षेत्रमें पाप करनेसे वह मणिकूटमें नष्ट होता है मणिकूटमें पाप करनेसे नील शैलमें और नीलमें पाप करनेसे अन्तर्गेहमें नष्ट होता है, अन्तर्गेहका किया पाप सोमतीर्थमें नष्ट होता है ॥१५८॥१५९॥

सोमतीर्थे कृतं पापं मङ्गलायां व्यपोहति ।
मङ्गलायां कृतं पापमागस्त्ये तु विनश्यति ॥ १६० ॥

सोमतीर्थका किया पाप मंगलामें दूर होता है और मंगलाका किया पाप आगस्त्यमें नष्ट होता है ॥ १६० ॥

आगस्त्ये यत्कृतं पापं मन्दरे तद्विनश्यति ।
मन्दरे यत्कृतं पापं वज्रलेपे विनश्यति ॥ १६१ ॥

आगस्त्यका किया पाप मन्दरमें नष्ट होता है और मन्दरका किय पाप वज्रलेपमें नष्ट होता है ॥ १६१ ॥

वज्रलेपाच्च यत्पापमश्वक्रान्ते विनश्यति ।
अश्वक्रान्ते कृतं पापमुर्वश्यां तद्व्यपोहति ॥ १६२ ॥

वज्रलेपका किया पाप अश्वक्रान्तमें नष्ट होता है और अश्वक्रान्तका किया पाप उर्वशीमें नष्ट होता है ॥ १६२ ॥

माहात्म्यश्रवणे नाथ संहिताश्रवणेन वै ।
दिनं नयेन्महेशानि रात्रौ विष्णुं विचिन्तयेत् ।
कृत्वा वासन्तु तत्रैव नक्तं भोज्यं न वै भवेत् ॥१६३॥

हे महेशानि ! माहात्म्य और संहिता सुननेमें दिन बितावैं और रात्रिमें विष्णुका चिन्तन करै । वहां वास करके रात्रिमें भक्षण न करै ॥ १६३ ॥

ततोऽन्यदिवसे काल्या चागस्त्ये स्नानमाचरेत् ॥ १६४

तदनन्तर अन्य दिनमें काल्या आगस्त्य तीर्थमें स्नान करै ॥ १६४ ॥

भस्माचलं स्पृशी धारा सा विज्ञेया सरस्वती ।
तत्र गत्वा महेशानि अग्निष्टोमफलं लभेत् ॥ १६५ ॥

जो धारा भस्माचलका स्पर्श करती है, वहां सरस्वती है. हे महेशानि ! वहां गमन करनेसे अग्निष्टोमयज्ञ करनेका फल प्राप्त होता है ॥ १६५ ॥

विष्णोर्वक्षः स्थिते भद्रे मकरन्दप्रिये शुभे
जन्मजन्मार्जितं पापं हर मे परमेश्वरि ॥ १६६ ॥

हे भद्रे ! तुम विष्णुके वक्षस्थलमें स्थित हो और मकरन्दकी प्रिया हो । हे परमेश्वरि ! मेरे जन्मजन्मार्जित पापोंको दूर करो ॥ १६६ ॥

स्नायादनेन मन्त्रेण कार्त्तिकीञ्च विशेषतः ॥ १६७ ॥

इस मंत्रद्वारा स्नान और विशेषकर कार्त्तिकीमें स्नान करै ॥ १६७ ॥

देवस्य पूर्वभागे तु वापी तिष्ठति शोभना ।
तस्याः स्वच्छोदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते ॥ १६८ ॥

देवके पूर्वभागमें शोभना वापी स्थित है, उसका स्वच्छ जल पीनेसे फिर जन्म लेना नहीं पडता अर्थात् मोक्ष हो जाता है ॥ १६८ ॥

आग्नेये भस्मशैलस्य धनुरष्टप्रमाणतः ।
पिशाचमोचनं नाम तीर्थं परम पावनम् ॥ १६९ ॥

हे कल्याणी ! भस्मशैलके आग्नेय कोणमें अष्ट धनुःप्रमाण पिशाचमोचन नामक परम तीर्थ है ॥ १६९ ॥

पिशाचमोचने तीर्थे पूजयेच्चैव शूलिनम् ।
इदं देवस्य तल्लिङ्गं कपर्दीश्वरमुत्तमम् ॥ १७० ॥

इस पिशाच मोचनक नामक तीर्थमें भगवान् त्रिलोचन (शिव) की पूजा करै । यही देवाधिदेव (महादेवका) कपर्दीश्वर नामक लिङ्ग है ॥ १७० ॥

वायव्ये भस्मकूटस्य धनुःपंचप्रमाणतः ॥ १७१ ॥

भस्मकूटके वायु कोणमें पांच धनुः परिमाण ॥ १७१ ॥

कपाललोचनं नाम तीर्थेभ्यस्तीर्थमुत्तमम् ।
पूजनीयं प्रयत्नेन स्तोतव्यं विविधैस्तवैः ॥ १७२ ॥

कपाललोचन नामक उत्तम तीर्थ है वहां परमयत्नसहित विविध स्तुति और पूजा करै ॥ १७२ ॥

कपालं पतितं तस्य स्थाने च मम सुन्दरि ॥
तस्मिन् स्नातो वरारोहे ब्रह्महत्यां व्यपोहति॥ १७३॥
कपालेश्वरमीशानमस्मिंस्तीर्थे व्यवस्थितम् ॥
तस्योत्तरे धनुः पञ्चमिते वै कपिला शिवे ॥
तत्र स्नात्वा वरारोहे मुच्यते भवबन्धनात् ॥ १७४ ॥

हे देवि ! वहां मेरा कपाल गिरा है हे वरारोहे ! उसमें स्नान करनेसे ब्रह्महत्याका पाप नष्ट होताहै, इस तीर्थमें कपालेश्वर ईशानमें स्थित हैं, हे शिवे ! इसके उत्तर भागमें पंचधनुः प्रमाण कपिलातीर्थ है, हे वरारोहे! उसमें स्नान करनेपर मनुष्य संसारके बंधनसे छूटजाताहै॥ १७३॥ १७४

कपिलाह्रदतीर्थेऽस्मिन्स्नात्वा संयतमानसः ।
वृषध्वजं शिवं दृष्ट्वा सर्वयज्ञफलं लभेत् ॥ १७५ ॥

हे प्यारी ! संयतमन हो इस कपिलाह्रद तीर्थमें स्नान करनेके पीछे वृषध्वजका दर्शन करनेसे सर्व यज्ञके फलको प्राप्त होता है॥ १७५॥

पूर्वाशाभिमुखेनैव आरोहेद्भस्मकूटकम् ।
वक्ष्यमाणेन मन्त्रेण पूजयित्वा प्रशस्यते ॥ १७६ ॥

वृषाचल नमस्तेऽस्तु धर्ममार्गत्रिविष्टप ।
आरोहयामि शिखरं भस्मकूट नमोऽस्तुते ॥ १७७ ॥
पश्चिमाभिमुखं यस्तु आरोहेत्पर्वतं यदि ।
दशजन्मकृतं पुण्यं तत्क्षणादेव नश्यति ॥ १७८ ॥

पूर्वमुख हो भस्मकूटमें आरोहण करै, हे वृषाचल ! तुमको नमस्कार है हे धर्ममार्गके वैकुण्ठ ! मैं शिखरपर चढता हूं, हे भस्मकूट ! आपको प्रणाम है. इस मंत्रसे पूजा करनेपर पुण्यलोक प्राप्त होता है यदि कोई पश्चिम मुख होकर पर्वतपर आरोहण करै तो उसके दश जन्मका किया पुण्य तत्कालही नष्ट होता है ॥ १७६ ॥ १७७ ॥ १७८ ॥

उत्तराभिमुखो यश्च यस्त्वैशान्यसुसंमुखः ।
धनं पुत्रं कलत्रञ्च सर्वं नश्यति तत्क्षणात् ॥ १७९ ॥

जो उत्तरकी ओर वा ईशान कोणकी ओरको मुख करके आरोहण करता है, उसका धन और पुत्रकलत्रादि (स्त्री आदि) तत्काल सब नष्ट होते हैं ॥ १७९ ॥

अन्यद्द्वारं प्रवक्ष्यामि गुह्याद्गुह्यतरं शुभम् ।
वृषध्वजस्य माहात्म्यं शृणु देवि वरानने ॥ १८० ॥
संयुक्ता सोमवारेण ह्यमावस्या भवेद्यदि ।
तदा भस्माचलं गत्वा देवमभ्यर्च्य यत्नतः ।
कुलैकविंशमुद्धृत्य स गच्छेत्परमं पदम् ॥ १८१ ॥

हे वरानने देवि ! गुह्यसेभी गुह्य शुभकारक वृषध्वजका माहात्म्य सुनो मनुष्य सोमवारयुक्त अमावास्याको भस्माचलमें जाय यत्नसहित देवताओंकी पूजा करनेसे इक्कीस कुलका उद्धार करके स्वयं परमपदको प्राप्त होता है ॥ १८० ॥ १८१ ॥

गन्धाद्यैः स्नापयेल्लिङ्गं कमलैः सुमनोहरैः ।
पञ्चामृतेन तोयेन चन्दनेन विलेपयेत् ॥ १८२ ॥

मनोहर कमल और गन्धादिद्वारा उस लिंगको स्नान करानेके पीछे उसका पंचामृत जल चन्दनसे विलेपन करै ॥ १८२ ॥

महात्मना ततः कार्यं मासान्ते प्रतिपर्वणि ।
बिल्वपत्रेण संपूज्य रत्नतोयेन स्नापयेत् ॥ १८३ ॥

तदनन्तर महीनेके पीछे प्रतिपर्वमें रत्नतोयद्वारा स्नान कराकर बेल पत्रसे पूजा करै ॥ १८३ ॥

प्रसादेन तु मन्त्रेण रुद्रपुष्पेण पूजयेत् ।
बन्धूकेन जयन्तेन मालूरेण विशेषतः ॥ १८४ ॥

फिर प्रसाद मंत्र और रुद्रपुष्प बन्धूक (दुपहरिया) जयन्त और विशेषकर विजोरेसे पूजा करै ॥ १८४ ॥

ध्येयः प्रीतो देवदेवः पिनाकी
प्रांशुनेत्रैर्दीप्यमानैस्तृतीयैः ।
लोलैः साक्षात्सर्वपापौघहर्त्ता
पंचास्यं वै धारयन्देवदेवः ॥ १८५ ॥
बिभ्रद्देहे चर्म वैय्याघ्रकाण्डं
भूत्या शुभ्रं चन्द्रकान्तं वपुश्च ।
देव्या गात्रे नीलदेहो मुखञ्च
स्पृष्ट्वा पाणिं पाणिना सुप्रसन्नः ॥ १८६ ॥

तदनन्तर देवदेव पिनाकी चपल त्रिनेत्रद्वारा दीप्यमान सर्वपापौघ हर्ता, देवदेव पंचमुख, व्याघ्रचर्म, विभूतिशुभ्र, चंद्रमाद्वारा मनोहर शरीर, हाथसे देवीका हाथ स्पर्शकरनेवाले नीलदेह महेश्वरका ध्यान करै ॥ १८५ ॥ १८६ ॥

पत्रेषु पूजयेदेता देवताः परमेष्ठिनः ।
धाम धर्म तथा सूक्ष्मं विष्णुं नारायणं हरम् ॥ १८७॥
विज्ञेयं विरजं विश्वं मध्यादि प्रतिपूजयेत् ।
शक्तीः संपूजयेच्चैव रामाद्याः प्रोक्तलक्षणाः ॥१८८॥
बाह्ये संपूजयेद्भक्त्या श्रीकण्ठाद्यांश्च तद्बहिः ।
पीठेशांश्च तथा बाह्ये पीठेशांश्चाग्रतोऽर्चयेत् ॥१८९॥

फिर पत्रादिद्वारा परमेष्ठी, देवगण धाम, धर्म सूक्ष्म, विष्णु नारायण हर, विरज और विश्वादिकी पूजा करै, तदनन्तर उक्त लक्षण रामादि शक्तियोंकी भक्तिपूर्वक बहिर्देशमें पूजा करै, इसके पीछे बाहर श्रीकण्ठादिकी और अग्रभागमें पीठेशगणोंकी पूजा करनी चाहिये॥१८७॥ ॥ १८८ ॥ १८९ ॥

त्रैयम्बकेण मन्त्रेण पूजयेत्कमलां विना ।
नन्दीशं मुकुटञ्चैव दिक्पालान्पूजयेत्क्रमात् ॥ १९०॥

त्रैयम्बक मंत्रसे कमलाके अतिरिक्त नन्दीश मुकुट और क्रमानुसार दिक्पालोंकी पूजा करै ॥ १९० ॥

एवं संपूज्य देवेशं पूजाभिर्भक्तिमान्नरः ।
प्रणम्य परमेशानमिदं स्तोत्रमुदाहरेत् ॥ १९१ ॥

इस प्रकार मनुष्य भक्तिमान् होकर देवेश परमेशानकी पूजा करके यह स्तोत्र पढे ॥ १९१ ॥

ओं नमस्ते विश्ववर्णाय हिरण्याय कपर्दिने ।
हिरण्यकृतचूडाय हिरण्यपतये नमः ॥ १९२ ॥
ईशान वज्रसम्भुत हरिकेश नमोऽस्तुते ।
नमो बालार्कवर्णाय ज्वलद्रूपधराय च ॥ १९३ ॥

नमोऽशुद्धाय शुद्धाय सौभगाय क्षयाय च ।
भवांगाऽमितकेशाय मुक्तकेशाय वै नमः ॥ १९४ ॥
नमः षट्कर्मतुष्टाय त्रिकर्मनिरताय च ।
वर्णाश्रमेण विधिवत्पृथक्कर्मप्रवर्त्तिने ॥ १९५ ॥
नमः शोशीयशोशाय करणाय च ते नमः ।
श्वेतपिंगलनेत्राय कृष्णवक्रेक्षणाय च ॥ १९६ ॥
धर्मकामार्थमोक्षाय सर्वपापहराय च ।
नमस्त्रिशूलहस्ताय उमाकान्ताय वै नमः ॥ १९७ ॥
ईशानवक्रसम्भूत हरिकेश नमोऽस्तु ते ।
प्रसीद पार्वतीकान्त उमानन्दाय वै नमः ॥ १९८ ॥

जो विश्ववर्ण, हिरण्य हिरण्यकर्ण, हिरण्यकृतचूड और हिरण्यपति हैं, उनको मैं नमस्कार करताहूं. हे ईशान ! वक्रसंभूत ! हे हरिकेश ! आपको नमस्कार करताहूं जो बालार्क कर्ण हैं अर्थात् जिनके कर्ण बाल सूर्यके समानहैं, जिनका रूप प्रकाशित है, जो शुद्ध स्वरूप अशुद्ध सौभग और अक्षय हैं, उनको मैं नमस्कार करताहूं जो भवांग, अमितकेश और मुक्तकेशहैं, उनको मैं प्रणाम करताहूं । जो षट्कर्ममें संतुष्ट त्रिकर्म निरत और जो वर्णाश्रमके विधिपूर्वक पृथक् पृथक् कर्ममें प्रवर्तित होतेहैं, उनको मैं प्रणाम करताहूं । जो शोशीय, शोश और करणरूपहैं, मैं उनको प्रणाम करताहूं। जो श्वेतपिंगलनेत्र और जिनका मुख और नेत्र कृष्ण है । जो धर्म अर्थ काम और मोक्षस्वरूप तथा सब पापोंके हरनेवाले हैं, जो त्रिशूलहस्त और उमाकान्त हैं, मैं उनको प्रणाम करताहूं । हे ईशानके मुखसे उत्पन्न ! हे हरिकेश ! मैं तुमको प्रणाम करताहूं । हे पार्वतीकान्त ! प्रसन्न होओ हे उमानन्द ! मैं तुमको नमस्कार करताहूं ॥ १९२ ॥ ९३ ॥ ९४ ॥ ९५ ॥ ९६ ॥ ॥ ९७ ॥ १९८ ॥

ततोऽनुज्ञां समादाय कृताञ्जलिपुटस्तदा ।
प्रणम्य पूजयित्वा च इमं मन्त्रमुदीरयेत् ॥ १९९ ॥

अनन्तर हाथ जोडकर आज्ञा ग्रहण करनेके पीछे प्रणाम और पूजा करके यह मंत्र उच्चारण करै ॥ १९९ ॥

उमानन्द नमस्तेऽस्तु पार्वतीप्रीतिवर्द्धन ।
निर्विघ्ना यातु मे सिद्धिर्यस्मात्पूजा कृताद्य मे॥२००॥
जगन्नाथ प्रसादेन श्रीमत्कामेश्वरं शिवम् ।
देवेश पूजयाम्यद्य आज्ञया ते महेश्वर ॥ २०१ ॥

हे उमानन्द! तुमको नमस्कार है । हे पार्वतीकी प्रीति बढानेवाले ! मैं इस समय आपकी पूजा करताहूं आप मेरी सिद्धि निर्विघ्न कीजिये। हे महेश्वर ! हे देवेश ! हे जगन्नाथ ! मैं आपके प्रसाद और आपकी आज्ञासे अब श्रीमत्कामेश्वरशिवकी पूजा करताहूं ॥ २०० ॥ २०१॥

प्राच्यां तस्य समभ्यर्च्यो विष्वक्सेनो जनार्दनः ।
देवस्य पश्चिमे भागे मातंगं नाम क्षेत्रकम् ।
धनुर्द्वाविंशमानेन तत्र वासान्न शोचति ॥ २०२ ॥

उसके पूर्वभागमें विष्वक्सेन जनार्दनकी पूजा करै ॥ देवके दक्षिणभागमें मातंग नामक क्षेत्र है, उसका परिमाण बाईस धनुः है, वहां वास करनेसे शोककी प्राप्ति नहीं होती ॥ २०२ ॥

तत्र यत्पातकं चीर्णं ब्रह्महत्यासमं भवेत् ।
तत्र यत् सुकृतं किञ्चिदग्निष्टोमफलप्रदम् ॥ २०३ ॥

वहां यत्किंचित् सामान्य पाप करनेसेभी ब्रह्मवधकी तुल्य होताहै और वहां कुछ थोडासा पुण्य करनेपर वह अग्निष्टोमकी तुल्य फल प्रदान करता है ॥ २०३ ॥

मातंगीं पूजयेत्तत्र गन्धाद्यैर्भक्तिमान्नरः ।
मायाबीजेन देवेशि भावेन सुसमाहितः ॥ २०४ ॥

मनुष्यगण भक्तिमान् और भावपूरित होकर सावधानचित्तसे गन्धादिद्वारा मायाबीजसे उसीस्थानमें मातंगीकी पूजा करै ॥ २०४॥

तत्रस्थो मन्दरं पश्येद्दक्षिणाभिमुखस्तु यः ।
स सर्वकुलमुद्धृत्य ब्रह्मलोके महीयते ॥ २०५ ॥

दक्षिणाभिमुख होकर वहां मन्दरका दर्शन करनेसे सर्वकुलका उद्धार करके ब्रह्मलोकमें पूजाको प्राप्त होताहै ॥ २०५ ॥

नमो मन्दरशैलाय विष्णुरूपाय वेधसे ।
तं दृष्ट्वाथ स्वर्गसंस्थो भवेत्पापव्यपोहनात् ॥ २०६ ॥

मैं मन्दरशैलमें विष्णुरूप विधाताको नमस्कार करताहूं, उनके दर्शन संसारके सब पाप दूर करनेपर स्वर्ग प्राप्त होताहै ॥ २०६ ॥

वीक्षेत्सन्ध्याचलं पश्चाद्दिने मन्त्रमुदीरयेत् ।
युगकोटिसहस्रेषु यत्पापं समुपार्जितम् ॥
क्षयोस्ति गजवक्त्रे च साक्षी भव मतंगज ॥ २०७ ॥

फिर दिनमें संध्याचलका दर्शन करके पीछे यह मन्त्र उच्चारण करै जो पाप हजारों करोडों युगोंमें इकट्टे किये हैं, वह गजवक्त्रमें क्षय-होजाते हैं, हे मातंगी ! तुम साक्षी हो ॥ २०७ ॥

ततोऽर्घ्यं भानवे दद्यात्तिलवारिकुशान्वितम् ।
उत्थाय प्रणिपातेन दद्यादाचमनीयकम् ॥ २०८ ॥

इस मंत्रसे तिल, जल, कुश, युक्तकरके सूर्यनारायणको अर्घ्य देवे। फिर प्रणामपूर्वक उठकर आचमन प्रदान करना चाहिये ॥ २०८ ॥

आदित्यस्य व्रताङ्गे तु चार्घ्यदाने विशेषतः ।
उपविश्य ततो दद्यादन्यत्रोत्थाय दापयेत् ॥ २०९ ॥

आदित्यके व्रतांगमें और विशेषतः अर्घ्यदानमें बैठकर दान करे अन्यत्र उठकर अर्घ्य देना चाहिये ॥ २०९ ॥

अधोमुखश्चार्घ्यपात्रं दत्वाऽर्घ्यान्ते विचक्षणः ।
तत्र चण्डेश्वरं सूर्यं प्रणिपत्य विसर्जयेत् ॥ २१० ॥

अधोमुख अर्घ्यपात्रमें अर्घ्यदानपूर्वक, बुद्धिमान् मनुष्य वहांके चण्डेश्वर सूर्यको प्रणाम करके विसर्जन करै ॥ २१० ॥

दशाश्वमेधे नैर्ऋत्ये दक्षिण्ये मम सुन्दरि ।
इक्षुक्षेपान्तरे यच्च संस्थितं कलिपर्वतम् ॥ २११ ॥
तत्रारोहणमात्रेण सुकृतश्च विनश्यति ।
दुःखितं लिप्यते गात्रे कलिः स्पृशति नान्यथा ॥ २१२ ॥

हे सुन्दरी ! दशाश्वमेधके नैर्ऋत और मेरे दक्षिण इक्षुक्षेपान्तर (जितने स्थानमें एक गन्ना रक्खाजाय) में जो कलिपर्वत स्थित है उसपर आरोहण करतेही संपूर्ण पुण्य नष्ट होकर दुःख प्राप्त होता है और गात्रमें कलिका स्पर्श होता है, इसमें सन्देह नहीं ॥ २११ ॥ २१२ ॥

कलिः स्पृशति यां धारां सा धारा मम वाहिनी ।
सर्वं कलिमलं तीर्थं तथैनं परिवर्जयेत् ॥ २१३ ॥

कलि जिस धाराको स्पर्श करता है । उस धाराको मेरीही वाहिनी जाने यह तीर्थ सर्वत्रही कलिमलमयहै अतएव इसको परित्याग करै ॥ २१३ ॥

मन्दरस्य हि चैशान्यां धनुः षोडशकोन्मितम् ।
चक्रतीर्थं महातीर्थं सर्वपापप्रणाशनम् ।
ग्रहोपदोषजश्चैव पातकं यत्कृतं बहु ॥ २१४ ॥

कृष्णे शुक्ले चतुर्थ्यां च दृष्ट्वा सिंहे च चन्द्रकम् ।
तद्दोषाः पातकं यच्च सर्वं स्नानाद्विनश्यति ॥ २१५ ॥

मन्दरके ईशान कोणमें सोलह धनुः परिमाण सब पापोंका नाश करनेवाला चक्रतीर्थ है इस महातीर्थमें शुक्ल अथवा कृष्णपक्षकी चतुर्थीको और सिंहके चन्द्रमा देखकर स्नान करनेसे ग्रहोपदोषजात (क्रूर ग्रह जनित पीडा आदि) सब पातक नष्ट होते हैं ॥ २१४ ॥ २१५॥

अस्थीनि पातयेद्यस्तु सप्तरात्रौ मम प्रिये ।
चक्राङ्कितं भवेद्देवि नात्र कार्या विचारणा ॥ २१६ ॥

हे प्यारी ! जो मनुष्य सात रात्रि अस्थिपातन करते हैं । अर्थात् जो मनुष्य उस तीर्थमें सात रातमें अस्थि डाल देते हैं तो वह चक्राङ्कित होते हैं । इसमें सन्देह नहीं है ॥ २१६ ॥

चक्रतीर्थे व्रतं यत्तु गोपीचन्दनधारणात् ।
प्राप्नोति तत्फलं जन्तुर्मृतो हरिपुरं व्रजेत् ॥ २१७ ॥

चक्रतीर्थमें व्रत धारण करनेसे गोपीचन्दन धारण करते उसका अक्षय फल पाता है । और मरनेपर हरिपुरमें जाता है ॥ २१७ ॥

द्वारकायां समुद्भूत द्विजन्म भवसागरात् ।
तीर्थराज नमस्तेऽस्तु त्राहि मां भवबन्धनात्॥ २१८॥

हे द्वारकामें प्रकट हुए हे द्विजन्मा ! हे तीर्थराज । आपको प्रणाम है । मेरा भवबन्धन और संसारसागरसे रक्षा करो ॥ २१८ ॥

स्नात्वा तु मंत्रेणानेन सवित्रेऽर्घ्यं निवेदयेत् ।
चक्रतीर्थे नरः स्नात्वा विधातारं प्रपूजयेत् ।
दश पूर्वान् दश परान् आत्मानञ्चैव तारयेत् ॥२१९॥

इस मन्त्रसे स्नान करनेके पीछे सूर्यदेवको अर्घ्य देवे । मनुष्यगण चक्रतीर्थमें स्नान करके विधाताकी पूजा करनेसे दश पहिले और दश पिछले पुरुषोंका तथा अपना तारण करनेमें समर्थ होते हैं ॥२१९ ॥

चक्रतीर्थं स्पृशन् शैलं नन्दनं नाम पर्वतम् ।
धनुर्द्विषष्टिमानश्च पश्चिमेनैव सुन्दरि ॥ २२० ॥

जिस शैलने चक्रतीर्थ स्पर्श किया है उसका नाम नन्दन पर्वत है उसका परिमाण बासठ धनु है । हे सुन्दरी ! उसके पश्चिममें ॥२२०॥

जनार्दनश्च देवेशं कलौ बौद्धस्वरूपिणम् ।
तं दृष्ट्वा मुच्यते पापैर्महाघोरैः सुदारुणैः ॥ २२१ ॥

देवेश्वर जनार्दन स्थित हैं । वह कलियुगमें बुद्धरूपी हैं उनका दर्शन करनेपर महाघोर दारुण पापसे छुटकारा मिलता है ॥ २२१॥

कर्कशं पौंड्रवर्द्धश्च या शिलाचक्र उद्यता ।
मन्दरस्य च पाश्चात्ये शुभशैलस्य भाविनि ।
जनार्दनस्य चिह्नश्च रूपश्च परिकीर्त्तितम्॥ २२२ ॥

चक्रतीर्थमें जो शिला प्रगट हुई है वही पौण्ड्रवर्द्ध हे भाविनी ! मन्दरके पाश्चात्य और शुभशैलके दक्षिणमें जनार्दनके रूपका चिह्न कहा गया है ॥ २२२ ॥

उत्तरे तस्य शैलस्य ऐशान्यां विरजा तथा ।
दक्षिणे गजशैलस्य पश्चिमे शैभ्रलिङ्गकः ॥ २२३ ॥

उत्तरकी ओर उसी शैलके ईशान कोणमें विरजा है, गजशैलके दक्षिण और पश्चिममें शैभ्रलिंगक है ॥ २२३ ॥

एतन्मध्यतमं क्षेत्रमागस्त्यं नाम वै मया ।
एवं शतमितं क्षेत्रं मत्सम्भवमुदाहृतम् ॥ २२४ ॥

इसका मध्यगत क्षेत्र आगस्त्य नामसे विख्यात है इस ओर इस प्रकार शतपरिमित क्षेत्र मत्संभव अर्थात् मुझसे उत्पन्न हुए जाने ॥ २२४ ॥

असंख्यं विजानीयादन्यल्लोहितमुच्यते ।
तत्र पिण्डप्रदानेन पितॄणां परमा गतिः ॥ २२५ ॥

अन्यदिशामें लोहिततीर्थ है । वहां पिण्डदान करनेसे पितरोंको परमगति प्राप्त होती है । इसमें सन्देह नहीं ॥ २२५ ॥

जनार्दनस्य हस्ते च स्वाहापिण्डं समर्पयेत् ॥
एष पिण्डो मयादत्तस्तव हस्ते जनार्दन ॥ २२६ ॥
परलोकगतायाथ त्वं मे दाता भविष्यासि ।
कलिशेषस्य पूर्वे तु धनुरष्टप्रमाणतः ॥ २२७ ॥
सा शिला प्रेतभावेन पितॄणां तारणाय च ।
तत्र पिण्डप्रदानेन न प्रेतो जायते क्वचित् ॥ २२८ ॥

जनार्दनके हाथमें स्वाहापिण्ड समर्पण करे. हे जनार्दन ! मैं आपके हाथमें यह पिण्ड समर्पण करता हूं । मेरे परलोक जानेपर आप यह मुझको प्रदान करना कलिशेषके पूर्वमें अष्टधनुःपरिमाण वह शिला पितरोंको तारनेवाली होती है । वहां पिण्डदान करनेसे कोई भी प्रेतत्वको प्राप्त नहीं होता ॥ २२६ ॥ २२७ ॥ २२८ ॥

चक्रवतीर्थस्य चाग्नेये धनुर्द्वन्द्वप्रमाणतः ।
लिङ्गंलौलं परं तीर्थं तिलदुग्धैः प्रतर्पयेत् ॥ २२९ ॥

चक्रतीर्थके अग्निकोणमें दो धनुःपरिमाण लौलालिंगनामक परम तीर्थ है । तिलसे पूजा करके दुग्धसे उसकी तृप्ति साधन करै ॥ २२९

जनार्दनं ततो वीक्ष्य मुच्यते वै ऋणत्रयात् ॥ २३० ॥
तदनन्तर जनार्दनका दर्शन करनेपर तीनों ऋणसे मुक्त होता है २३० ॥

कलिद्वापरयोः सन्धौ धनुरर्द्धप्रमाणतः ।
शुक्रेण स्थापितं लिङ्गं शुक्रेशं नामतः श्रुतम् ॥ २३१
देवं शुक्रेश्वरं दृष्ट्वा को न मुच्येत बन्धनात् ।

गोलेश्वरं ततो दृष्ट्वा मुच्यते ब्रह्महत्यया ॥ २३२ ॥
अङ्गारेशं च सिद्धेशं गयादित्यं गजं तथा ।
मार्कण्डेयेश्वरं दृष्ट्वा पितॄणामनृणो भवेत् ॥ २३३ ॥

कलि और द्वापरके सन्धिकालमें शुक्रके द्वारा एक लिंग स्थापित हुआ है । इसी कारण इस लिंगका "शुक्रेशलिंग" यह नाम है । वह शुक्रेश्वर देवका दर्शन करके किसने बन्धनसे मुक्तिलाभ नहीं की है ? फिर गोलेश्वरका दर्शन करनेपर ब्रह्महत्याके पापसे रक्षा होती है । तदनन्तर अङ्गारेश, सिद्धेश गयादित्य गज और मार्कण्डेयेश्वरका दर्शन करनेपर पितृऋणसे उद्धार होता है ॥२३१ ॥ २३२॥२३३॥

गयागोलेश्वरं दृष्ट्वा दृष्ट्वा देवं जनार्दनम् ।
एतन्न किमु पर्याप्तं नृणां संशुद्धिकारणम् ।
ब्रह्मलोकं प्रयान्तीह पुरुषाश्चैकविंशतिः ॥ २३४ ॥

इसके पीछे गयामें गोलेश्वर और जनार्दनदेवका दर्शन करनेसे केवल पितृऋणही शोध नहीं होता बरन् इससे इक्कीस पुरुष पर्यन्त ब्रह्मलोकमें गमन करते हैं ॥ २३४ ॥

पृथिव्यां यानि तीर्थानि आसमुद्रं सरांसि च ।
चक्रतीर्थं गमिष्यन्ति वारमेकं दिनेदिने ॥ २३५ ॥

समुद्र, सरोवर इत्यादि पृथ्वीमें जो जो तीर्थ हैं । वह सब प्रतिदिन एक एक वार चक्रतीर्थमें जाते हैं ॥ २३५ ॥

पृथिव्यां च गया पुण्या गयायां कूपकं गया ।
कूपादष्टगुणं देवि श्रेष्ठा मातृगया शुभे ॥ २३६ ॥

पृथ्वीमें गया पुण्यतम है गयामेंभी कूपगया और हे देवि ! कूपसे मातृगयाको अष्टगुण श्रेष्ठ जानना चाहिये ॥ २३६ ॥

पुत्रो मातृगयां गत्वा ह्यनृणो भवति क्षणात् ।
गयायां पिण्डदानञ्च पितॄणामनृणो भवेत् ॥ २३७ ॥

पुत्रगण मातृगयामें गमन करके उऋण होते हैं । गयामें पिण्डदान करनेसे पितरोंका ऋण दूर होता है ॥ २३७ ॥

गयान्तं पिण्डदानञ्च गयान्तं तीर्थमेव च ।
पञ्चकान्तं कामरूपं पिच्छिलान्तं सरिच्छुभे ।
जनार्दनस्य हस्ते तु पिण्डं दद्यात्स्वकं नरः ॥ २३८

गयामें पिण्डदान करनेसे पिण्डदान शेष होता है । गयामें गमन करनेसे तीर्थगमन शेष होता है । कामरूपमें गमन करनेसे पंचक और पिच्छलामें गमन करनेसे सरित् शेष होता है । अन्यत्र गमन करना नहीं पडता । हे शुभे ! मनुष्यगण जनार्दनके हाथमें निज पिण्ड-प्रदान करै ॥ २३८ ॥

विरजे च तथा चाश्वे कर्णिवामे च सोमके ।
जीवन्पिण्डप्रदानेन त्वल्पायुर्जायते नरः ॥ २३९ ॥

विरज अश्वक्रान्त कर्णि वाम और सोमकमें जीवित् पिण्डप्रदान करनेसे मनुष्य अल्पायु होते हैं ॥ २३९ ॥

यत्रागस्त्ये महाक्षेत्रे दद्यात्पिण्डं स्वकं तु यः ।
मासद्वयाधिकं वर्षमायुषो वर्द्धते क्रमात् ॥ २४० ॥

जो मनुष्य अगस्त्य महाक्षेत्रमें निजपिण्ड प्रदान करता है। उसकी एक वर्षमें दो मास आयु बढती है ॥ २४० ॥

स्वहस्ते न वृषोत्सर्गं च करोत्यौर्द्ध्वदैहिकम् ।
फलंपरत्रचाप्नोति न संदेहो महेश्वरि ।
बहुपुत्रे चैकपुत्रे पुत्रे वा योमसेविते ॥ २४१ ॥
क्षयं कुष्ठं गते पुत्रे त्रिपुत्रे वा महेश्वरि ।
चत्वारिंशत्परे देवि स्वयमात्मक्रियाश्चरेत् ॥ २४२॥

हे देवि ! जो मनुष्य अपने हाथसे अपना और्ध्वदैहिक वृषोत्सर्ग करते हैं वह परलोक जानेपर उसको प्राप्त होते हैं इसमें सन्देह नहीं। हे महेश्वरि ! बहुपुत्र वा एकपुत्र अथवा योगसेवितपुत्र क्षयकृष्ण गतपुत्र वा तीन पुत्रोंके विद्यमान होनेपर चालीस वर्षकी आयुवाला मनुष्य दान और वृषोत्सर्गादि आत्मक्रियाका अनुष्ठान करै ॥ २४१॥२४२॥

दानञ्चैव वृषोत्सर्गं कुर्य्यान्नैव दशाहिकम् ।
दम्पत्योर्जीवतोः कुर्य्याद्वृषोत्सर्गद्वयं सदा ॥ २४३ ॥

केवल दशाहिक (दशवाँ) कार्य न करै दम्पतीमें स्त्री और पुरुष दोनोंके बचेरहनेपर दो वृषोत्सर्ग करै ॥ २४३ ॥

एकत्र मण्डले कुण्डे वृषोत्सर्गं पृथक् चरेत् ।
मृते कुर्य्यादेकगुणं जीवितोऽष्टगुणं फलम् ॥ २४४॥

एकत्र मण्डल और एकही कुण्डमें पृथक् दो वृषोत्सर्ग करने चाहिये मरेकी अपेक्षा जीवितके वृषोत्सर्गसे अष्टगुणा अधिक फल प्राप्त होता है ॥ २४४ ॥

परगोत्रकृतं चैव स्वल्पाल्पं फलमाप्नुयात् ॥ २४५ ॥

पराये गोत्रके निमित्त वृषोत्सर्ग करनेसे अल्प स्वल्प फल होता है ॥ २४५ ॥

उद्यतस्तु गयां गन्तुं श्राद्धं कृत्वा घृतेन तु ।
विधाय कार्पटीवेषं ग्रामस्यास्य प्रदक्षिणम् ।
कृत्वा ग्रामान्तरं कृत्वा श्राद्धशेषस्य भोजनम् ।
कृत्वा प्रदक्षिणं गच्छेत्प्रतिग्रहविवर्जितः ॥ २४६ ॥

गया जानेके लिये उद्यत होकर विधानपूर्वक श्राद्ध करना चाहिये तदनन्तर ग्रामान्तर गमन करके श्राद्धशेषभोजनपूर्वक प्रदक्षिणा करनेके पीछे प्रतिग्रहहीन होकर गमन करै ॥ २४६ ॥

गृहाच्चारत्निमात्रञ्च आगस्त्यगमने सति ।
स्वर्गारोहणसोपानं पितॄणान्तुपदेपदे ॥ २४७ ॥

आगस्त्य जानेके समय घरसे अरत्निप्रमाण स्थानकी प्रदक्षिणा करके गमन करना चाहिये । तो पद पदमें पितरोंके स्वर्गारोहण सोपान व्यवस्थित होते हैं ॥ २४७ ॥

दिवा च सर्वदा रात्रौ आगस्त्ये श्राद्धकृद्भवेत् ।
अश्वतीर्थे कृतं श्राद्धं नीलकूटे च पञ्चके ।
रामाश्रमे सोमकूटे पितॄञ्छ्राद्धं दिवं नयेत् ॥ २४८ ॥

आगस्त्यमें सदाही दिन वा रात्रिमें श्राद्ध करै अश्वतीर्थ–नीलकूट पञ्चक वामाश्रम और सोमकूटमें श्राद्ध करनेसे पितृगण स्वर्गमें जाते हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ २४८ ॥

आगस्त्ये मुण्डनं कृत्वा दृष्ट्वा देवं जनार्दनम् ।
आरुह्य मन्दरं शैलं पुनाति कुलसप्तकम् ॥ २४९ ॥

आगस्त्यमें मुण्डनानन्तर जनार्दनदेवका दर्शन करके मन्दर शैलमें आरोहण करनेपर सात कुल पवित्र होते हैं ॥ २४९ ॥

साम्वत्सरं गयाश्राद्धं पार्वणं प्रतिपर्वणि ।
निरामिषं कृतश्राद्धं तथा च विषुवद्द्वये ॥ २५० ॥
सपिण्डाः पितरस्तस्य निराशाः सततं गताः ।
आमश्राद्धे आममांसं प्रदद्यादविचारतः ॥ २५१ ॥

प्रतिपर्वमें साम्वत्सर पार्वण गयाश्राद्ध और विषुवद्द्वय अयन संक्रान्तिमें निरामिषश्राद्ध करनेसे उसके सपिण्डापितरगण और अन्यान्य पितरगण निराश होकर गमन करते हैं । हे प्रिये ! आमश्राद्धमें आममांस (कच्चामांस) प्रदान करना चाहिये इसमें विचार न करै ॥ २५० ॥ २५१ ॥

पितरोऽधोमुखगतास्तिष्ठन्ति न मम प्रिये ।
सामिषन्तु कृतं श्राद्धं यस्तु भुङ्क्ते निरामिषम् ॥ २५२ ॥

पितृगण अधोमुख होकर अवस्थान करते हैं। सामिषश्राद्ध करके जो मनुष्य निरामिष भोजन करता है ॥ २५२ ॥

तामिस्रं नरकं गच्छेत्पितृभिः सह नान्यथा ।
दीर्घं तनुमयं कुर्य्याद्गृहीत्वा मम शाङ्करि ॥ २५३॥

वह पितरोंके सहित तामिस्रनाम नरकमें जाता है । हे शाङ्करि ! इसलिये दीर्घतनुमयव्रत करै ॥ २५३ ॥

श्राद्धाचारं विना कुर्य्याद्व्रतमेतन्मम प्रिये ।
निरामिषःकृती येन कुर्य्याच्छ्राद्धं निरामिषम् ॥२५४ ॥
भोक्ता निरामिषं भुङ्क्ते सामिषं न कदाचन ।
सद्यो निमन्त्रयेच्छ्राद्धे कर्म कुर्य्याद्विचक्षणः ॥ २५५॥

यह व्रत श्राद्धाचारके विना संपादन करै । जो निरामिषभोजी है । वह निरामिष श्राद्ध करें । वह निरामिष भोजन करै । कभी आमिष भोजन न करै । विचक्षणगण श्राद्धमें कर्म करके सद्यही निमंत्रण करै ॥ २५४ ॥ २५५ ॥

शूद्रेण निन्दितं विप्रं श्राद्धयज्ञादिकेषु च ।
ब्राह्मणं भोजयेद्यस्तु भुङ्क्ते विष्ठाञ्च शाङ्करि ॥ २५६॥

श्राद्धयज्ञमें शूद्रनिन्दित ब्राह्मणको भोजन करानेसे वह विष्ठाभोजन करता है ॥ २५६ ॥

माहिषं बृहदाजञ्च ऐणं वा चामरंतथा ।
गौधं कूर्मञ्च शाल्वञ्च शाशकं सौकरंतथा ।
वाराहञ्च तथा मेषं श्राद्धे देयानि सर्वशः ॥ २५७ ॥

महिष, बडे बकरेका मांस, ऐण (मांसविशेष) चामर गोहका मांस कूर्म शाल्व (कछुए और हिरणका मांस) खरगोशका मांस, सूकर मांस और वराहमांस तथा मेषमांस, यह सब श्राद्धमें देवे ॥ २५७ ॥

न कलौ तु गवां मांसं सारमेयञ्च तत्त्वतः ।
हीनेन्द्रियं छागलञ्च न वृष्यं तच्च वर्जयेत् ॥ २५८ ॥

कलियुगके अतिरिक्त अन्ययुगमें नीलगोमांस और श्वानका मांस वर्जितहै । हीनेन्द्रिय छागल (छोटी बकरी) वर्जित है ॥ २५८ ॥

कृष्णच्छागस्य मांसेन पितृन्यस्तु प्रतर्पयेत् ।
निराशाः पितरो यान्ति शापं दत्त्वासुदारुणम् ॥ २५९ ॥

जो काले बकरेके मांससे पितरोंका तर्पण करता है, उसके पितर दारुण शाप दे निराश होकर चलेजाते हैं ॥ २५९ ॥

हीनेन्द्रियच्छागमांसैः पितृन्यस्तुप्रतर्पयेत् ।
महाभयंकरं प्रोक्तं तस्मात्तत्परिवर्जयेत् ॥ २६० ॥

हीनेन्द्रिय छागमांसद्वारा पितृतर्पण करनेसे वह महाभयंकर होताहै इस कारण उसको त्याग देना चाहिये ॥ २६० ॥

माहिषेण द्वादशाब्दं तृप्तिर्भवति शाश्वती ।
साम्वत्सरन्तु चाजेन छागैः षट्शैलजसमाः ॥ २६१ ॥

पितरगण महिषमांसद्वारा बारह वर्ष, बकरेके मांससे एकवर्ष शैलेय छागमांससे छः वर्ष ॥ २६१ ॥

चामरेण शतं वर्षं साहस्रं गोधिकामिषैः ।
षण्मासञ्च वराहे कौर्मैर्वै मासमात्रकम् ॥ २६२ ॥

चामरके मांससे सौ वर्ष, गोहके मांससे हजार वर्ष, कछुएके मांससे केवल एक महीने ॥ २६२ ॥

वाराहेण तु षण्मासं शाशकेन नवैव तु ।
द्वाविंशन्मासकेनैव क्षुद्रवाराहकैस्तथा ।
शताब्दं चामरेणैव स्थूलमांसन्तु वर्जयेत् ॥ २६३ ॥

कराह मांससे छै महीने, खरगोशके मांससे नौ महीने, और क्षुद्रवराहके बाईस महीने, तृप्त रहते हैं चामरके मांससे १०० वर्षतक तृप्त रहते हैं पितृतर्पणमें स्थूलमांस वर्जित है ॥ २६३ ॥

यत्तु त्यक्तं भवेत्पुंभिश्चतुर्भिः षड्भिरेव च ।
अतिस्थूलमिति प्रोक्तं तदिदं पूर्वसूरिभिः ॥२६४ ॥

दश मनुष्योंने जिसका निषेध किया हो उसको विद्वानोंने अतिस्थूल कहनेका निर्देश किया है सो इस अतिस्थूलकाभी परित्याग कर देना उचित है ॥ २६४ ॥

माहिषस्य च गव्यस्य वाराहस्य मम प्रिये ।
मार्गस्य बृहदाजस्य स्थूलस्यापि हि शस्यते ॥ २६५

माहिष मांस (नीलगोमांस) वराहमांस, मृगमांस और बडे बकरेका मांस स्थूल होनेपरभी प्रशस्त है ॥ २६५ ॥

खाड्गं पाञ्चनखं भक्ष्यमभक्ष्यं खड्गसंयुतम् ।
चतुर्नखं वारिजातं वर्जयेच्च मम प्रिये ॥ २६६ ॥
गोधिकां स्वर्णखड्गञ्च चामरं कृष्णमेव च ।
वर्जयेत्कूर्मकं विद्वान्यादि चक्रेण चिह्नितम् ॥ २६७ ॥

गेंडेका मांस और पंचनख मांस भक्षण करना चाहिये । खड्गसंयुक्त मांस, चतुर्नख वारिजात मांस, वर्जित है यदि चक्रचिह्नसे चिह्नित हो, तो विद्वान्‌गण गोधिका स्वर्ण खड्ग (गेंडेकी जाति विशेष) चमर कृष्ण और कूर्म त्याग दें ॥ २६६ ॥ २६७ ॥

सिंहं शुभं रोहितञ्च सजीवं चित्रकन्तथा ।
महाशल्कं प्रोष्ठिकञ्च पार्वतीयं च मत्स्यकम् ॥२६८॥
बृहद्रोहितमत्स्यञ्च बृहत्प्रोष्ठीकमेव च ।
बृहच्छल्कञ्च चित्रञ्च श्राद्धे यत्नेन भोजयेत् ॥ २६९

बृहद्रोहितमत्स्य, सिंह, शुभ, बृहत्मौष्ठीमत्स्य (पाठीनमत्स्य) बृहत्शल्क और चित्रमत्स्य, श्राद्धमें यत्नसहित देवे ॥२६८॥२६९॥

मत्स्यांश्च शल्कहीनांश्च सर्पाकारांश्च वर्जयेत् ।
शल्कहीनस्य मध्ये तु प्रदेयं कचकद्वयम् ॥ २७० ॥
प्रेतोधानादिकं यच्च विकृताकारवच्च यत् ।
सर्पास्यान्पीवरांश्चैव रजनीश्च विवर्जयेत् ॥ २७१ ॥

सर्पाकार शल्कहीन (लम्बीजातकी पतली मछली) मत्स्य वर्जित हैं शल्कहीनमें दो कचकप्रदान करने चाहिये प्रेतोधानादिविकृताकार सर्पमुख (पुष्ट) और रजनीमत्स्य वर्जित हैं ॥ २७० ॥ २७१ ॥

जीवाशं सेलुकश्चैव पद्मकं कुङ्कुमन्तथा ।
स्वर्णकं ग्रन्थिवर्णञ्च श्राद्धे यत्नेन वर्जयेत् ॥ २७२ ॥

जीवाश, सेलुय, (सिंघाडामछली) पद्मक (पद्माख) कुङ्कुम, स्वर्णक और ग्रंथिवर्ण यह सब श्राद्धमें यत्नपूर्वक वर्जनीय हैं ॥२७२॥

धूम्रञ्च पञ्चकदलं शर्कराकीटसंयुतम् ।
महिष्यास्तु घृतं क्षीरं तक्रं श्राद्धे विवर्जयेत् ॥२७३॥

धूम्र, पंचकदल, शर्करा, कीटसंयुक्त माहिषघृत, दूध और घृत यह सब श्राद्धमें वर्जित हैं॥ २७३ ॥

नारिकेलश्च तालञ्च खर्जूरं पीनसन्तथा ।
तक्रं घृतं विना क्षीरं प्रयत्नेन विवर्जयेत् ॥ २७४ ॥

नारियल, ताल, खजूर, पीनस (पिंडालू) तक्र (मठा) घृत क्षीर को छोड यत्नपूर्वक अवश्य परित्याग करै ॥ २७४ ॥

प्रदीपं वर्जयेद्गन्धं वर्त्यां प्रत्यक्षतैलकम् ।
कुसुम्भं नालिकाशाकं मालतीकुसुमन्तथा ॥ २७५ ॥

वृद्धिश्राद्धे पंकजश्च करवीराणि वर्जयेत् ।
न प्रदद्यात्तु गाङ्गेयं पद्मं रक्तजलोद्भवम् ॥ २७६ ॥

छेदयुक्तदीप, प्रत्यक्ष तैल, कुसुम्भ, नालिकाशाक, मालतीकुसुम, पङ्कजद्रव्य और कनेर यह सब वृद्धिश्राद्धमें वर्जित हैं. गांगेय और लालकमल प्रदान नहीं करना चाहिये ॥ २७५ ॥ २७६ ॥

विना वस्त्रेण यच्छ्राद्धं विना यज्ञोपवीतकैः ।
विना तिलेन देवेशि विना गव्येन निष्फलम् ॥२७७॥

वस्त्र, यज्ञोपवीत, तिल और गव्यके विना श्राद्ध करनेसे वह निष्फल होता है ॥ २७७ ॥

अभावे चैव वस्त्रस्य कुशमाल्यं निवेदयेत् ।
अभावे यज्ञसूत्रस्य सूत्रयुग्मन्तु विन्यसेत् ॥ २७८॥

वस्त्रके अभावमें कुश माल्य यज्ञसूत्रके दो सूत्र निवेदन करै ॥२७८

शूद्रश्राद्धे च स्त्रीश्राद्धे यज्ञसूत्रं विवर्जयेत् ।
ताम्बूलेन कृतं श्राद्धं विना चूर्णेन शाङ्करि ।
अभावे जीवकं दद्यात्पायसं मधुसंयुतम्॥२७९ ॥

शूद्रश्राद्ध और स्त्रीश्राद्धमें यज्ञसूत्र वर्जित है चूर्णके विना ताम्बूल देवे अभावमें जीवक देना चाहिये श्राद्धमें मधुसंयुक्त खीर प्रदान करै२७९

एकजातीयपात्रे तु दद्यादन्नं समाहितः ।
दैवतं प्रथमं दद्यात्पितृपात्रे निवेदयेत् ॥ २८० ॥

सावधान होकर एक जातीयपात्रमें निवेदन करना चाहिये पहिले दैव और फिर पितृपात्रमें निवेदन करै॥ २८० ।

पितृशेषन्तु दैवे तु पुनरन्नं कदाचन ।
आमश्राद्धे निरग्नेस्तु नान्नं प्रक्षालयेत्कचित् ॥२८१॥

पितृशेष कभी दैवमें प्रदान न करै, अग्निहीन आमश्राद्धमें कभी अन्न प्रक्षालन न करै ॥ २८१ ॥

वृद्धौ च क्षालयेदन्नं संक्रमे ग्रहणेषु च ।
अष्टमुष्टिप्रमाणेन ब्राह्मणे चैककंक्रमात् ।
अतोधिकश्च न्यूनश्च न दद्याच्छ्राद्धकर्मणि ॥ २८२॥

वृद्धि ग्रहण और संक्रामणमें अन्नक्षालन करै ब्राह्मणको आठ मुष्टि प्रमाण अन्न देवै । श्राद्धकर्ममें इससे अधिक वा कम प्रदान न करै ॥ २८२ ॥

यः श्राद्धं पद्मपत्रे च करोति सुमनोहरे ।
वर्षाणान्तु शतं साग्रं तृप्तिर्भवति नान्यथा ॥ २८३ ॥

मनोहरपद्मपत्रमें श्राद्ध करनेपर सौवर्षतक पितरगण तृप्त रहते हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ २८३ ॥

अश्वत्थस्य छदे देवि ब्रह्मपात्रे च शाङ्करि ।
षण्मासं जायते तृप्तिरनन्तं वटपत्रके ॥ २८४ ॥

हे देवि शांकरि ! पीपलके पत्ते और ब्रह्मपात्रसे छै महिने तथा वटपत्रसे अनन्त तृप्तिलाभ करते हैं ॥ २८४ ॥

मासैकं ताम्रपात्रे च रुक्मपात्रे तु वत्सरम् ।
रौप्ये दशगुणं प्रोक्तं खड्गपात्रे शतोत्तरम् ॥ २८५ ॥

ताम्रपात्रसे एकमास, स्वर्ण पात्रसे एक वर्ष चांदीके पात्रसे इसकी अपेक्षा दशगुण और खड्ग पात्रसे शतगुण तृप्ति लाभ करते हैं ॥२८५॥

एकजातीयपात्रे तु मृताहे श्राद्धकर्मणि ।
पार्वणे च तथा वृद्धौ पृथक् जातीश्च यो यजेत् ॥२८६॥

मरणादिन और श्राद्धकर्ममें एकजातीय पात्र, पार्वण और वृद्धि श्राद्धमें पृथक् जातीय पात्रकी योजना करै ॥ २८६ ॥

सम्वत्सरं भवेत्तावद्व्रीहींश्चैव नियोजयेत् ।
वर्षाद्धपति यो व्रीहिः प्रेतश्राद्धे तु तं त्यजेत् ॥ २८७॥

एकवर्षकी व्रीहिप्रदान करनी चाहिये, किन्तु एक वर्षका व्रीहि प्रेतश्राद्धमें वर्जित है ॥ २८७ ॥

धान्यं वर्षासमुद्भूतं चणकं तिलयावके ।
यज्ञादौ च तथा श्राद्धे द्विः स्विन्नं परिवर्जयेत् ॥२८८॥

वर्षामें उत्पन्न हुआ धान्य तिल यव और चने यह सब दो बार पक करके यज्ञादि तथा श्राद्धमें प्रदान न करै ॥ २८८ ॥

यष्टिधान्यं राजधान्यं बृहद्धान्यश्च वल्लभे ।
सोमधान्यं शिग्रधान्यं वाङ्गं वै रक्तशालिकम् ॥२८९॥
केतकी कलविङ्कश्च धान्यं नारायणन्तथा ।
माधवश्च प्रदीपश्च विष्णुधान्यं च वल्लभम् ॥ २९० ॥
भोग्यधान्यमशोकश्च नागाक्षं पञ्चकन्तथा ।
धान्यानि श्राद्धयोग्यानि वेदेषु कथितानिहि ॥२९१ ॥

यष्टिधान्य, राजधान्य, बृहद्धान्य, सोमधान्य, शिग्रधान्य, वंगधान्य (यह सब धान्योंकी संज्ञाविशेष है) रक्तशालि (सठी) केतकी, कलविंक, नारायणधान्य, माधवधान्य । प्रदीप विष्णुधान्य, वल्लभ भोग्यधान्य, अशोक, नागाक्ष, पंचक यह सब धान्य, योग्य कहकर वेदमें निश्चित हुए हैं इस कारण इनका श्राद्धकर्ममें व्यवहार करै ॥ २८९ ॥ २९० ॥ २९१ ॥

गोधूमांश्च यवांश्चैव अपूपांश्च महेश्वरि ।
नीवारांश्च तथा श्राद्धे देवधान्यं तथापरम् ।
वसन्ते रोपितं धान्यं यत्नेन च विवर्जयेत् ॥ २९२ ॥

हे महेश्वरि ! गेहूं, जौ, अपूप (घृतपक) नीवारा (मुनिअन्न) और देवधान्यका श्राद्धमें व्यवहार करै । वसन्तकालमें लगाया हुआ धान्य यत्नपूर्वक परित्याग करै ॥ २९२ ॥

तदन्नभक्षणादेव पापं संक्रमते नृणाम् ।
भक्षणे श्रवणान्नस्य दरिद्रश्चाभिजायते ॥ २९३ ॥

वह अन्न भक्षण करनेसे पाप आक्रमण करलेता है, श्रवणका अन्न भक्षण करनेसे मनुष्य दरिद्री होता है ॥ २९३ ॥

भक्षणे सोमधान्यस्य व्रतं चान्द्रायणञ्चरेत् ।
भक्षणे वृद्धधान्यस्य विभवो जायते किल ॥ २९४ ॥

सोम धान्य भक्षण करनेसे चान्द्रायणव्रतका अनुष्ठान करे और वृद्धधान्य भक्षण करनेसे विभव (धन) प्राप्त होता है ॥ २९४ ॥

राजधान्यं स्निग्धधान्यं भक्षणाद्विष्णुलोकभाक् ।
रक्तशाल्योदनं भुक्त्वा विजयं श्रियमाप्नुयात् ॥२९५॥

राजधान्य और स्निग्धधान्यं भक्षण करनेसे विष्णु लोकको प्राप्त होता है । रक्तशालि (सठी) भक्षण करनेसे विजय और श्री प्राप्त होती है ॥ २९५ ॥

नारायणं माधवं च भोगञ्च मम सुन्दरि ।
धान्यन्तु यादवं भुक्त्वा नरः ख्यातिमवाप्नुयात् ॥२९६॥

नारायण, माधव, भोग और यादव धान्य भक्षण करके मनुष्य ख्याति लाभ करते हैं ॥ २९६ ॥

निमन्त्रितं ब्राह्मणञ्च यदि श्राद्धे विवर्जयेत् ।
दारुणं नरकं गच्छेद्यावदाभूतसंप्लवम् ॥ २९७ ॥

निमंत्रित ब्राह्मणको श्राद्धमें छोडनेसे प्रलयकालपर्यन्त दारुण नरकमें जाता है ॥ २९७ ॥

निमन्त्रितो यः स्वगृहे भुङ्क्ते विप्रः कथञ्चन ।
स गच्छेत्कालसूत्रञ्च सौकरीं योनिमाविशेत् ॥२९८॥

यदि निमन्त्रितब्राह्मण कदाचित् अपने घर भोजन करे तो निर्भ-

ऋण देनेवाला कालसूत्रनरक लाभ कर फिर शूकरकी योनिको प्राप्त होता है ॥ २९८ ॥

निमंत्रितो व्रतस्थश्च ब्रह्मचर्यं च वा पुनः ।
नातिक्रामेच्च तं श्राद्धे न दोषो मधुभक्षणे ॥ २९९ ॥

अतएव निमन्त्रित, व्रतस्थ और ब्रह्मचारी ब्राह्मणका कभी परित्याग न करै, श्राद्धमें मधुभक्षणसे दोष नहीं होता ॥ २९९ ॥

सद्यःकृतं सदाधान्यं मांसं तैलं तथैव च ।
व्रतस्थभक्षणे देवि न दोषः पितृयज्ञके ॥ ३०० ॥

व्रतस्थमनुष्यके पितृयज्ञमें सद्यः कृत (तत्काल संपन्नकिया) धान्य मांस और तैल भक्षणसे दोष नहीं होता ॥ ३०० ॥

गयाश्राद्धे प्रेतपक्षे तथानुमरणे प्रिये ।
तीर्थश्राद्धे वै ग्रहणे न जिघ्रेत्पिण्डकं प्रिये ॥ ३०१ ॥

हे प्यारी ! गयाश्राद्धमें, प्रेत पक्षमें, अनुमरण अर्थात् एकके अनन्तर दूसरेके मरणमें, ग्रहण और तीर्थ श्राद्धमें पिण्डको सूँघना उचित नहीं है ॥ ३०१ ॥

मुक्तितीर्थं विना विप्रा नानुगच्छेत्स्वकं पतिम् ।
पृथक्चितानानुगच्छेन्मुक्तिमार्गेषु सर्वदा ॥ ३०२ ॥

ब्राह्मणी मुक्ति तीर्थके अतिरिक्त अपने पतिका अनुगमन न करै। मुक्तिमार्गमें सदाही पृथक् चितासे अनुगमन न करके एक चितामेंही आरोहण करना चाहिये ॥ ३०२ ॥

क्रिया कार्या दशाहेचान्यत्र तु निवारकम् ।
उद्बन्धनमृतं चैव तथा जलगते शवे ॥ ३०३ ॥
शवे पर्य्युषिते चैव क्षयकुष्ठिशवे तथा ।
नानुगच्छेच्च ब्राह्मण्या मुक्तितीर्थादृते प्रिये ॥ ३०४ ॥

हे प्यारी ! ब्राह्मणी मुक्ति ताथक अतिरिक्त बंधनद्वारा मृतक शव, जलमें पडा हुआ मृतक शरीर, बासीशव और क्षयकुष्ठ युक्त शवका अनुगमन न करै ॥ ३०३ ॥ ३०४ ॥

बहुपुत्रा सगर्भा च तथा चैव रजस्वला ।
पतिता कलहाढ्या चाप्यसती न कदाचन ॥ ३०५ ॥
ततोऽनुगमनार्थञ्च एकाहं स्थापयेच्छवम् ।
अनुगच्छेत्परेद्युश्च दोषस्तत्र न जायते ॥ ३०६ ॥
विदेशमरणे चैव भर्तुर्यद्वस्तु विद्यते ।
तद्द्रव्यं हृदये कृत्वा क्षत्रादीनामनुव्रजेत् ॥ ३०७ ॥

बहुत पुत्रवाली, गर्भवती, रजस्वला, पतित और कलहरत, तथा असती नारी कभी अनुगमन न करै । अनुगमनके लिये शव एक दिन रक्षित होसकता है, इसके पीछेवाले दिन अनुगमन करनेमें दोष नहीं होता क्षत्रिय इत्यादि तीनों वर्णकी यही विधि निर्दिष्ट है कि, यदि पतिका विदेशमें मरण हो तो पतिकी जो वस्तु निकट विद्यमान हो उसी वस्तुको हृदयमें धारण करके अनुगमन करै॥ ३०५ ॥ ३०६ ॥ ३०७ ॥

भावानुरंजितावाथ सती शूद्रा भवेत्क्वचित् ।
तस्यानुमरणं कुर्य्याद्वैश्यस्य च विधिः स्मृतः॥ ३०८॥

शूद्रस्त्री यदि अन्तःकरणसे प्रेम करनेवाली होकर सती हो तो वह अनुमरण करसकती है वैश्याकीभी यही विधि कही गई है॥ ३०८॥

तृतीयायां मृतो भर्ता चतुर्थ्यां वाप्यनुव्रजेत् ।
भर्तुरेव तिथौ तस्याः कुर्यात्साम्वत्सरं बुधः॥ ३०९॥

भर्ता यदि तीजमें मरा है तो चौथमें भी अनुमरण कर सकती है जिस तिथिमें स्वामीकी मृत्यु हो, वर्ष दिनके पीछे उसी तिथिमें पिण्ड-दान करना चाहिये ॥ ३०९ ॥

एकत्र मरणे देवि पिण्डमेकत्र निर्वपेत् ।
युगपत्कारयेच्छ्राद्धं समाप्यैवं न दोषभाक् ॥ ३१० ॥

हे देवि ! एकत्र मरणमें एकत्र पिण्ड देवे और एक साथही श्राद्ध करना चाहिये इसमें हानि नहीं है ॥ ३१० ॥

दम्पत्योश्चैव पिण्डश्च वर्त्तुलं कारयेन्नरः ।
वस्त्रेण वरणं कुर्यान्मधुक्षीरं निपातयेत् ॥ ३११ ॥

पति पत्नीका, पिण्ड गोलाकार करके उसे वस्त्रसे ढके, फिर उसके ऊपर शहत् और दूध डाले ॥ ३११ ॥

न पिण्डेन सह क्षीरं शुष्काम्रं न कदाचन ।
माहिष्याद्यं च न घृतं धात्री च लकुचं तथा ॥ ३१२ ॥
दाडिमं बीजपूरञ्च ह्युर्व्वारुकफलन्तथा ।
जम्बूफलञ्च पद्माक्षं कदलीं रामकं त्यजेत् ॥ ३१३ ॥

पिण्डके सहित दूध, सूखा आम, घृत, भैंसका घृत, आंवला लकुच, दाडिम, बिजौरा नींबू, उर्वारुक, जम्बूफल (जामन कची) पद्माख, कदली और रामक कभी प्रदान न करै ॥ ३१२ ॥ ३१३ ॥

कशेरुञ्च युगानञ्च कपिलाक्षीरमेव च ।
तथा जम्बूफलं पक्वं श्राद्धे देयानि यत्नतः ॥ ३१४ ॥

कशेरु, युगान, कपिला गायका दूध, पकी हुई जामन, श्राद्धमें यत्न पूर्वक देवे ॥ ३१४ ॥

ब्रह्मण्यं समधुक्षीरं मूलकं करमर्दकम् ।
बिल्वञ्च तिन्दुकञ्चैव मधुकं मधुरी तथा ।
जम्बूफलञ्च पद्माक्षं जीवन्तीञ्च नियोजयेत् ॥ ३१५ ॥

सुपर्णी, मधु, क्षीर, मूली, करमर्दक, बेल, तिन्दुक, मधु, सरस्वती जामनका फल, पद्माख और जीया, यह सब निवेदन करै ॥ ३१५ ॥

ब्राह्मणैः क्षत्रियैर्वैश्यैः श्राद्धं सुचवसोदितम् ।
कुलधर्मानुसारेण दातव्यं मन्त्रपूर्वकम् ॥ ३१६ ॥

ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य यह तीन वर्ण कुलधर्मानुसार गुरुब्राह्मणादिकी अनुमति लेकर मंत्रपूर्वक सुचवसोदित श्राद्ध करै ॥ ३१६ ॥

त्रिभिर्वर्णैर्वरैर्देयं शूद्रैर्विप्रानुशासनात् ।
मन्त्रवर्ज्जञ्च विधिवद्वह्निपाकविवर्जितः ॥ ३१७ ॥
पुष्करादिषु तीर्थेषु पुण्येष्वायतनेषु च ।
शिखरेषु गिरीन्द्राणां पुण्यदेशेषु शाङ्करि ॥ ३१९ ॥
सरित्सु पुण्यतोयेषु सरस्सु च नदेषु च ।
सङ्गमेषु नदीनाञ्च सागरेषु च सप्तसु ॥ ३१९ ॥
देवतायतने गोष्ठे धात्रीमूले तथैव च ।
दिव्यपादपमूलेषु तुलसीमध्यमेषु च ॥ ३२० ॥
दशार्णेषु कुमार्येषु मागधेषु कुशेषु च ।
विरजस्योत्तरे तीरे लोहितस्य च दक्षिणे ॥ ३२१ ॥
दक्षिणे नर्मदायाश्च आगस्त्यस्य च दक्षिणे ।
पूर्वेषु करतोयाया न देयं श्राद्धमुच्यते ॥ ३२२ ॥

शूद्रगण ब्राह्मणोंकी आज्ञानुसार विधिपूर्वक मंत्रहीन और वह्निपाकवर्जित अर्थात् कच्चे अन्नसे श्राद्ध करैं । शास्त्रके जाननेवालोंने कहा है कि, पुष्करादितीर्थ पवित्र गृह, पर्वतके शिखर, पुण्यदेश, समस्त सरित्, पवित्र जलवाली नदी, सरोवर और नद, नदियोंके संगम, सप्तसागर, देवगृह, गोष्ठ, धात्रीमूल, आँवलेकी जड, दिव्यपादप मूल, तुलसीके मध्यस्थल, दशार्णदेश, कुमारी, मगध और कुश विरजके उत्तर तीर, लोहितके दक्षिण नर्मदाके दक्षिण और आगस्त्यके दक्षिण तथा करतोयाकी पूर्वदिशामें श्राद्धदान न करै ॥ ३१७–३२२ ॥

श्राद्धं देयं वदन्तीह मासि मासि उपक्षये ।
पौर्णमासीषु च श्राद्धं कर्त्तव्यंत्वक्षगोचरे ॥ ३२३ ॥

पण्डितोंने कहा है कि, महीने महीने अमावास्यामें श्राद्ध करना चाहिये । पौर्णमासीको अक्षगोचरमें श्राद्ध करना चाहिये ॥ ३२३ ॥

नित्यं श्राद्धं सदैवञ्च मनुष्यैः सह गीयते ।
नैमित्तिकं सुरैः श्राद्धं नित्यं नैमित्तिकन्तथा ॥३२४॥
काम्यानि यानि श्राद्धानि प्रतिसम्वत्सरं द्विजैः ।
वृद्धिश्राद्धं च कर्त्तव्यमुक्तकर्मादिकेषु च ॥ ३२५ ॥

नित्यश्राद्ध दैवसहित नैमित्तिक श्राद्ध मनुष्यसहित और नित्यनैमित्तिक सुरसहित करना चाहिये । ब्राह्मणगण काम्य श्राद्ध प्रति वर्ष करैं और कर्मानुसार वृद्धि श्राद्ध करैं ॥ ३२४ ॥ ३२५ ॥

तत्र स्नानं हि जानीहि मातृपूर्वं तु शङ्करि ।
कन्यागते सवितरि दिनानि दश पञ्च च ।
पार्वणेन विधानेन श्राद्धं कुर्याद्विचक्षणः ॥ ३२६ ॥

हे शंकरि ! उसमें मातृपूर्व स्नान जानना चाहिये । सूर्यके कन्याराशिमें जानेपर पन्द्रहवें दिन पण्डितगण पार्वण विधानानुसार श्राद्ध करैं ॥ ३२६ ॥

यो ददाति गुडैर्मिश्रान्तिलान्वा श्राद्धकर्माणि ।
मधुना मधुमिश्राणि चाक्षयं तत्प्रचक्षते ॥ ३२७ ॥

श्राद्धकर्ममें मन्त्रसहित गुडमिश्रित तिलदान करनेसे वह अक्षय होता है ॥ ३२७ ॥

कृत्तिकासु पितॄनर्च्य मुक्तिमाप्नोति मानवः ।
अपत्यकामो रोहिण्यां सौम्ये तेजस्वितां लभेत् ॥३२८॥

मघासु च प्रजा पुष्टिं सौभग्यं फल्गुनीषु च ।
अन्येष्वपि च ऋक्षेषु कर्त्तव्यं कामचारतः ॥ ३२९ ॥

कृत्तिकामें पितरोंकी पूजा करनेसे मनुष्य मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं। रोहिणीमें पूजा करनेसे अपत्य (सन्तान) लाभ, सौम्यमें पूजा करनेसे तेजस्विता, मघामें प्रजा, फाल्गुनीमें पुष्टि और सौभाग्य लाभ होता है अन्य नक्षत्रोंमेंभी अपनी इच्छानुसार पितरोंका तर्पण करना चाहिये ॥ ३२८ ॥३२९॥

अपि ये पितरौ यस्य मृताः शस्त्रेण वाहवे ।
तेन कार्यं चतुर्दश्यां तेषां तृप्तिमभीप्सता ॥ ३३० ॥

जिसके पितृगण युद्धमें शस्त्रसे मरे हैं चतुर्दशीमें तर्पण करनेसे उनको विशेष तृप्ति लाभ होती है ॥ ३३० ॥

यदा पञ्चदशी श्राद्धं कर्त्तव्यं काम्यभावतः ।
चतुर्दश्यां समेतश्च षोडशश्राद्धमिष्यते ॥ ३३१ ॥

जब काम्यभावसे पन्द्रह श्राद्ध करे। चतुर्दशीमें समवेतप्रकार अर्थात् दोनों विधियोंसे संयुक्त सोलह श्राद्ध करें ॥ ३३१ ॥

दशम्यादिकमारभ्य पञ्चम्यादिकमेव च ।
तदा वर्ज्यं चतुर्दश्यां तिथौ दैवान्समाचरेत् ॥३३२॥

दशमी इत्यादिसे आरंभ करके पंचमी इत्यादि वर्जित हैं, चतुर्दशी तिथिमें देव श्राद्ध करना चाहिये ॥ ३३२ ॥

श्राद्धं कुर्व्वन्नमायां च मासि मासि तदा क्वचित् ।
सर्वान्कामानवाप्नोति स नरः स्वर्गमश्नुते ॥ ३३३ ॥

प्रतिमहीनेकी अमावस्यामें श्राद्ध करनेसे मनुष्य समस्त कामनाको प्राप्त होकर स्वर्गलोकको प्राप्तकरते हैं ॥ ३३३ ॥

नित्यश्राद्धे तर्पणे च सुरार्चानित्यपूजने ।
भोजने ब्राह्मणानाञ्च दक्षिणा न हि विद्यते ॥३३४॥

नित्यश्राद्धमें, तर्पणमें, देवअर्चनामें, नित्यपूजामें और ब्राह्मणभोजनमें दक्षिणा नहीं है ॥ ३३४ ॥

श्राद्धाशक्तौ प्रेतपक्षे ब्रह्मणान्भोजयेत् प्रिये ।
देवेभ्योऽन्नं जलं दद्यादेवमन्यान्निवेदयेत् ॥ ३३५ ॥

हे प्रिये ! प्रेतपक्षके श्राद्धमें असमर्थ होनेपर ब्राह्मणभोजन करावे, देवताओंको अन्न जल देवे ॥ ३३५ ॥

पित्रोश्च जीवतोर्देवि यज्ञादौ श्राद्धवासरे ।
भोजयेद्भक्ष्यभोज्यैश्च फलैश्च विविधैरपि ॥ ३३६ ॥

हे देवि ! जीवित मातापिताके यज्ञादिमें श्राद्धके दिन भक्ष्य भोज्य और विविधफल भोजन करावे । इसका आशय यह है कि, मातापिताके यज्ञवाले दिन जिसका हमें श्राद्ध करना है, ऐसे भ्राता आदिका श्राद्ध उपस्थित होजाय तो उसमें ब्राह्मणको विविधप्रकारके फलोंका भोजन करावै ॥ ३३६ ॥

अभोजिते हतो यज्ञः श्राद्धश्चापि हतं भवेत् ।
वृद्धिश्राद्धे पार्वणे च नित्यश्राद्धे विवर्जयेत् ।
ब्राह्मणानां बहूनां च भोजनं च महेश्वरि ॥ ३३७ ॥

भोजन न करानेसे यज्ञ और श्राद्ध समस्तही नष्ट होता है, वृद्धिश्राद्ध और पार्वणमें नित्यश्राद्ध तथा बहुत ब्राह्मणोंको भोजन कराना वर्जित है ॥ ३३७ ॥

राजसूयाश्वमेधाद्यैर्यदिच्छेद्दुर्लभं पदम् ॥ ३३८ ॥
गयां गंगां तथा गत्वा कुर्याच्छ्राद्धं विधानतः ।
अप्यंबुशाकमूलान्नैः सक्तुभिर्यवकन्दकैः ॥ ३३९ ॥

राजसूय अश्वमेधादि दुर्लभ पदकी इच्छा हो तो गंगा और गयामें जाकर शाक, मूल, जल, अन्न, सत्तू और यवद्वारा विधिपूर्वक श्राद्ध करै ॥ ३३८ ॥ ३३९ ॥

तावत्पितृपुरी शून्या यावद्विष्णोः प्रबोधनम् ।
प्रबोधे समतिक्रान्ते पित्रा वा दैवतैः सह ।
निःश्वस्य प्रतिगच्छन्ति शापं दत्त्वा सुदुष्करम् ॥ ३४० ॥

जबतक विष्णुका प्रबोधन न हो अर्थात् कार्तिकशुक्ला एकादशी नहीं आती, तबतक पितृपुरी शून्य रहती है । प्रबोधना होनेसे पितृ और देवता दारुण शाप देकर निःश्वास परित्यागपूर्वक लौट जाते हैं ॥ ३४० ॥

गयाश्राद्धं गयास्नानं तथा च तिलतर्पणम् ।
खड्गपात्रेण देवेशि जीवत्पित्रा विवर्ज्यते ॥ ३४१ ॥

हे देवेशि ! जिसके पितृगण जीवित हों वह गयाश्राद्ध, गयास्नान और खड्गपात्रमें तिलतर्पण न करै ॥ ३४१ ॥

सोमवारे त्वमायां च मौनस्नानं विवर्जयेत् ॥ ३४२ ॥

सोमवार और अमावस्यामें मौनस्नान वर्जित है ॥ ३४२ ॥

यस्य माता मृता देवि तस्य मातुर्गया प्रिये ।
यदि प्रेतः पिता देवि पितृव्यमरणेऽपि च ।
मातापित्रोर्जीवतोरप्यविचार्य्य गयां व्रजेत् ॥ ३४३ ॥

हे देवि ! जिसकी माता मरगई है, उसीकी मातृगया होती है । हे देवि ! पिता यदि प्रेत हो वा पितृव्यका मरण हो तो गयामें जाय । पिता माताके जीवित होनेपर विना विचार किये गयामें न जाय ॥ ३४३ ॥

पितुः पिण्डं प्रदद्यात्तु भोजयेच्च पितामहम् ।
प्रपितामहपिण्डंच ह्येवं शास्त्रेषु निश्चितम् ॥ ३४४ ॥

मृतेषु पिण्डं दातव्यं ब्राह्मणांश्चापि भोजयेत् ॥ ३४५ ॥

पितृपिण्ड, पितामहपिण्ड और प्रपितामहका पिण्ड देकर ब्राह्मण-भोजन करावे. शास्त्रमें इस प्रकार निश्चित है कि, मरनेपर पिण्ड देना और ब्राह्मणभोजन करना चाहिये ॥ ३४४ ॥ ३४५ ॥

दक्षिणापूरणं सिद्धं विरिक्तं शुभलक्षणम् ।
शुचिं देशं विरिक्तिं च गोमयेनोपलेपयेत् ॥ ३४६ ॥
पावके भूमिभागे च पितॄणां नैव निर्वपः ।
शयनीयगृहे देवि ! आगारञ्च विवर्जयेत् ॥ ३४७ ॥

दक्षिणदिशाकी ओरसे परिपूर्ण शुभलक्षणयुक्त अतएव उत्तम और पवित्र एकान्त स्थानको गोबरसे लीपकर अग्निवेष्टनपूर्वक पितरों-की स्थिति करै । हे देवि ! शयनागारमें पितरोंकी स्थापना करनी उचित नहीं है ॥ ३४६ ॥ ३४७ ॥

भिक्षुको ब्रह्मचारी च भोजनार्थमुपस्थितः ।
श्राद्धेषु तूपविष्टेषु यथाकामं प्रपूजयेत् ॥ ३४८ ॥

भिक्षुक ब्रह्मचारी इत्यादिके भोजनार्थ उपस्थित होनेपर श्राद्ध करनेवाला यथाकाम उनकी पूजा करै ॥ ३४८ ॥

सहाक्रियां देशकालौ द्रव्यब्राह्मणसम्पदः ।
पञ्चैते च पितॄन् हन्ति तस्याङ्गे हेतुविस्तरात् ॥ ३४९ ॥

क्रिया, देश, काल, द्रव्य और ब्राह्मणसम्पत्, यह पांचों पितरों-को निहत करते हैं उनके अंगमें विस्तारहेतु विद्यामनहै ॥ ३४९ ॥

अपि वा योजयेदेवं ब्राह्मणं वेदपारगम् ।
भूयांसि देवि कार्याणि मानवश्च करोति यः ॥ ३५० ॥

न काममभवच्छ्राद्धं तन्त्रेणापि समापयेत् ।
वैश्वदेवस्य चारम्भे तत्तु श्राद्धं विवर्जयेत् ॥ ३५१ ॥

अथवा इसमें वेदके जाननेवाले ब्राह्मणको नियुक्त करै । हे देवि ! मेरे कार्य बहुत हैं जो इस प्रकार मनमें समझता है, उसका श्राद्ध परिपूर्ण नहीं होता । ऐसा होनेसे तन्त्रद्वाराभी कार्यसमापन करना चाहिये वैश्वदेवकी पूजा आरंभमें वह श्राद्ध वर्जित है ॥३५० ॥३५१॥

प्रासादकरणे चैव यात्रायां गृहकर्मणि ।
न विद्यते श्यामपक्षे तन्त्रस्नानं विवर्जयेत् ॥ ३५२ ॥

स्थानका निर्माण करना, यात्रा और गृहकार्य तथा तन्त्रस्नान कृष्णपक्षमें नहीं करना चाहिये ॥ ३५२ ॥

इति श्रीयोगिनीतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे चतुर्विंशतिसाहस्रे कामरूपाधिकारे द्वितीयभागे भाषाटीकायां पञ्चमः पटलः ॥ ५ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

द्वितीये सुदिने देवि यत्कृत्यं शृणु पार्वति ।
चक्रतीर्थे नरः स्नात्वा सर्वपापैर्विमुच्यते ॥ १ ॥

श्रीभगवान् बोले–हेदेविपार्वती ! अब दूसरे दिन जो करनाचाहिये,वह सुनो । मनुष्यगण चक्रतीर्थमें स्नान करके सब पापोंसे छूटजाता है॥१॥

लोहित्यदक्षिणं गत्वा वायव्ये कोलपर्वतः ।
तस्य पश्चिमदिग्भागे महानाथो महाबलिः ॥ २ ॥

फिर लोहित्यके दक्षिणमें जाकर वायुकोणके कोलपर्वतमें जाय उसकी पश्चिमदिशामें महाबलि पाण्डुनाथ हैं ॥ २ ॥

तस्य वायव्यभागे तु धनुर्द्वादशकं सरः ।
ब्रह्मकुण्डमितिख्यातं सर्वपापप्रणाशनम् ॥ ३ ॥

उसके वायुकोणमें बारह धनुः प्रमाण सब पापोंका नाश करनेवाला ब्रह्मकुण्डनामसे विख्यात सरस्तीर्थ है ॥ ३ ॥

किं जपैः किं तपोभिश्च किं दानैः किं सुतैरपि ॥
ब्रह्मकुण्डे नरः स्नात्वा सिद्धिं विन्दति तत्क्षणात् ॥४॥

जप, तप, दान और पुत्रसे क्या प्रयोजन है ? मनुष्य ब्रह्मकुण्डमें स्नान करके तत्काल सिद्धिलाभ करसकते हैं ॥ ४ ॥

ईश्वरानुज्ञया पूर्वमुषितं ब्रह्मणा पुरा ।
स्नानार्थं संप्रधावन्ति तत्तीर्थं देवदानवाः ॥ ५ ॥
ऋषयः सिद्धगन्धर्वास्तीर्थानि च सरांसि च ।
माहात्म्यमुत्तमं तस्य ब्रह्मकुण्डस्य सुन्दरि ॥ ६ ॥

पूर्वकालमें ईश्वरकी आज्ञासे ब्रह्माजीने इसमें प्रथम वास किया था, फिर देव, दानव, ऋषि, सिद्ध और गंधर्वगण इसमें स्नान करनेके लिये धावमान हुए थे । संपूर्णतीर्थ और सब सरोवर इसमें स्थित रहते हैं. हे सुन्दरि ! इस ब्रह्मकुण्डतीर्थका माहात्म्य सर्वोत्तम जानना चाहिये ॥ ५ ॥ ६ ॥

स्नात्वा तारेण विधिवद्दानं दद्याद्यथाविधि ।
मणिकाञ्चनरत्नानि यथाविभवमात्मनः ॥ ७ ॥

वहां तारामंत्रसे विधिवत् स्नान करनेके पीछे यथाविधि दान करै । अपने विभवके अनुसार मणि, रत्न, कंचन इत्यादिका दान करना चाहिये ॥ ७ ॥

सम्भवे सति यो मोहान्न स्नाति च नराधमः ।
पच्यते नरके घोरे यावदिन्द्राश्चतुर्दश ॥ ८ ॥

जो नराधम संभव होनेपरभी इस तीर्थमें स्नान नहीं करता, वह चौदह इन्द्रके कालपर्यन्त घोर नरकमें पडकर दुःख भोगता है ॥ ८ ॥

तस्य दक्षिणदिग्भागे धनुः पञ्चप्रमाणतः ।
लौहित्यं नाम तत्तीर्थं स्नानान्नश्यति पातकम् ॥ ९ ॥

उसकी दक्षिणदिशाके विभागमें पांच धनुःप्रमाण लौहित्यनामक तीर्थ है, उसमें स्नान करनेसे पातक नष्ट होते हैं ॥ ९ ॥

स्नानेन तीर्थराजस्य तथा सर्वाघसंक्षयम् ।
तीर्थराजसरः पुण्यं सर्वतीर्थफलप्रदम् ॥ १० ॥

तीर्थराजमें स्नान करनेसे समस्त पाप क्षय होते हैं, तीर्थराज सरोवर पुण्यतीर्थ और सब तीर्थोंका फल देनेवाला है ॥ १० ॥

भूतले यानि तीर्थानि सरितश्च सरांसि च ।
विशन्ति सर्वतीर्थानि सरितश्च सरांसि च ॥ ११ ॥

पृथ्वीतलमें जितने तीर्थ, सरित् और सरोवर हैं, वे सब तीर्थराजमें स्थित हैं ॥ ११ ॥

राजा समस्ततीर्थानां सागरः सरितां पतिः ।
तस्मात्समस्ततीर्थेषु श्रेष्ठोऽसौ सर्वकामदः ॥ १२ ॥

समुद्र जिस प्रकार समस्त नदियोंका पति है ऐसेही यह तीर्थ समस्त तीर्थोंमें श्रेष्ठ और कामनाओंका देनेवाला है ॥ १२ ॥

तमोनाशं यथा ज्योतिर्भास्करे ह्युदिते प्रिये ।
स्नानेन तीर्थराजस्य तथा सर्वाघसंक्षयम् ॥ १३ ॥

हे प्यारी ! जैसे सूर्यदेवके उदित होनेपर समस्त अंधकारका नाश होजाता है और ज्योति उदय होती है, इसीप्रकार तीर्थराजमें स्नानकरनेसे सब पाप नष्ट होजाते हैं और पुण्यका उदय होता है ॥ १३ ॥

तीर्थराजसमं तीर्थं न भूतं न भविष्यति ।
अधिष्ठानं सदा यस्य प्रभोर्नारायणस्य वै ।
कः शक्नोति गुणान् वक्तुं तीर्थराजस्य मे प्रिये ॥१४॥

हे प्रिये ! तीर्थराजकी समान तीर्थ न हुआ न होगा, वहां नारायण देव सदाही वास करतेहैं । हे देवि ! तीर्थराजका गुणवर्णन करनेमें कौन समर्थ होसकताहै ? ॥ १४ ॥

त्रिनवत्ययुतानि यत्र तीर्थानि सन्ति वै ।
तस्मात्स्नानञ्च दानञ्च होमं जाप्यं सुरार्चनम् ।
यत्किञ्चित्क्रियते पुण्यं चाक्षयं भवति प्रिये ॥ १५ ॥

वहां तिरानवें हजार तीर्थ निरन्तर अवस्थान करतेहैं, इस कारण उन तीर्थोंमें स्नान, दान, होम, जप, देवताओंका पूजन जो कुछ किया जाय, वह सब अक्षय फलदायक होताहै ॥ १५ ॥

नमस्ते ब्रह्मपुत्राय नमः शन्तनुसूनवे ।
त्रिजन्मजञ्च यत्पापं हर मे लोहितात्मक ॥ १६ ॥

हे ब्रह्मपुत्र ! हे शन्तनुकुमार ! मैं तुम्हें प्रणाम करताहूं, तुम लोहितात्मा हो ! मेरा तीन जन्मका जो संचित पाप है उसको तुम हरण करो ॥ १६ ॥

इत्यनेन तु मन्त्रेण स्नात्वार्घ्यं विनिवेदयेत् ।
पूजयेत्परया भक्त्या मन्त्रेणानेन भामिनि ॥ १७ ॥
तीर्थराजवरं षष्ठं हंसं वामाक्षिसंयुतम् ।
शमनं हृदयं वह्नेः प्रियाध्रुववपुः सरः ॥ १८ ॥

इस मंत्रसे स्नान करके अर्घ्य निवेदन करे । हे भामिनि ! फिर "तीर्थराजवरं षष्ठं हंसं वामाक्षिसंयुतम् । शमनं हृदयं वह्नेः प्रियाध्रुववपुः सरः" इस मंत्रसे परमभक्तिसहित पूजा करै ॥ १७ ॥ १८ ॥

तस्य दक्षिणतो भागे नातिदूरे च संस्थितम् ।
कुलं धान्वन्तरं यावद्विष्णुकुण्डमिति श्रुतम् ॥ १९ ॥

उसके दक्षिणभागमें थोडीही दूर विष्णुकुण्ड नामक विख्यात तीर्थ स्थित है ॥ १९ ॥

विष्णुकुण्डे नरः स्नात्वा वीक्षते पाण्डुशौनकम् ।
गुरुचारुशिलारूपमग्रे मंजु समन्वितम् ।
पञ्चानामश्वमेधानां फलं प्राप्नोति मानवः ॥ २० ॥

विष्णुकुण्डमें स्नानकरके अग्रभागमें मंजुयुक्त गुरु चारु शिलारूप पाण्डुशौनकका दर्शन करनेसे मनुष्य पांच अश्वमेधके फलको प्राप्त होते हैं ॥ २० ॥

प्राणस्थं सर्वभूतानां योनिश्च सरितां पतिः ।
विष्णुकुण्ड नमस्तेऽस्तु त्राहि मां सर्वकिल्बिषात् ॥२१॥

हे विष्णुकुण्ड ! तुम सब प्राणियोंके प्राणरूपसे अधिष्ठित और सबके उत्पत्तिस्थान तथा सब नदियोंके स्वामी हो, मैं तुम्हें नमस्कार करताहूं, तुम सब पापोंसे मेरी रक्षा करो ॥ २१ ॥

स्नात्वानेन वरारोहे चैकादश्यां च फाल्गुने ।
सर्वपापविनिर्मुक्तः सर्वदुःखविवर्जितः ॥ २२ ॥
वृन्दारकसमः श्रीमान् रूपयौवनगर्वितः ।
विमलेनार्कवर्णेन दिव्यगन्धर्वसेविना ।
कुलैकविंशमुद्धृत्य विष्णुलोकञ्च गच्छति ॥ २३ ॥

इस मंत्रसे फाल्गुनके महीनेकी एकादशीमें स्नान करनेपर समस्त दुःख और पापोंसे मुक्त एवं देवतुल्य श्रीमान् और रूपयौवन संपन्न तथा विमल सूर्यके समान प्रभायुक्त और गंधर्वोंके द्वारा सेवित होकर इक्कीस कुलका उद्धार करके विष्णुलोकमें जाता है ॥ २२ ॥ २३ ॥

तस्य दक्षिणकाष्ठायां किञ्चिन्नैर्ऋत्यगोचरे ।
एकादशधनुर्मानं शिवकुण्डमिति श्रुतम् ॥ २४ ॥

उसके दक्षिणकी ओर कुछेक नैर्ऋतकोणमें ग्यारह धनुः प्रमाण विख्यात शिवकुण्ड है ॥ २४ ॥

तत्राभिषेकमात्रेण रुद्रलोकं स गच्छति ।
शिवकुण्डे चतुर्दश्यां मासि मासि मम प्रिये ।
स्नात्वारुणोदये काले न प्रेतो जायते भुवि ॥ २५ ॥

वहां स्नान मात्रसेही रुद्रलोकमें जाता है. हे प्यारी ! प्रतिमहीनेकी चतुर्दशीको अरुणोदयकालमें शिवकुण्डमें स्नानकरनेसे उसको प्रेतहोकर फिर पृथ्वीमें जन्मलना नहीं पडता ॥ २५ ॥

तीर्थानां परमं तीर्थं विष्णुस्नानसमुद्भवम् ।
सरित्पते नमस्तेऽस्तु त्राहि मां त्वं शिवप्रिये ॥ २६ ॥

हे सब तीर्थोंके परमतीर्थ ! विष्णुके स्नानसे तुम्हारी उत्पत्ति हुई है । हे नदियोंके अधिपति ! तुम महादेवके प्रीतिपात्र हो, इस कारण मैं तुम्हें प्रणाम करताहूं, तुम मेरी रक्षा करो ॥ २६ ॥

स्नात्वा चानेन मन्त्रेण हंसेनार्घ्यं निवेदयेत् ।
ततो व्रजेत्पाण्डुशैलं गन्धतोयेन स्नापयेत् ।
पूजयेत्कमलैः श्वेतैः करवीरैः सितैः शुभैः ॥ २७ ॥

इस मंत्रसे स्नान करके हंसमंत्रद्वारा अर्घ्य निवेदन करे, तदनन्तर पाण्डुशैलमें जाकर सुगंधितजलद्वारा स्नान कराकर शोभायमान श्वेत कमल और श्वेतकनेरसे पूजा करे ॥ २७ ॥

विष्णवे पादमाभाष्य पाण्डुनाथाय सत्पदम् ।
जपाद्यश्च नतिः पश्चादुद्धरेज्जनकादिषु ॥ २८ ॥

इसके उपरान्त मन्त्रोच्चारणपूर्वक पाण्डुनाथ विष्णुकी पूजा करके प्रणाम करनेसे जनकादि पितरोंका उद्धार होताहै ॥ २८ ॥

चतुर्दशार्णो मन्त्रोयं शिखान्तं समुदीरितम् ।
नारदोऽस्य ऋषिश्छन्दो गायत्री देवता हरिः ।
विनियोगश्च सर्वार्थे काम्येषु च विशेषतः ॥ २९ ॥

जिन सब मन्त्रोंका वर्ण चतुर्दश हैं, उनको शिखान्त उच्चारण करना चाहिये । उनके ऋषि नारद; छन्दः गायत्री, देवता हरि एवं सर्वार्थमें और विशेषकर काम्यार्थमें विनियोग होताहै ॥ २९ ॥

श्वेतश्च द्विभुजं विष्णुं शङ्खचक्रलसत्करम् ।
सर्वलोकेश्वरं देवं देवगन्धर्वसेवितम् ।
ध्यानं कृत्वार्चयेद्धीमान्पूर्वपात्रादितः क्रमात् ॥ ३० ॥

फिर बुद्धिमान् मनुष्य श्वेत वर्ण दो भुजावाले शंखचक्र जिनके हाथमें शोभित हैं, ऐसे सब लोकोंके ईश्वर वरदेनेवाले देवता और गंधर्वोंसे सेवित विष्णुका ध्यान करके पूर्वपात्रादि क्रमसे पूजा करै ॥३०॥

लक्ष्मा सरस्वतीं गङ्गां यमुनां नर्मदां शिवाम् ।
बालाश्च कमलाश्चैव तथा संकर्षणादिकम् ।
दिक्पतींश्च ग्रहांश्चैव विष्वक्सेनं प्रपूजयेत् ॥ ३१ ॥

इसके पीछे लक्ष्मी, सरस्वती, गंगा, यमुना, नर्मदा, शिवा, बाला, कमला और संकर्षणादि दिक्पतिगण ग्रहगण और विष्वक्सेन इन सबकी पूजा करै ॥ ३१ ॥

लोहिते विधिवत्स्नात्वा पाण्डुनाथं प्रपूजयेत् ।
सर्वपापविनिर्मुक्तो विष्णुलोके महीयते ॥ ३२ ॥

फिर लोहित्यमें विधिपूर्वक स्नान करके पाण्डुनाथकी पूजा करनेपर संपूर्ण पापोंसे छूटकर विष्णुलोकमें ऐश्वर्योंका उपभोग करता है॥३२॥

मन्वन्तरगतं साग्रं जरामृत्युविवर्जितः ।
पुण्यक्षयादिहागत्य कुले सर्वगुणान्विते ॥ ३३ ॥
जन्मपारिग्रहं कृत्वा प्रेतो भवति वैष्णवः ।
मन्त्रं जप्यार्चयेद्देवमिष्टमन्त्रेण पूजयेत् ॥ ३४ ॥

इसके पीछे, जरा मृत्यु विवर्जित हो वह मनुष्य एक मन्वन्तरके कालपर्यन्त अवस्थित रहकर पुण्यक्षय होनेपर फिर इस लोकमें सर्वगुण युक्त सत्कुलमें जन्मग्रहणपूर्वक फिर प्रेत होकर वैष्णवपदको प्राप्त होता है ॥ ३३ ॥ ३४ ॥

पाण्डुनाथ नमस्तेऽस्तु नमस्ते मोक्षकारक ।
त्राहि मां सर्वलोकेश विष्णुरूप नमोऽस्तु ते ॥ ३५॥
निर्मलानन्दसंकाश नमस्ते पुरुषोत्तम ।
नमस्ते पुण्डरीकाक्ष पाण्डुनाथ नमोऽस्तु ते॥३६ ॥
नमस्ते हेमगर्भाभ नमस्ते गरुडध्वज ।
ब्रह्मरूप नमस्तेऽस्तु नारायण नमोऽस्तु ते ॥ ३७ ॥
नमस्तेऽञ्जनसङ्काश नमस्ते भक्तवत्सल ।
पाण्डुनाथ नमस्तेऽस्तु त्राहि त्राहि नमोऽस्तु ते॥३८॥
नमस्ते विबुधावास नमस्ते विबुधप्रिय ।
नारायण नमस्तेऽस्तु त्राहि मां शरणागतम् ॥ ३९ ॥
नमस्ते विबुधश्रेष्ठ नमस्ते कमलोद्भव ।
चतुर्मुख जगद्धाम पाण्डुरूप नमोऽस्तु ते ॥४० ॥
नमस्ते नीलमेघाभ नमस्ते त्रिदशार्चित ।
त्राहि विष्णो जगन्नाथ पाण्डुरूप नमोऽस्तु ते॥४१॥
नरसिंह महावीर्य त्राहि मां दीप्तलोचन ।
विष्णुरूप नमस्तेऽस्तु पाण्डुनाथ नमोऽस्तु ते॥४२॥

इन मंत्रों द्वारा पाण्डुनाथकी अर्चना करके इस मंत्रसे पूजा करे ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ ४० ॥ ४१ ॥ ४२ ॥

देवस्य नैर्ऋते भागे धनुःपञ्चप्रमाणतः ।
अश्वत्थचिह्नितं क्षेत्रं धर्मक्षेत्रं प्रकीर्त्त्यते ॥ ४३ ॥

पाण्डुनाथके नैर्ऋत कोणमें पंच धनुःप्रमाण अश्वत्थचिह्नित क्षेत्र अवस्थित है । इसको धर्मक्षेत्र जानना चाहिये ॥ ४३ ॥

संहितां प्रजपेत्तत्र गीतशास्त्रञ्च संजपेत् ।
चतुर्युग्मेन संजप्यं मन्त्रेणैव तु तत्फलम् ॥ ४४ ॥
लभते नात्र सन्देह एकावर्त्ते सहस्रकम् ।
क्षेत्रस्यारोहणाद्देवि कुरुक्षेत्रफलं लभेत् ॥ ४५ ॥

वहां संहिताजप और गीतशास्त्रका जप करना चाहिये, चतुर्युग्म अर्थात् आठबार जप करनेसे सब मंत्र प्राप्त होते हैं इसमें सन्देह नहीं वहां एकबार पाठ करनेसे अन्यत्र पाठका सहस्रगुण फल प्राप्त होता है, हे देवि ! इस क्षेत्रमें आरोहण करनेसे कुरुक्षेत्रके तुल्य फल मिलताहै ॥ ४४ ॥ ४५ ॥

देवस्य पूर्वभागे तु धनुरेकप्रमाणतः ।
स्वच्छाकृतिश्चारुशिला सा लक्ष्मीः परिकीर्त्तिता४६॥

देवके पूर्वभागमें उतनेही धनुःप्रमाण स्वच्छाकृति एक मनोहर शोभायमान शिला प्रतिष्ठित है वही लक्ष्मी है ॥ ४६ ॥

श्रीबीजेन समभ्यर्च्य मालतीकुसुमैर्यजेत् ॥ ४७ ॥

श्रीबीजसे मालतीकुसुमद्वारा उनकी पूजा करै ॥ ४७ ॥

विष्णुकुण्डे ततः स्नात्वा लक्ष्मा पूज्य विधानतः ।
पौर्णिमास्यां तुलार्के तु लक्ष्मीस्तस्याचला भवेत्४८॥

विष्णुकुण्डमें स्नान करनेके पीछे विधिपूर्वक लक्ष्मीकी पूजा करनी चाहिये । जो मनुष्य तुलाके सूर्य और पौर्णमासीमें उनकी पूजा करता है उसकी लक्ष्मी अचल होती है ॥ ४८ ॥

तस्य दक्षिणदिग्भागे नातिदूरे च शांकरि ।
कोलक्षेत्रं विजानीहि धनुरष्टप्रमाणकम् ॥ ४९ ॥

हे शांकरि ! उसकी दक्षिणदिशामें थोडीही दूर आठ धनुःप्रमाण कोलक्षेत्र जानना चाहिये ॥ ४९ ॥

अश्वत्थमूले देवेशं कृष्णचारुशिलामयम् ।
लोको दृष्ट्वार्चयेद्भक्त्या विष्णुलोकं स गच्छति ॥५०॥

जो मनुष्य पीपलकी जडमें स्थित मनोहर कृष्णाशिलामय देवेश्वरका दर्शनकरके भक्तिपूर्वक पूजा करताहै वह विष्णुलोकमें जाता है ॥ ५० ॥

ब्रह्मकूटस्य धनदे श्रीकुण्डं नाम वै सरः ।
धनुर्युग्मप्रमाणेन तत्र स्नात्वा श्रियं लभेत् ॥ ५१ ॥

ब्रह्मकूटकी उत्तर दिशामें दो धनुःप्रमाण श्रीकुण्डनामक सरोवर है वहां स्नान करनेसे श्रीलाभ होती है ॥ ५१ ॥

चैत्रे शुक्लदशम्याञ्च एकादश्यां सितेतरे ।
स्नात्वा मन्त्रेण श्रीतीर्थे गतिमाप्नोत्यनुत्तमाम् ॥५२॥

चैत्रशुक्लदशमीके दिन और कृष्णपक्षकी एकादशीमें श्रीतीर्थमें स्नान करनेसे उत्तम गति प्राप्त होती है ॥ ५२ ॥

श्रीरस्तु भगवच्छ्रेष्ठ आरोग्यविजयप्रद ।
श्रियं देहि यशो देहि पापं हर नमोऽस्तु ते ॥ ५३ ॥

हे श्रीरस्तु भगवच्छ्रेष्ठ ! हे आरोग्य ! और विजयके देनेवाले ! मुझको श्री और यश दो तथा मेरे पापोंको हरण करो; मैं आपको नमस्कार करताहूं इस मंत्रसे श्रीकुण्डमें स्नान करै ॥ ५३ ॥

तस्य पूर्वे च द्वाविंशद्धनुर्मात्रप्रमाणतः ।
तीर्थं कनखलं प्रोक्तं महापातकनाशनम् ॥ ५४ ॥

उसके पूर्वमें बाईस धनुःप्रमाण कनखलनामक महापापोंका नाश करनेवाला तीर्थ अवस्थित है ॥ ५४ ॥

वैशाखस्य तृतियायां शुक्लपक्षे विशेषतः ।
दक्षिणामूर्तिमन्त्रेण स्नात्वा स्वर्गे महीयते ॥ ५५ ॥

वैशाखके महीनेकी शुक्ल तृतीयामें दक्षिणामूर्तिमंत्रद्वारा उसमें स्नान करनेसे स्वर्गलोकमें ऐश्वर्योंका उपभोग करता है ॥ ५५ ॥

सरिच्छ्रेष्ठ महाभाग देवगन्धर्वसेवित ।
दशजन्मार्जितं पापं हर तीर्थ नमोऽस्तु ते ॥ ५६ ॥

हे सरित्पति ! हे महाभाग ! हे देवता और गंधर्वोंसे सेवित ! हे तीर्थवर्य ! मेरे दश जन्मके संचित पाप हरण करो तुम्हें प्रणाम है इस मंत्रसे स्नान पूजा और प्रणामादि करे ॥ ५६ ॥

तस्य दक्षिणभागे तु पर्वते च मनोहरे ।
धनुर्वेदप्रमाणञ्च चम्पकेशं समर्चयेत् ॥ ५७ ॥

उसके दक्षिणभागके मनोहरपर्वतमें चार धनुःप्रमाण दूर स्थित चम्पकेश्वरकी पूजा करे ॥ ५७ ॥

उपस्पृश्य शुचिर्भूत्वा कनखलं भावसंयुतः ।
मुच्यते सर्वपापैश्च ब्रह्मलोकं व्रजेद्यतः ॥ ५८ ॥

मनुष्यगण पवित्रभावयुक्त होकर कनखलमें स्नानादि समापन करने पर संपूर्ण पापोंसे छूट ब्रह्मलोकमें जाता है ॥ ५८ ॥

तस्य पूर्वे शुभे देवि धनुःसप्तप्रमाणतः ।
तीर्थं त्रैलोक्यविख्यातं ब्रह्मणः परमेष्ठिनः ॥ ५९ ॥
पुष्करं सर्वपापघ्नं मृतानां ब्रह्मलोकदम् ।
मनसा संस्मरेद्यस्तु पुष्करन्तु महेश्वरि ।
मुच्यते पातकैः सर्वैः शक्रेण सह मोदते ॥ ६० ॥

हे देवि ! उसकी पूर्वदिशामें सात धनुःप्रमाण त्रैलोक्यविख्यात परमेष्ठि ब्रह्माका पुष्करनामक तीर्थ है, यह तीर्थ सब पापोंका नाश करनेवाला और मरेहुओंको मुक्ति देनेवाला है । जो मनुष्य मनमेंभी पुष्कर तीर्थको स्मरण करता है, वह सब पापोंसे छूटकर इन्द्रके सहित आनन्दको भोगता है इसमें सन्देह नहीं ॥ ५९ ॥ ६० ॥

तत्र देवाः सगन्धर्वाः सयक्षोरगराक्षसाः ।
उपासते सिद्धसंघा ब्रह्माणं पद्मसम्भवम् ॥ ६१ ॥

देव, गंधर्व, यक्ष, उरग और राक्षसगण वहां आनकर पद्मयोनि ब्रह्माजीकी उपासना करते हैं ॥ ६१ ॥

तत्र स्नात्वा भवेन्मुक्तो ब्रह्माणं परमेष्ठिनम् ।
पूजयित्वा हि वरदं ब्रह्माणञ्च प्रपश्यति ॥ ६२ ॥

वहां स्नान करनेसे मनुष्य मुक्ति पाते हैं• वहां परमेष्ठिकी पूजा करके वरदायक ब्रह्माजीका दर्शन करै ॥ ६२ ॥

तदाभिगम्य देवेशं पुरहूतमनिन्दितम् ।
सुरूपो जायते मर्त्यः सर्वान्कामान्समश्नुते ।
हे पुष्कर महाभाग नमस्ते च त्रिपुष्कर ॥ ६३ ॥
हुं हूं हौं सरितां नाथ पापं मे हर पुष्कर ।
अनेन स्नानं कुर्य्यात्तु त्वन्तेनार्घ्यं निवेदयेत् ॥ ६४ ॥

तब अनिन्दित देवराज पुरन्दरका दर्शन करनेसे मनुष्य उन्हींके स्वरूपको प्राप्त होकर सर्वकामना भोगते हैं । "हे पुष्कर महाभाग नमस्ते च त्रिपुष्कर । हुं हूं हौं सरितां नाथ पापं मे हर पुष्कर" इस मंत्रसे स्नान करके फिर अर्घ्य निवेदन करै ॥ ६३ ॥ ६४॥

पुष्करस्य च नैर्ऋत्ये किञ्चिद्वामे मम प्रिये ।
धनुर्विंशतिमानेन तीर्थं बदरिकाश्रमः ॥ ६५ ॥

हे प्यारी ! पुष्करके नैर्ऋत कोणमें कुछेक वामभागको अट्ठाईस धनुः परिमित बदरिकाश्रम तीर्थ है ॥ ६५ ॥

तत्र गत्वार्चयेद्देवं नारायणमनामयम् ।
गोसहस्रफलं प्राप्य स्नात्वाभ्यर्च्य हरेर्दिने ॥ ६६ ॥
नारायणस्याश्रमे तु यः कुर्याद्रोहिणीव्रतम् ।
एकेन शतकोटीनां व्रतेन फलमाप्नुयात् ॥ ६७ ॥

वहां जाकर अनामय नारायणदेवकी पूजा करै । वहां हरिके दिन स्नान करनेके पीछे पूजा करनेसे सहस्रगोदानका फल होता है । जो मनुष्य नारायणके आश्रममें रोहिणीव्रतका आचरण करता है, वह उसी एक व्रतद्वारा सौ करोड व्रतका फल पाता है ॥ ६६ ॥ ६७ ॥

तत्र लिङ्गं महेशस्य विभाण्डकमिति श्रुतम् ।
समभ्यर्च्य प्रसादेन रुद्रत्वमधिगच्छति ॥ ६८ ॥
पञ्चगोदावरं तीर्थं ब्रह्माद्यैः सेवितं परम् ।
पूजयित्वा तत्र रुद्रं प्रसन्नं परमेश्वरम् ॥ ६९ ॥
आराधयामास हरं पञ्चाक्षरपरायणम् ।
पूजयित्वा नमस्कुर्य्याद्गोशतानां फलं लभेत् ॥ ७० ॥

वहां विभाण्डक नामसे विख्यात महादेवका एक लिंग है, प्रसाद मंत्रसे उसकी पूजा करनेपर रुद्रत्व लाभ होता है । पंचगोदावर तीर्थ अत्युत्तम है । ब्रह्मादि देवता इसकी सेवा करते हैं, वहां प्रसन्न परमेश्वर रुद्रदेवकी पूजा करके पंचाक्षरमंत्रसे हरिकी आराधना करै फिर नमस्कार करनेपर सौ गोदानका फल प्राप्त होता है ॥ ६८ ॥ ६९ ॥ ७० ॥

पुष्करस्य च पूर्वे तु कुमारं नाम वै सरः ।
कुमारतीर्थे यः स्नायाद्गाणपत्यञ्च विन्दति ॥ ७१ ॥

पुष्करकी पूर्वदिशामें कुमारनामक सरोवर है, वहां स्नान करनेसे गाणपतित्व प्राप्त होता है ॥ ७१ ॥

कुमारतीर्थस्याग्नेये पञ्चाशद्धनुरायतम्।
नरनारण्यकं देवि सर्वदेवगणैर्वृतम् ॥ ७२ ॥

कुमारतीर्थके अग्निकोणमें पचास धनुःप्रमाण नरनारण्यक तीर्थ है, हे देवि ! यह सदाही सब देवताओंसे घिरा रहता है ॥ ७२ ॥

कुमारेश पुरेवास विष्णो प्रेयस्थिते रतः।
ॐ ओं ईं ह्रूं जगद्व्यात पापं हर कुमारक ॥ ७३ ॥
अनेन मज्जनं कृत्वा सुरेशार्घ्यं निवेदयेत्।

इस मंत्रसे मज्जन करके सुरेशार्घ्य निवेदन करै ॥ ७३ ॥

तत्र देवो महादेवः स्थाणुरित्यभिधीयते।
तं दृष्ट्वा सर्वपापेभ्यो मुच्यते तत्क्षणान्नरः ॥ ७४ ॥

वहां देवदेव महादेव 'स्थाणु' इस नामसे अभिहित होते हैं, मनुष्यगण उनका दर्शन करनेपर तत्काल सब पापोंसे छूटते हैं ॥ ७४ ॥

चम्पकेशस्य धनदे धनुर्द्विषष्टिमानतः।
तद्वनं चम्पकं नाम सिद्धब्रह्मर्षिवन्दितम् ॥ ७५ ॥
पुण्यमायतनं विष्णोस्तत्रास्ते पुरुषोत्तमः।
ब्रह्मकूटस्य धनदे शिलापञ्चकमध्यगम् ॥ ७६ ॥
दुर्गाकूपं महाकूपं सर्वतोद्धारमेव हि।
दशाक्षरेण मन्त्रेण स्नात्वा कामानवाप्नुयात् ॥ ७७ ॥

चंपकेश्वरके उत्तरमें बासठ (६२) धनुःपरिमाण चम्पकनामक वन है, सिद्ध और ब्रह्मर्षि सदा उसकी सेवा करते हैं, वह विष्णुका पवित्र गृह है, वहां पुरुषोत्तम वास करते हैं ब्रह्मकूटकी उत्तर दिशामें शिलापंचकके मध्यगत दुर्गाकूप है, इसको एक महाकूप

जानना चाहिये । इसके सब ओर दरवाजा है, दशाक्षरमंत्रसे उसमें स्नानकरनेपर संपूर्ण कामना प्राप्त होती है ॥ ७५ ॥७६ ॥ ७७ ॥

दुर्गाकूपे तथाष्टम्यां स्नात्वा काममनुं जपेत् ।
त्रिः कृत्वा पञ्चमं वाथ कृष्णाविजयपुष्पकैः ।
पूजयित्वा नरस्तत्र पीलूश्रुतिधरो भवेत् ॥ ७८ ॥

अष्टमीको दुर्गाकूपमें स्नान करनेके पीछे काममंत्र जपनेसे और कृष्ण विजय पुष्पद्वारा तीनवार वा पांचवार पूजा करनेसे मनुष्यगण पीलूश्रुतिधर होता है ॥ ७८ ॥

काकवन्ध्या तु या नारी मृतापत्या च या भवेत् ।
सापि सन्ततिमाप्नोति शरत्काले विशेषतः ॥ ७९ ॥
बन्धूकैः पूजयेत्तत्र देवीं कामेश्वरीं यदि ।
बिल्वपत्रेण देवेशि शाश्वतीं सिद्धिमाप्नुयात् ॥ ८० ॥

काकवन्ध्या वा मृतापत्या (जिसकी संतान मरजाती है) नारी यदि शरत्कालमें पूजा करे तो उनको संतान प्राप्त होती है, वहां कामेश्वरी देवीकी बन्धूक और बिल्वपत्रद्वारा पूजा करनेसे शाश्वती सिद्धि लाभ होती है ॥ ७९ ॥ ८० ॥

साधयेदीप्सितान्कामांस्तत्र सिद्धिश्च विन्दति ॥ ८१ ॥

और समस्त अभिलषित कामना प्राप्त करके सिद्धि प्राप्त होती है ॥८१॥

कौलश्च विष्णुशैलश्च परमेशि च शङ्करः ।
ईशश्च पारिजातश्च कुमारश्च गणेश्वरः ।
नीलश्च श्वेतभुन्नीत उत्तरे ह्यचलाः स्थिताः ॥ ८२ ॥

हे परमेशि ! कोलपर्वत, विष्णु शैल, ईश, पारिजात, कुमार, गणेश्वर, नील श्वेतभुन्नीत यह सब पर्वत उत्तरमें अवस्थित हैं ॥ ८२ ॥

मध्ये विष्णुस्तथा स्थाणुः पर्वतोऽथ बलस्तथा ।
कमलश्च शिखा चैव कपोतो मरुताचलः ॥ ८३ ॥

मध्यमें विष्णु, स्थाणु, बल, कमल, शिखा, कपोत, मरुताचल॥८३॥

पूर्वस्मिन्पातुकूपादिः पर्वतः परिकीर्त्तितः ।
आग्नेये चाचलो देवि हस्तिकर्णो विकर्णकः ।
अमाचलो दक्षिणे तु मरुबकः प्रजेश्वरः ॥ ८४ ॥

पूर्वमें पातुकूपादि अचल हैं, हे देवि ! आग्नेयकोणमें हस्तिकर्ण और विकर्ण हैं दक्षिणमें अमाचल, मरुबक, प्रजेश्वर ॥ ८४ ॥

द्युमन्तः कनकश्चैव वायव्ये नीललोहितः ॥
कामाह्वयो मानशैलो वह्निरिन्द्रः शतक्रतुः ॥ ८५ ॥

द्युमन्त और कनक है । वायुकोणमें नीललोहित, मानशैल, कामाह्वय, वह्नि, इन्द्र, शतक्रतु ॥ ८५ ॥

लोहितः कमलश्चैव नैर्ऋते निर्ऋतिस्तथा ।
गन्धर्वो लाक्षणश्चैव पिशाचो विहगाचलः ॥ ८६ ॥

लोहितक और कमल है । नैर्ऋत कोणमें नैर्ऋति गन्धर्व लाक्षण पिशाच और विहगाचल है ॥ ८६ ॥

पश्चिमे ब्रह्मयूपश्च हयमेधो गिरीश्वरः ॥
उत्तरे उत्तरश्चैव तथा चोत्तरपाण्डुकः ॥ ८७ ॥

पश्चिममें ब्रह्मयूप हयमेध और गिरीश्वर है, उत्तरमें उत्तर उत्तरपाण्डुक ॥ ८७ ॥

आदित्यो वायुकोणे तु वायुर्भल्लातकस्तथा ।
धनदश्च महीध्रश्च जनकश्च नलस्तथा ॥ ८८ ॥

और आदित्य हैं । वायु कोणमें वायु, भल्लातक, धनद, महीध्र, जनक और नल ॥ ८८ ॥

ऐशान्यां मण्डलश्चैव त्वश्वक्रान्तः सचन्द्रकः ।
यमश्चित्रवहश्चैव ग्रहश्चैव यथाक्रमात् ॥ ८९ ॥

ईशानकोणमें मण्डल, अश्वक्रान्त, चन्द्रक, यम, चित्रवह, और ग्रह हैं ॥ ८९ ॥

ततो गच्छेन्नीलशैलं मध्याह्ने परमेश्वरि ।
अष्टम्याञ्च त्रयोदश्यां चतुर्दश्यामथापि वा ॥९०॥
विषुवे अयने वाथ रविसंक्रमणे तथा ।
पूर्वद्वारि यदा गच्छेदाप्नुयाद्विपुलं धनम् ॥ ९१ ॥

हे परमेश्वरि ! फिर मध्याह्नकालमें नीलशैलमें गमन करै, अष्टमी, तेरस, चौदस विषुव (संक्रांति पुण्यकाल) अयन वा संक्रमणमें पूर्वद्वारमें जानेपर विपुल धन प्राप्ति होता है ॥ ९० ॥ ९१ ॥

उत्तरे मुक्तिकामस्तु राज्यकामस्तु पश्चिमे ।
यदा दक्षिणमार्गेण आरोहेन्नीलकूटकम् ।
हृतराज्यो भवेद्राजा त्वन्येषां जायते क्षयः ॥ ९२ ॥

मुक्तिकी कामना करनेवाला मनुष्य उत्तर दिशा होकर, राज्यकी अभिलाषा करनेवाला मनुष्य पश्चिमदिशाके द्वारा और हृतराज्य मनुष्य दक्षिणादिशाके द्वारा नीलकूटपर आरोहण करनेसे क्रमानुसार मोक्ष, राज्य और पुनर्वार राज्यको प्राप्त होताहै, अन्यदिशाके द्वारा आरोहण करनेसे क्षयको प्राप्त होताहै ॥ ९२ ॥

ऐशाने तु यदा गच्छेद्विपुलां श्रियमाप्नुयात् ।
वायव्ये चाग्निनैर्ऋत्ये महद्भयकरं भवेत् ॥ ९३ ॥

यदि ईशानकोणकेद्वारा आरोहण करै तो विपुल लक्ष्मीकी प्राप्ति होती है । वायव्य, आग्नेय और नैर्ऋत्यमें आरोहण करनेसे महाभय उपस्थित होताहै ॥ ९३ ॥

नीलं दशभुजं शान्तं मणिकुण्डलमण्डितम् ।
नागहारोत्तरीयाढ्यं वृषभस्थं विचिन्तयेत् ॥ ९४ ॥

नीलदेवकी दश भुज, शान्त, मणिकुण्डलमण्डित नागहारोत्तरीय (सर्पोंकी माला और वस्त्रधारण करनेवाले) बैलपर स्थित जानकर भावना करै ॥ ९४ ॥

पूजयेद्वह्निबीजेन नमस्कृत्वा विधानतः ।
मन्त्रेणारोहयेच्छैलमश्वमेधफलं लभेत् ।
प्राग्द्वारेण गृहस्थस्तु आरोहेन्नीलपर्वतम् ॥ ९५ ॥

फिर वह्निबीजसे पूजा करनेके पीछे विधिपूर्वक नमस्कार करके मंत्र द्वारा शैलपर आरोहण करनेसे अश्वमेधका फल प्राप्त होताहै । गृहस्थ पूर्वद्वारसे नीलपर्वतपर आरोहण करै ॥ ९५ ॥

नीलाचल महाबाहो धर्मकामार्थमोक्षद ।
आरोहामि त्वच्छिखरं प्रसीदाघं हराशु मे ॥ ९६ ॥

हे अव्यय नील ! हे महाबाहो ! हे धर्म, अर्थ, काम, मोक्षके देनेवाले ! मैं शिखरपर आरोहण करताहूं मेरे पापोंको हरो और प्रसन्न होओ ॥ ९६ ॥

दूर्गाकूपे तु पूर्वस्यां देवमाम्रातकेश्वरम् ।
धनुस्त्रयान्तरे देवि पूजयेत्केशवादिना ॥ ९७ ॥

हे देवि ! दुर्गाकूपकी पूर्वदिशामें तीन धनुःके अन्तरमें आम्रातकेश्वर केशवादिके सहित पूजा करै ॥ ९७ ॥

तस्य देवस्य याम्ये तु धनुरष्टान्तरे प्रिये ।
गजाननं कृष्णवर्णं पूजयेद्गणनायकम् ॥ ९८ ॥

हे प्यारी ! उसकी दक्षिणदिशामें आठ धनुःके अन्तरमें स्थित गजाकार कृष्णवर्ण गणनायककी पूजा करनी चाहिये ॥ ९८ ॥

तस्य पूर्वेणैव धनुः प्रमाणे स्यात्त्रिविक्रमः ।
तं प्रणम्य नरो भक्त्या सर्वान् कामानवाप्नुयात्॥९९॥

उसके एक धनुःप्रमाण पूर्वभागमें त्रिविक्रम देव स्थित है, मनुष्य भक्तिपूर्वक उनकी पूजा करनेसे संपूर्ण कामनाओंको प्राप्त होते हैं ॥९९

तस्यांशपञ्चकं यावत् धनुषो हि प्रमाणतः ।
चत्वारिंशद्धनुर्मानं सौभाग्यं नाम वै सरः ॥ १०० ॥
क्रीडापुष्करिणी सा तु कामाख्यायाः सुरेश्वरि ।
शक्रेणोपासितः पूर्वं सहदेवैः प्रजापतिः ॥ १०१ ॥

वह धनुःप्रमाण स्थान उसके पंचमांशमें अवस्थित है तदनन्तर चालीस धनुःप्रमाण सौभाग्य नामक सरोवर है । हे सुरेश्वरी ! वही कामाख्या देवीकी क्रीडापुष्करिणी है, वहां पहिले इन्द्रने देवताओंके सहित मिलित होकर प्रजापतिकी पूजा करी थी ॥१००॥१०१॥

तस्य पश्चिमतीरे तु स्नात्वा तत्र च मण्डलम् ।
कृत्वा सम्यग्विधानेन उपवासं समाचरेत् ॥ १०२ ॥

उसके पश्चिमतटमें स्नानकरनेके पीछे प्रदक्षिणा करके विधिपूर्वक वहां उपवास करै ॥ १०२ ॥

पञ्चकेऽह्नि तथा प्राप्ते जले स्नात्वा विधानतः ।
क्रीडापुष्करिणीं गत्वा कामेशीं यस्तु पूजयेत् ।
पितॄन्सन्तारयत्याशु देवीलोके प्रमोदते ॥ १०३ ॥

अन्य दिनपंचकके जलसे विधिपूर्वक स्नान क्रीडा, पुष्करिणी गमन करनेके पीछे कामेश्वरीकी पूजा करनेपर मनुष्य पितरोंको तार देवीलोकमें जाकर आनन्द प्राप्त करता है ॥ १०३ ॥

सौभाग्यसरिदावर्त्तें विमले मानसप्रिये ।
नमोङ्कारो वषट् स्वाहा पापं हर नमोऽस्तु ते ।
मन्त्रेण मज्जनं कृत्वा कामेनार्घ्यं निवेदयेत् ॥ १०४ ॥

सौभाग्यसरिदावर्त्ते विमले मानसप्रिये । नमोङ्कारो वषट् स्वाहा पापं हर नमोस्तु ते " इस मन्त्रद्वारा मज्जन करनेके पीछे काममंत्रसे अर्घ्य निवेदन करना चाहिये ॥ १०४ ॥

ऐशान्ये तस्य कूपस्य लौहित्यो नाम वै सरः ।
स्नात्वा ध्रुवेण देवेशि मुच्यते भवबंधनात् ॥१०५॥

इस कुण्डके ईशानकोणमें लौहित्यनामक सरोवर है, हे देवेशि! वहां ध्रुवमंत्रसे स्नानकरनेपर मनुष्य संसारके बंधनसे छूट जाताहै॥१०५॥

अग्निकुण्डं कालहस्तं यामलं नाम वै सरः ।
तत्र स्नात्वा च पार्श्वेन रूपवान् जायते भुवि॥१०६॥

तदनन्तर अग्निकुण्ड, कालहस्त और यामल नामक सरोवर है. वहां पार्श्वमन्त्रसे स्नान करनेपर पृथ्वीमें रूपवान् होकर जन्मग्रहण करता है ॥ १०६ ॥

पञ्चहस्तं तु नैर्ऋत्ये सौभाग्ये परमेश्वरि ।
गंगासारं विजानीयात्सर्वतीर्थोद्भवं जलम् ॥ १०७ ॥

हे देवि ! उसके नैर्ऋत्यकोणमें पंचकहस्त गंगासरोवर है, उसमें सर्व तीर्थसंभूत जल विद्यमान है ॥ १०७ ॥

कोलामध्यगतं कुण्डं सौभाग्यं परिकीर्त्तितम् ।
तिस्रःकोट्यर्द्धकोटी च दिवि भुव्यन्तरिक्षके ॥१०८॥
सौभाग्ये तानि सर्वाणि मन्दीभूते दिवाकरे ।
तस्मात्समाचरेत्स्नानं कर्त्तव्यं मकरे रवौ ॥ १०९ ॥
तुलाविषुवसंक्रान्त्यादिषु यः स्नानमाचरेत् ।
अभार्यो लभते भार्यां देवीलोके प्रमोदते ॥ ११० ॥

कोलाके बीचवाले तीर्थका नाम सौभाग्य कहागयाहै, स्वर्ग, आकाश और पृथ्वीमें साढेतीन करोड कुण्ड हैं, उन सबकोही सौभाग्य जाने। सूर्यदेवके मकरगत होने और दिवाकरके मन्द होनेपर उनमें स्नान करना चाहिये। तुला विषुव संक्रमण (अयनसंक्रान्ति) में वहां स्नानकरनेसे भार्याहीन मनुष्य भार्या प्राप्तकरके देवीलोकमें गमनपूर्वक आनन्द भोगते हैं ॥ १०८ ॥ १०९ ॥ ११० ॥

गोधिकाकाररूपेण व्यक्ताव्यक्ताशिला च या ।
अनन्ताख्यं विजानीयात्कुण्डं तस्योपरि प्रिये ॥ १११ ॥

हे प्रिये ! गोधिकाकाररूपा (गोयके आकार) जो व्यक्ताव्यक्त शिला है, वही अनन्ताख्य कुण्ड है ॥ १११ ॥

अनन्तात्पश्चिमे पार्श्वे पूर्वे कृष्णाशिला च या ।
वराहं तं विजानीयात्सर्वतीर्थोद्भवं जलम् ॥ ११२ ॥

उसके ऊपरिभाग और पूर्वपार्श्वदेशमें जो कृष्णवर्ण शिला है, वही वराहकुण्ड है, उसमें सर्वतीर्थसंभूत जल विद्यमान है ॥ ११२ ॥

तुलायां वाथ कन्यायां शुक्लाष्टम्यां विशेषतः ।
स्नात्वा संवीक्षयेद्देवीमग्निष्टोमफलं लभेत् ॥ ११३ ॥

तुला वा कन्यामें और विशेषकर शुक्लाष्टमीमें स्नान करनेके पीछे देवीका दर्शन करनेसे अग्निष्टोमयज्ञके फलको प्राप्त होता है ॥ ११३ ॥

तर्पयेत्पितृदेवांश्च काम्यानन्यांश्च तर्पयेत् ।
सर्वतीर्थेषु देवेशि न कुर्यात्काम्यतर्पणम् ॥ ११४ ॥

वहां पितरोंका तर्पण और अन्यान्य काम्यतर्पण करना चाहिये। हे देवेशि ! सब तीर्थोंमें काम्यतर्पण न करै ॥ ११४ ॥

कुण्डेत्र चाश्वक्रान्ते चाप्यगस्त्ये च प्रयागके ।

वाराणसीह्रदे चैव भार्गवे मेरुपुष्करे ।
गङ्गाह्रदे ब्रह्मसरे दुर्गाकूपे च भावयेत् ॥ ११५ ॥

इस कुण्डमें, अश्वतीर्थ, आगस्त्य, प्रयाग वाराणसीह्रद, भार्गव मेरु पुष्कर, गंगाह्रद, ब्रह्मसर और दुर्गाकूपमें काम्यतर्पण करना चाहिये ॥ ११५ ॥

पृथ्वीप्रदक्षिणे यच्च फलं प्रोक्तं महर्षिभिः ।
तत्फलं प्राप्यते तस्य कुण्डस्यैव प्रदक्षिणे ॥११६ ॥

हे देवि ! महर्षियोंने पृथ्वीकी प्रदक्षिणा करनेका जो फल कहाहै, इस कुण्डकी प्रदक्षिणाकरनेसे वही फल प्राप्त होता है ॥ ११६ ॥

कुण्डस्याग्नेयभागे च तुलादूरे व्यवस्थितम् ।
कुम्बलाख्यं शिवं दृष्ट्वा मुच्यते भवबन्धनात्॥११७॥

कुण्डके अग्निकोणमें तुलापरिमित (एकप्रकारकी नाप) दूरमें अवस्थित कम्बलाख्यशिवका दर्शन करनेपर मनुष्य संसारबंधनसे छूट जाताहै ॥ ११७ ॥

स्वरेण भावयुक्तेन नत्यन्तेन प्रपूजयेत् ।
नमो नमस्ते देवेश मन्त्रविद्भिः सुपूजित ।
लक्ष्मीकान्त नमस्तेऽस्तु अनन्त पुरुषोत्तम ॥११८॥
देवदानवगन्धर्वैः सदार्चितपदाम्बुज ।
नमः कमलनाभाय कमलापतये नमः ॥ ११९ ॥

भावयुक्त चित्तद्वारा काममंत्रसे प्रणामपूर्वक पूजा करनी चाहिये हे देवाधिदेव ! आप मन्त्रोंसे पूजित और आभूषणोंसे अलंकृत हैं. हे पुरुषोत्तम ! आप लक्ष्मीके पति और अनन्त हैं देवता दानव गंधर्व आपके चरणोंकी पूजा करते हैं, आप कमलनाभ और कमलाके पति, मैं आपको नमस्कार करताहूं ॥ ११८ ॥ ११९ ॥

तुष्णाकृतिं विष्णुरूपं नमस्कृत्वा मम प्रिये ।
स्तुत्वा प्रदक्षिणं कृत्वा ततो देवीगृहं व्रजेत् ॥१२०॥

इस मंत्रसे कृष्णाकृति विष्णुरूपको नमस्कार स्तुति और प्रदक्षिणा करके फिर देवीगृहमें गमन करे ॥ १२० ॥

कृत्वा शवासनं जप्त्वा वीक्षेत्तारेण शाङ्करि ।
स्पृष्ट्वा मदनप्रायेण नमः कामेन शाङ्करि ॥ १२१ ॥
पञ्चामृतेन तोयेन स्नापयेत्सुशुभैर्जलैः ।
मूलमन्त्रेण चाचम्य मंत्रेण च विमार्जयेत् ॥ १२२ ॥

हे शाङ्करी ! वहां जाय, शवासनमें जाय, जपकर तारामंत्रसे वीक्षण (देखना) और मदनप्राय मंत्रसे स्पर्श और काममंत्रसे नमस्कार करके पञ्चामृत जल और शुद्धवारिद्वारा स्नान करावे फिर मूल मंत्रसे आचमन और पत्रमंत्रसे मार्जन करके ॥ १२१ ॥ १२२ ॥

कामतन्त्रं कुशीतेन लिखेद्दक्षो मम प्रिये ।
वामे कामं लिखित्वा तु तत्र पूजां समाचरेत् ॥१२३॥

दक्षिणभागमें कुशीत (लालचन्दन) द्वारा कामतन्त्र लिखना चाहिये वाममें काममन्त्र लिखकर वहां पूजा करे ॥ १२३ ॥

देव्यङ्गे चित्रके पुष्टिमणौ खड्गे च शांकरि ।
श्मशाने च महालिङ्गे प्रतिमायां जले तथा ।
शालग्रामे यन्त्रतन्त्रे मण्डलञ्च विसर्जयेत् ॥ १२४ ॥

देवीके अंगमें, चित्रपटमें, पुष्टिमणिमें, खड्गमें, श्मशानमें, महालिंगमें, प्रतिमामें, जलमें, मंत्रमें, तन्त्रमें, शालग्राममें, मण्डल वर्जित है ॥१२४॥

महाहोमे मण्डलकृन्महापातकमाप्नुयात् ।
न गृह्णाति च तत्पूजां पदं त्यक्त्वा व्रजेत्पुरम् ॥१२५॥

महाहोममें मण्डल करनेसे महापातक प्राप्त होता है उसमें मण्डल करनेपर वह स्थान छोडकर अपने घरको चलाजाय ॥ १२५ ॥

न च योन्यन्तरगतं श्मशानस्य च पूर्वतः ।
महामण्डलकं देव्याः संस्थितं तत्र पूजयेत् ॥ १२६॥

अन्ययोनिमेंभी मण्डल न करै श्मशानके पूर्वभागमें देवीका महामण्डल स्थित है, वहां पूजा करै ॥ १२६ ॥

सप्ताशीतिधनुर्मानलक्षरक्तशिला च या ।
अष्टहस्तं सपुलकं लिङ्गं लक्षार्द्धसंयुतम् ॥ १२७ ॥
चतुर्हस्तसमं क्षेत्रं पश्चिमे योनिमण्डलम् ।
बाहुमात्रमितश्चैव प्रस्तारे द्वादशाङ्गुलम् ।
आपातालं जलं तत्र योनिमध्ये प्रतिष्ठितम् ॥१२८॥

सत्तासी (८७) धनुः परिमाण जो लक्ष रक्तशिलायुक्त और सपुलक (आठ हाथ परिमित दिव्य) लिंगयुक्त चतुर्हस्तसम क्षेत्र पश्चिममें अवस्थित है वही योनिमण्डल है. वह योनिमध्य बाहुमात्र परिमित है, विस्तारमें बारह अंगुल जल पातालपर्यन्त प्रतिष्ठित है ॥१२७॥ १२८ ॥

उर्वशी यमुनाधारा कावेरी च सरस्वती ।
ब्रह्मकुण्डे समुद्भूतं मणिकूटे च निर्मलम् ॥ १२९ ॥
याति नास्त्यत्र सन्देहो गत्वा वाराणसीह्रदे ।
प्लावित्वा मण्डलं देव्या व्यक्तं ब्रह्मसरे प्रिये ॥१३० ॥

उर्वशी, यमुनाधारा, कावेरी और सरस्वतीने ब्रह्मकुण्डसे निकलकर मणिकुण्डमें गमन किया है, इसमें सन्देह नहीं । तदनन्तर वाराणसी ह्रदमें जानेके पीछे देवीका मण्डल प्लावित (धोय) करके ब्रह्मसरोवरमें प्रगट हुई हैं ॥ १२९ ॥ १३० ॥

मासत्रयाधिके षष्टिवर्षे शुष्कबला भवेत् ।
द्विमासं त्रिदिनञ्चैव निर्विघ्नं तिष्ठति ध्रुवम् ।
षण्मासं सुस्थिते देवि महाविपत्करी स्मृता ॥१३१॥

साठ वर्ष तीन महीनेमें शुष्कबला (जिसका रजोबल विनष्ट होगया हो) होती है वह दोमास तीनदिन निर्विघ्न अवस्थित होती है छैमास अवस्थिति करनेपर विपत्कारी होजाती है इसमें सन्देह नहीं ॥१३१॥

कुल्यधारा यदा शुष्का विण्मूत्रं सन्त्यजेद्बहिः ।
वर्षे वर्षे शुष्कधारा यदा भवति शङ्करि ॥ १३२ ॥
बाह्यदेशे च दुर्भिक्षं रोगो भवति निश्चितम् ।
गर्भे शुष्के राज्यनाशः सर्वशुष्के फलं शृणु ॥१३३॥

जब कुल्य (नहर) की धारा सूखती है. तब बाहर मलमूत्र त्यागना चाहिये। हे शंकरि ! जब वर्ष वर्षमें शुष्कधारा होती है, तब बाह्य देशमें दुर्भिक्ष और रोग होता है, इसमें सन्देह नहीं । गर्भ शुष्क होनेपर राज्यनाश और सर्वशुष्क होनेपर उसका फल सुनो ॥१३२॥१३३॥

राज्यभ्रष्टो भवेद्राजा परराष्ट्रसमागमः ।
एवं बहुविधा दोषा सम्भवन्ति वरानने ॥ १३४ ॥
शान्तिं कुर्याद्विधानेन दोषप्रशमनाय वै ।
घृतप्लुतैः करवीरैः द्विलक्षं होममाचरेत् ।
पायसे रक्तपद्मैर्वा ह्यथवा श्रीफलैः सुधीः ॥ १३५ ॥

उससे राजा राज्यभ्रष्ट और परराष्ट्रसमागम अर्थात् अपने राज्यमें दूसरे राजाका अधिकार होता है । इस प्रकार अनेक भाँतिके दोष संघटित होते हैं उनमें शान्ति करनी चाहिये बुद्धिमान् घृतप्लुत करवीर (घृतमें मिलाकर कनेरके फूलों) से दो लक्ष होम करै । अथवा लाल कमल, खीर, वा श्रीफल ॥ १३४ ॥ १३५ ॥

किम्वा त्रिमधुभिर्भद्रे गोधामांसैर्द्विलक्षकम् ।
त्रिमधुर्मेलनाद्यत्स्याच्छर्करामधुसर्पिषाम् ॥ १३६ ॥

किम्वा त्रिमधुद्वारा वा गोधामांस (गोयकामांस) द्वारा यह दो लक्ष होम करै । शर्करा, मधु और घृत यही तीन मिलनेसे इनको त्रिमधु कहते हैं ॥ १३६ ॥

आवर्जितेन क्षीरेण घृतयुक्तेन होमयेत् ॥ १३७ ॥

घृतयुक्त आवर्जित क्षीरद्वारा होम करै ॥ १३७ ॥

अनन्तस्य पश्चिमे च असिर्नाम्ना स्थिता नदी ।
तस्या धारा पश्चिमे या सा भवेद्वरुणा नदी ।
तस्याः स्वच्छोदकं पीत्वा न पुनर्जायते भुवि ॥१३८॥

फिर अनन्तकी पश्चिम दिशामें असिनामक एक नदी है, उसके पश्चिममें जो धारा है उसका नाम वरुणा नदी है, उसका स्वच्छ जल पीनेसे फिर पृथ्वीमें जन्म लेना नहीं पडता ॥ १३८ ॥

सिद्धेश्वरं कोटिलिङ्गं हेरुकं मुक्तिमण्डलम् ।
तथा वाराणसीक्षेत्रं देव्या ह्यन्तर्गृहं स्मृतम् ॥१३९॥

सिद्धेश्वर, कोटिलिंग, हेरुक, मुक्तिमण्डल, वाराणसीक्षेत्र, यह सब देवीके अन्तर्गृह कहेगये हैं ॥ १३९ ॥

पुस्तके प्रतिमायां च स्थण्डिले च महेश्वरि ।
पादुकायां चित्रपटे तथा खड्गेऽनले जले ॥ १४० ॥

पुस्तक, प्रतिमा, स्थण्डिल, पादुका, चित्रपट, खड्ग, अनल, जल १४०

लौहित्ये चैव गङ्गायां सागरे तीर्थसङ्गमे ।
प्रतिपीठे बिल्वमूले लिङ्गस्थां देविमर्चयेत् ॥ १४१ ॥
कथ्यते या कालशिला तत्पीठं मणिपूरकम् ।
अन्तर्गृहे महापीठे तदेव मणिपीठकम् ॥ १४२ ॥

लौहित्य, गंगा, सागर, तीर्थसंगम, प्रतिपीठ, बिल्वमूल और बिल्वमुखमें लिंगस्था देवीकी पूजा करनी चाहिये । जिसको कालशिला कहते हैं, वही मणिपूरक पीठ, अन्तर्गृह महापीठ और वही मणिपीठ कहीगई है ॥ १४१ ॥ १४२ ॥

शिलायां पर्वताग्रे च तथा पर्वतगह्वरे ।
नित्यञ्च पूजयेद्देवीं नरो भक्तिसमन्वितः ।
वाराणस्यां पूर्णफलं द्विगुणं पुरुषोत्तमे ॥ १४३ ॥

मनुष्यगण भक्तियुक्त होकर शिलामें, पर्वताग्रमें, पर्वतके गह्वरमें नित्यही देवीकी पूजा करें । वाराणसीमें देवीकी पूजा संपूर्णफल-दायिनी और पुरुषोत्तममें उससे दूना फलप्रदान करती है ॥ १४३ ॥

सर्वक्षेत्रे च तीर्थे च कालगिरिसमं फलम् ।
कौमारेऽष्टगुणं प्रोक्तं चौहारे तत्समं फलम् ॥ १४४ ॥

समस्तक्षेत्र और तीर्थमें पूजा करनेसे कालगिरिकी समान फल होता है कौमारमें अष्टगुण और चौहारमें उसीकी समान फल होताहै॥ १४४॥

आर्यावर्त्ते मध्यदेशे ब्रह्मावर्त्ते श्रीहट्टके ।
मणिपूरसमं देवि पूजिता फलदायिनी ॥ १४५॥

हे देवि ! आर्यावर्त्त, मध्यदेश, ब्रह्मावर्त्त और श्रीहट्टमें मणिपूरको समान फलदायिनी होती हैं ॥ १४५ ॥

आगस्त्ये चाश्वमेधिके चतुर्गुणफलं भवेत् ।
तस्य चतुर्गुणं देवि जल्पेश्वरे च निश्चितम् ॥ १४६॥

आगस्त्य और आश्वमेधिकमें उससे चतुर्गुण और जल्पेश्वरमें उससे चतुर्गुण फल निर्दिष्ट है ॥ १४६ ॥

विराजते यत्र योनिः फलं दशगुणं स्मृतम् ।
तस्य चतुर्गुणं देवि एकाम्रे परमेश्वरि ॥ १४७ ॥

जहां योनि विराजित है, वहां उससे दशगुणफल प्राप्त होताहै । हे परमेश्वरि ! एकाम्रमें उससे चतुर्गुण ॥ १४७ ॥

मणिकूटे शतगुणं मणिशैले सहस्रकम् ।
जले स्थले चाश्वतीर्थे ह्युक्तं दशगुणं फलम् ॥१४८॥

मणिकूटमें उससे शतगुण, मणिशैलमें उससे सहस्रगुण, अश्वतीर्थमें जलमें वा स्थलमें उससे दशगुण फल कहा गया है ॥ १४८ ॥

जले स्थले कामरूपे पूजनाच्च समं फलम् ।
कामरूपे यथा विष्णुः सर्वश्रेष्ठो महेश्वरि ।
कामरूपे तथा देविपूजा सर्वोत्तमा स्मृता ॥ १४९॥

कामपरूके जलस्थलमें सर्वत्र पूजासे समानफल प्राप्त होताहै । हे महेश्वरि ! जिस प्रकार विष्णु सर्वश्रेष्ठ और लक्ष्मी सर्वोत्तम है ऐसेही कामरूपमें देवीकी पूजा सर्वोत्तम होती है ॥ १४९ ॥

कामरूपं देविक्षेत्रं कुत्रापि तत्समं न च ।
अन्यत्र विरला देवी कामरूपे गृहे गृहे ॥ १५० ॥

कामरूप देवीक्षेत्र है, उसकी समान अन्यत्र कहीं नहीं है, देवी अन्यत्र विरला है, किन्तु कामरूपमें घरघर विराजमान हैं ॥१५०॥

कामाख्यायां महामायां यः पूजयति मानवः ।
सर्वकाममिह प्राप्य परलोके शिवो भवेत् ॥ १५१ ॥

जिस मनुष्यने कामाख्यामें माहामायाकी पूजा की है उसनेही इस लोकमें सर्व काम और परलोकमें शिवका स्वरूप लाभ कियाहै इसमें सन्देह नहीं ॥ १५१ ॥

न हि तत्सदृशं कार्यमन्यत्र भुवि विद्यते ।
वाञ्छितार्थं नरो लब्ध्वा शिवतुर्भवति ध्रुवम् ॥ १५२॥

उसके समान कार्य अन्यत्र और कहींभी नहीं है, उससे मनुष्य वांछितार्थ प्राप्त करके चिरायु हो सकताहै, इसमें सन्देह नहीं ॥१५२॥

स्नानकाले चार्द्धरात्रे महापूजासमापने ।
सान्निध्यं महामायायाः नैव गच्छेत्स्पृशेन्न च ॥ १५३ ॥

सिद्धिकी कामना करनेवाला मनुष्य स्नानकाल, आधीरात और महापूजाके अवसान समयमें महामायाके निकट गमन वा स्पर्श न करै ॥ १५३ ॥

कुमारणे महाष्टम्यां निशायाञ्च दिनक्षये ।
युगादौ कार्त्तिके मासि देवीं पश्येन्न वै नरः ॥ १५४ ॥

कुमारणमें, महाअष्टमीमें, रात्रिमें दिनक्षय अर्थात् सायंकालमें युगादिमें और कार्तिकमासमें देवीका दर्शन न करै ॥ १५४ ॥

देव्या नीराजनं शूद्रो ह्यारतिं वा प्रपश्यति ।
रूपवान् स भवेद्देवि सद्गतिं लभते ध्रुवम् ।
विधवा ब्राह्मणी पश्येन्महामायाञ्च सर्वदा ॥ १५५ ॥

जो शूद्र देवीको नीराजन वा आरतियुक्त दर्शन करते हैं, वह रूपवान् होकर सद्गति प्राप्त करते हैं विधवा ब्राह्मणी सदाही महामायाका दर्शन करै ॥ १५५ ॥

स्नानकाले च मध्याह्ने निर्म्माल्यस्य विसर्जने ।
न पश्येच्च स्त्रियो देवीं युवत्यश्च विशेषतः ॥ १५६ ॥

स्नानके समय, मध्याह्नमें, निर्माल्य विसर्जनके समय स्त्रीगण और विशेष कर युवतीगण देवीका दर्शन न करै ॥ १५६ ॥

पौषाष्टम्यां नवम्याञ्च त्रयोदश्यां तथैव च ।
न गच्छेत्पार्वतीगेहं कर्कटाद्यदिनत्रये ।
कालेष्वेतेषु स्पृष्टायां शापश्चायुःक्षयं लभेत् ॥ १५७ ॥

पौषके महीनेकी अष्टमीमें, नवमी और त्रयोदशीमें, कर्कट आदि तीन दिन, पार्वतीके गृहमें गमन न करै । इन सब कालमें स्पर्श करनेसे शाप प्राप्त और दर्शन करनेसे आयुः क्षय होती है ॥ १५७ ॥

दीक्षितस्यार्चना शस्ता नादीक्षितस्य चैव हि ।
अत एव च दीक्षार्थी रक्ताम्बरधरस्तथा ॥ १५८ ॥
रक्तचन्दनभूषाढ्यः नागजैस्तिलकक्रियः ।
मृदुचर्मण्युपाविश्य दीक्षां गृह्णाति भक्तितः ॥ १५९ ॥

दीक्षितमनुष्यकेही पक्षमें पूजादि प्रशस्त है अदीक्षितके पक्षमें यह सब प्रशस्त नहीं है । इस कारण दीक्षाप्रार्थी मनुष्य भक्तिभावसे लाल वस्त्र पहर और लालचन्दनसे विभूषित हो नागज (नागके शर) का तिलक धारण कर कोमल आसनपर बैठे ॥ १५८ ॥ १५९ ॥

दीयते परमं ज्ञानं क्षीयते पापबन्धनात् ।
अतो दीक्षेति नाम्ना च ख्यायते तत्त्वचिन्तकैः ॥ १६०

परमज्ञान देती है और पापबन्धनक्षय अर्थात् छेदन करती है, इसीकारण तत्त्वचिंतक ऋषियोंने इसका (दीक्षा) यह नाम प्रसिद्ध किया है ॥ १६० ॥

मनसा क्रियया वाचा यच्च पापमुपार्जितम् ।
निःशेषं नाशयित्वा च परं ज्ञानं प्रदास्यति ।
अतो दीक्षेति लोकेऽस्मिन् कीर्त्यते शास्त्रकोविदैः १६१

मन कर्म और वचनसे जो पाप उपार्जन कियाहै. वह सब निःशेषरूपसे नष्ट करती है और परमज्ञान देती है. इसीकारण शास्त्र जाननेवालोंने लोकमें इसका 'दीक्षा' यह नाम कहाहै ॥ १६१ ॥

विज्ञानफलदा चाद्ये द्वितीये लयकारिणी ।
तृतीये मुक्तिदा प्रोक्ता ततो दीक्षेति गीयते ॥ १६२ ॥

प्रथम विज्ञान फलकी देनेवाली, दूसरे लय करनेवाली और तीसरे मुक्ति देनेवालीहै, इसी निमित्त लोकमें 'दीक्षा' यह नाम गाया जाताहै ॥ १६२ ॥

द्विधा दीक्षा च साधारा निराधारा तथैव च ।
नित्ये नैमित्तिके काम्ये यस्यां चैवाधिकारिता ॥ १६३ ॥

दीक्षा दो प्रकारकी है, साधारा और निराधारा नित्य नैमित्तिक और काम्यमें जिसकी अधिकारिता है ॥ १६३ ॥

साधारा चैव सा प्रोक्ता निराधारा च मुक्तिदा ।
निर्मला सा च विज्ञेया कथ्यते तत्त्वचिन्तकैः ॥ १६३ ॥
कुण्डञ्च मण्डलं कृत्वा सत्पात्रेभ्यः प्रदीयते ।
ततो दीक्षा फलवती ह्यन्यथा विफला भवेत् ॥ १६५ ॥

(वही साधाराहै) जो मुक्तिदा है, अतएव निर्मलाको निराधारा जानो । कुण्ड और मण्डलकी रचना करके सत्पात्रमें दीक्षाप्रदान करनेसे वह फलवती होती है, अन्यथा विफल होती है ॥ १६४ ॥ १६५ ॥

अपात्रेभ्यः प्रदत्ता च दीक्षा सापि महेश्वरि ।
मनोव्यापारमात्रेण निर्वीर्या भवति ध्रुवम् ॥ १६६ ॥

अपात्रमें दीक्षाप्रदान करनेसे मनके व्यापारमात्रसेही (मनोयोग पूर्व विचार करनेसे) वह निर्वीर्य होजाताहै, इसमें सन्देह नहीं ॥ १६६ ॥

अपुत्रो मृतपुत्रश्च कुण्डो वा वामनस्तथा ।
कुनखी श्यावदन्तश्च त्वधिकाङ्गः स्त्रियाजितः ।
आचार्यो यो भवेद्देवि तत्सकाशात्कदाचन ॥ १६७ ॥

हे देवि ! अपुत्र, मृतपुत्र, कुण्ड (संज्ञाविशेष) वामन (बौना) कुनखी, श्यावदन्त, अधिकाङ्ग, स्त्रीजित (स्त्रीके वशीभूत रहनेवाला) आचार्यके निकटसे दीक्षा ग्रहणकरनी उचित नहीं है ॥ १६७ ॥

सुमूर्तिश्च कुलीनश्च ज्ञानाचारो गुणैर्युतः ।
समयाचारविच्चैव मन्त्रं दद्याद्विचक्षणः ॥ १६८ ॥

सुमूर्ति, कुलीन, ज्ञानाचार, गुणवान् और समयाचारका जाननेवाले स्वामी दीक्षा प्रदान करै ॥ १६८ ॥

न गृह्णीयाद्देवि दीक्षां सत्यमेतद्ब्रवीमि ते ।
मातामहात्पितुश्चैव मन्त्रं न गृह्णीयान्नरः ।
स्वप्नलब्धं स्त्रीप्रदत्तं संस्कारेणैव शुध्यति ॥ १६९ ॥

पिता और मातामहके निकटसे मंत्र ग्रहण करना उचित नहीं है । स्वप्नलब्ध और स्त्रीका दिया मंत्र संस्कारद्वारा शुद्ध होता है ॥ १६९ ॥

स्वप्नलब्धमन्त्रसिध्यै गुरौः प्राणं निवेशयेत् ।
वटपत्रे कुंकुमेन लिखित्वा ग्रहणं तथा ।
ततः शुद्धिमवाप्नोति अन्यथा विफलं भवेत् ॥ १७० ॥

स्वप्नलब्ध मंत्र सिद्ध करना हो तो कलशमें गुरुका प्राण निवेशित करै । तदनन्तर वटपत्रपर रोलीसे लिखकर ग्रहण करै, इसीसे मन्त्र शुद्ध होता है, नहीं तो विफल होजाता है ॥ १७० ॥

अयने विषुवे चैव ग्रहणे चन्द्रसूर्य्ययोः ।
रवेः संक्रान्तिदिवसे युगादौ च सुरेश्वरि ॥ १७१ ॥
मन्वन्तरासु तिथिषु चतुर्दश्यष्टमीषु च ।
महापूजादिने वापि शिष्यशुद्धिदिनेषु च ।
गृह्णीयात्प्रयतो भूत्वा भक्तिश्रद्धासमन्वितः ॥ १७२ ॥

भक्तिश्रद्धायुक्त मनुष्य संयत (एकाग्र) मनहोकर अयनमें विषुवमें चन्द्रसूर्यके ग्रहणमें, रविकी संक्रान्तिके दिन, युगादिमें, मन्वन्तरमें, चतुर्दशी और अष्टमी तिथिमें महापूजा वा शिष्य शुद्धिके दिन दीक्षा ग्रहण करै ॥ १७१ ॥ १७२ ॥

देवीपूजाविधौ यस्तु मनुष्यो भक्तितत्परः ।
स एव दीक्षां नान्यस्तु सर्वशास्त्रार्थतत्परः ॥ १७३ ॥

जो मनुष्य देवीकी पूजामें भक्तितत्पर होता है उस सर्वशास्त्रार्थतत्पर मनुष्यको दीक्षाही सकल जाननी चाहिये ॥ १७३ ॥

चैत्रे दुःखाय दीक्षा स्याद्वैशाखे सर्वसिद्धिदा ।
ज्येष्ठे मृत्युप्रदा सा स्यादाषाढे बहुवत्सका ॥१७४॥

चैत्रमें दीक्षा दुःखदायक, वैशाखमें सर्वसिद्धिदेनेवाली ज्येष्ठमें मृत्यु देनेवाली. आषाढमें बहुवत्सदायिनी ॥ १७४ ॥

श्रावणे बहुहानिः स्याद्भाद्रे च दुःखदा मता ।
आश्विने सर्वसिद्ध्यै सा कार्तिके ज्ञानवृद्धिदा॥१७५॥

श्रावणमें बहुत हानिकरनेवाली, भाद्रमें दुःखदायिनी. आश्विनमें सर्वसिद्धि देनेवाली और कार्तिकमें ज्ञानकी वृद्धि देती है ॥ १७५ ॥

शुभकृन्मार्गशीर्षे च पौषे ज्ञानविनाशिनी ।
माघे च मेधावृद्धिः स्यात्फाल्गुने सर्वसस्यकृत्॥१७६

अगहनमें शुभकारी, पौषमें ज्ञाननाशिनी; माघमें मेधा (बुद्धि) की वृद्धि करनेवाली और फाल्गुनमें सर्वसस्य (धान्य) दायिनी होती है ॥ १७६ ॥

ग्रहणे च महातीर्थे नास्ति कालस्य निश्चयः ।
गयायां भास्करक्षेत्रे विरजे चन्द्रपर्वते ॥ १७७ ॥
कोङ्कणे च मतंगे च तथा कन्याश्रमेषु च ।
न गृह्णीयात्ततो दीक्षां तीर्थेष्वेतेषु पार्वति ।
कर्तव्यं दीक्षितैः शिष्यैर्गुरोः शासनमुत्तमम् ॥१७८॥

ग्रहण और महातीर्थमें कालनिर्णय नहीं है; गयामें, भास्करक्षेत्रमें, विरजमें, चन्द्रपर्वतमें, कोङ्कणमें, मतङ्गमें और कन्याश्रममें इन सब

तीर्थोंमें दीक्षाग्रहण न करै दीक्षित शिष्य गुरुकी उत्तम आज्ञा प्रतिपालन करै ॥ १७७ ॥ १७८ ॥

देवताहृदयो यः स्याद्गुरुपूजापरायणः ॥
पुरश्चरणचारी स्याद्विशुद्धात्मा जितेन्द्रियः ॥ १७९॥

जो शिष्य इष्टदेवताको हृदयमें रखकर गुरुपूजापरायण पुरश्चरणकारी विशुद्धात्मा और जितेन्द्रिय होताहै ॥ १७९ ॥

मन्त्रयन्त्रपुराणानि भारतञ्च गयादिषु ।
गच्छत्यधीते विधिवद्गुरुणाऽऽज्ञापितः सदा ॥ १८० ॥

वही यथार्थ शिष्य है वह गुरुकी आज्ञाग्रहण करके मंत्र, यन्त्र पुराणादि अध्ययन और भारतादिपाठ तथा गयागमनादि सभी कार्य करता है ॥ १८० ॥

न स्त्रीहिंसा च कर्त्तव्या प्रसङ्गे च महेश्वरि ॥ १८१ ॥

हे महेश्वरि ! स्त्रीहिंसा और स्त्रीप्रसंग उसको नहीं करना चाहिये १८१

सयवं चक्रवाकञ्च क्रौञ्चं पारावतं तथा ।
नीलशैलादि शैलश्च सदा तस्य प्रियो भवेत् ॥ १८२॥

यव, चक्रवाक, क्रौञ्च, पारावत और नीलशैलादि पर्वत उसके प्रिय होते हैं ॥ १८२ ॥

इत्येवं दीक्षिते लोकैः कर्त्तव्यं कर्म नित्यतः ।
रात्रौ सुखेन भोक्तव्यं ध्यात्वा संपूज्य यत्नतः ॥ १८३ ॥

दीक्षितमनुष्य इस प्रकार दिनकी विधि समापन करके पूजा ध्यान करताहुआ रात्रिमें यत्नसहित भोजन करै ॥ १८३ ॥

ततोपि पूर्वदिवसे हविष्यं वा निरामिषम् ।
भुक्त्वा परस्मिन्दिवसे हविष्याशनमाचरेत् ॥ १८४॥

उसके पूर्वदिनमें हविष्य निरामिष भोजन करके दूसरे दिन हविष्य करे ॥ १८४ ॥

चरुं पक्त्वा तु भागार्द्धं देवतायै निवेदयेत् ।
तदर्द्धं गुरवे दद्यादुच्छिष्टं तु स्वयमेव हि ॥ १८५ ॥

चरु पकनेके पीछे देवताको अर्द्धभाग निवेदन करके उसका अर्द्ध भाग गुरुको दे अवशिष्ट स्वयं गुरुके सहित भोजन करै ॥ १८५ ॥

भुञ्ज्याच्च गुरुणा सार्द्धं सर्वदीक्षास्वयं विधिः ।
मन्त्रं दत्त्वा गुरुश्चैवाप्युपवासी यदा भवेत् ॥ १८६ ॥
मोहान्धकारनरके कृमिर्भवति नान्यथा ।
दीक्षां कृत्वा यदा मन्त्री तूपवासं चरेद्यदि ।
तस्य देवः सदा रुष्टः शापं दत्त्वा व्रजेत्पुरम् ॥ १८७ ॥

सर्वदीक्षामेंही यह विधि है । गुरु मंत्र देकर यदि उपवास करैं तो वह मोहान्धकार नरकमें कृमि होकर वास करते हैं और शिष्य यदि दीक्षाग्रहण करके उपवास करै तो देवता उससे रुष्ट हो उसको शाप देकर अपने स्थानको चलेजाते हैं ॥ १८६ ॥ १८७ ॥

इति श्रीयोगिनीतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे चतुर्विंशतिसाहस्रे द्वितीयभागे भाषाटीकायां षष्ठः पटलः ॥ ६ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

शोभने निर्जने देशे निगूढे शुभमण्डपे ॥
पुष्पप्रकरसंकीर्णे गन्धपुष्पादिवासिते ॥ १ ॥
तृतीयवर्जिते देशे पशुदृष्टिविवर्जिते ॥
फालिकादौ ततो मन्त्री मन्त्रं सम्यक्समुद्धरेत् ॥ २ ॥

श्री भगवान् बोले-तदनन्तर मन्त्री शिष्य शोभायमान, निगूढ, निर्जन, तृतीयवर्जित, पशुदृष्टिरहित अर्थात् जहां पशुकी दृष्टि न

पडती हो पुष्पोंसे समाकीर्ण, गंधपुष्पादिसे सुगंधित प्रदेशमें, शुभमण्डप और फलिकादि तीर्थ आदिमें मंत्रका उद्धार करै ॥ १ ॥ २ ॥

समुद्धारं विना यन्त्रमत्यल्पफलदं मतम् ।
यन्त्रे समुद्धरेन्मन्त्रं सम्पूर्णफलदं स्मृतम् ॥ ३ ॥

यंत्रके विना उद्धार करनेसे अल्पसेभी अल्पफल होता है और यंत्रमें समुद्धार करनेसे संपूर्ण तथा पूरित फल प्राप्त होता है ॥ ३ ॥

न भूमौ विलिखेद्वर्णं पुस्तके तु समालिखेत् ।
न भूमौ पुस्तकं स्थाप्यमाहरेड्डाकिनी यतः ॥ ४ ॥
भूकम्पे ग्रहणे चैव त्वक्षरं वाथ पुस्तकम् ।
भूमौ संस्थाप्य देवेशि स मूर्खो जन्मजन्मनि ।
परं भवति देवेशि तस्मात्तत्परिवर्जयेत् ॥ ५ ॥

भूमिमें वर्ण न लिखकर पुस्तकमें लिखै, पुस्तक भूमिमें न रक्खै, ऐसा होनेसे डाकिनी हरण करती है । हे देवेशि ! भूकम्पमें, ग्रहणमें पुस्तक वा अक्षर भूमिमें रखनेसे जन्म जन्ममें मूर्खता प्राप्त होती है इस कारण हे देवेशि ! कदाचित् ऐसा कार्य न करै ॥ ४ ॥ ५ ॥

वंशेन न लिखेद्वर्णं तस्य हानिर्भवेद्ध्रुवम् ।
ताम्रसूच्या हि विभवं भजते त्वक्षयं नरः ॥ ६ ॥

जो मनुष्य बाँसकी लेखनीसे वर्ण लिखता है, उसकी निश्चयही हानि होती है, तांबेकी सुईसे लिखनेपर अक्षय विभव मिलता है ॥६॥

महालक्ष्मीप्रदा चैव सुवर्णस्य शलाकिका ॥
बृहन्नलस्य सूच्या वै मतिवृद्धिश्च जायते ॥ ७ ॥

सुवर्णकी सलाईसे महालक्ष्मी लाभ और बृहत् नलकी सूचीसे मतिकी वृद्धि होती है ॥ ७ ॥

तथैवाग्निमये देवि पुत्रपौत्रधनागमः ।
रैत्येन विपुला लक्ष्मीः कांस्येन मरणं भवेत् ॥ ८ ॥

हे देवि ! अग्निमय (सुवर्ण आदि) से पुत्रपौत्रलाभ और धनागम और पीतल द्वारा विपुल लक्ष्मीलाभ होती है, कांसीद्वारा मरण होताहै ८

अष्टाङ्गुलप्रमाणेन दशाङ्गुलमितेन वा ।
चतुरङ्गुलसूच्या वा यो लिखेत्पुस्तकं शुभे ।
तत्तदक्षरसंख्याने स्वल्पायुर्याति वै दिने ॥ ९ ॥

आठ अंगुल वा दश अंगुल या चार अंगुल सूचिद्वारा पुस्तक लिखने पर उसके अक्षरोंकी संख्यानुसार दिनदिन अल्पायु होती है ॥ ९ ॥

मानं वक्ष्ये पुस्तकस्य शृणु देवि समासतः ।
मानेनापि फलं विन्द्यादमाने श्रीर्हता भवेत् ॥ १० ॥

हे कल्याणी ! पुस्तकका परिमाण संक्षेपसे कहताहूं सुनो । परिमाणके अनुसार पुस्तक लिखनेसे फललाभ और विना परिमाणकरके पुस्तक लिखनेसे लक्ष्मी नष्ट होती है ॥ १० ॥

हस्तमात्रं मुष्टिमात्रमाबाह्यं द्वादशाङ्गुलम् ।
दशाङ्गुलं तथाष्टौ च ततो हीनं न कारयेत् ॥ ११ ॥

हस्त मात्र और मुष्टिमात्र बहिःपर्यन्त द्वादशांगुल (बारह अंगुल) अथवा दशअंगुल और आठअंगुल, इससे कम न करै ॥ ११ ॥

वेधद्वयं मुष्टिहस्ते बाहुमात्रे चिरन्तनम् ।
समभागे महेशानि हस्तादावुपबन्धकम् ॥ १२ ॥
अष्टाङ्गुलं परित्यज्य मध्ये वेधं च कारयेव् ।
प्रादेशादौ भवेद्राजा द्व्यङ्गुले वा समाचरेत् ॥ १३ ॥

मुष्टि हाथ अथवा बाहुमात्रके मध्यमें वेध करै । यह वेध बीचमें आठ अंगुल छोडके करना कर्त्तव्य है, तथा समभागमें उसका बन्धन नियतकरै अथवा बारहअंगुलमें बंधनका स्थान बनावै । इस प्रमाणसे पुस्तक बनाकर पूजन करनेसे राज्यलाभ होताहै ॥ १२ ॥ १३ ॥

आद्यंतयोः पुस्तकस्य यस्तु वेधं नकल्पयेत् ।
भार्याहानिर्भवेदाशु धनानां वा क्षयो भवेत् ॥ १४॥

जो मनुष्य पुस्तकका आदि अन्त वेध न करता है उसकी तत्काल भार्याहानि वा धनक्षय होताहै ॥ १४ ॥

भूर्जे वा तेजपत्रे वा ह्यथवा तालपत्रके ।
नात्यंतं गुरु देवेशि पुस्तकं कारयेत्प्रिये ॥ १५ ॥

भोजपत्र वा तेजपत्रपर अथवा तालपत्रपर किंचित् गुरु करकेभी पुस्तक करावै ॥ १५ ॥

सम्भवे स्वर्णपत्रे च ताम्रपत्रे च शांकरि ।
अन्यवृक्षत्वक्षु देवि तथा केतकिपत्रके ॥ १६ ॥
मृत्ताम्रपात्रे रौप्ये वा वटपत्रे वरानने ।
अन्यपत्रे बहुदले लिखित्वा यः समभ्यसेत् ॥ १७ ॥

हे प्रिये ! संभव हो तो स्वर्णपत्र वा ताम्रपत्रपर पुस्तक लिखनी चाहिये । अन्य वृक्षकी छालपर, केतकीपत्रपर, मृत्पत्रपर; ताम्रपत्र, रौप्य (चांदी) पत्रपर, वा वटपत्रपर, या अन्य बहुत दलवाले पत्रपर लिखकर जो अभ्यास करताहै ॥ १६ ॥ १७ ॥

स दुर्गतिमवाप्नोति धनहानिर्भवेद्ध्रुवम् ।
देवस्य लिखनं कृत्वा यः पठेद्ब्रह्महा भवेत् ॥ १८ ॥

उसकी निःसन्देह धनहानि होतीहै और वह दुर्गतिको प्राप्त होता है देवको लिखकरके जो पाठ करताहै वह ब्रह्मघाती होताहै ॥ १८ ॥

पुस्तकं वा गृहे स्थाप्यं वज्रपातो भवेद्ध्रुवम् ।
दग्धरन्ध्रे भवेत्पीडा वर्त्तुलं शुभदं भवेत् ।
चतुष्कोणे विप्लवस्तु त्रिकोणे मरणं भवेत् ॥ १९ ॥

यह पुस्तक घरमें रखनेसे उसमें वज्रपात होताहै, दग्ध करके रन्ध्र करनेसे पीडा होती है अर्थात्–किसी शलाकको गरमकर उसको पुस्तकमें छेदनेसे अतिशय दुःखकी प्राप्ति होती है । गोलाकार रन्ध्रही शुभदायक है । चतुष्कोणमें विप्लुव (लूटमार आदि) और त्रिकोण रंध्रमें मृत्यु होती है ॥ १९ ॥

सत्येऽक्षरे स्थितः शम्भुः शूलपाणिस्त्रिलोचनः ।
प्रजापतिर्द्वापरे च त्रेतायां सूर्य एव च ।
कृते युगे पिनाकी च कलौ लिप्यक्षरे हरिः ॥ २० ॥

सत्ययुगमें अक्षरमें शूलपाणि त्रिलोचन शंभु, द्वापरमें प्रजापति, त्रेतामें सूर्य, कृतयुगमें पिनाकधारी और कलियुगके बीच लिप्यक्षरमें हरि अधिष्ठित हैं ॥ २० ॥

आरम्भे च समाप्तौ च लिखितं प्रतिपूजयेत् ।
हरिञ्च गन्धपुष्पाद्यैर्वस्त्रैश्च सुमनोहरैः ॥ २१ ॥
यावदक्षरसंख्यानं प्रतिपत्रे च शाङ्करि ।
भवेद्युगसहस्राणि स्वर्गलोके वसेच्चिरम् ॥ २२ ॥

लिखनेके आरंभ और समाप्तमें मनोहर गंध पुष्प वस्त्रादिद्वारा हरिकी पूजा करनेसे प्रतिपत्रमें जितनी अक्षर संख्या है, उतनेही सहस्रयुग स्वर्गलोकमें वास करताहै ॥ २१ ॥ २२ ॥

वेतनं यश्च गृह्णीयाल्लिखित्वा लेखनस्य च ।
यावदक्षरसंख्यानं तावच्च नरके वसेत् ॥ २३ ॥

पुस्तक लिखकर वेतन ग्रहण करनेसे जितने अक्षर पुस्तकमें विद्य- मान रहते हैं. उतनेही काल पर्यन्त नरकमें वास करना पडता है ॥२३॥

व्यञ्जनं क्षतमारूढं वामनेत्रेन्दुसंयुतम् ।

महाबीजं विजानीयाज्जपान्मुक्तिमवाप्नुयात् ॥ २४ ॥

चन्द्राबिन्दुसंयुक्त " क्षौं " यह महाबीज समझना चाहिये, इसका जपकरनेसे मुक्तिलाभ अवश्य होता है ॥ २४ ॥

प्रणवात्प्रणवं वक्ष्ये वषडन्ते च ठद्वयम् ।

स्वयं वदेत्स्वरान्ते च नतिश्चैव प्रदात्मकम् ॥ २५ ॥

आद्यमेव गृहस्थस्य प्रणवं सर्वमन्त्रके ।

आद्यन्तयोस्तु प्रणवो ह्यात्मज्ञानविवृद्धये ॥ २६ ॥

प्रणव (ओंकार) के पीछे प्रणव उच्चारण करै, फिर वषट् इसके पीछे ठ द्वयका उच्चारण करके हृदयात्मक मंत्रसे नमस्कार करै । गृह- स्थके सब मंत्रोंके आदिमें ओंकार लगावे । आदिमें और अन्त्य वर्णके पीछे ओंकारका उच्चारण करना आत्मज्ञानकी वृद्धिके निमित्त होता है ॥ २५ ॥ २६ ॥

मन्त्रविद्याविभागे तु द्विविधं जायते प्रिये ।

मन्त्राः पुंदेवताः प्रोक्ता विद्याः स्त्रीदेवताः स्मृताः॥२७

महाविद्या विभक्त होकर दो प्रकार होती है, पुंदेवताके उद्देशसे जो प्रयुक्त (जो पुरुष स्वरूप देवताके निमित्त प्रयोग किया जाय) होता है. वही मन्त्र और स्त्रीदेवताके उद्देश्यसे जो प्रयुक्त होता है वही विद्या है ॥ २७ ॥

पुंमन्त्रा हुँ फडन्ताः स्युः द्विठान्ताश्च स्त्रियो मताः ।

नपुंसका नमोऽन्ताः स्युर्मनवश्च त्रिधा मताः ॥ २८॥

पुंदेवताके मन्त्रान्तमें हुँ फट् कहा जाता है और स्त्री देवताके मन्त्रान्तमें ठद्वय कहा जाता है, नपुंसक मंत्रके अन्तमें नमः यह पद

कहा जाता है। इस प्रकार विभक्त होनेके कारण मंत्र तीन प्रकारके जानने चाहिये ॥ २८ ॥

एतच्छून्या भवेद्विद्या महाशब्देन कीर्त्तिता ।
परमेष्ठी ऋषिश्छन्दो गायत्र्याः समुदाहृतम् ।
देवता त्रिपुराख्याता सर्वार्थे विनियोजयेत् ॥ २९ ॥

यह शून्यविद्या महाशब्दसे कहीजाती है। परमेष्ठी ऋषि, गायत्री इसका छन्द, देवता त्रिपुराख्या और इसका सर्वार्थमें विनियोग है२९॥

विधिना स्थापयेद्देवीं पाणिना प्रथमं प्रिये ।
मुखप्रक्षालनं कृत्वा पुनः स्नानं समाचरेत् ॥ ३० ॥

हे प्यारी ! देवीको विधिपूर्वक स्थापित करके प्रथम हाथसे मुख प्रक्षालनपूर्वक पुनर्वार स्नान करावै ॥ ३० ॥

दिनद्वयान्तरे देवि उत्थायाष्टदिनान्तरे ।
तैलेनोद्वर्त्तनं कुर्यात्कषायेनातिरूक्षयेत् ॥ ३१ ॥

हे देवि ! फिर दो दिनके अन्तरसे उठकर आठ दिनके पीछे तैल-द्वारा उद्वर्त्तन करके कषायद्वारा अतिरुक्ष करै ॥ ३१ ॥

पक्षान्ते चैव मासान्ते महास्नानं समाचरेत् ।
मूलबीजेन देवेशि द्रव्यमन्त्रेण वा प्रिये ॥ ३२ ॥
वैदिकेनाथ मन्त्रेण मायया वा समाचरेत् ।
कलशैः स्नापयेत्पश्चादर्घ्यस्नानमनन्तरम् ॥ ३३ ॥

पक्षके अन्तमें और महीनेके अन्तमेंभी देवीको महास्नान कराना चाहिये। हे देवि ! मूल बीजमंत्रसे वा द्रव्यमंत्रसे अथवा वैदिक मंत्रसे या मायामंत्रसे देवीको स्नान करावे । फिर कलशसे स्नान कराकर अर्घ्यसे स्नान करावे ॥ ३२ ॥ ३३ ॥

अर्घ्यस्नानं ततः कृत्वा पुनः स्नानं करोति च ।
देवीलोकाच्च्युतिर्भूयाद्धनहानिश्च जायते ॥ ३४ ॥

अर्घ्य स्नान करानेके पीछे फिर स्नान करानेपर वह देवीलोकसे गिरता है और उसके धनकी हानि होती है ॥ ३४ ॥

वारिणा प्रथमं स्नानं क्षीरेण तदनन्तरम् ।
दधिघृतस्य पिण्डे द्वे शर्कराश्च गुडं मधु ।
तिलक्षीरैर्दधितिलैर्मधुक्षीरेण स्नापयेत् ॥ ३५ ॥

जलसे प्रथम स्नान, फिर दूधसे, इसके पीछे दहीसे, फिर दो घीके पिण्ड, शर्करा, गुड, मधु, तिल, क्षीर, दधि, तिल और मधु, क्षीरसे क्रमशः स्नान करावे ॥ ३५ ॥

उष्णोदकं फलञ्चैव तथा चैव कुशोदकम् ।
गन्धोदकञ्च रत्नानामुदकं पुष्पतोयकम् ।
बिल्वोदकं सप्तपत्रं रक्तपुष्पोदकं तथा ॥ ३६ ॥
स्वर्णशङ्खोदकञ्चैव ताम्राधारमनन्तरम् ।
घटोदकं कुशञ्चैव अर्घ्यस्नानं समाचरेत् ॥ ३७ ॥

फिर उष्णजल, फल, कुशजल, सुगन्धितजल, रत्नजल, पुष्पोदक, बिल्वोदक, सप्तपत्र, रक्त पुष्पोदक, स्वर्णशंखोदक, ताम्राधार, घटोदक (घडेका जल) और कुशद्वारा क्रमानुसार अर्घ्य स्नान कराना चाहिये ॥ ३६ ॥ ३७ ॥

पञ्चगव्येन यो देवीं तथा दुग्धकुशोदकैः ।
स्नापयेद्विविधैर्मन्त्रैर्ब्रह्मस्नानं हि तत्स्मृतम् ॥ ३८ ॥

पंचगव्यद्वारा, दुग्ध कुशयुक्त जलद्वारा, अनेक मंत्रोंसे देवीका स्नान करानेपर वही ब्रह्मस्नान कहा जाता है ॥ ३८ ॥

कपिलापञ्चगव्येन तथा क्षीरयुतेन च ।
स्नानं शतगुणं प्रोक्तं तथा चेक्षुरसेन च ॥ ३९ ॥

हे देवि ! क्षीरयुक्त कपिला पंचगव्यद्वारा और इक्षु (गन्ना) के रससे स्नान करानेपर शतगुण फल प्राप्त होता है ॥ ३९ ॥

क्षीरेण स्नापयेद्यस्तु श्रद्धाभक्तिसमन्वितः ।
कामाख्यां विधिवद्देवि सुरलोके महीयते ॥ ४० ॥

हे देवि ! जो मनुष्य श्रद्धा भक्तियुक्त होकर क्षीरसे कामाख्या देवीको स्नान कराता है, वह देवलोकमें पूजाको प्राप्त होता है, इसमें सन्देह नहीं ॥ ४० ॥

घृताभ्यंगेन देवांगं घृतेन विधिवत्प्रिये ।
दशपूर्वान्दशपरानात्मानञ्च विशेषतः ।
भवार्णवात्समुद्धृत्य दुर्गालोके महीयते ॥ ४१ ॥

हे देवि ! घृतद्वारा विधिपूर्वक देवीके अंगमें अभ्यङ्ग (उबटन) करानेपर पूर्व दशपुरुष और पीछेके दशपुरुष तथा अपनेको संसार सागरसे उद्धार करके दुर्गालोकमें जाता है ॥ ४१ ॥

स्नापयेद्विधिवद्यस्तु दध्ना दूर्वाक्षतेन च ।
राजतेन विमानेन शिवलोके महीयते ॥ ४२ ॥

जो मनुष्य दधि और अक्षतसे देवीको विधिपूर्वक स्नान कराता है वह विमानमें विराजित होकर शिवलोकमें जाता है ॥ ४२ ॥

कामाख्यां स्नापयेद्यस्तु नवीनेक्षुरसेन च ।
गरुडेन विमानेन विष्णुना सह मोदते ॥ ४३ ॥

जो मनुष्य नवीन इक्षुरससे देवीको स्नान कराताहै वह गरुडके विमानमें चढकर विष्णुके संग प्रमोद करता है ॥ ४३ ॥

स्नापयेच्चैव यो दुर्गां गन्धचन्दनवारिणा ।
चन्द्रांशुनिर्मलः श्रीमांश्चन्द्रलोके महीयते ॥ ४४ ॥

जो मनुष्य गंध चन्दनके जलसे दुर्गादेवीको स्नान कराता है, वह चन्द्रांशुतुल्य निर्मल और श्रीमान् होकर चन्द्रलोकमें जाता है॥४४॥

सुगन्धिपुष्पतोयेन स्नापयित्वा नरः क्वचित् ।
नागलोकं समासाद्य क्रीडते सह पन्नगैः ॥ ४५ ॥

जो मनुष्य सुगन्धित पुष्पोंके जलसे देवीको स्नान करानेसे नागलोकमें जाकर पन्नगोंके सहित क्रीडा करते हैं ॥ ४५ ॥

स्नापयित्वा तु कामेशीं द्रुतं यो हेमवारिणा ।
सौवर्णयानमारूढो मोदते वसुभिः सह ॥ ४६ ॥

जो मनुष्य परिश्रुत (जिसमें कि सुवर्ण गरमकरके बुझाया गया हो, अथवा जो मन्त्रोंसे अभिमन्त्रित हो) हेमजलसे कामाख्या देवीको स्नान कराते हैं, वह सुवर्णविमानमें चढकर वसुगणोंके सहित प्रमोदको प्राप्त होता है ॥ ४६ ॥

रत्नोदकेन विधिवत्स्नापयेद्यस्तु मानवः ।
स दिव्ययानमारुह्य मोदते हरिणा सह ॥ ४७ ॥

जो मनुष्य रत्नोदकद्वारा विधिपूर्वक देवीको स्नान कराते हैं, वह दिव्य विमानमें आरोहण करके हरिके संग आनन्द भोगते हैं ॥ ४७ ॥

द्रोणपत्रं बिल्वपत्रं करवीरोत्पलानि च ।
स्नानकाले प्रयोज्यानि देवीप्रीतिकराणि च ॥ ४८ ॥

स्नानके समय द्रोणपत्र (दोनावृक्षके पत्ते) बेलपत्र, कनेर और कमल प्रदान करनेसे वह देवीकी उत्तम प्रीति करानेवाले होते हैं॥४८॥

एषामेकतमं स्नानं दत्त्वा वै श्रद्धयान्वितः ।
भगवत्यै नरो भक्त्या विष्णुलोके महीयते ॥ ४९ ॥

मनुष्य श्रद्धायुक्त और भक्तिमान् होकर इन सब स्नानोंमेंसे एक प्रकारका स्नान करानेपरभी विष्णुलोकमें गमनपूर्वक पूजित होताहै ४९॥

स्नापयेद्यस्तु वै देवीं नरः कर्पूरवारिणा ।
स यातिपरमं स्थानं यत्र कामेश्वरी स्थिता ॥ ५० ॥

जो मनुष्य कपूरके जलसे देवीको स्नान कराता है वह कामेश्वरीके अधिष्ठित परमस्थानमें जाता है ॥ ५० ॥

पितॄनुद्दिश्य यो देवीं क्षीरेण मधुनाथवा ।
स्नापयेद्विधिवद्भक्त्या तस्य पुण्यफलं शृणु ॥ ५१ ॥

जो मनुष्य पितरोंके उद्देशसे क्षीर (दुग्ध) वा मधुद्वारा भक्तिपूर्वक देवीको विधिवत् स्नान कराता है, उसके पुण्यका फल सुनो॥ ५१ ॥

तृप्ता भवन्ति पितरस्तस्य वर्षशतद्वयम् ।
पञ्चामृतस्य प्रत्येकं फलानाञ्च शतं शतम् ॥
शतञ्च वारिकुम्भानां महास्नाने नियोजयेत् ॥५२॥

उसके पितर उसकेद्वारा दो सौ वर्षतक तृप्त रहते हैं । पञ्चामृतका एक एक शत शत फल शत वारिकुंभ (जलके घडे) महास्नानमें नियोजित करै अर्थात् जलके कई सौ कलशद्वारा स्नान करानेसे जो पुण्य लाभ होताहै वह फल पञ्चामृतके किञ्चिन्मात्र स्नान करानेहीसे प्राप्त होजाता है ॥ ५२ ॥

अपा कुम्भशतेनैव तैलस्यापि त्रिभिः पलैः ।
मांजिष्ठं तु महास्नानमेवमाहुर्मनीषिणः ॥ ५३ ॥

सौ घडे जल, और तिल पल (चार तोले) तेल और मंजीठसे स्नान करानेपर मनीषिगण उसीको महास्नान कहते हैं ॥ ५३ ॥

मध्यमं तु तदर्द्धेन स्नानं यत्र विधीयते ।
तदर्द्धं तु कनिष्ठं स्यादतो हीनं न कारयेत् ॥ ५४ ॥

उससे आधे द्वारा मध्यम स्नान और उससे आधे द्वारा स्नान करानेपर कनिष्ठ स्नान होता है, इससे कम कराना उचित नहीं है ॥ ५४ ॥

एवं यः कारयेत्स्नानं नरः कश्चित्कदाचन ।
सप्तजन्मकृतात्पापात्तत्क्षणादेव हीयते ॥ ५५ ॥

जो मनुष्य कभी ऐसा स्नान कराता है, वह तत्काल सात जन्मके किये पापोंसे छूट जाता है ॥ ५५ ॥

आयुर्बलं यशो वर्चः सौभाग्यं पुष्टिरेव च ।
स्नापयित्वा तु कामाख्यां लभते नात्र संशयः॥५६॥

कामाख्या देवीको स्नान कराकर मनुष्य आयु, बल, यश, कान्ति, सौभाग्य और पुष्टिलाभ करते हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ ५६ ॥

एवं यस्तु महास्नानं करोति भक्तिमान्नरः ।
शरीरारोग्यमायुष्यं प्राप्नोति श्रियमुत्तमाम् ॥ ५७ ॥

जो मनुष्य भक्तिमान् होकर इस प्रकार महास्नान कराते हैं, वह शारीरिक, आरोग्य, आयु और उत्तम श्री प्राप्त करते हैं ॥ ५७ ॥

दशतोलकमानेन द्रव्याणां तु पृथक्पृथक् ।
चतुस्तोलिकया वाथ हीनस्नानं विधीयते ॥ ५८ ॥

प्रत्येकमें दश तोले भर पृथक् द्रव्यसे अथवा और स्थानमें प्रत्येक चार तोले भर पृथक् द्रव्यसे हीनस्नान कहाता है ॥ ५८ ॥

मुखमष्टाङ्गुलं तस्य एकविंशाङ्गुलोदरम् ।
अरत्निमात्रकोत्सेधं मणिकुण्डं तदुच्यते ॥ ५९ ॥

जिसका मुख आठ अंगुल, उदर इक्कीस अंगुल और जिसका अरत्नि मात्र उत्सेध (विस्तार) है, उसको मणिकुंड कहते हैं ॥ ५९ ॥

गवाक्षमार्गे सूर्यस्य या रश्मिः सा हि लेखिका ।
लेखिकाष्टौ भवेद्धूलिर्धूलिरष्टौ च सर्षपः ॥ ६० ॥

खिडकीके मार्गमें जो सूर्यकी किरणें जाती हैं, वही लेखिका है, आठ लेखिकामें एक धूलि, आठ धूलिमें एक सरसों ॥ ६० ॥

सर्षपाणां चतुष्केण रक्तिकेत्यभिधीयते ।
रक्तिकानां विंशकन्तु पादकं परिकीर्त्तितम् ॥ ६१ ॥

चार सरसोंमें एक रत्तिका और बीस रत्तिकामें एक पादक कहा गयाहै ॥ ६१ ॥

तोलिकैका चतुष्पादैः प्रसृतिस्तच्चतुष्टयात् ।
प्रसृती द्वे कर्षकं च द्वे कर्षे तु पलं भवेत् ॥ ६२ ॥

चार पादमें एक तोलिका चार तोलिकामें एक प्रसृती दो प्रसृतीमें एक कर्ष (आठ तोले) दो कर्षकमें एक पल ॥ ६२ ॥

पलार्द्धेन भवेन्मुक्तिर्द्विमुक्तिर्गुडकं मतम् ।
एवं स्नानं ततः कृत्वा गात्रं सम्मार्जयेत्सुधीः ॥ ६३ ॥

आधे पलमें एक मुक्ति और दो मुक्तिमें एक गुडक होता है । इस प्रकार स्नान कराकर बुद्धिमान् मनुष्य गात्रमार्जन करै ॥ ६३ ॥

चन्दनेन सुगन्धेन कारयेत्तिलकं सुधीः ।
कटिसूत्रं च वस्त्रञ्च यज्ञसूत्रं निवेदयेत् ॥ ६४ ॥

तदनन्तर सुगन्धित चन्दनसे तिलक करदेनेपर कटिसूत्र, वस्त्र और यज्ञसूत्र निवेदन करै ॥ ६४ ॥

मयूरपिच्छसङ्काशं स्निग्धचारुसुकेशिकम् ।
लम्बोष्ठीं चिन्तयेद्देवीं रक्तनेत्रां सुवाससम् ॥ ६५ ॥

मोरके पूंछकी समान कान्तिवाली स्निग्ध (चीकने) शोभायमान केशसम्पन्न लम्बोष्ठी (लम्बे होठवाली) रक्तनेत्रवाली उत्तम वस्त्र युक्त देवीकी चिन्ता करै ॥ ६५ ॥

यच्च वै लोहितं चास्यं सुव्यक्तं कज्जलप्रभम् ।
त्रिपुरेशि समाख्यातं त्रैलोक्यनिलयं परम् ॥ ६६ ॥
सम्भुक्तं नरकेशेन पूर्ववक्त्रमनुत्तमम् ।
मृत्तिकायां महेशानि लक्ष्मीकामो विभावयेत् ॥६७॥

हे त्रिपुरेश्वरि ! जो लोहित और सुव्यक्त कज्जलप्रभ है अर्थात जिनके मुखकी आभा श्यामवर्ण है, वह त्रिलोकिके निवासस्थानरूप वक्त्र नामसे विख्यात है । इस अति उत्तम वक्त्रको पहिले नरकेश्वरने संभोग किया था हे देवेशि ! लक्ष्मीकी कामना करनेवाला मनुष्य इस मृत्तिकास्थित वक्त्रकी पूजा करै ॥ ६६ ॥ ६७ ॥

करालं यत्तु वै वक्त्रं कृष्णं दक्षिणगोचरम् ।
कामाख्येति च विख्यातं दिव्यदंष्ट्रासमन्वितम् ॥६८॥
सर्वसिद्धिप्रदश्चैव सर्वार्थस्य च साधकम् ।
देवस्य दक्षिणेनैव पीतवक्त्रं विचिन्तयेत् ॥ ६९ ॥

दक्षिण दिशामें दिव्य दाढोंसे युक्त कराल कृष्ण वक्त्र है, वह कामाख्या वक्त्र नामसे विख्यात है वह सर्वसिद्धिदायक और सर्वार्थसाधक है देवके दक्षिणभागमें पीतवक्त्रकी चिन्ता करै ॥ ६८ ॥ ६९ ॥

कौबेरीनिलयं यच्च वदनं श्यामलं शिवम् ।
शतवीताङ्गाभिधं यदद्भुतं भुवनेश्वरि ॥ ७० ॥
अव्यक्तं रुचिरं दिव्यं कुब्जिकावदनोत्तमम् ।
नरकेशेन सम्भुक्तं ध्येयं विजयकांक्षिभिः ॥ ७१ ॥

हे भुवनेश्वरी ! उत्तर दिशामें जो श्यामल कल्याणकारी अद्भुत वदन है, उसीको शतवीताङ्ग नामसे विख्यात जानना चाहिये,

विजयकी इच्छा करनेवाले मनुष्य अव्यक्त, रुचिर दिव्य और उत्तम नरकेशकर्तृक सम्भुक्त कुब्जिकावदनका ध्यान करै ॥ ७० ॥ ७१ ॥

शुद्धस्फटिकसंकाशं ताम्बूलार्द्रं मनोहरम् ।
सर्वज्ञानमयं ज्ञेयं कालं वागीश्वरीमुखम् ॥ ७२ ॥

शुद्धस्फटिककी समान प्रभासम्पन्न, सर्वज्ञानमय, काल वागीश्वरीके मुखको ताम्बूल और अदरक संयुक्त जानना चाहिये ॥ ७२ ॥

वृषभांकेण भृङ्गेण निपीतं मधुसञ्चयम् ।
ईशानं वदनं देव्याश्चिन्त्यं सर्वज्ञतार्थिभिः ॥ ७३ ॥

वृषभके अंकवाले भौंरेद्वारा जिसका मधुपान किया गया है उस ईशान नामक देवीके मुखकी सर्वज्ञाभिलाषी मनुष्य सदा चिन्ता करै ॥ ७३ ॥

सूर्यकोटिसहस्रांशु यद्वक्त्रं तूर्द्धजं प्रिये ।
पीठं कामेश्वरं तद्वद्विज्ञेयं परमं महत् ॥ ७४ ॥

हे प्यारी ! करोड सूर्यकी समान प्रकाशमान अगाडीवाला जो वक्त्र है; उसको परम महत् पीठ कामेश्वरीका मुख जानना चाहिये ॥ ७४ ॥

परं ज्योतिर्मुखं भद्रे नरकेशेन चुम्बितम् ।
भवाम्बुधिविनाशाय केवलं तद्विभावयेत् ॥ ७५ ॥

हे कल्याणी ! नरकेश्वरके चुम्बन किये परम ज्योतियुक्त मुखका ध्यान करनेपर मनुष्य संसारबंधनसे छूटजाता है ॥ ७५ ॥

त्रिपुरा देवता चास्य कामाख्यास्य गणाम्बिके ।
एता मण्डलसंस्थाश्च देव्यः शक्तिसमन्विताः ॥ ७६ ॥

हे गणमाता ! कामाख्याका देवता त्रिपुरा है, यह सब शक्तियुक्त देवियें कामाख्या मण्डलमें स्थित हैं ॥ ७६ ॥

सिंहचर्मोत्तरासंगा कामाख्या विपुलोदरी ।
वैयाघ्रचर्मवसना तथा चैव हरोदरी ॥ ७७ ॥

परमानन्दसम्भूता साट्टहासा महोत्सवा ।
सुनन्दालोकनप्रीता व्यक्ताष्टादशलोचना ॥ ७८ ॥
चारुमाणिक्यसंपूर्णकुण्डलद्वयशोभिता ।
रौद्राकारैस्तथा रौद्री भृंगालियुतमालिका ॥ ७९ ॥
मुकुटाग्रस्थशुभ्रांशुः कमलज्योतिराजिता ।
नानामणिगणाकीर्णकण्ठभूषणधारिणी ॥ ८० ॥
मृणालकोमलैः स्निग्धा युक्ता द्वादशबाहुभिः ।
अस्थिरत्नांचितैर्दिव्यैः पद्मकर्दममालिभिः ॥ ८१ ॥
कर्त्तृकाशवदम्भोलिसूत्रचक्रांशुमांस्तथा ।
षड्भिश्च बाहुभिर्धत्ते दक्षिणैर्बाहुभिः शृणु ॥ ८२ ॥
कोदण्डमुण्डखट्वांगमृणालनलिनीव्रजम् ।
कपालं पुस्तकं घण्टां मुण्डमालानिवीतिनीम् ॥ ८३ ॥
तुलाकोटिपराक्रान्ता पादपद्मचराश्रिता ।
सिंहासनोर्द्ध्वं संसुप्ता शवासनकृताश्रया ॥ ८४ ॥
मणिप्रभाविधानेन शिवेन परमेष्ठिना ।
नवकेशेन संश्लिष्टा कामाख्या परमेश्वरी ॥ ८५ ॥

कामाख्या देवी सिंहचर्मका परिधान करनेवाली एवं बडे उदरवाली हैं, उनका वस्त्र व्याघ्रचर्मनिर्मित है तथा वह सबका भक्षण करती हैं, आनन्दमूर्ति अनेक उत्सवोंसे युक्त, अतएव अट्टहास्य करनेवाली हैं, उनके अष्टादश नेत्र हैं, उनके दोनों कुण्डल उत्तम मणियोंसे जटित हैं, रौद्र आकारवाली भृंगाक्षकी माला धारण करती हैं, अनेक मुकुटोंकी ज्योतिसे अलंकृत तथा कमलोंकी ज्योतिसे सुशोभित हैं, अनेक प्रकारकी मणियोंसे जडे हुए आभूषणोंको कंठमें धारण करती

हैं, कमलके समान कोमल उनकी बारह भुजा हैं, मनोहर केश हैं तथा मुण्डमाला हृदयमें विराजमान है, सिंहासनके ऊपर आसीन और शयन करते हुए शवके ऊपर अधिष्ठित हैं एवं वोह कामाख्या परमेश्वरी तेजस्वी महादेवसे आलिंगित हैं और उनके चरणोंकी पूजा प्रभावशाली देवता करते हैं और उनके वक्षःस्थलमें दिव्य कमलोंकी माला लम्बायमान होकर शोभा विस्तार करती है, तथा वे दक्षिण भाग और वामकी छः भुजाओंमें जो धारण करती हैं, सो सुनो । कोदण्ड, मुण्ड, खट्वांग, मृणालनाल, नीरज, कपाल और पुस्तिका, घंटा, मुण्डमाला मालिका और धनुर्बाण वर और अभय यह सब धारण करके शोभा पाती हैं ॥ ७७–८५ ॥

एवं ध्यानं न्यसेद्देवि मातृकां परमेश्वरीम् ।
सनामग्रहनक्षत्रं श्रीकण्ठन्यासपूर्वकम् ।
पीठन्यासं कलान्यासं मन्त्रन्यासं समाचरेत् ॥ ८६ ॥

इस प्रकार मातृका परमेश्वरीका ध्यान करै । नामग्रह, नक्षत्रयुक्त श्रीकण्ठन्यासपूर्वक कलान्यास, पीठन्यास और मन्त्रन्यास करके॥८६॥

यंत्रं संस्थाप्य दशधा संस्कृत्य च यथाविधि ।
विकिरान्विकिरेत्तत्र पीठपूजां समाचरेत् ॥ ८७ ॥

दश प्रकारसे यंत्रस्थापनपूर्वक यथाविधि संस्कार करके तथा विकिरद्रव्य प्रक्षिप्त करके पीठपूजा सम्पादन करै ॥ ८७ ॥

पूर्वादिक्रमयोगेन गणेशश्च गणाधिपम् ।
गणनाथं गणक्रीडं गदी सर्गान्तिको मनुः ॥ ८८ ॥
पूर्वे श्रियं पूजयेच्च गोवटं तदनन्तरम् ।
मन्त्रान्तरेण दीर्घेण तारयुक्तेन चार्चयेत् ॥ ८९ ॥

अनन्तर पूर्वादिक्रमसे गणेश, गणाधिप, गणक्रीडकी सर्गान्तिक मंत्रद्वारा पूजा करै । पूर्वमें श्रीदेवीकी और फिर गोवटकी पूजा करनी चाहिये । तारयुक्त दीर्घ मन्त्रान्तरद्वारा यह पूजा करै ॥ ८८ ॥ ८९ ॥

क्रीडासरो दक्षिणे तु मन्दरं वामनेत्रकम् ।
रश्मिबिन्दुसमायुक्तं लोहजङ्घन्तु पश्चिमे ।
नारसिंहेन बीजेन क्षेत्रेशं परिपूजयेत् ॥ ९० ॥

दक्षिणमें क्रीडासरोवर, मन्दर और वामनेत्रक हैं पश्चिममें रश्मि-बिन्दुसंयुक्त लोहजंघ है । नारसिंह मंत्रसे क्षेत्रेश्वरकी पूजा करै ॥९०॥

उत्तरे भूतनाथश्च मन्दरेण समन्वितम् ।
गौरीपुत्रश्च बटुकं तथा समयपुत्रकम् ॥ ९१ ॥
ज्ञानपुत्रं समयपुत्रं पूर्वादिषु च वै क्रमात् ।
हंसेत्यनेन मन्त्रेण ध्यात्वा रक्तेन चार्चयेत् ॥ ९२ ॥

उत्तरमें पूर्वादिक्रमसे मन्दरयुक्त भूतनाथ गौरीपुत्र, बटुक, समयपुत्रक, ज्ञानपुत्र और समयपुत्र हैं । 'हंस' इस मंत्रद्वारा इनका ध्यान करके रक्तमंत्रसे पूजा करै ॥ ९१ ॥ ९२ ॥

शान्तिकानां द्वारपालं तथा बिन्दुकला परा ।
निवृत्तिश्च कला पश्चात्प्रतिष्ठा च कला ततः ॥९३॥
मायाबीजेन पूर्वादिं तत्र वै हेतुकादिकम् ।
हेतुकं त्रिपुरघ्नश्च अग्निवेतालकं तथा ॥ ९४ ॥
वायव्यादिक्रमेणैव कालश्चैव करालकम् ।
एकपादं तथा भीमं चतुर्णां गगनं मनुः ॥ ९५ ॥
असिताङ्गादयश्चैव ब्राह्मीसिद्ध्यादिसंयुताः ।
चर्चिकादशकं पूज्यं षट्कोणे भूभगादितः ॥ ९६ ॥

फिर शान्तिगणोंके द्वारपाल और परमा बिन्दुकला फिर निवृत्ति कला और इसके पीछे प्रतिष्ठा कला है मायाबीजद्वारा वहां इन सबकी और हेतुकादिक हेतुक, त्रिपुरघ्न और अग्निवेतालककी पूजा करै । फिर

वायव्यादिक्रमसे काल, करालक, एकपाद और भीम चार देवताओंकी गगनमंत्रसे पूजा करै । तदनन्तर समस्त षट्कोणमें भागादि क्रमसे असिताङ्गादि और सिद्धियुक्त ब्रह्मादि चर्चिक और दशककी पूजा करै ॥ ९३–९६ ॥

षट्कोणाग्रे च मदनं रतिपुत्रीं सुपार्श्वयोः ।
पञ्चबाणांस्तथा चाग्रे ग्रहांश्चैव च दिक्पतीन् ॥९७॥

षट्कोणाग्रमें मदन, रतिपुत्री, दो सुपार्श्वमें पंचबाण अग्रमें ग्रहगण और दिक्पतिगण इन सबका ॥ ९७ ॥

आसनं पूजयित्वा चाप्युपर्य्युपरि भावतः ।
ध्यात्वा चारोपयेद्देवीमिमं मन्त्रमुदाहरेत् ॥ ९८ ॥

ध्यान करनेके पीछे आसनकी पूजा करके ऊपरके भावसे आरोपण करै । फिर देवीके प्रति यह मंत्र उच्चारण करना चाहिये ॥९८॥

एह्येहि परमेशानि सान्निध्यमिह मण्डले ।
कुरुष्व जगतां मातः संसारार्णवतारिणी ॥ ९९ ॥
महापद्मवनान्तःस्थे कारणानन्दविग्रहे ।
शब्दब्रह्ममयि स्वच्छे कामेश्वरि प्रसीद मे ॥१००॥

हे परमेश्वरि ! तुम आओ और इस मंडलमें सन्निधि करो, हे जगत्की माता ! तुम संसारसागरसे तारनेवाली हो, महाकमलवनमें तुम्हारी स्थिति है, तुम्हारा शरीर आनन्द देनेवाला है, हे स्वच्छ कामेश्वरी ! तुम शब्दब्रह्मस्वरूपिणी हो सो तुम मेरे ऊपर प्रसन्न होओ ॥ ९९ ॥ १०० ॥

आवाहयामि कामेशमिति मन्त्रेण शाङ्करि ।
नमो भवाय शर्वाय रुद्राय वरदाय च ॥ १०१ ॥
पशूनां पतये चैव सर्वानन्दात्मने सदा ।
त्रिजटाय त्रिशीर्षाय त्रिशूलवरधारिणे ॥ १०२ ॥

त्रिनेत्राय त्रिकालाय त्रिपुरघ्नाय वै नमः ।
नमश्चण्डाय मुण्डाय विश्वदण्डधराय च ॥ १०३ ॥
लोहिताय च धूम्राय नीलकण्ठाय वै नमः ।
नमस्त्रिपुररूपाय विरूपाय नमो नमः ।
सूर्याय सूर्यपतये सिद्धनाथाय वै नमः ॥ १०४ ॥

इस मन्त्रमें जो नाम हैं उनके साथ नमः शब्दका उच्चारण कर उक्त मन्त्रद्वारा कामेश्वरका आवाहन करे ॥ १८३-१०४ ॥

तस्मादरण्योत्तरतो नातिदूरे व्यवस्थिता ।
खर्वा श्वेता कृष्णवर्णा गोधिकाथाः शिला यतः ।
पश्चिमे तु शिवस्तस्य पूर्वपूर्वं विजानत ॥ १०५ ॥

उस वनके उत्तरमें थोडीही दूर खर्व श्वेत कृष्ण वर्ण गोधिकाकी शिला है. उसके पश्चिममें शिव हैं, इस प्रकार पूर्व पूर्वमें व्यवस्थित जानो ॥ १०५ ॥

गयातीर्थश्चाप्युदरे चोत्तरे परिकीर्तितम् ।
चतुर्वर्गप्रमाणेन शीर्षे चैव गयाशिरः ॥ १०६ ॥
शीर्षपार्श्वे रामगया रामपिण्डन्तु दक्षिणे ।
पुच्छे तु मानसं तीर्थं दक्षिणे तु महानदी ॥ १०७ ॥

उदरमें उत्तर भागमें गयातीर्थ है, चतुर्वर्गप्रमाणसे शीर्ष (मस्तक) में गयाशिर, पार्श्वमें रामगया, दक्षिणमें रामपिण्ड और पुच्छमें मानस तीर्थ है । दक्षिणमें महानदी है ॥ १०६ ॥ १०७ ॥

तत्र स्नानं प्रकुर्वीत विधिपूर्वेण कर्मणा ।
तस्योत्तरे त्विषुक्षेपयुगस्यैवान्तरे प्रिये ॥ १०८ ॥
तीर्थप्रेतशिलाख्यश्च श्राद्धे स्वर्गं नयेत्पितॄन् ।

महानद्यां कृते श्राद्धे पितरः स्वर्गमाप्नुयुः ॥ १०९ ॥
तथाक्षयवटे श्राद्धी ब्रह्मलोकं नयेत्पितॄन् ।
गयातीर्थे नरः स्नात्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ ११० ॥

वहां विधिपूर्वक कर्म करके स्नान करै । उसके उत्तरमें दो गव्योंके रखने योग्य लम्बी भूमीमें प्रेतशिलाख्यतीर्थ है, वहां श्राद्ध करनेसे पितरोंको स्वर्ग प्राप्त होता है । महानदीमें श्राद्ध करनेसे पितर स्वर्गमें जाते हैं, अक्षयवटमें श्राद्ध करनेसे पितृगण ब्रह्मलोकमें गमन करते हैं, मनुष्य गयातीर्थमें स्नान करके सब पापोंसे छूट जाते हैं॥ १०८–११० ॥

आत्मयोनिर्महेशानि गयायान्तु तिलैर्विना ।
पिण्डनिर्वपणं शेषमपि कुर्वन्ति मानवाः ॥ १११ ॥

हे महेशानि ! आत्मसम्बन्धी मनुष्य गयामें तिलके विना शेष पिण्ड (दान) करै ॥ १११ ॥

पश्चिमे वासुदेवस्य धनुरष्टादशान्तरे ।
दीर्घाकारं पञ्चकोणमुत्तरं मुनिसंस्कृतम् ॥ ११२ ॥

वासुदेवके पश्चिममें अठारह धनुके अन्तरपर दीर्घाकार मुनिसंस्कृत पंचकोण उत्तर ॥ ११२ ॥

उत्तरे मानसे श्राद्धी न भूयो जायते नरः ।
दक्षिणे कोटिलिङ्गस्य चतुष्कोणश्च यः शिवः ॥ ११३ ॥
दक्षिणं मानसं तद्धि सर्वपापप्रणाशनम् ।
दक्षिणे मानसे श्राद्धी ब्रह्मलोकं नयेत्पितॄन् ॥ ११४ ॥

उत्तर मानसमें श्राद्ध करनेसे मनुष्योंको फिर जन्म लेना नहीं पडता । कोटिलिंगके दक्षिणमें चतुष्कोण जो शिव हैं, वही सब पापोंका नाशक दक्षिणमानस है । दक्षिणमानसमें श्राद्ध करनेसे पितरोंको ब्रह्मलोक प्राप्त होता है ॥ ११३ ॥ ११४ ॥

महानद्यां कृते श्राद्धे ब्रह्मलोकं नयेत्पितॄन् ।
श्राद्धी रामह्रदे देवि ब्रह्मलोकं नयेत्पितॄन् ॥ ११५ ॥

महानदीमें श्राद्ध करनेसे पितर ब्रह्मलोकमें जाते हैं, रामह्रदमें श्राद्ध करनेसे पितर ब्रह्मलोकको प्राप्त होते हैं ॥ ११५ ॥

गयाशिरे पिण्डदानाद्गयापुच्छे तथोत्तरे ।
त्रिदिनं पातयेत्पिण्डं कुलञ्चैव समुद्धरेत् ॥ ११६ ॥
कांक्षन्ति पितरः पुत्रान्नरकाद्भयभीरवः ।
गयां गच्छति यः कश्चिन्नरोऽस्मान्तारयिष्यति॥ ११७

गयाशिरमें और उत्तरमें, गयापुच्छमें यदि तीन दिन पिण्डदान और पिण्डपातन करै, तो अपने कुलका उद्धार करसकता है । पितरगण नरकके भयसे भीत होकर पुत्रोंकी कामना करते हैं कि, उनमें कोई एक गयामें जाकर हमारा उद्धार करसकताहै ॥ ११६ ॥ ११७ ॥

पश्चिमे कामनाथस्य सप्तधन्वन्तरे स्थिताम् ।
दृष्ट्वा दिर्घेश्वरीं देवीं सर्वकामफलप्रदाम् ।
षष्टिवर्षसहस्राणि देववद्भुवि मोदते ॥ ११८ ॥

कामनाथके पश्चिम सात धनुके अन्तरमें स्थित सर्वकामफलप्रद दीर्घेश्वरी देवीका दर्शन करनेपर साठ हजार वर्षतक देवतुल्य होकर पृथ्वीमें महाआनंदसे समय बिताताहै ॥ ११८ ॥

मायाबीजेन देवेशीमष्टम्यां प्रति पूजयेत् ।
सर्वविद्यामवाप्नोति वंश्यानामग्रणीर्भवेत् ॥ ११९ ॥

हे देवेशि ! मायाबीजमंत्रद्वारा अष्टमीमें पूजा करनेसे सर्व विद्या प्राप्त होकर बहुत मनुष्योंका अग्रणी होता है ॥ ११९ ॥

कल्पवृक्षं ततो गत्वा तिन्तिडीसंज्ञकं तरुम् ।
प्रदक्षिणत्रयं कृत्वा मन्त्रेणानेन पूजयेत् ॥ १२० ॥

ओं नमो व्यक्तरूपाय सर्वदेवस्तुताय च ।
शिवाधिष्ठानरूपाय तिन्तिडीवृक्षरूपिणे ॥ १२१ ॥

फिर तिन्तिडी नामक कल्पवृक्षके निकट जाय और तीनवार प्रदक्षिणा करके "ओं नमो व्यक्तरूपाय सर्वदेवस्तुताय च । शिवाधिष्ठानरूपाय तिन्तिडीवृक्षरूपिणे" इस मंत्रसे पूजा करै ॥ १२० ॥ १२१॥

प्रशस्तः सर्वमन्त्रेषु काम्ये मोक्षे च दक्षिणे ।
वामहस्तस्य संस्पर्शे मालायां ग्रहणे तथा ॥ १२२ ॥

उक्त मंत्र काम्य मोक्ष और दाक्षिणमें सब कार्योंमें ही श्रेष्ठ है, वाम हस्तसे स्पर्श करके माला ग्रहण करनेपर ॥ १२२ ॥

भूगतश्च परैः स्पृष्टश्छिन्ने सम्वत्सरान्तरे ।
संस्कुर्यान्मालिकां देवि ताम्रपात्रे निवेशयेत् ॥ १२३॥

पृथ्वीमें गिरनेपर दूसरेसे छुई जानेपर छिन्न होजानेपर अथवा एक वर्षकी पुरानी होनेपर मालाका संस्कार करना चाहिये । हे देवि ! यदि मालाका संस्कार करना हो तो प्रथम इस मालिकाको तांबके पात्रमें रखकर ॥ १२३ ॥

गायत्र्या प्रथमं प्रोक्ष्य पञ्चगव्यैरनन्तरम् ।
पश्चात्तेनैव मन्त्रेण हुं सिध्यै नम इत्युत ॥ १२४ ॥

गायत्रीद्वारा प्रक्षालनपूर्वक पंचगव्य प्रदानकरके फिर उसी मंत्रसे और 'हुं सिध्यै नमः' ॥ १२४ ॥

गन्धोदकेन तत्पश्चाद्गन्धपुष्पैः पृथग्विधैः ।
कुम्भत्रयेण संस्थाप्य रक्तपुष्पैः प्रपूजयेत् ॥ १२५ ॥

इस मन्त्रद्वारा गंधोदक(सुगंधितजल) में फिर पृथक् प्रकारसे रक्त गन्ध पुष्पमें तीन घटके ऊपर स्थापन करके रक्तपुष्पसे पूजा करै१२५

यवक्षारबलिं दत्त्वा देवप्राणं निवेशयेत् ।
तदानीय स्पृशेन्मालामन्तरिक्षेषु विन्यसेत् ॥ १२६ ॥

अनन्तर यवक्षारकी बलि देकर देवप्राण निवेशित करै, तब माला लाय स्पर्श करके आकाशकी ओर लम्बायमान रक्खै ॥ १२६ ॥

आनीय रात्रौ पीठे च स्थापयेन्मालिकां ततः ।
गन्धचन्दनकं दत्त्वा तथा दूर्वाक्षतानि च ।
पुनर्देवस्य पीठे च तद्रात्रे च निवेशयेत् ॥ १२७ ॥

इसके उपरान्त रात्रिकालमें माला लाकर पीठमें स्थापन करै, फिर गन्ध, चंदन और दूर्वाक्षत प्रदान करके उसी रात्रिको फिर देवपीठमें निवेशित करै ॥ १२७ ॥

शतं साहस्रकञ्चैव अयुतं नियुतं तथा ।
लक्षञ्चैव तथा कोटिं जपहोमस्य मानकम् ॥ १२८ ॥
प्रतिमाने चाष्टहस्तं सर्वपर्वणि संजपेत् ।
अथवा चाष्टभिर्बीजैस्त्रीणि तत्रापि योजयेत् ॥१२९॥

फिर शत, सहस्र, अयुत, नियुत, लक्ष वा करोड जप होम करना चाहिये । यह माला परिमाणमें आठ हाथ होगी । सर्व पर्वमें ही आठ अथवा तीन बीज संयोग करके जप करै ॥ १२८ ॥ १२९ ॥

माले माले महामाले सर्वत्रैकस्वरूपिणि ।
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तन्माले सिद्धिदा भव ॥१३०॥
पुष्करीसाक्षिबीजस्त्वं सूक्ष्मं सूक्ष्मान्वितं तथा ।
आकाशशशिसंयुक्तं सिध्यै हृदय संज्ञकम् ॥ १३१॥

हे महामाले! माले ! तुम सर्वस्वरूपिणी हो, तुम्हारे विषै धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष यह चारोंवर्ग अधिष्ठित हैं, इसकारण तुम सिद्धि प्रदा

तुम अतिसूक्ष्म पुष्करिबीजसे निर्मित हो आकाश और शशियुक्त हो अतः सिद्धिप्रदान करो ॥ १३० ॥ १३१ ॥

एष पञ्चाक्षरो मन्त्रो मालायाः परिकीर्त्तितः ।
ग्रहणे स्थापने चैव पूजने विनियोजयेत् ॥ १३२ ॥

यही मालाका पंचाक्षर मंत्र कहागया है । ग्रहण स्थापन और पूजनमें इसका विनियोग करे ॥ १३२ ॥

शिवं जपादौ विन्यस्य जपान्ते तु स्तुतिं पठेत् ।
बलिदानं ततः कुर्य्याद्यथाविभवमात्मनः ।
अनुलोमविलोमेन मूलमन्त्रेण पूजयेत् ॥ १३३ ॥

जपके, आरंभमें शिवका स्थापन करके जपके अन्तमें स्तुतिपाठ करना चाहिये । फिर अपने विभवके अनुसार पूजोपहार बलि इत्यादि देवे । फिर अनुलोम विलोमके क्रमसे अर्थात् प्रथम क्रमानुसार पश्चात् विपरीतविधिसे मूलमंत्रद्वारा पूजा करे ॥ १३३ ॥

अम्बे अम्बिके मन्त्रेण तथा पौराणिकेन च ।
जय कामेशि चामुण्डे जय भूतापहारिणि ॥ १३४ ॥

फिर अम्बे अम्बिके इस पौराणिक मंत्रसे पूजा करके स्तुतिपाठ करे । स्तुति यथा, हे कामेशी ! हे चामुण्डे ! तुम्हारी जय हो ! हे भूतापहारिणी ! ॥ १३४ ॥

जय सर्वगते देवि कामेश्वरि नमोऽस्तु ते ।
विश्वमूर्त्ते शुभे शुद्धे विरूपाक्षि त्रिलोचने ॥ १३५ ॥

तुम्हारी जय हो ! हे सर्वगते देवि ! तुम्हारी जय हो ! हे कामेश्वरि ! तुमको प्रणाम करताहूं ! हे विश्वमूर्त्ते ! हे शुभे । हे शुद्धे ! हे विरूपाक्षि ! हे त्रिलोचने ॥ १३५ ॥

भीमरूपे शिवे विद्ये कामेश्वरि नमोऽस्तु ते ।

मायाजये जये जम्भे भूताक्षि क्षुभितेऽक्षये ।
महामाये महेशानि कामेश्वरि नमोऽस्तु ते ॥१३६॥

हे भीमरूपे ! हे शिवे ! हे विद्ये ! हे कामेश्वरी ! तुमको प्रणाम है । हे मायाजये ! हे जये ! हे जम्भे ! हे भूताक्षी ! हे क्षुभिते ! हे अक्षये ! हे महामाये ! महेश्वरी ! हे कामेश्वरी मैं तुमको प्रणाम करताहूं ॥ १३६ ॥

भीमाक्षि भीतिदे देवि सर्वभूतक्षयंकरि ।
कराली विकराली च कामेश्वरि नमोऽस्तु ते॥१३७॥

हे भीमाक्षी ! हे भीतिदे ! हे देवि ! हे सर्व भूतोंको क्षय करनेवाली ! तुम कराली और विकराली हो, हे कामेश्वरी ! तुमको मैं प्रणाम करताहूं ॥ १३७ ॥

काली कराली विक्रान्ते कामेश्वरि हरप्रिये ।
सर्वशास्त्रांबुवे देवि कामेश्वरि नमोऽस्तु ते॥ १३८ ॥

हे करालविक्रान्ते ! हे हरप्रिये ! हे कामेश्वरी ! हे काली ! हे सर्वशास्त्ररूपिणी ! हे देवि ! हे कामेश्वरि ! मैं तुमको प्रणाम करताहूं ॥ १३८ ॥

कामरूपप्रदीपा च नीलकूटनिवासिनी ।
निशुम्भशुम्भमथनि कामेश्वरि नमोऽस्तु ते॥१३९॥

तुम्हीं कामरूप प्रदीपा और तुम्हीं नीलाचलनिवासिनी हो हे शुम्भनिशुम्भमथनी ! हे कामेश्वरी ! मैं तुमको प्रणाम करताहूं ॥ १३९ ॥

कामाख्ये कामरूपस्थे कामेश्वरि हरप्रिये ।
कामांश्च देहि मे नित्यं कामेश्वरि नमोऽस्तु ते॥१४०॥

हे कामरूपमें स्थित ! हे कामाख्ये ! हे हरप्रिये ! हे कामेश्वरी ! मेरी मनोकामना सदाही पूर्ण करो । हे कामेश्वरी ! मैं तुमको प्रणाम करता हूं ॥ १४० ॥

रुधिरासवपानाढ्यवक्त्रे त्रिभुवनेश्वरि ।
महिषासुरसंहर्त्रि कामेश्वरि नमोऽस्तु ते ॥ १४१ ॥

हे रुधिरासवपानाढ्यवदने भुवनेश्वरि ! हे महिषासुरविनाशिनी ! हे देवि कामेश्वरि ! मैं तुमको प्रणाम करताहूं ॥ १४१ ॥

छागतुष्टे महाभीमे कामाख्ये सुरवन्दिते ।
जय कामप्रदे तुष्टे कामेश्वरि नमोऽस्तुते ॥ १४२ ॥

हे महाभीमे ! हे छागतुष्टे ! हे सुरवन्दिते ! हे कामाख्ये ! तुम्हारी जय हो । हे कामप्रदे ! हे तुष्टे ! हे कामेश्वरि ! मैं तुमको नमस्कार करताहूं ॥ १४२ ॥

भ्रष्टराज्यो यदा राजा नवम्यां नियतः शुचिः ।
अष्टम्याञ्च चतुर्दश्यां उपवासी नरोत्तमः ॥ १४३ ॥
संवत्सरेण लभते राज्यं निष्कंटकं पुनः ।
य इदं शृणुयाद्भक्त्या तव देवि समुद्भवम् ।
सर्वपापविनिर्मुक्तः परं निर्वाणमृच्छति ॥ १४४ ॥

इस प्रकार कामाख्याकी स्तुति करनेसे संपूर्ण अभिलाषा पूर्ण होती है । जब राजा राज्यभ्रष्ट हो, तो नियमधारणपूर्वक पवित्र होकर अष्टमी, नवमी और चतुर्दशीमें उपवास करनेसे एक वर्षमेंही निष्कण्टक राज्यको फिर प्राप्त होताहै । हे देवि ! यह तुम्हारी उत्तम स्तुति जो मनुष्य भक्तिसे सुनता है, वह सब पापोंसे छूटकर परम निर्वाण लाभ करता है ॥ १४३ ॥ १४४ ॥

कामेश्वरी देवि सुरासुरप्रिये
प्रकाशिताम्भोजनियन्त्रिते नमः ।
सुरारितेजोवधतुष्टमानसे
त्रयीमये देवि नमामि तुभ्यम् ॥ १४५ ॥

हे सुरासुरप्रिये ! हे देवि कामेश्वरि ! हे प्रकाशितमुखाम्भोजे ! हे नियन्त्रिते देवि ! मैं तुमको नमस्कार करताहूं । हे सुरारितेजोवधतुष्ट मानसे ! हे त्रयीमये देवि ! मैं तुमको प्रणाम करताहूं ॥ १४५ ॥

सितासिते रक्तपिशङ्गविग्रहे
रूपाणि यस्यास्तव भान्ति सर्वतः ।
करे कपाले कविकल्पितानि
शुभाशुभानामयिते नमामि ॥ १४६ ॥

हे सितासिते ! हे शोणितपिशङ्गविग्रहे ! अर्थात् रक्तकी समान शरीरकी आभावाली देवि ! तुम्हारे अनेकरूप प्रतिभात होते हैं, एवं कर और कपालमें शुभाशुभका विकल्पित रूप (प्रकाशित) होता है, हे देवि कामेश्वरि ! मैं तुमको प्रणाम करताहूं ॥ १४६ ॥

काम‍रूपसमुद्भूते कामपीठावतंसके ।
विश्वाधारे महामाये कामेश्वरि नमोऽस्तुते ॥१४७॥

हे कामरूपसमुद्भूते ! हे कामपीठावतंसरूपिणी ! हे विश्वाधारे ! हे महामाये ! हे कामेश्वरि देवि ! मैं तुमको प्रणाम करताहूं ॥ १४७ ॥

अव्यक्तविग्रहे शान्ते सन्तते कामपूरिते ।
कालगम्ये परे श्रान्ते कामेश्वरि नमोऽस्तुते ॥१४८॥

हे अव्यक्तविग्रहे ! हे शान्ते ! हे सन्तते ! हे कामरूपिणी ! हे कालगम्ये परमे ! हे श्रान्ते ! हे कामेश्वरि मैं तुमको नमस्कार करताहूं ॥ १४८ ॥

त्वं सुषुम्नान्तरालस्था चिन्त्यसे ज्योतिषानघे ।
प्रणतोऽस्मि परां वीरां कामेश्वरि नमोऽस्तु ते॥१४९

जो सुषुम्नाके अन्तरालमें स्थित ज्योतिरूपीणी होकर योगियोंके द्वारा चिन्तित होती है अर्थात् योगीजन जिनकी चिन्ता करते हैं उन परमा वीर कामेश्वरी देवीको मैं प्रणाम करता हूं ॥ १४९ ॥

दंष्ट्राकरालवदने मुण्डमालोपशोभिते ।
सर्वतः सर्वगे देवि कामेश्वरि नमोऽस्तु ते ॥ १५० ॥

हे कामेश्वरि ! मैं तुमको नमस्कार करताहूं । हे दंष्ट्राकरालवदने ! हे मुण्डमालासुशोभिते ! हे सर्वतः सर्वगे ! ॥ १५० ॥

प्रत्यूषे स्नानकाले च भोजने दन्तधावने ।
तथा विगतवस्त्रे च दर्शनं नैव संस्पृशेत् ॥ १५१ ॥

हे देवि कामेश्वरि ! मैं तुमको प्रणाम करताहूं, इस प्रकार कामेश्वरी की स्तुति और नमस्कार करना चाहिये स्नानकालमें, प्रातःकालमें भोजन और दन्तधावनमें, वस्त्र बदलनेमें दांतोंको स्पर्श न करै ॥ १५१ ॥

चैत्रमासे त्रयोदश्यां चतुर्दश्यां वृषस्य च ।
न स्त्री देवीं स्पृशेज्जातु त्यजेत्स्पृष्टेह्नि दर्शनम् ॥ १५२

चैतके महीनेकी त्रयोदशीमें और वृष अर्थात् ज्येष्ठके महीनेकी चतुर्दशीमें स्त्रियें देवीको स्पर्श न करै और इन दिनोंमें दर्शनभी न करै १५२

दर्शने भयदं विद्याच्छापः पतति मूर्द्धनि ।
एवं ज्येष्ठसिताष्टम्यां कुमारैर्नावलोक्यते ॥ १५३ ॥

दर्शन करनेसे भय उपस्थित और मस्तकपर शाप पडता है । इसी प्रकार ज्येष्ठके महीनेकी शुक्लाष्टमीमें कुमारगण दर्शन न करैं ॥ १५३ ॥

कुमार्यश्च सुरूपाश्च साधको न कदाचन ।
न रात्रौ संस्पृशेन्नारीं बलिं वै न स्पृशेत्क्वचित् ।
लिङ्गस्थाञ्च महादेवीं कदाचिदपि न व्रजेत् ॥ १५४ ॥

और सुरूपा कुमारीगण देवीका दर्शन न करैं साधकभी रात्रिकालमें नारीका स्पर्श न करै, और पूजाके द्रव्यका स्पर्श न करावै । लिंगस्थिता महादेवीके निकट कभी गमन न करै ॥ १५४ ॥

विप्राणां क्षीरवलयः शाल्यन्नं वाथ पायसम् ।
घृतप्लुतं चर्व्यफलं पुष्पं तस्य घृतान्वितम् ॥ १५५ ॥

दद्यात्क्षीरञ्च दुग्धान्नं भक्तान्नं वा निवेदयेत् ।
शाल्यन्नं वाथ समधु कृसरं खण्डमोदकम् ॥ १५६ ॥

क्षीरभोग, शालिअन्न, खीर, घृतप्लुत चर्व्यफल (तलीहुई खिचरी) और घृतयुक्त पुष्प, क्षीर, दुग्धान्न, भक्तान्न (भात) मधुसहित कृसर (तिलयावक) और खंडमोदक यह सब द्रव्य ब्राह्मण निवेदन कर सकते हैं ॥ १५५ ॥ १५६ ॥

राज्ञां हि पशवः शस्ता वैश्यानां व्रीह्यस्तथा ।
क्षौद्रं वृषलजातीनां सर्वेषां पशवोऽथवा ॥ १५७ ॥

राजाओंको पशु प्रदान, वैश्यगणको व्रीहिदान और सब शूद्रोंको मधुदान वा पशुप्रदान करना चाहिये ॥ १५७ ॥

निवेदयेच्छोणतुण्डं मानुषं वा लुलायकम् ।
वाराहं वा छागलं वा चामरं वरुणं तथा ।
मेषञ्चाथ वराहञ्च गोधिकाञ्च निवेदयेत् ॥ १५८ ॥

अथवा शूद्रगण शोणतुण्ड (वानर) मनुष्यबलि वा महिषबलि या वराह, छागल, चामर, वरुण किम्वा मेषके सह वराह वा गोधिका (गोय) निवेदन करें ॥ १५८ ॥

चामरणाञ्च दशकांच्छागलैकं विशिष्यते ।
दशाभिश्छागलैरेव कूर्म एकः प्रशस्यते ॥ १५९ ॥

दश चामरसे एक छागल विशेष होताहै और दश छागलकी अपेक्षा एक कूर्म प्रशस्त होता है ॥ १५९ ॥

कूर्मस्य च शतेनापि शशकैकं विशिष्यते ।
शशकानां सहस्रात्तु वराहस्तु विशिष्यते ॥ १६० ॥

सौ कूर्मसे शशक (खरगोश) प्रशस्त और हजार शशकसे एक वराह श्रेष्ठ होताहै ॥ १६० ॥

द्विसहस्रवराहेभ्यो माहिषं श्रेष्ठमुच्यते ।
द्वे सहस्रे लुलायस्य खड्गमेकं विशिष्यते ॥ १६१ ॥

दो हजार वराहसे एक महिष श्रेष्ठ और दो हजार महिषसे एक गेंडा श्रेष्ठ है ॥ १६१ ॥

खड्गिनां तु सहस्रात्तु मानुषं चातुलं फलम् ।
द्विसहस्रमनुष्येषु शोणतुण्डः प्रशस्यते ॥ १६२ ॥

हजार गेंडेकी अपेक्षा एक मनुष्यसे अतुल फल होता है और दो हजार मनुष्योंसे एक शोणतुण्ड (वानर) श्रेष्ठ है ॥ १६२ ॥

द्वे शते शोणतुण्डेभ्यः श्वेतग्रीवः प्रशस्यते ।
श्वेतग्रीवशताच्चापि गोधिकैका वरा मता ॥ १६३ ॥

दोसौ शोणतुण्डकी अपेक्षा एक श्वेतग्रीव श्रेष्ठ है और हजार श्वेतग्रीवकी अपेक्षा एक गोधिका (गोय) श्रेष्ठ है ॥ १६३ ॥

गोधिकानां शताद्देवि नरस्य च कुमारकः ।
पशूनाञ्चैव षण्मासात्परतोपि बलिर्भवेत् ॥ १६४ ॥

शतगोधिकासे एक नरकुमारको श्रेष्ठ जानना चाहिये। पशुगणकी आयु छै मासकी होनेपरही बलिके योग्य होती है ॥ १६४ ॥

श्वेतो वा छागलः कृष्णो द्विवर्षात्परतो यदि ।
संजाते गुग्गुलुश्राद्धे शोणाख्यं जम्बुकं तथा ॥ १६५ ॥
स्नानं गन्धमृगञ्चैव छागं वै पार्वतीयकम् ।
मूषकञ्च करालञ्च क्षुद्रमार्ज्जारमेव च ॥ १६६ ॥

कृष्णश्वेत छाग दो वर्षका होनेपर और शोणाख्य जम्बुक, स्नानगन्ध, मृग, पार्वतीय छाग, यह सब गुग्गुलुश्राद्ध होनेपर बलिके योग्य होतेहैं । मूषक, कराल, क्षुद्रमार्जार ॥ १६५ ॥ १६६ ॥

काकोलं कलविङ्कञ्च राजहंसञ्च शारिकम् ।
कोकिलं शूकगृध्रं च मयूरं चित्रकं तथा ॥ १६७ ॥

काकोल, (द्रोणकाक) कलविंक (चटक) राजहंस, शारिक, शुका । गृध्र, कोकिल, मयूर, चित्रक ॥ १६७ ॥

अश्वञ्च वेणुपृष्ठञ्च कृष्णपारावतन्तथा ।
बृहत्कपोतकञ्चैव खञ्जरीटं तथैव च ॥ १६८ ॥
बकञ्चैव बलाकञ्च प्रयत्नेन विवर्ज्जयेत् ।
संहारे बलिदानेन स्त्रियं तु न विचारयेत् ॥ १६९ ॥

अश्व, वेणुपृष्ठ, कृष्ण पारावत (काला कबूतर) बृहत् कपोत (बडा कबूतर) खंजरीट (ममोला) बक, बलाक, इन सबका यत्नपूर्वक त्याग करै बलिदानमें स्त्रीप्रदान करनेसे उसके पापका विचार करना नहीं पडता ॥ १६८ ॥ १६९ ॥

मिथुने दीयमाने तु न दोषो जायते प्रिये ।
श्मशाने महिषं दद्याद्देवकस्य च सन्निधौ ॥ १७० ॥

मिथुन प्रदान करनेसे उसमें दोष नहीं होता, हे प्यारी ! श्मशानमें देवताके समीप महिष प्रदान करना चाहिये ॥ १७० ॥

स याति ब्रह्मलोकञ्च शिववद्भुवि मोदते ।
अन्तर्गृहे तु यो हन्यात्स याति ब्रह्म शाश्वतम् ॥ १७१ ॥

ऐसा होनेसे वह ब्रह्मलोकमें जाता है और पृथ्वीमें शिवकी तुल्य प्रमोद करताहै, जो अन्तर्गृहमें मारताहै, उसको शाश्वत ब्रह्मपद प्राप्त, होता है ॥ १७१ ॥

अद्यापि दृश्यते ब्रह्म यस्तु दक्षिणतः प्रिये ।
यतते नात्र सन्देहो ज्ञानदाता सदाशिवः ॥ १७२ ॥

हे प्रिये ! अबभी दक्षिणदिशामें ब्रह्म दिखाई देताहै, वहां शिवकी उपासना करनेसे वे अवश्य ज्ञान देते हैं इसमें सन्देह नहीं ॥ १७२ ॥

तस्माद्दक्षिणकर्णेन भूमौ पतति वै नरः ।
महापातकयुक्तोऽपि युक्तो वाप्युपपातकैः ॥ १७३ ॥

इसीकारण दक्षिण कर्णमें मनुष्य भूमिपतित होते हैं, महापातकयुक्त हो वा उपपातकयुक्त हो ॥ १७३ ॥

श्मशाने बलिदाने तु मुक्तो गच्छेच्छिवालयम् ।
अकामो वा सकामो वा प्राणांस्त्यजति तत्र वै ।
त्यक्तदेशोपि भवति स्वयमेव गणेश्वरः ॥ १७४ ॥

श्मशानमें बलिदानसे मुक्तहोकर शिवालयमें जाते हैं, अकाम हो वा सकाम हो, वहां प्राणत्याग करके उस देशके परित्याग करने पर स्वयं गणेश्वर होते हैं ॥ १७४ ॥

परदेशार्ज्जितं वाथ कृत्वा दत्त्वा बलिं नृपः ।
महापातकिनं चौरं मूर्खं वा चैकवीरकम् ।
ब्रह्मद्विषं स्त्रीजितं च प्रयत्नेन न योजयेत् ॥ १७५ ॥

राजागण परदेशसे आयेहुए महापातकी, चोर, मूर्ख, वा वंशके एक मात्र वीर, स्त्रीजित, ब्रह्मद्वेषी, इन सबको यत्नपूर्वक परित्याग करै ॥ १७५ ॥

मणिमुक्तासुवर्णादि देवे दत्तं तु यद्भवेत् ।
न निर्माल्यं द्वादशाहं ताम्रपात्रं तथैव च ॥ १७६ ॥

मणि, मुक्ता, प्रवाल (मूंगा) सुवर्णादि और ताम्रपात्र, देवताको दियाजानेपर बारह दिनतक निर्माल्य न करै अर्थात् देवस्थानसे अन्यत्र न ले ॥ १७६ ॥

पट्टी शटी च षण्मासं नैवेद्यं दत्तमात्रतः ।
मोदकं कृसरश्चैव यामार्द्धेन महेश्वरि ॥ १७७ ॥

पट्टी (रेशम) और साटी (साडी) की छः महीने देवस्थानमें रक्षा करनी चाहिये । नैवेद्य (केवल दानमात्र) मोदक तथा कृसर (खिचडी) अर्द्धप्रहर रह सकता है ॥ १७७ ॥

पट्टवस्त्रं त्रिमासाच्च यज्ञसूत्रमहः स्मृतम् ।
यावदुष्णं भवेदन्नं परमान्नं तथैव च ॥ १७८ ॥

रेशमीन वस्त्र तीन महिने, यज्ञसूत्र एकाह (केवल एक दिन) अन्न और परमान्न जबतक उष्ण रहै, (इसके पीछे निर्माल्य करै)॥१७८॥

मस्तकं रुधिरश्चैव अर्धरात्रेण पार्वति ।
मुहूर्त्तं दधि दुग्धञ्च आज्यं यामेन शाङ्करि ॥ १७९ ॥

मस्तक और रुधिर आधीरात पीछे, दही और दूध मुहुर्त्तकालपीछे आज्य (घृत) एक प्रहर पीछे ॥ १७९ ॥

करवीरमहोरात्रं बिल्वपत्रं तथैव च ।
जपाबन्धूकमाल्यञ्च निर्माल्यं सार्द्धमासकम् ॥१८०॥

कनेर और बेलपत्र अहोरात्रमें, जपामाल्य और बन्धूकमाल्य डेढ महीने पीछे ॥ १८० ॥

माल्यं वै करवीरस्य पद्मानां बिल्वकस्य च ।
मासार्धेन महेशानि ताम्बूलं दत्तमात्रतः ॥ १८१ ॥

करनेकी माला, पद्मकी माला, महीनेके अन्तमें और बेलकी माला, आधा महीनेके अन्तमें, और ताम्बूल केवल देतेही निर्माल्य करै॥१८१

खर्जूरं पनसं द्राक्षां मातुलुङ्गञ्च शावकम् ।
कदलीं नागरंगञ्च तथा जांबूफलानि च ।
शालूकं मधुकञ्चैव प्रयत्नेन निवेदयेत् ॥ १८२ ॥

खजूर, पनस, दाख, मातुलुङ्ग, शावक, कदली, (केला) नागरङ्ग, जम्बूफल, शालूक और मधुक यह सब यत्नपूर्वक निवेदन करै ॥ १८२ ॥

फलं बिल्वस्य दाडिम्बं जयन्तीं कर्कटीं तथा ।
त्रिपुरश्चैव वार्त्ताकी देवीप्रीतिकराणि च ॥ १८३ ॥
न निर्माल्यञ्च दाडिम्बं तथा बिल्वफलं प्रिये ।
सौगन्धिकञ्चैव दलं प्रयत्नेन नियोजयेत् ॥ १८४ ॥

विल्वफल, दाडिमी, जयन्ती (नादेई) ककडी, त्रिपुर, वार्त्ताकी (बतिगा) यह सब देवीकी प्रसन्नता करनेवाले हैं । हे प्रिये ! दाडिमी और बेल निर्माल्य नहीं है । सौगन्धिक दल यत्नपूर्वक नियोजित करै ॥ १८३ ॥ १८४ ॥

कदलीं बीजपूरञ्च दुग्धं पक्वं निवेदयेत् ।
कन्दुपक्कं कशेरुञ्च जम्बवालं प्रियं भवेत् ॥ १८५ ॥

बिजौरा निम्बूका दल दूधमें पकाकर निवेदन करना चाहिये कन्दुपक्क, कशेरु और जम्बवाल (फल विशेष) देवीकी प्रसन्नता करानेवाले हैं ॥ १८५ ॥

आर्द्रकं लवणञ्चैव जीरकं पिप्पलीयकम् ।
जातीकोषं तिन्दुकञ्च देव्याः प्रियतरं महत् ॥ १८६ ॥

अदरक, लवण; जीरा, पीपल, जीया और तिन्दुक देवीको महाप्रियकर हैं ॥ १८६ ॥

रामरम्भाफलं पुष्पं कदलीं धूम्रतापिताम् ।
न योजयेन्महादेव्यै उत्पलस्य च बीजकम् ।
धान्यं श्रावणकं मर्त्यै द्विःस्विन्नञ्च विवर्जयेत् ॥ १८७ ॥

रामरम्भाफल (शरीफा) पुष्प, कंदली और उत्पलबीज धुएमें तपाकर देवीको प्रदान न करै ! दोवारमें पकाये श्रावणक धान्य और मत्स्य वर्जित है ॥ १८७ ॥

नारिकेलं सुवर्णाभं नारिकेलञ्च वामकम् ।
निवेदयेन्महादेव्यै तोयं तस्य विशेषतः ॥ १८८ ॥

नारियल और भूरानारियल, वामक और विशेषतः नारियलका जल महादेवीको निवेदन करै ॥ १८८ ॥

नारिकेलञ्च भाण्डीरं देवश्राद्धे विवर्जयेत् ।
वकुलस्य फलं पक्वं पद्मस्य च फलं तथा ॥ १८९ ॥
नियोजयेन्महादेव्यै चान्द्रायणफलं लभेत् ।
शृणु देवि प्रवक्ष्यामि पुष्पाध्यायं समासतः ॥ १९० ॥

देवश्राद्धमें नारियल और पिण्डखजूर वर्जित हैं महादेवीको पका- हुआ वकुलका फल और पद्मफल प्रदान करनेसे चान्द्रायण व्रतका फल प्राप्त होता है हे देवि ! संक्षेपसे पुष्पाध्यायका विवरण कहताहूं सुनो ॥ १८९ ॥ १९० ॥

ऋतुकालोद्भवैश्चैव मल्लिकाजातिपुष्पकैः ।
सितरक्तैस्तथा पुष्पैर्नीलैः पद्मैश्च पाण्डुरैः ॥ १९१ ॥
किंशुकैस्तगरैश्चैव जपाकनकचम्पकैः ।
वकुलैश्चैव मन्दारैः कुन्दपुष्पैः कुरण्टकैः ॥ १९२ ॥

यथा ऋतुसमुत्पन्न, चमेली, जाति, सफेद और लालपुष्प और नील पाण्डुरपद्म, किंशुक, तगर, जपा, कनक; चम्पक, बकुल मन्दार कुन्दपुष्प कुरण्टक ॥ १९१ ॥ १९२ ॥

धत्तूरकादियुक्तैश्च बन्धूकागस्त्यसम्भवैः ।
मदनैः सिन्धुवारैश्च दूर्वाङ्कुरदलैस्तथा ॥ १९३ ॥

धतूरा, गुलदुपैरी, अशोक, मदन, निर्गुण्डी, कोमल दूर्वांकुर॥ १९३॥

पत्रैश्च तुलसीनाञ्च बिल्वपत्रैः सुकोमलैः ।
करवीरस्य माध्यस्य सहस्राणि ददाति यः ।
सकामान्प्राप्य चाभीष्टान्देवीलोके महीयते ॥ १९४ ॥

तुलसीपत्र और अत्यन्त कोमल बेलपत्रसे देवीकी पूजा करनी चाहिये जो मनुष्य हजार कनेर और कुन्दपुष्प देवीको प्रदान करताहै वह संपूर्ण अभीष्ट और कामनाको प्राप्त होकर देवीके लोकमें जाताहै ॥ १९४ ॥

एकं स्यात्करवीरं तु पद्मानां द्विसहस्रवत् ।
निर्माल्यं न ऋते दद्यात्पुष्पाणि वनजानि च॥ १९५॥

एक कनेरका पुष्प दो हजार कमलके समान है, वनके पुष्प विना उत्सर्ग किये कभी देवीको प्रदान न करै ॥ १९५ ॥

न शक्नुवन्ति वै देव्याः संगृहीतुं समुद्यताः ।
एकैकं कुसुमं यक्षा रक्षन्ति दश वै यतः ॥ १९६ ॥
तथा यक्षाङ्गनाः पञ्च सर्वतः कुसुमावृताः ।
तस्मादाहृत्य कुसुमं दद्याद्देवान्पितॄनपि ॥ १९७ ॥

क्योंकि देवियें इस पुष्पके आकर्षण करनेमें उद्यत होकर समर्थ नहीं होतीं। दश दश यक्ष और पांच पांच यक्षस्त्रियां एक एक कुसुमकी रक्षा करती हैं, इस कारण कुसुम लाकर देवता और पितरोंको प्रदान करै ॥ १९६ ॥ १९७ ॥

कुर्य्यात्पुष्पगृहं तत्र कामाख्योपरि शङ्करि ।
इह कामानवाप्नोति दुर्गालोके महीयते ॥ १९८ ॥

हे देवि ! वहां एक पुष्पगृह बनाना चाहिये । इस प्रकार पुष्प प्रदान करके इस लोकमें संपूर्ण कामनाको प्राप्त हो दुर्गालोकमें जाकर आनन्द उपभोग करता है ॥ १९८ ॥

करवीरसजातीयं पूजयेद्यस्तु शाङ्करि ।
अग्निष्टोमफलं लब्ध्वा सूर्यलोके महीयते ॥ १९९ ॥

हे शांकरि ! जो मनुष्य कनेर और तज्जातीय पुष्पद्वारा पूजा करता है वह अग्निष्टोमके फलको प्राप्त होकर सूर्यलोकमें जाताहै ॥ १९९ ॥

पूजयित्वा नरो भक्त्या चण्डिकां पद्ममालया ।
ज्योतिष्टोमफलं प्राप्य सूर्यलोके महीयते ॥ २०० ॥

मनुष्यगण भक्तिपूर्वक पद्ममालासे चण्डिकाकी पूजा करके ज्योतिष्टोमके फलको प्राप्त होते हैं और सूर्यलोकमें जाकर पूजाको प्राप्त होते हैं ॥ २०० ॥

बकपुष्पसजातीयं तथा रुद्रजटस्य च ।
वाजपेयस्य यज्ञस्य फलं प्राप्नोति नान्यथा ॥ २०१ ॥

बकपुष्प और तज्जातीय पुष्प तथा रुद्रजटासे पूजा करनेपर वाजपेय यज्ञका फल मिलता है, इसमें संदेह नहीं ॥ २०१ ॥

सर्वेषामेव पुष्पाणां प्रवरं नीलमुत्पलम् ।
नीलोत्पलसहस्रेण यस्तु मालां प्रयच्छति ।
दुर्गायां विधिवद्देवि तस्य पुण्यफलं शृणु ॥ २०२ ॥

नील कमल सब पुष्पोंमें श्रेष्ठ है, जो मनुष्य सहस्र नील कमलोंकी माला दुर्गादेवीको विधिपूर्वक प्रदान करताहै उसका पुण्यफल सुनो ॥ २०२ ॥

वर्षकोटिसहस्राणि वर्षकोटिशतानि च ।
देव्यास्त्वनुचरो भूत्वा रुद्रलोके महीयते ॥ २०३ ॥

वह सौ करोड और हजार करोड वर्ष देवीका अनुचर होकर रुद्रलोकमें पूजित होताहै ॥ २०३ ॥

वक्रधान्योद्भवं यच्च सूक्ष्मधान्योद्भवंतथा ।
राजधान्योद्भवञ्चैव रक्तधान्योद्भवं तथा ॥ २०४ ॥

शस्तं तण्डुलमक्षुण्णं सप्ताष्टनवसंख्यया ।
दूर्वाङ्कुरसमेतञ्च भगवत्यै निवेदयेत् ।
अष्टम्यां वा नवम्यां वा सोऽश्वमेधफलं लभेत्॥२०५॥

वक्रधान्योत्पन्न, सूक्ष्मधान्योत्पन्न, रा‌ धान्योत्पन्न और रक्तधान्योत्पन्न (सावत चावल) प्रशस्त है, उनके सप्त अष्ट नवसंख्यक तण्डुल दूर्वाङ्कुरके सहित अष्टमी वा नवमीमें प्रदान करनेसे अश्वमेधका फल प्राप्त होता है ॥ २०४ ॥ २०५ ॥

गन्धानुलेपनं दत्त्वा ज्योतिष्टोमफलं लभेत् ॥ २०६॥

देवीको गन्धानुलेपन प्रदान करनेसे ज्योतिष्टोम यज्ञका फल मिलता है ॥ २०६ ॥

कुंकुमेन विलिप्यार्घ्यं गोसहस्रफलं लभेत् ।
चन्दनागुरुकर्पूरैः शुक्लपुष्पैः सकुंकुमैः ।
विलिप्तां पूजयेद्दुर्गामग्निष्टोमफलं लभेत् ॥ २०७ ॥

और कुंकुमविलेपित अर्घ्यदान करनेसे सहस्र गोदानका फल प्राप्त होता है । चन्दन, अगर, कपूर, और कुंकुम विलिप्त शुक्ल पुष्पद्वारा दुर्गादेवीकी पूजा करनेसे अग्निष्टोमका फल प्राप्त होताहै ॥ २०७ ॥

निम्बपत्रञ्च कुन्दञ्च तमालामलकीदलम् ।
कह्लारं तुलसीञ्चैव पद्मञ्चाह्लानिपुष्पकम् ॥ २०८ ॥

निम्बपत्र, कुन्द, तमालदल, आमलकीदल, कह्लार, तुलसी, पद्म और अह्लानिपुष्प, यह सब पुष्प ॥ २०८ ॥

एतत्पर्युषितं न स्याद्यच्चान्यत्कालिकात्मकम् ।
न दूष्येच्छिन्नभिन्नञ्च जातीपुष्पञ्च शाङ्करि ॥ २०९॥

और अन्यान्य कालकात्मक पुष्प पर्युषित (बासी) नहीं होते । हे शाङ्करि ! छिन्न भिन्न जाती पुष्प ॥ २०९ ॥

पद्मं दूर्वाङ्कुरश्चैव तुलसीदलमेव च ।
आशु पर्य्युषितं न स्यात्कुसुमं चैव शाङ्करि ॥२१०॥

पद्म दूर्वांकुर और तुलसीदल दूषित नहीं होते । हे शाङ्करि! कुसुम शीघ्रही बासी नहीं होते ॥ २१० ॥

नार्चयेज्झिंटिपुष्पेण पीतेन तगरेण च ।
श्वेतौड्रेण च कृष्णेन विजयेन न चार्चयेत् ॥ २११ ॥

झिण्टी पुष्प, पीततगर, श्वेत ओड्र और कृष्ण वर्णके विजय पुष्पसे पूजा करे ॥ २११ ॥

त्रिलक्षं प्रजपेन्मन्त्रं पुरश्चरणसिद्धये ।
न्यासश्च तर्पणश्चैव होमं पंत्तयष्टकं चरेत् ।
जितेन्द्रियो महेशानि सोऽग्निष्टोमफलं लभेत् ॥२१२॥

पुरश्चरणसिद्धिके निमित्त तीन लक्ष मंत्रजप, न्यास, तर्पण, होम और पंत्तयष्ट (एक सौ आठ) का अनुष्ठान करनेसे वह जितेन्द्रिय मनुष्य अग्निष्टोमके फलको प्राप्त होताहै ॥ २१२ ॥

शुक्लपक्षे नवम्यां चाप्यष्टम्यां परमेश्वरीम् ।
त्रिकालं पूजयेद्यस्तु चतुर्दश्यां मम प्रिये ॥ २१३ ॥

हे प्यारी ! जो मनुष्य शुक्लपक्षकी अष्टमी नवमी और चतुर्दशीको तीनों कालमें परमेश्वरीकी पूजा करताहै ॥ २१३ ॥

स गच्छति परं स्थानं यत्र देवी व्यवस्थिता ।
संक्रीड्य तत्र सुचिरं राजा भवति भूतले ॥ २१४ ॥

वह मनुष्य देवीके अधिष्ठित परमस्थानमें जाताहै, और वह चिरकालक्रीडा करके फिर पृथ्वीमें राजा होकर जन्म लेता है ॥ २१४ ॥

स्नानत्रोपवासनियमः पूजाजागरमार्ज्जनैः ।

सर्वकालेषु सर्वेषु कामेशीं यस्तु पूजयेत् ॥ २१५ ॥
विमानवरमारुह्य ध्वजमालाकुलं तथा ।
ब्रह्मलोकं नरो याति मोदते शाश्वतीः समाः ॥२१६॥

जो मनुष्य सदाही स्नान उपवास और नियमपरायण होकर पूजा जागरण और मार्जनादि द्वारा कामेश्वरीकी पूजा करताहै, वह ध्वजा-मालासे शोभायमान विमानपर चढकर ब्रह्मलोकमें जाय सदा आनन्द भोगताहै ॥ २१५ ॥ २१६ ॥

सदा भक्तिरतो भूत्वा तस्माद्विभवविस्तरैः ।
पूजयेत्सततं दुर्गां महापुण्यफलेच्छया ॥ २१७॥

इस कारण सदा भक्तिनिरत होकर वैभवविस्तारके अनुसार महा-पुण्य फल प्राप्त होनेकी इच्छासे दुर्गादेवीकी पूजा करै ॥ २१७ ॥

अयने विषुवे चैव षडशीतिमुखे प्रिये ।
मासैश्चतुर्भिर्यत्पुण्यं विधिनाऽऽपूज्य चण्डिकाम् ।
तत्फलं लभते देवीं नवम्यां कार्त्तिकस्य च ॥२१८॥
मासि चाश्वयुजे देवीं शुक्लपक्षे महेश्वरीम् ।
नवम्यां पूजयेद्यस्तु तस्य पुण्यफलं शृणु ॥ २१९ ॥

हे षडशीतिमुख अर्थात् छियासी मुखवाली प्रिये ! अयन, विषुव (पुण्यकाल) और चारमासमें विधिपूर्वक चण्डिकाकी पूजा करके जो फल मिलताहै, कार्तिकके महीनेकी नवमीमें देवीकी पूजा करनेसे वही फल मिलजाताहै; आश्विनमासके शुक्लपक्षकी नवमीमें देवीकी पूजाका फल सुनो ॥ २१८ ॥ २१९ ॥

अश्वमेधसहस्रस्य वाजपेयशतस्य च ।
तत् फलं समवाप्नोति नात्र किंचित् प्रपद्यते ॥२२०॥

हजार अश्वमेध और सौ वाजपेयका जो फल है वही फल प्राप्त होताहै, इसमें कुछ सन्देह नहीं ॥ २२० ॥

हनूमत्तश्चोत्तरे च एकविंशद्धनुर्मितम् ।
मुक्तिमण्डपिकं नाम स्थानं परमदुर्लभम् ॥ २२१ ॥

हनूमत् तीर्थके उत्तरमें इक्कीस धनुःप्रमाण मुक्तिमण्डपिनामका एक परम दुर्लभ स्थान है ॥ २२१ ॥

स्थित्वा तु प्रजपेत्तत्र परां गतिमवाप्नुयात् ।
ततः कृताञ्जलिमुद्रां कृत्वा देवीं प्रसादयेत् ॥२२२॥

वहां स्थित होकर जप करनेसे परमगति प्राप्त होती है । फिर हाथ जोडकर मुद्राद्वारा देवीको प्रसन्न करावे ॥ २२२ ॥

नमस्ते सर्व देवेशि भक्तानां भयहारिणि ।
संसारसागरे मग्नं त्राहि मां परमेश्वरि ॥ २२३ ॥

हे सर्व देवेशि ! हे भक्तोंका भय हरनेवाली ! मैं तुमको नमस्कार करताहूं । मैं संसार सागरमें मग्न हूं ? हे परमेश्वरि ! मेरी रक्षा करो२२३॥

एवं प्रसाद्य तां देवीं दण्डवत्प्रणिपत्य च ।
ततोऽर्चयेद् गुरुं भक्त्या पुष्पगन्धानुलेपनैः ॥२२४॥

इस प्रकार देवीको प्रसन्न कराकर दण्डवत् प्रणाम करै । फिर भक्तिसहित, पुष्प, गंध और अनुलेपनद्वारा गुरुकी पूजा करके ॥२२४॥

कुमारीं भोजयेत्तत्र जागरं कारयेन्निशि ।
माहात्म्यञ्च महादेव्याः गीतिकांश्चापि कारयेत्२२५॥

वहां कुमारी भोजन कराय रात्रिमें जागरण करै । महादेवीके माहात्म्यका पाठ और गीत गवावै ॥ २२५ ॥

ध्यायंस्तुवन्परां देवीं निनयेद्रजनीं बुधः ।
मासि मासि तथाष्टम्यां चतुर्दश्यां विशेषतः॥२२६॥

गोधूलिसमये देवीं नयेत्कामेश्वरालयम् ।
रथे वा शिबिकायां वा दृष्ट्वा तत्र कदाचन ।
सर्वपापविनिर्मुक्तो देवीलोके महीयते ॥ २२७ ॥

इस प्रकार ध्यान और स्तवादिद्वारा बुद्धिमान् मनुष्य देवीको प्रसन्न करै प्रति महीनेकी अष्टमीमें और विशेषकर चतुर्दशीको गोधूलि समयमें रथ वा पालकीपर चढाकर महादेवीको कामेश्वरालयमें लेजाय । वहां देवीका दर्शन करनेपर संपूर्ण पापोंसे छूटकर देवीलोकमें जाता है ॥ २२६ ॥ २२७ ॥

मुक्तिमण्डपिकां नीत्वा पूजयेद्यस्तु शाङ्करि ।
दशाश्वमेधे यत्पुण्यं लभते नात्र संशयः ॥ २२८॥

जो मनुष्य देवीको मुक्तिमण्डपमें लेजाकर पूजा करते हैं, वह दशाश्वमेधके पुण्य फलको प्राप्त होते हैं, इसमें सन्देह नहीं ॥२२८ ॥

न कुर्याद्दिवसे यात्रां न च रात्रौ महानिशि ।
शरत्कालस्य सप्तम्यां गच्छेन्नगरदक्षिणे ।
सायंकाले महेशानि सर्वयज्ञफलं लभेत् ॥ २२९ ॥

दिनमें, रात्रिमें, महानिशामें देवीको लेकर यात्रा न करै । शरत्-कालकी सप्तमीको संध्याके समय नगरके दक्षिणभागमें देवीको लेजा-कर पूजा करनेसे सब यज्ञोंका फल मिल जाता है ॥ २२९ ॥

अष्टम्यां पूजयित्वा च नवम्यां स्रोतसो जले ।
यश्चैव स्नापयेद्देवीं दिवसे च न दुष्यति ॥ २३० ॥

अष्टमीमें पूजाकरके नवमीमें स्रोतके जलसे देवीको स्नान करावे । दिनमें स्नान करानेसे दोषका निमित्त नहीं होता ॥ २३० ॥

ततः स्पृष्ट्वा रथे देवीं न शोको जायते भुवि ।
स्कन्धे देवीं वहेद्यस्तु अश्वमेधः पदेपदे ।
तस्मात्प्रयत्नतो गुर्वीं शिबिकां कारयेद्बुधः ॥२३१॥

तदनन्तर रथमें स्थित देवीको स्पर्श करनेसे पृथ्वीमें फिर शोककी प्राप्ति नहीं होती जो शिबिकास्थित देवीको कंधेपर लेजाता है, उसको पद पद पर अश्वमेधका फल प्राप्त होताहै, अतएव यत्नपूर्वक देवीकी पालकी बडी बनावे ॥ २३१ ॥

त्रिंशद्धन्वन्तरे देव्याः स्नानार्थं पर्वतन्तथा ।
पश्येत् कामेश्वरं देवं भूमिपीठे व्यवस्थितम् ॥ २३२

तीस धनुके अन्तरमें देवीके स्नानार्थ पर्वत अवस्थित है, वहां भूमिपीठमें अवस्थित कामेश्वर देवका दर्शन करै ॥ २३२ ॥

तस्योत्तरे कामसरो भानुहस्तप्रमाणतः ।
तत्र कामासनं जप्त्वा स्नात्वा कामानवाप्नुयात्॥२३३॥

उसके उत्तरमें बारह हस्त प्रमाण कामसरोवर स्थित है, वहां स्नान करनेके पीछे काम और आसन मंत्रका जप करनेसे संपूर्ण कामना प्राप्त कर सकता है ॥ २३३ ॥

कामकुण्डे नरः स्नात्वा यःपश्येत् काममीश्वरम् ।
न तस्य पुनरावृत्ती रुद्रलोके महीयते ॥ २३४ ॥

जो मनुष्य कामकुण्डमें स्नान करके कामेश्वरका दर्शन करता है उसको फिर पुनरावृत्ति करनी नहीं पडती, वह रुद्रलोकमें पूजाको प्राप्त होता है ॥ २३४ ॥

चतुर्भुजं शूलहस्तं खट्वाङ्गञ्च वराभयम् ।
पद्मस्थं पूजयेद्देवं सर्वपापप्रणाशनम् ।
दक्षिणामूर्त्तिमन्त्रेण पूजयेच्च प्रसादयेत् ॥ २३५ ॥

चतुर्भुज, शूलहस्त खट्वाङ्ग वराभयधारी पद्मास्थित देवकी पूजा करनेस संपूर्ण पाप नष्ट होताहै । दक्षिणामूर्तिमंत्रसे कामेश्वरदेवकी पूजा और उनको प्रसन्न करै ॥ २३५ ॥

ओं नमःशिवाय तन्निशामयाय नमः
शिवाय शिवार्चिताय तुभ्यं कृपापराय
नमो मायागहनाश्रयाय नमोऽस्तु
शेषाय महान्धकाराय नमः शरण्याय
नमो गणाय नमोऽस्तु भीमगणानुगाय
नमोऽस्तु नानाभुवनादिकर्त्रे ॥ २३६ ॥

साक्षात् कालरात्रिरूप सर्वपूजित परमकृपालु मायाके अधिपति और शेषस्वरूप अथवा महाअन्धकाररूपी, शरणागतोंका उद्धार करनेवाले गणाधिपति और अनेक लोकोंका विधान करनेवाले ऐसे श्रीमहादेवजीको नमस्कार है ॥ २३६ ॥

स्नापयित्वा घृतक्षौद्रैर्गन्धैर्दीपैश्च पूजयेत् ।
कनकैर्बिल्वपत्रैश्च रक्तरुद्रजटैरपि ।
जयशब्दैस्तवैश्चैव नानानैवेद्यवेदनैः ॥ २३७ ॥

इस मंत्रसे स्नान कराकर घृत, मधु, गंध, दीपादिद्वारा पूजा करै कनक, बिल्वपत्र, लालरुद्रजटासे एवं जयशब्द स्तव और नानाप्रकारकी नैवेद्य निवेदन करके ॥ २३७ ॥

चैत्रे मासि त्रयोदश्यां शुक्लायां काममीश्वरम् ।
ये पश्यन्ति सुरश्रेष्ठं ते यान्ति परमं पदम् ॥२३८॥

चैतके महीनेकी शुक्लत्रयोदशीमें पूजा करके जो मनुष्य सुरेश्वर कामेश्वरका दर्शन करता है वह परम पदको प्राप्त होताहै ॥ २३८ ॥

अष्टम्याश्च निशाभागे नयेत् कामेश्वरीगृहम् ।
अत्र संपूजयेद्देवं देव्यासहविशेषतः ।
अग्निष्टोमफलं तस्य लभते नात्र संशयः ॥ २३९ ॥

अष्टमीकी रात्रिमें कामेश्वर देवको कामेश्वरी गृहमें लेजाकर वहां देवीके सहित उनकी पूजा करनेसे अग्निष्टोमका फल प्राप्त करता है इसमें सन्देह नहीं ॥ २३९ ॥

दर्शनात् फलमाप्नोति दृष्ट्वा कामेश्वरीं ततः ।
यं यं प्रार्थयते तत्र तत्तदेव न संशयः ॥ २४० ॥

वहां कामेश्वरीका दर्शन करनेसे जिस जिस फलकी प्रार्थना करता है, उस सबको प्राप्त होता है इसमें सन्देह नहीं ॥ २४० ॥

कम्बलस्यत्ववामे च देवीदेवेन सङ्गता ।
धनुरष्टान्तरे भद्रे यजेत् कोटीश्वरीं पराम् ॥ २४१॥

कम्बलके दक्षिणमें अष्टधनुके अन्तरमें कोटीश्वरी देवी देवके सहित एकत्र वास करती हैं, वहां परमा देवी कोटीश्वरीकी पूजा करनी चाहिये ॥ २४१ ॥

दृष्ट्वा च न स्पृशेद्देवीं पुत्रार्थी न कदाच न ।
सर्वपापविनिर्मुक्तो रुद्रलोके महीयते ॥ २४२ ॥

पुत्रकी कामना करनेवाला मनुष्य वहां देवीका दर्शन करै, स्पर्श कभी न करै । इस प्रकार वहां देव और देवी कोटीश्वरीकी पूजा करनेपर सब पापोंसे छूट, रुद्रलोकमें जाकर पूजाको प्राप्त होता है, इसमें सन्देह नहीं ॥ २४२ ॥

इति श्रीयोगिनीतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे चतुर्विंशतिसाहस्रे द्वितीयभागे भाषाटीकायां सप्तमः पटलः ॥ ७ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

ततोऽस्मिन् दिवसे देवि प्रायादाकाशवाहिनीम् ।
लोकचक्षुरिति ख्यातां सर्वपापहरां शुभाम् ॥ १ ॥
देव्या दक्षिणतश्चैव इक्षुक्षेपद्वयान्तरे ।
त्रिधारा दृश्यते तत्र मध्यधारा सरस्वती ॥ २॥

श्रीभगवान् बोले—हे देवि ! अनन्तर इसी दिन सब पापोंका नाश करनेवाली कल्याणदायिनी लोकचक्षु इस नामसे विख्यात आकाशवाहिनीमें गमन करै वहां देवीके दक्षिणकी ओर इक्षुक्षेपद्वयान्तर (जितने स्थानमें दो गन्ने रक्खे जांय) में त्रिधारा दिखाई देती है, उसकी मध्य धाराका नाम सरस्वती है ॥ १ ॥ २ ॥

दक्षिणे वारुणा धारा उत्तरे यामुना स्मृता ।
यामुने च कृते स्नाने मुच्यते घोरकिल्बिषात् ॥ ३ ॥

दक्षिणमें वारुणाधारा उत्तरमें यमुनाकी धारा वहती है, यमुनाकी धारामें स्नान करनेपर मनुष्य घोर पापोंसे छूट जाता है ॥ ३ ॥

सरस्वत्यां कृतस्नानो विष्णुलोके महीयते ।
वारुणायां कृतस्नानो मुक्तिमाप्नोत्यनुत्तमाम् ॥ ४ ॥

सरस्वतीकी धारामें स्नान करनेसे विष्णुलोकमें पूजाको प्राप्त होता है । वारुणामें स्नान करनेसे उत्तम मुक्ति प्राप्त होती है ॥ ४ ॥

त्रिधारासङ्गमो यत्र अनन्तः परिदृश्यते ।
आकाशगङ्गा सा देवी महापातकनाशिनी ॥ ५ ॥

जहां त्रिधारा अनन्तरूपमें दिखाई देती है, उसीको महापातक नाशिनी देवी आकाशगंगा जानना चाहिये ॥ ५ ॥

नमो देवि सहस्राक्षे भवबन्धप्रणाशिनि ।
नीलशैलस्थिते भद्रे पापं मे हर जाह्नवि ।
स्नानं चानेन कृत्वा तु शब्दबीजेन पूजयेत् ॥ ६ ॥

हे देवि सहस्राक्षे ! तुमको नमस्कार है । तुम्ही संसारबंधनका नाशकरनेवाली हो, हे कल्याणी ? हे जाह्नवी ! तुम्ही नीलशैलमें स्थित हो । मेरे पापोंको हरो, इस मंत्रद्वारा स्नान करके शब्दबीज मंत्रसे पूजा करै ॥ ६ ॥

तस्याः कौबेरदिग्भागे नातिदूरे व्यवस्थितः ।
शुभ्राकृतिश्चारुरूपो वासुदेवः प्रकीर्त्तितः ॥ ७ ॥

उसकी उत्तरदिशामें थोडीही दूर शुभ्राकृति मनोहररूप वासुदेव अवस्थित हैं ॥ ७ ॥

स्मरेण पूजयेल्लिङ्गं गन्धाद्यैः पायसैरपि ।
द्वादश्यां कार्त्तिके मासि दृष्ट्वा मुक्तिञ्च विन्दति ।
रात्रौ जागरणादत्र मुच्यते सर्वपातकम् ॥ ८ ॥

स्मरमंत्रसे गंधपुष्पादि और खीरद्वारा लिंगकी पूजा करै । कार्त्तिकके महीनेकी द्वादशीमें उसका दर्शन करनेसे मुक्ति प्राप्त होती है । यहां रात्रिमें जागरण करनेपर समस्त पातकोंसे छुटकारा मिलता है ॥ ८ ॥

दक्षिणे चैव गङ्गायाश्चतुर्धन्वन्तरे स्थितः ।
महाश्मशाने भगवान् क्रीडते स्त्रीगणैः सह ॥ ९ ॥

गंगाके दक्षिण चार धनुके अन्तरमें अवस्थित भगवान् महाश्मसानमें स्त्रियोंके सहित क्रीडा करते हैं ॥ ९ ॥

तत्र देवाः सगन्धर्वा ऋषयः सहचारणाः ।
प्रसादनार्थं देवस्य नित्यमायान्ति चादृताः ॥ १० ॥

देवता, गंधर्व, ऋषि और चारणगण देवकी प्रसन्नताके अर्थ सदाही आदरसे आते हैं ॥ १० ॥

तत्राराध्य महादेवं भावभूतैर्गणेश्वरम् ।
प्राप्तवान् गाणपत्यं हि देवानामपि दुर्लभम् ॥ ११ ॥

वहां भक्तिभावसे महादेव गणपतिकी आराधना करनेपर देवदुर्लभ गाणपत्य प्राप्त होता है ॥ ११ ॥

अद्यापि दृश्यते तत्र प्रत्यहं महदद्भुतम् ।
निःक्षिप्य मानुषास्थीनि भस्मीभूतः प्रजापतिः ॥ १२ ॥

अबभी वहां महत् अद्भुत दिखाई देता है । मनुष्योंकी अस्थि डालनेसे भस्मीभूत होकर प्रजापति होते हैं ॥ १२ ॥

तत्र गत्वा महादेवं यः पूजयति मानवः ।
दिव्यलोकमवाप्नोति भिन्नदेहो न संशयः ॥ १३ ॥

जो मनुष्य वहां जाकर महादेवजीकी पूजा करता है, वह अन्यदेहमें दिव्यलोकको प्राप्त होताहै, इसमें सन्देह नहीं ॥ १३ ॥

कार्तिके मासि शुक्लायां चतुर्दश्यां विशेषतः ।
संपूज्य तत्र देवेशं सर्वप्रीतं पितामहम् ।
भवेत्प्रीत्या तु सर्वेषां रुद्रस्यानुचरो भवेत् ॥ १४ ॥

कार्तिक मासके शुक्लपक्षमें विशेषकर चतुर्दशीमें सर्वप्रीत पितामह देवेश्वरकी पूजा करनेपर उनकी प्रीतिसे रुद्रका अनुचर होता है ॥१४॥

त्र्यंशश्च दृश्यते तत्र उत्तराङ्गं हरं श्रुतम् ।
पश्चिमाङ्गं हेरुकञ्च विष्णुरूपिणमव्ययम् ॥ १५ ॥
भैरवी दक्षिणांशश्च त्रिपुरेत्यभिधीयते ।
प्रदानेन तु मन्त्रेण पूजयेत्परमेश्वरम् ।
वाजिमेधस्य यज्ञस्य लभते फलमुत्तमम् ॥ १६ ॥

महादेवके वहां तीन अंश दृष्टिगत होते हैं उत्तरांग हर, पश्चिमांग अविनाशी नित्यबुद्ध विष्णु अथ च दक्षिणांश भैरवीको जानै प्रदानमन्त्र द्वारा महादेव परमेश्वरकी पूजा करनेसे अश्वमेध यज्ञके उत्तम फलकी प्राप्ति होती है ॥ १५ ॥ १६ ॥

कुलाद्येन त्रिकुण्डेन पूजयेद्भक्तिमान्नरः ।
महाविद्यामवाप्नोति पूजनान्नात्र संशयः ॥ १७ ॥

भक्तिमान् मनुष्य कुलादि त्रिकुण्डमंत्रसे पूजा करनेपर पूजाके फलसे महाविद्याको प्राप्त होते हैं, इसमें सन्देह नहीं ॥ १७ ॥

हेरुकं दशवर्णेन वासुदेवस्वरूपिणम् ।
सर्वलोकेश्वरो याति जातिश्रेष्ठोभिजायते ॥ १८ ॥

वासुदेवरूपी हेरुककी द्वादशवर्णमंत्रसे पूजा करनेपर सर्वलोकोंका ईश्वर और जातिश्रेष्ठ होकर जन्मग्रहण करता है ॥ १८ ॥

रुधिरैर्मांसमद्यैश्च पूजयेत्परमेश्वरीम् ।
रजन्यां संप्रदद्यात्तु कूर्ममांसं कदाचन ॥ १९ ॥

रुधिरमांस और मद्य द्वारा परमेश्वरीकी पूजा करै रात्रिमें कूर्मका मांस कभी प्रदान न करै ॥ १९ ॥

चामरं मद्गुरं मत्स्यं प्रयत्नेन विसर्जयेत् ।
चिञ्चां भुक्त्वा नीलशैवं विशाकं वा प्रमादतः ।
महाभयंकरं विन्द्यात्स्पृष्ट्वा शापं प्रयच्छति ॥ २० ॥

चामर और मद्गुर मत्स्य यत्न पूर्वक त्याग दे भूलसे भी नीलशैव (शाकविशेष) वा चिञ्चाशाक भोजन करनेसे महाभय उपस्थित होता है, इससे देवता शाप देते हैं ॥ २० ॥

न स्पृशेत्सप्तरात्रञ्च शाकं कामेश्वरि प्रिये ।
चान्द्रायणत्रयं कृत्वा ततः शुद्धिर्भविष्यति ॥ २१ ॥

हे प्रिये कामेश्वरी ! सात रात्रि शाकस्पर्श न करे ऐसा होनेसे तीन चान्द्रायण व्रत करके तब शुद्ध होसकता है ॥ २१ ॥

राजीवं रजनीं चैव शाकं चामरसम्भवम् ।
भुक्त्वा प्रमादतो देवि तदैवं व्रतमाचरेत् ॥ २२ ॥

राजीव, रजनी और चामरसंभव शाक भूलसेभी भोजन करनेपर तीन चान्द्रायण व्रत करै ॥ २२ ॥

कर्कन्धुं शर्करायुक्तं दम्भशाकं तथैव च ।
कूष्माण्डं पार्वतीश्चैव दूरतः परिवर्ज्जयेत् ॥ २३ ॥

अष्टम्याञ्च नवम्याञ्च त्रयोदश्यां विशेषतः ।
एकविंशतिसूत्रेण तथा त्रिगुणितेन च ॥ २४ ॥
त्रिगुणेत्येकयोगेन पदे तु त्रिंशकं मतम् ।
कोशतः पट्टसूत्रेण अभावे रक्तकं न्यसेत् ॥ २५॥

कर्कन्धू और शर्करायुक्त दम्भशाक तथा पार्वतीय कूष्माण्ड (पहाडी पेठा) विशेषतः अष्टमी नवमी और त्रयोदशीमें यत्नपूर्वक त्याग दे इक्कीस सूत्रके तीन गुण मिलनेपर त्रिंशकमला होती है । कोषके रेशमीन डोरेसे और इसके अभावमें रक्तक सूत्र (लाल सन) से माला गूथें ॥ २३ ॥ २४ ॥ २५ ॥

अन्यं न दर्शयेन्मालां न स्पृशेद्वामपाणिना ।
वानप्रस्थो यतिश्चैव ब्रह्मचारी तथा प्रिये ।
विष्णुमन्त्रस्य जाप्ये तु सुमन्त्रस्यापि च प्रिये ॥२६॥
वामहस्ते ततो धृत्वा सप्तबीजाक्षरं प्रिये ।
सञ्जपेद्दक्षिणेनैव प्रतिबीजं वरानने ॥ २७ ॥

दूसरेको वह माला न दिखावे और उसको बायें हाथसे स्पर्श न करै । वानप्रस्थ, यती और ब्रह्मचारी विष्णुमंत्रका जपपूर्वक बायें हाथसे पकडकर सप्तबीजाक्षर जप करनेके पीछे दक्षिणहाथसे प्रति बीजका जप करै ॥ २६ ॥ २७ ॥

वरदाय गृहद्वारे तिन्तिडीकाय वै नमः ।
सहस्रान्मुच्यते पापाज्जीर्णत्वचमिवोरगः ॥ २८ ॥

'गृहद्वारे वरदाय तिन्तिडीकाय वै नमः' इस मंत्रका हजारवार जप करनेपर पुरानी त्वक् (कंचली) से सर्पकी समान पापोंसे मुक्त होताहै॥२८॥

कामेश्वरस्य पृष्ठे तु यावत्सिद्धेश्वरः स्थितः ।
तदन्तर्गतखण्डं च छायारुद्रः प्रकीर्तितः ॥ २९ ॥

कामेश्वरके पश्चात् भागमें जहां सिद्धेश्वरस्थान 'छायारुद्र' नामसे कहा गया है ॥ २९ ॥

स्थाने चात्र सदाच्छाया जायते च महेश्वरि ।
यः करोति वृषोत्सर्गं तस्मिन्क्षेत्रे वरानने ।
अग्निष्टोमशतं पुण्यं लभते नात्र संशयः ॥ ३० ॥

छाया इस स्थानका कभी नहीं छोडती । हे वरानने ! उस क्षेत्रमें वृषोत्सर्ग करनेसे शतअग्निष्टोमका फल प्राप्त होता है इसमें सन्देह नहीं ३०॥

माघे मासि महेशानि च्छायारुद्रे तिलैर्विना ।
पिण्डनिर्वापणं कृत्वा पितॄणामनृणो भवेत् ॥ ३१ ॥

हे महेशानि ! छायारुद्रक्षेत्रमें माघमासमें तिलके अतिरिक्त पिण्ड प्रदान करके मनुष्य पितृऋणसे मुक्त होते हैं ॥ ३१ ॥

ततो विन्ध्याचलं गत्वा कृष्णा रक्ता च या शिला ।
विन्ध्येशी सा समाख्याता प्रयजेत्कमलादिना ॥ ३२ ॥

फिर विन्ध्याचलमें जाकर जिस रक्तवर्ण शिलाका दर्शन करेगा, वही विन्ध्येश्वरी नामसे विख्यात है कमलादिद्वारा उसकी पूजा करनेके पीछे ॥ ३२ ॥

कामेश्वर्याश्च मन्त्रेण सा पूज्या परमेश्वरि ।
गवामयुतदानेन यत्फलं यत्र पार्वति ।
तत्फलं लभते सत्यं विन्ध्येशीदर्शनेन च ॥ ३३ ॥

कामेश्वरी मंत्रसे फिर पूजा करै । हे परमेश्वरि ! हे पार्वती ! अयुत (दशहजार) गोदान करनेसे जो फल होता है, विन्ध्याचलमें विन्ध्येशीका दर्शन करनेसे वही फल प्राप्त होता है, इसमें सन्देह नहीं ॥ ३३ ॥

तस्याः पूर्वोत्तरे देशे इक्षुक्षेपशताधिके ।
आकाशगङ्गा चिह्ने तु या शिला सुरदीर्घिका ॥३४॥

दक्षिणेन च तस्याग्रं किंचिदुच्चे च संस्थिता ।
या ख्याता ललिता कान्ता ब्रह्महत्यापहारिणी॥ ३५ ॥

उसके पूर्व उत्तर देशमें शतइक्षुक्षेप (जितने स्थानमें सौ गन्ने रक्खे जा सके) के अन्तरमें आकाशगंगाचिह्नित जो सुरदीर्घिका शिला है, दक्षिणमें उसका अग्रभाग कुछेक ऊंचेमें स्थित रहताहै उस मनोहर ब्रह्म-हत्याका पाप निवारण करनेवाली शिलाका नाम ललिता है॥३४॥३५॥

अश्वत्थं नन्दिरूपश्च मूले कूर्माकृतिः शिला ।
दृष्ट्वा नरश्च तं देवं न पश्यत्येव पातकम् ॥ ३६ ॥

वहां नन्दिरूप अश्वत्थ है उनके मूलमें कूर्माकृति शिला अवस्थित है मनुष्यगण उन देवका दर्शन करनेपर सब पातकोंसे छूट जाते हैं॥३६॥

तत्र योनिगतं लिङ्गं चतुर्हस्तप्रमाणतः ।
ततः प्रदीपिकाकारं कुण्डं सर्वाघनाशनम् ।
तत्र व्यासेश्वरं देवं दृष्ट्वा निर्याति पातकम् ॥ ३७ ॥

वहां चार हस्त प्रमाण योनिगत लिङ्ग और प्रदीपाकार सब पापोंका नाश करनेवाला एक कुण्ड है, वहां व्यासेश्वर देवका दर्शन करनेपर मनुष्य पापोंसे छूटजाता है ॥ ३७ ॥

व्यासतीर्थे नरः स्नात्वा ललिता योभिपूजयेत् ।
अश्वमेधसहस्रस्य तत्फलं लभते महत् ॥ ३८ ॥

जो मनुष्य व्यासतीर्थमें स्नान करनेके पीछे ललिताकी पूजा करताहै वह हजार अश्वमेधके महाफलको प्राप्त होताहै ॥ ३८ ॥

विशुद्धन्वन्तरे प्राच्यां वनदो नाम दाडिमः ।
पद्मपत्राकृतिदलो निर्यासेनोपचिह्नितः ॥ ३९ ॥
तस्य मूले स्थिता देवी उच्चावरणरूपिणी ।
तस्याः सम्पूजनादेव ग्रहदोषैर्न लिप्यते ॥ ४० ॥

उसके पूर्वकी ओर बीसधनुके अन्तरमें वनदा नामक त्रियोषपरि- चिह्नित (अर्थात् किसी अमोघा चिह्नविशेषसे युक्त) पद्मपत्राकृति पत्र युक्त एक दाडिम्ब वृक्ष है उसके मूलदेशमें उच्चारणरूपिणी देवी स्थित है, उनकी पूजा करनेसे मनुष्य ग्रहदोषसे लिप्त नहीं होता ॥३९॥४०॥

वृक्षं स्पृष्ट्वा भक्तिमती वन्ध्या गर्भधरा भवेत् ।
छिन्नहस्तो लभेद्धस्तं कालेनाङ्गं लभेत्पुनः ॥ ४१ ॥

वंध्या स्त्री भक्तिमती होकर उस वृक्षका स्पर्श करनेसे गर्भवती होती है, छिन्नहस्तको हस्तलाभ और कालक्रमसे अन्य हीनाङ्ग भी लाभ कर सकता है ॥ ४१ ॥

दाडिमस्य च पूर्वे तु नातिदूरे प्रतिष्ठितम् ।
नवहस्तामितं रन्ध्रं तद्देवं भुवनेश्वरम् ।
पूजयेत्कामबीजेन विजयी जायते नरः ॥ ४२ ॥

दाडिम्बकी पूर्वदिशामें थोडी ही दूर नव हाथकी बराबर रंध्र प्रति- ष्ठित है वहां भुवनेश्वर देव अवस्थित हैं, कामबीज मंत्रसे उनकी पूजा करनेपर मनुष्य विजय प्राप्त करते हैं ॥ ४२ ॥

तस्य वायव्यभागे तु अगस्त्यस्याश्रमे शुभे ।
देवं गदाधरं तत्र पूजयेत्कुसुमादिना ॥ ४३ ॥

उसके वायुकोणमें अगस्त्यके शुभकर आश्रममें गदाधर देव अव- स्थित हैं कुसुमादि द्वारा उनकी पूजा करे ॥ ४३ ॥

नातिदूरे तु देवस्य या शिलाश्वेतमुज्ज्वलम् ॥
जल्पेशं तं महालिङ्गं पूजयेत्तावदुच्चरन् ॥ ४४ ॥
सौभाग्ये विधिवत्स्नात्वा जल्पेशं यस्तु पूजयेत् ।
अग्निष्टोमफलं तस्य भविष्यति मम प्रिये ॥ ४५ ॥

उसके थोडीही दूर जो श्वेतवर्ण उज्ज्वल, शिला है वही जल्पेश महालिंग है मंत्रोच्चारणपूर्वक उनकी पूजा करै । सौभाग्यसे विधिपूर्वक स्नान करनेके पीछे जल्पेशकी पूजा करनेपर उसको अग्निष्टोमका फल प्राप्त होता है ॥ ४४ ॥ ४५ ॥

पश्चिमे तस्य पातालभुवनाधिपचिह्नितम् ।
एकविंशतिभूभागे स्थितस्तत्र सदाशिवः ॥
तं प्रणम्य नरो भक्त्या न भूयो जायते क्वचित् ॥ ४६ ॥

हे प्यारी ! उसके पश्चिममें पातालभुवनाधिप नामक सदाशिव हैं मनुष्य भक्तिपूर्वक यदि उनकी पूजा और प्रणाम करै तो फिर उनको कभी जन्म लेना नहीं पडता ॥ ४६ ॥

तस्य देवस्य भूभागे शङ्करी कालहस्तके ।
गोविन्दपर्वते रम्ये शुक्लवर्णन या शिला ॥ ४७ ॥

हे शंकरि ! उन देवके कालहस्तक भूभागमें मनोहर गोविन्दपर्वतमें शुक्लवर्ण जो शिला है ॥ ४७ ॥

गोविन्दं तं विजानीयात्पूजयेद्धरिवासरे ।
तस्य पूर्वे नवधनुर्या शिला शोणसन्निभा ॥
शरणेशी समाख्याता महापातकनाशिनी ॥ ४८ ॥

उसको गोविन्द जानना चाहिये हरिवासर (एकादशीविशेष) में उसकी पूजा करै । उसके पूर्वमें नवधनुःपरिमित शोणवर्ण जो शिला है वह पातकनाशिनी शरणेशीके नामसे विख्यात है ॥ ४८ ॥

शिवाचले च तुङ्गे च प्रकटाख्या परा शिवा ।
तां च संपूज्य यत्नेन महतीं श्रियमाप्नुयात् ॥ ४९ ॥

उच्चतर शिवाचलमें प्रकट नामक परमा शिवा है यत्नपूर्वक उनकी पूजा करनेसे महती लक्ष्मी प्राप्त होती है ॥ ४९ ॥

विन्ध्याचलस्योत्तरे च इषुक्षेपनवान्तरे ।
महालक्ष्मीः स्थिता तत्र सितपुष्पेण पूजयेत् ॥ ५० ॥

विन्ध्याचलके उत्तरकी ओर नव इक्षुक्षेप (नौ गन्नेके प्रमाणकी बराबर) के अन्तरमें महालक्ष्मी अवस्थित है श्वेतपुष्पोंसे उनकी पूजा करै ॥ ५० ॥

श्रीपर्वते महेशानि श्रीकुण्डे स्नानमाचरेत् ।
स्नात्वा कुण्डे ध्रुवे नाम पौर्णमास्यां तथाश्विने ॥
दृष्ट्वा सम्पूजयेद्भक्त्या धरण्यामीश्वरो भवेत् ॥ ५१ ॥

हे महेशानि ! श्रीपर्वतके श्रीकुण्डमें स्नान करके आश्विनमासकी पौर्णमासीको ध्रुवकुण्डमें स्नान करनेके पीछे भक्तिपूर्वक पूजा करनेसे धरणीश्वर होता है ॥ ५१ ॥

गौतमस्याश्रमं गत्वा संपूज्य वृषभध्वजम् ।
नरो न निरयं गच्छेत्पापस्यात्र क्षयो भवेत् ॥ ५२ ॥

गौतमके आश्रममें जाय वृषभध्वजकी पूजा करनेसे मनुष्योंको फिर नरक भोगना नहीं पडता । उनके सब पाप क्षय होजाते हैं॥५२॥

पश्चिमादुत्तरं तावद्यावद्दाक्षिणमानसम् ।
तदन्तरगते क्षेत्रे नातिदूरे च शाङ्करि ।
गत्वा तत्र समभ्यर्च्य ब्रह्मलोकमवाप्नुयात् ॥ ५३ ॥

हे शांकरि ! उसके थोडीही दूर पश्चिम और दक्षिण मानसमें एक क्षेत्र है वहां जाकर पूजा करनेसे ब्रह्मलोक प्राप्त होता है ॥ ५३ ॥

तत्रैव सरसस्तीरे हंसतीर्थमनुत्तमम् ।
द्वादशादित्यमभ्यर्च्य उत्तमां दीप्तिमाप्नुयात् ॥ ५४ ॥

उसी सरोवरके तीरमें अतिउत्तम हंसतीर्थ है वहां द्वादशादित्य (बारह सूर्य) की पूजा करनेसे उत्तम दीप्ति प्राप्त होती है ॥ ५४ ॥

रेवंतं पूजयित्वाथ गतिं प्राप्नोत्यनुत्तमाम् ॥
अभ्यर्च्येन्द्रं महैश्वर्यं गौरि सौभाग्यमाप्नुयात् ॥ ५५॥

फिर रेवन्तदेवकी पूजा करनेसे उत्तम गति प्राप्त करता है । हे गौरि ! वहां इन्द्रदेवकी पूजा करने पर महा ऐश्वर्य और सौभाग्य प्राप्त होता है ॥ ५५ ॥

सर्वान्कामानवाप्नोति संपूज्य पुरुषोत्तमम् ।
नारायणं तु संपूज्य नराणामधिपो भवेत् ॥ ५६ ॥

पुरुषोत्तमकी पूजा करनेसे संपूर्ण कामना प्राप्त होती है । नारायण-की पूजा करनेसे मनुष्योंका अधिपति होता है ॥ ५६ ॥

दृष्ट्वा नत्वा नारसिंहं संग्रामे विजयी भवेत् ।
वराहं पूजयित्वा तु भूमिं राज्यमवाप्नुयात् ॥ ५७ ॥

नारसिंहका दर्शन और प्रणाम करनेसे संग्राममें विजयी होता है । वराहदेवकी पूजा करनेसे भूमिका राज्य प्राप्त होता है ॥ ५७ ॥

सोमनाथं समभ्यर्च्य रुद्रलोके महीयते ।
पाण्डुकूटस्य या धारा सा धारा नर्मदा नदी ॥
तस्यां स्नात्वा चतुर्दश्यां वाजिमेधञ्च विन्दति ॥५८ ॥

सोमनाथकी पूजा करनेसे रुद्रलोकमें जाता है । पाण्डुकूटकी जो धारा है, वही नर्मदा नदी है. उसमें चतुर्दशीको स्नान करनेसे अश्व-मेधका फल मिलता है ॥ ५८ ॥

शिवविष्णवोर्मध्यगता या च योनिर्विनिःसृता ।
महानदी सा विज्ञेया सर्वपापप्रणाशिनी ॥ ५९ ॥

शिव और विष्णुके मध्यगत होकर जो योनि निकली है, उसीको सब पापोंका नाश करनेवाली महानदी जानना चाहिये ॥ ५९ ॥

नितम्बधनयोर्मध्ये सा धारा परमेश्वरि ।
मङ्गला नाम सा धारा सर्वमंगलकारिणी ॥ ६० ॥

हे परमेश्वरि ! नितम्ब और धनके मध्यमें जो धारा है, वही सर्व-मंगल कारिणी मंगला नदी है ॥ ६० ॥

बिल्वश्रीपर्वतान्ते च या धारा सा सरस्वती ।
तस्याः स्वच्छोदकं पीत्वा कवीनामग्रणीर्भवेत् ॥ ६१ ॥

बिल्व और श्रीपर्वतके मध्यमें जो धारा अवस्थित है वोही सरस्वती नामसे प्रसिद्ध है उसका निर्मल जल पान करनेसे कवीश्वरोंमें अग्रणी होता है ॥ ६१ ॥

मतंगस्य च या धारा नर्मदा सा न संशयः ।
कामकुण्डस्य या धारा कामगंगा समुच्यते ॥ ६२ ॥

मतंगकी जो धारा है, वही नर्मदा है, इसमें सन्देह नहीं । काम-कुण्डकी जो धारा है, वही कामगंगाके नामसे कही गई है ॥ ६२ ॥

कामाख्यायाश्च या धारा सा गंगा परिकीर्त्तिता ।
नन्दिकुण्डस्य या धारा सा ज्ञेया च मधुस्रवा ॥ ६३ ॥

कामाख्याकी जो धारा है वही गंगा नामसे कहीगई है । नन्दि-कुण्डकी जो धारा है उसको मधुश्रवा जानना चाहिये ॥ ६३ ॥

कामधेनोश्च या धारा सा विज्ञेया सुधर्मिणी ।
पद्मशैलस्य या धारा सा गंगा उर्वशी स्मृता ॥ ६४ ॥

कामधेनुकी जो धारा है, वही सुधर्मिणी है, पद्मशैलकी जो धारा है वह उर्वशी गंगाके नामसे विख्यात है ॥ ६४ ॥

नीलकुण्डस्य या धारा सुभद्रा परिकीर्तिता ।
व्यासकुण्डस्य या धारा चन्द्रभागा च सा स्मृता ॥ ६५ ॥

नीलकुण्की जो धारा है, उसका नाम सुभद्रा है । व्यास कुण्डकी जो धारा है, वह चन्द्रभागा है ॥ ६५ ॥

शक्रशैलस्य या धारा उर्वशी सा निगद्यते ।
सोमकुण्डस्य या धारा नदी वैतरणी च सा ॥ ६६ ॥

शक्रशैलकी जो धारा है, वह उर्वशी नामसे कही जाती है । सोमकुण्डकी धाराका नाम वैतरणी है ॥ ६६ ॥

यमशैलस्य या धारा सा च गोदावरी स्मृता ।
भण्डीशस्य च या धारा स्नात्वा पीत्वा प्रणम्य च ॥
अग्निष्टोमशतस्यापि लभते फलमुत्तमम् ॥ ६७ ॥

यमशैलकी धाराही गोदावरीके नामसे कही जाती है । भण्डीश्वरकी धारामें स्नान उसका जलपान और उसको प्रणाम करनेसे सौ अग्निष्टोमका उत्तम फल मिलता है ॥ ६७ ॥

धर्मारण्यं ततो गत्वा स्नात्वा रामह्रदे प्रिये ।
कोटिलिंगं ततः पश्येत्प्रापयेदामरीं तनुम् ॥ ६८ ॥

फिर धर्मारण्यमें जाय रामह्रदमें स्नान करनेके पीछे कोटिलिंगका दर्शन करने पर देवदेह प्राप्त होता है ॥ ६८ ॥

कामस्यैवोत्तरे देशे त्रिंशद्धन्वन्तरे प्रिये ।
कोटिलिंगं तु यः पश्येद्वाजपेयफलं लभेत् ॥ ६९ ॥

कामके उत्तर देशमें तीस धनुके अन्तर पर कोटिलिंग अवस्थित कुण्ड उसका दर्शन करनेसे वाजपेययज्ञका फल मिलता है ॥ ६९ ॥

प्राणदण्डाय नित्याय नमस्ते लोहिताय च ।
नमः सहस्रशीर्षाय कोटिलिंग नमोऽस्तु ते ॥ ७० ॥
नमो गिरिपते नित्यं गिरिवृक्षप्रियाय च ।
नमो यज्ञाधिपतये कोटिलिंग नमोऽस्तु ते ॥ ७१ ॥

पापियोंके लिये यमरूप अविनाशी और लोहितवर्ण प्रभुको नमस्कार है हे करोडों लिंगोंके धारण करनेवाले ईश ! आपके सहस्र सिर हैं अतएव हम आपको नमस्कार करते हैं हे कैलाशनाथ ! कैलाशके वृक्ष आपको प्रिय हैं और आप यज्ञोंके अधिपति हैं हम आपको नमस्कार करते हैं ॥ ७० ॥ ७१ ॥

इत्यनेन तु संपूज्य जपापुष्पैः प्रपूजयेत् ।
पायसञ्च बलिं दत्त्वा स्तुत्वा जप्त्वा विसर्जयेत् ॥ ७२ ॥

इस मंत्रसे जपापुष्पद्वारा पूजा करके पायस (खीर) बलि प्रदानपूर्वक स्तुति और जप करके विसर्जन करै ॥ ७२ ॥

तस्य दक्षिणपार्श्वेन या शिला पार्श्वसंगता ।
वेतालं तं महादेवं वामे विष्णुं द्विकर्णकम् ॥
पुष्पाञ्जलिं गृहीत्वा तु पठेन्मन्त्रमनन्यधीः ॥ ७३ ॥

उसके दक्षिणभागमें पार्श्वसंगता अर्थात् पार्श्वसे सटीहुई जो शिला है, उसको वेताल महादेव और वामभाग स्थित वेतालको द्विकर्णक जानना चाहिये । पुष्पाञ्जलि ग्रहण करके अनन्य चित्तसे यह मंत्र पढै ॥ ७३ ॥

धर्मकामार्थमोक्षाय क्रूराय कथनाय च ।
सांख्याय सांख्यमुख्याय वेतालाय नमो नमः ॥ ७४ ॥
कृष्णाजिनोत्तरीयाय पीतवस्त्रधराय च ।
ब्रह्मा त्वमेव विश्वेश ब्रह्मरूप नमोऽस्तु ते ॥ ७५ ॥

आप धर्म अर्थ काम और मोक्षस्वरूप हैं, आपही ब्रह्मा शिव और ब्रह्मस्वरूप हैं, आपका दुकूल कृष्ण मृगचर्मका और यज्ञोपवीत पीला है, आप दुष्टोंको दुःख देनेवाले, और सांख्य तथा मुख्य सांख्य एवम् वेतालस्वरूप है इसलिये हम आपको भक्तिभावपूर्वक नमस्कार करते हैं ॥ ७४ ॥ ७५ ॥

तस्याग्रतो ब्रह्मयोनिं गत्वा तन्मन्त्रमुच्चरन् ।
ब्रह्मयोनिं विशेद्यस्तु न पुनर्योनिमाविशेत् ॥ ७६ ॥

इस मंत्रसे पूजादि करे । उसके अग्रभागमें ब्रह्मयोनि है, वहां गमन पूर्वक मंत्रोच्चारण करके पूजा करनेसे फिर योनिमें प्रविष्ट होना नहीं पडता ॥ ७६ ॥

तिर्यग्योनिं न गच्छेत्तु ब्रह्मणः पदमाविशेत् ।
शिववल्लभदेशे तु मोक्षमार्गनिबोधके ॥ ७७ ॥
प्रसन्नो देवदेवेश त्राहि मां योनिसंकटात् ।
निःसृतो ब्रह्मयोनेस्तु गणेशं द्वारि पूजयेत् ॥ ७८ ॥
महाकायं शिलोच्छ्रेष्ठं मन्त्रेणानेन साधकः ॥ ७९ ॥

वह कभी तिर्यग् (कीट पतंगादि) की योनिको प्राप्त नहीं होता, वह निःसन्देह ब्रह्मपदको प्राप्त करता है । ब्रह्म योनिसे निकलकर साधक मोक्षमार्गका बोधक और शिववल्लभ देशमें (जहां शिव विद्यमान हैं) 'प्रसन्नो भव देवेश त्राहि मां योनिसङ्कटात्' इस मंत्रसे द्वार स्थित शिलोच्छ्रेष्ठ महाकाय गणेशकी पूजा करे ॥ ७७--७९ ॥

नमो लम्बोदर श्रेष्ठ देवानामिष्टदायक ।
अखिलाख्य प्रभो नाथ नमस्ते योनिसङ्कट ॥ ८० ॥

हे लम्बोदर ! आपका सुन्दररूप है, आप देवताओंके अभीष्टको सिद्ध करते हैं, हे अखिलेश्वर ! हे योनिसंकट ! आपको नमस्कार है ८०

ततो गच्छेन्मुक्तिमार्गं शक्रस्याभिमुखे यदि ।
वामदक्षिणपार्श्वे द्वे शुभे वै सत्यसम्भवे ॥ ८१ ॥
ऊर्द्ध्वं कृतयुगश्चैव पार्श्वे त्रेता च द्वापरः ।
वलिचक्रे स्थितं लिङ्गं गुप्ताख्यभुवनेश्वरम् ॥
तं प्रणम्य नरो भक्त्या प्राप्नुयादीश्वरं पदम् ॥ ८२ ॥

(इस मंत्रसे उनको प्रणाम करै) फिर इन्द्रके निकट जाकर मुक्तिमार्गमें जाता है । वामपार्श्व और दक्षिणपार्श्वमें सत्य सम्भव दो युग हैं. ऊर्ध्वमें कृतयुग, पार्श्वमें त्रेता और द्वापर है । बलिवक्त्र स्थित गुप्ताख्य भुवनेश्वर लिंगको भक्तिपूर्वक प्रणाम करके मनुष्य ईश्वरके पदको प्राप्त होते हैं ॥ ८१ ॥ ८२ ॥

चतुर्युगं नमस्कृत्य स्पृष्ट्वा देवं कपर्दिनम् ।
न जायते पुनर्गर्भे युगदोषैर्न लिप्यते ॥ ८३ ॥

चारों युगको नमस्कार और कपर्दिदेवको स्पर्श करके मनुष्योंको फिर गर्भमें जन्मग्रहण करना और युगदोषमें लिप्त होना नहीं पडता ॥ ८३ ॥

युगानामधिपः सो हि जगज्जातिस्वरूपधृक् ।
तद्युगे यत्कृतं पापं त्राह्यतः परमेश्वर ॥ ८४ ॥
संभूतिर्भृतिपर्य्याप्तः त्रेतायुग नरेश्वरः ।
तद्युगे यत्कृतं पापं तद्व्यपोहतु भूमिजम् ॥ ८५ ॥
सत्यसाधन सत्यश्च नरनारायणात्मकः ।
हेतुभूतः कृतादीनां सत्यधर्म नमोऽस्तु ते ॥ ८६ ॥

जो जगज्जातिस्वरूपधारी युगाधीश्वर हैं, वही भरण पोषणमें पर्याप्त और त्रेतायुगके नरेश्वर हैं—वही सत्यसाधनमें सत्य और नर-नारायणात्मक है वही कृतादिके हेतुभूत हैं हे परमेश्वर ! तुम मेरी रक्षा करो । हे ईश्वर ! तुम्हीं मेरे उन उन युगोंके किये भूमिज पाप नष्ट करो. हे सत्यधर्म ! तुम्हें प्रणाम है ॥ ८४ ॥ ८५ ॥ ८६ ॥

विजयादौ चार्च्य राज्ञां युगचक्रावलीश्वर ।
नमामि सततं भक्त्या पापं हर नमोऽस्तु ते ॥ ८७ ॥

हे युगचक्रावलीश्वर ! आपही विजयादिमें राजाओंके द्वारा उपासित होते हैं, मैं आपको भक्तिसे प्रणाम करता हूं मेरे पाप हरो ॥ ८७ ॥

पञ्चाक्षरेण मन्त्रेण पूजयेच्च कपर्दिनम् ।
राजसूयाश्वमेधस्य तत्फलं प्राप्नुयान्नरः ॥ ८८ ॥

इस प्रकार स्तुति और प्रणाम करके पंचाक्षरमंत्रसे कपर्दिदेवकी पूजा करनेपर मनुष्य राजसूय और अश्वमेध यज्ञके फलको प्राप्त होते हैं ॥ ८८ ॥

कामधेनुं ततो दृष्ट्वा सर्वान्कामानवाप्नुयात् ।
पूजयित्वा नमस्कृत्य ब्राह्मणान्भोजयेत्ततः ॥ ८९ ॥

तदनन्तर कामधेनुका दर्शन करके मनुष्य सर्वकामनाओंको प्राप्त होते हैं । उसकी पूजा और नमस्कार करके फिर ब्राह्मणोंको भोजन करावै ॥ ८९ ॥

सौरभेयि नमस्तुभ्यं किमगे कामचारिणि
धेनुरूपा च सा देवी मम पापं व्यपोहतु ॥ ९० ॥

हे गोरूपा देवि ! तुम सुरभी और अपनी इच्छानुसार विचरनेवाली हो, हम तुम्हें प्रणाम करते हैं, तुम हमारे पापोंका नाश करो ॥ ९० ॥

सन्दिष्टा च कुरुक्षेत्रे राहुग्रस्ते दिवाकरे ।
तुलापुरुषदानेन यत्फलं समुदाहृतम् ।
तत्फलं समवाप्नोति कामधेनोश्च दर्शने ॥ ९१ ॥

(इस मंत्रसे प्रणाम और वन्दना करै) कुरुक्षेत्रमें सूर्यग्रहणके समय तुलापुरुषदान करनेपर जो फल होता है, कामधेनुका दर्शन करनेपरभी वही फल प्राप्त होता है इसमें सन्देह नहीं ॥ ९१ ॥

दक्षिणां गुरवे दद्यात्सवित्रेऽर्घ्यं निवेदयेत् ॥
शान्तिं कृत्वा ततो देव्या आसनं विदधीत च ॥९२॥

हे देवि ! फिर गुरुको दक्षिणा देकर सूर्यको अर्घ्य देवे । इसके पीछे शान्ति करके एकाग्रचित्तसे आसन करै ॥ ९२ ॥

उत्थाय सूर्यं संवीक्ष्य पठेन्मन्त्रद्वयं प्रिये ।
नमोऽस्तु काल्यै गिरिजायै कामेश्वर्यै नमोऽस्तु ते ॥९३

फिर उठकर सूर्यका दर्शनपूर्वक दो मंत्र पढे "नमोऽस्तु काल्यै गिरिजायै कामेश्वर्यै नमोऽस्तु ते" ॥ ९३ ॥

"नमोऽस्तु देव्यै गिरिसम्भवायै
नमोऽस्तु गौर्य्यै वृजिनान्तकायै ।
अतीर्थे तीर्थनिष्ठेभ्यो व्यासादिभ्यो नमो नमः ।
गणेभ्यो रक्षकेभ्यश्च क्षत्रेशेभ्यो नमो नमः ।
पौंड्रविघ्न नमस्तेऽस्तु नमस्ते कालभैरव ॥
नमस्ते दक्षिणामूर्ते दण्डपाणे नमोऽस्तु ते" ॥

"हे कालि ! हे गिरिजा ! तुम सब कामनाओंकी पूर्ण करनेवाली हो, इसलिये हम तुम्हें नमस्कार करते हैं । गौरि ! तुम पापियोंका विनाश करनेवाली हो, तीर्थोंकी प्रतिष्ठा करनेवाले व्यास आदि महर्षियोंको भी नमस्कार करते हैं, अथ च गणोंके अधिपति और संरक्षकों-कोभी प्रणाम है. हे दण्डपाणि ! हे कालभैरव ! आप दक्षिणामूर्त्ति हैं । और दुष्टोंके कार्यमें विघ्नकर्त्ता हैं अतएव आपको नमस्कार है" ॥

तीर्थं गत्वोपवासश्च श्राद्धं च जपकर्म च ।
करिष्यतीति विश्वास एतात्सिद्धेस्तु लक्षणम् ॥९४॥

तीर्थमें जाकर उपवास, श्राद्ध, जपकर्म और विश्वास करै । यही सब सिद्धिके लक्षण हैं ॥ ९४ ॥

श्रीदेव्युवाच ।

यो नरः पापकर्मा च क्षेत्रेऽस्मिन्निवसेत्सदा ॥
सुरादिपातकाद्घोरात्स किं मोक्षं गमिष्यति ॥ ९५ ॥

श्रीदेवीजी बोलीं–जो मनुष्य पापकर्मा होकर इस क्षेत्रमें वास करता है, वह मनुष्य क्या उन घोर पातकोंसे मोक्ष पासकता है ? ॥ ९५ ॥

ईश्वर उवाच ।

पुण्यक्षेत्रे स्थितो यो वै पातके तु रतः सदा ।
तिर्य्यग्योनिं प्रविश्याथ वर्षाणामयुते वसन् ॥ ९६ ॥

ईश्वर बोले–जो मनुष्य सदा घोर पापकर्ममें रत होकर पुण्यक्षेत्रमें वास करता है, वह दशहजार वर्ष तिर्यक् योनिमें प्रवेश करके ॥९६॥

पुण्येपुरे च तत्रैव ज्ञानं सम्पद्यते ततः ।
मोक्षं प्राप्नोत्येव सोऽपि गुह्यमेतन्ममप्रिये ॥ ९७ ॥

तदनन्तर, उत्तमपुरमें वास करनेके पीछे वहां ज्ञानको प्राप्त होकर मोक्ष प्राप्त करता है. हे प्रिये ! यह मेरा गुह्य विषय जानना चाहिये ॥ ९७ ॥

सुलभोऽन्यत्र लौहित्ये पञ्चस्थानेषु दुर्लभः ।
अगस्त्यतीर्थे लौहित्ये मणिकर्णह्रदे तथा ।
अपुनर्भवे चन्द्रकुण्डे स्थानपञ्चकमीरितम् ॥९८ ॥

हे देवि ! अन्यत्र वास सुलभ है, किन्तु लौहित्य, अगस्त्य तीर्थ, मणिकर्ण ह्रद अपुनर्भव और चन्द्रकुण्ड इन पांच स्थानोंमें वास दुर्लभ है ॥ ९८ ॥

अक्षतेन विशेषेण शतमार्गसहस्रकैः ।
क्षेत्रबाह्यस्थितैः शून्यैः गणैश्चैवाभिरक्षिताः ॥ ९९ ।

तीर्थके शतसहस्र मार्गमें, क्षेत्रके बाहर और शून्य मार्गमें अक्षत शरीरसे अवस्थित होकर रक्षकगण विशेषरूपसे तीर्थ करते हैं ॥ ९९ ॥

कालाख्यो रणभद्रश्च सौरभश्च महाबलः ।
वेतालश्च विकण्टश्च एते पूर्वे स्थिता गणाः ॥१००॥

काल, रणभद्र, महाबल सौरभ, वेताल, विकंट, यह गण पूर्वदिशामें अवस्थित हैं ॥ १०० ॥

एकजङ्घोनलश्चैव कर्दमालिप्तविग्रहः ।
घण्टाकर्णस्ततोर्द्धश्च दक्षिणं पार्श्वमास्थिताः ॥१०१॥

एकजंघ, नल, कर्दमालिप्तविग्रह, घंटाकर्ण, यह गण ऊर्ध्व और दक्षिण पार्श्वमें स्थित हैं ॥ १०१ ॥

बलनाशो भीषणश्च पश्चिमायां व्यवस्थितः ।
पञ्चमो लोहिताक्षश्च नन्दनश्च तथा मतः ॥ १०२ ॥

बलनाश और भीषण पश्चिम दिशामें अवस्थित हैं । पञ्चम, लोहिताक्ष, नन्दन ॥ १०२ ॥

केशवश्चक्रपाणिश्च धनदस्योत्तरा गणाः ।
मधुनो मधुकश्चैव जयन्तश्च मधुश्रियः ॥ १०३ ॥

केशव चक्रपाणि यह उत्तरमें अवस्थित हैं । मधुन, मधुक, और मधुश्रीक जयन्त ॥ १०३ ॥

अविशेषेण रक्षन्ति त्रयः कामेश्वरीं स्थिताः ।
गणेशः कालदन्तश्च विकर्णश्च कपिध्वजः ।
द्वारं रक्षति वै सर्वं मण्डपञ्च स्वयं हरः ॥ १०४ ॥

यह तीन जन कामेश्वरीके समीप रहकर तीर्थरक्षा करते हैं । गणेश, कालदन्त, विकर्ण और कपिध्वज यह सबद्वारकी रक्षा करते हैं, स्वयं महादेवजी मण्डपकी रक्षा करते हैं ॥ १०४ ॥

कन्दर्पो मकरन्दश्च प्रबलश्चानुदोधरः ।
सोमश्च विपुलश्चैव अश्वतीर्थे स्थिता गणाः ॥ १०५॥

कन्दर्प, मकरन्द, प्रबल, अनुदोधर, सोम और विपुल यह गण अश्व तीर्थमें स्थित हैं ॥ १०५ ॥

शतसाहस्रयक्षिण्यो मुक्तिद्वारस्य रक्षकाः ।
दशसाहस्रकश्चैव अन्तर्गेहस्य रक्षकम् ॥ १०६ ॥

शतसहस्र यक्षिणीगण मुक्तिद्वारकी रक्षा करती है। दशसहस्र यक्षिणी अन्तर्गेहकी रक्षा करती हैं ॥ १०६ ॥

कुब्जतीर्थे ततो ह्यष्टौ सहस्रैर्दशभिर्युतैः ।
तीर्थे प्रसादकरणे धर्मारम्भे विशेषतः ।
व्रतयज्ञसमारम्भे विघ्नानि निवसन्ति वै ॥ १०७ ॥

दशसहस्रयक्षिणी कुब्जतीर्थकी रक्षा करती हैं, तीर्थमें, प्रसादकरणमें विशेषकर धर्मारंभमें व्रत और यज्ञारंभमें विघ्न उपस्थि होते हैं ॥ १०७॥

तेषां संपूजनं चादौ बलिभिर्मोदकादिभिः ।
अन्यथा जायते विघ्नमिति जानीहि मे प्रिये ॥ १०८॥

उनकी मोदकादि बलिद्वारा प्रथम पूजा करनी चाहिये,, अन्यथा होनेपर विघ्न उपस्थित होता है ॥ १०८ ॥

अथापराणि विघ्नानि शरीरे निवसन्ति वै ।
ज्ञानघ्नानि मनःस्थानि शृणु तानि मम प्रिये ॥१०९॥

हे प्यारी ! अन्य सब विघ्न शरीरमें वास करते हैं सब विघ्न ज्ञान-नाशक हैं वह तुम सुनो ॥ १०९ ॥

कश्चिन्निवर्त्तको देवि तथा कश्चित्प्रवर्त्तकः ॥ ११० ॥

हे देवि ! कोई निवर्त्तक कोई प्रवर्त्तक ॥ ११० ॥

सन्निकर्षं विदूरं वा सहस्रं लक्षमेव वा ।
पापानुस्मरणञ्चैव आलस्यञ्चापि दूषणम् ॥ १११ ॥
सन्निकर्ष और विदूर सहस्र और लक्षवार पापानुस्मरण, आलस्य, परदूषण ॥ १११ ॥

शोकमोहजराव्याधिस्तारुण्यं धननाशकम् ।
कलहं भार्यया सार्द्धं दुर्भिक्षं गृहसंकटम् ॥ ११२ ॥
शोक, मोह, जरा, व्याधि, तारुण्य धननाश, भार्याके संग कलह, दुर्भिक्ष, गृहसंकट ॥११२ ॥

नानाव्रतसमाकीर्णं धार्मिकोऽस्मीति मानसः ।
प्राप्तशोकं त्वधर्मस्य करणे हीनपातकम् ॥ ११३ ॥
बहुव्रतानुसरणमें धार्मिक इस प्रकार बुद्धि, प्राप्त शोकत्व (मनो ग्लानि आदि) अधर्म करनेमें पापहीनताका ज्ञान ॥ ११३ ॥

वृक्षपत्रञ्च तुलसीं धात्रीं वृक्षफलं तथा ।
शालग्रामशिलाखण्डं प्रतिमां दारुजां तथा ॥ ११४ ॥
तुलसीको वृक्षपत्र, धात्रीको वृक्षफल जानना, शालग्रामको शिला खंड जानना प्रतिमामें काष्ठबुद्धि ॥ ११४ ॥

मानुषं ब्राह्मणञ्चैव स्वयम्भुं वर्त्तुलं शिवम् ।
शङ्खं शम्बूकभेदञ्च खड्गं मांसादिसम्भवम् ॥ ११५ ॥
ब्राह्मणको मनुष्य जानना, स्वयम्भू शिवमें वर्त्तुलत्व (गोलपिण्ड) बुद्धि, शंखमें शम्बूक विशेषत्व ज्ञान (जीव विशेष) गेंडेमें मांससंभव ज्ञान ॥ ११५ ॥

दृष्ट्वा परंभवेदेवं तीर्थजातं जलं तथा ।
गंगायां वा नदीरूपं पुण्यक्षेत्रञ्च भूमिका ॥ ११६ ॥
तीर्थमें जलबुद्धि, गंगामें नदी बुद्धि, पुण्यक्षेत्रमें भूमिबुद्धि ॥ ११६ ॥

इत्येतानि च विघ्नानि संयान्ति च पुनः पुनः ।
मन एवात्र नित्यं स्यान्मान एवात्र कारणम् ।
मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः ॥. ११७ ॥

यह सब विघ्न वारम्वार उपस्थित होते हैं । मनही नित्य; मनही उसमें कारण और मनही मनुष्योंके बंधमोक्षका हेतु है ॥ ११७ ॥

तन्निष्ठं तत्परं जातं तन्मुख्यं दुःखकारणम् ।
चित्तमन्तर्गतं दुष्टं तीर्थे स्नाने निषिध्यते ॥ ११८ ॥

मनास्थित दुष्टभावमें निष्ठा, तत्परता और (समीप) होनेपर वह दुःखका कारण होता है, मनास्थित दुष्टभाव तीर्थस्नान करनेमें निषेध करता है ॥ ११८ ॥

पठेद्यः शृणुयाद्वापि भुक्तिमुक्तिमवाप्नुयात् ।
पुत्रार्थी लभते पुत्रं कीर्त्यर्थी कीर्तिमाप्नुयात् ११९॥

जो मनुष्य इसको पढता है वा सुनता है, वह भोग और मोक्ष दोनोंहा पाता है. पुत्रका चाहनेवाला पुत्र, कीर्त्तिकी इच्छा करनेवाला कीर्त्ति प्राप्त करता है ॥ ११९ ॥

विद्यार्थी लभते विद्यां जयार्थी लभते जयम् ।
ब्रह्महत्यादिपापञ्च निर्मूलं नाशमाप्नुयात् ॥ १२० ॥
वन्ध्यापि लभते पुत्रं कन्या विन्दति सत्पतिम् ।
मोक्षार्थी लभते मोक्षं भोगार्थी भोगमाप्नुयात्॥१२१॥
काव्यार्थी च कवित्वञ्च सारं निःसार आप्नुयात् ।
ज्ञानार्थी लभते ज्ञानं सर्वसंसारमुद्गरम् ॥ १२२ ॥
इदं स्वस्त्ययनं धन्यं योगिनीनाम तन्त्रकम् ।
नाकाले मरणं तस्य श्लोकमेकं तु यः पठेत् ।
श्लोकार्द्धपठनादस्य ग्रहदोषक्षयो भवेत् ॥ १२३ ॥

विद्यार्थी विद्या, जयकी इच्छा करनेवाला जय, वंध्या पुत्र, कन्या-सत्पत्ति, मोक्षकी कामना करनेवाला मोक्ष, भोगकी अभिलाषा करने-वाला भोग, काव्यार्थी अर्थात् कविताकी इच्छा करनेवाला सारात्सार कविता, तथा ज्ञानकी चाहना करनेवाला सर्व संसारमुद्गर ज्ञानको प्राप्त होता है और ब्रह्महत्यादिके पाप करनेवाले उन सब पापोंसे छूटजाते हैं । यह योगिनीतन्त्र स्वस्त्ययन और धन्य है, इसका केवल एक श्लोकमात्र पाठ करनेसे अकालमें मृत्यु नहीं होती । आधा श्लोकमात्र पढनेसे दुष्टग्रह क्षय होते हैं॥ १२०॥१२१॥१२२॥१२३॥

इति श्रीयोगिनीतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे चतुर्विंशतिसाहस्रे द्वितीयभागे भाषाटीकायां अष्टमः पटलः ॥ ८ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि निर्मलं भुवि दुर्लभम् ।
लिङ्गैः शताष्टकैर्युक्तं हरिक्षेत्रसमं शुभम् ॥ १ ॥
विष्णुपुष्करकं क्षेत्रं तीर्थाष्टशतसंयुतम् ।
हृष्टपुष्टजनाकीर्णं नरनारीसमन्वितम् ॥ २ ॥
विद्वन्निकरभूयिष्ठं धनधान्यादिसंयुतम् ।
गृहाणां गोपुरैर्युक्तं भुवि प्राकारभूषितम् ॥ ३ ॥
नानामणिगणाकीर्णं नानारत्नोपशोभितम् ।
पुराट्टालकसंकीर्णं वीथीभिः समलंकृतम् ॥४॥
राजहंसनिभैः शुभ्रैः प्रासादैरुपशोभितम् ।
स ततोपि जलैर्धौतं सुराभाण्डमिवाशुचिः ॥ ५ ॥
यदि वसति गुहायां पर्वताग्रे चिरं वा
यदि धरति त्रिदण्डं भस्म वाच्छादनं वा ।

यदि पठति पुराणं वेदसिद्धान्ततत्त्वं
यदि हृदयमशुद्धं सर्वमेतद्विरुद्धम् ॥ ६ ॥

श्रीभगवान् बोले—हे देवि ! सुनो ! पृथ्वीमें दुर्लभ अत्यन्त निर्मल हरिक्षेत्रकी समान शुभकर आठ सौ (८००) लिंगयुक्त और आठ सौ (८००) तीर्थसमन्वित विष्णुपुष्करनामक एक पुण्यक्षेत्र है । इस स्थानमें हृष्ट पुष्ट मनुष्य भरे हुए हैं । वहां दिव्य कान्ति नर नारी और बहुतसे विद्वान् वास करते हैं । यह स्थान धनधान्य और चौराहोंद्वारा सुशोभित घरोंसे परिपूर्ण और अनेकप्रकारके रत्न तथा मणियोंसे शोभायमान है । इस स्थानमें अटारियोंसे युक्त बाजार और जलसे धुले हुएकी सदृश सफेद आकारवाले प्रासाद (महल) शोभा पाते हैं ! यदि मन शुद्ध हो तो सभी स्थानोंमें पुण्यजनक होता है और यदि मन अशुद्ध हो तो सुरा (शराब) के पात्रकी समान सबही अशुद्ध रहता है । यदि मनुष्य पर्वताग्रमें, वा पर्वतकी गुहामें वास, त्रिदण्ड धारण, भस्मलेपन, एवं वेदसिद्धान्ततत्त्व और पुराणका पाठ करें, किन्तु (तोभी) मनके अशुद्ध होनेपर यह सब कार्य निष्फल और विरुद्ध होते हैं ॥ १–६ ॥

न तीर्थानि न दानानि न व्रतानि न चाश्रमाः ।
दुष्टाशयो दुष्टरतिः प्रणष्टो व्याधितो यथा ॥ ७ ॥

उनके तीर्थ, दान, व्रत, आश्रम सब निष्फल हैं । दुष्ट आशा और दुष्ट रति (प्रीति) मनुष्योंको व्याधिकी समान नष्ट करती है ॥ ७ ॥

इन्द्रियाणि वशीकृत्य यत्र तत्र वसेन्नरः ।
तत्र तस्य कुरुक्षेत्रं प्रयागं पुष्करं गया ॥ ८ ॥

इस कारण इन्द्रियोंका वशीभूत करके जिस किसी स्थानमें मनुष्य वास करै, वही उसको कुरुक्षेत्र, प्रयाग और गयास्वरूप है ॥ ८ ॥

न लंघयेत्पानधर्मं देशधर्मं न लंघयेत् ।
यस्मिन्पीठे य आचारः स आचारो विधिः स्मृतः९॥

(पानधर्म) जो सदासे चला आया हो और देशधर्म उल्लंघन न करे, जिस पीठमें जो आचार निर्दिष्ट है उस पीठमें वही विधि है ॥ ९ ॥

स्पृष्टास्पृष्टं योनिदोषाः पानदोषो न गण्यते ।
विवाहव्यत्ययस्तत्र परिवित्तिर्न दुष्यति ॥ १० ॥
शयनश्चैव शष तु स्त्रीजनासक्तितो भवेत् ॥ ११ ॥

स्पृष्टास्पृष्ट (स्पर्श किया और न किया) और योनिदोष तथा पान दोष गिनने योग्य नहीं है विवाह व्यत्यय और परिवित्ति अर्थात् बडेके रहते छोटेका विवाहदोषका निमित्त नहीं होता । स्त्रियोंके निकट स्थित होनेपर कथोपकथन शयनादि दूषणीय नहीं है ॥ १० ॥ ११ ॥

जालन्धरे महेशानि दूषयेन्मत्स्यमांसकम् ।
पादुकायां विशुद्धिश्च शुभ्रं तक्रञ्च गर्हितम् ॥ १२ ॥

हे महेशानि ! जालन्धरमें मत्स्य, मांस और पैरोंमें पादुका पहरना तथा शुभ्र तक्र गर्हित है ॥ १२ ॥

पूर्णसन्ध्या सुधर्मेण कालधर्मो न विद्यते ।
सर्वेशो योगिनीपीठे धर्मः कैरातजो मतः ॥ १३ ॥

पूर्णसन्ध्या और कालधर्म नहीं है । सर्वेश योगिनीपीठमें किरात धर्म प्रचलित है ॥ १३ ॥

कामरूपेण संन्यासस्तथा दीर्घं मतं प्रिये ।
न त्यजेत्सामिषं देवि ब्रह्मचर्यमतो न च ॥ १४ ॥

कामरूपमें दीर्घतम संन्यास है. हे देवि ! हे प्रिये ! वहां आमिष (मांस) परित्याग न करे सुतरां ब्रह्मचर्य मत नहीं है ॥ १४ ॥

संसर्गात्पातकं नैव स्त्रीधर्मे धर्ममाश्रय ।
न शुक्रदर्शनं स्त्रीणां ताम्बूलाशा सदा भवेत् ॥१५॥

स्त्रियोंके धर्मकर्ममें पातकका संसर्ग नहीं है, स्त्रियोंके पक्षमें शुक्र दर्शन नहीं है वह सदा पान चावै ॥ १५ ॥

हंसपारावतं भक्ष्यं कूर्मवाराहमेव च ।
कामरूपे परित्यागाद्दुर्गतिस्तस्य सम्भवेत् ॥ १६ ॥

कामरूपमें हंस, पारावत, कूर्म (कछुआ) और वराह (सूअर) भक्षण करै, इन सबका त्याग करनेसे वहां दुर्गति प्राप्त होती है ॥१६॥

हीनाचारस्तु सौमारे सर्वाशी सर्वविक्रयी ।
तत्र नारी सदा रुद्धा तत्र राजा सुपुण्यवान् ॥ १७ ॥

सौमारमें मनुष्य हीनाचार, सर्वभक्षी और सर्वविक्रयी है वहांकी स्त्रियें सदा निरुद्ध (परतन्त्रतासे नियमित) और राजाको पुण्यवान् जानना चाहिये ॥ १७ ॥

कोल्वपीठे जातिधर्मान्स्वजात्युक्तेन वर्त्तयेत् ।
धर्माधर्मविचारेण स्वरूपं स्वनिरूपकम् ॥ १८ ॥

कोल्वपीठमें अपनी जातिके कहे मतसे जातिधर्म प्रवार्त्तत होताहै । धर्माधर्म आचारमें वह स्वयं निरूपण और आचरण करते हैं ॥१८॥

महेन्द्रे चैव योगी च ब्रह्मज्ञानी सुबुद्धिमान् ।
श्रीहट्टे पानवैपुल्यं न चान्नस्य परिक्रयः ॥ १९ ॥

महेंद्रमें श्रेष्ठ बुद्धिवाले ब्रह्मज्ञानी योगी वास करते हैं । श्रीहट्टपान बहुल (जहां लक्ष्मीकी अधिकता हो) वहां अन्नपरिक्रिय नहीं है अर्थात् अन्नप्राप्तिके लिये किसी प्रकारकी चिन्ता करनेका अवसर नहीं है॥ १९॥

एतत्सर्वं समाख्यातं यत्पृष्टं हि त्वयाधुना ।
नाशिष्ये च प्रदातव्यं देवब्राह्मणनिन्दके ॥ २० ॥
पिशुने नैव दातव्यं वेदभक्तिविवर्जिते ।
दातव्यं भक्तियुक्ताय स्वधर्मनिरताय च ॥ २१ ॥

हे देवि ! इस समय तुमने जो पूछाथा, वह मैंने सब वर्णन कियाँ ! यह ब्राह्मण निन्दक, अशिष्य, खल, वेदभक्तिराहित मनुष्योंको कभी प्रदान न करै. भक्तियुक्त और स्वधर्ममें निरत मनुष्यको देवै॥२०॥२१

नीलै रक्तैस्तथा शुभ्रैः प्रासादैरुपशोभितम् ।
रक्षितं शस्त्रसंघैश्च परिखाभिरलंकृतम् ॥ २२ ॥

हे देवि ! नील रक्त और सफेदवर्णके प्रासादमण्डल (महलोंके समूह) से शोभायमान. शस्त्रोंसे रक्षित, परिखा (खाई) से अलंकृत ॥ २२॥

सितै रक्तैस्तथा पीतैः कृष्णैश्चान्यैश्च वर्णकैः ।
धूम्रैः समीरणैर्धूमैः पताकैश्च स्वलंकृतम् ॥ २३ ॥

सफेद, लाल, पीली, काली और धूम्रादि विविध वर्णकी पताका-ओंसे शोभायमान ॥ २३ ॥

नित्योत्सवप्रमुदितं नानावादित्रनिःस्वनम् ।
वीणावेणुमृदङ्गैश्च क्षेपणीभिरलंकृतम् ॥ २४ ॥

अनेक बाजोंकी ध्वनिसे शब्दायमान, नित्योत्सवसे प्रमोदित, वीणा, वेणु, मृदंग और क्षेपणी (पट्टी) से अलंकृत ॥ २४ ॥

देवतायतनैर्दिव्यैः प्रकृष्टोद्यानमण्डितैः ।
पूजावैचित्र्यरचितैः सर्वतः समलंकृतम् ॥ २५ ॥

दिव्य देतायतनयुक्त, अनेक उद्यानोंसे मण्डित, विविधपूजोपकरण (पूजाकी सामग्री) से सर्वत्र शोभायमान ॥ २५ ॥

स्त्रियस्तत्र प्रमुदिता दृश्यन्ते तनुमध्यमाः ।
हारभारांचितग्रीवाः पद्मपत्रायतेक्षणाः ॥ २६ ॥

अपुनर्भवनामक एक मनोहर पुण्यप्रद तीर्थ क्षेत्र है, वहांकी स्त्रियें मध्यमतनु और सदा प्रमुदित दिखाई देती हैं, इन आयतलोचना स्त्रियोंकी ग्रीवा मनोहर हारसे शोभायमान हैं ॥ २६ ॥

पीनोन्नतकुचद्वन्द्वाः पूर्णचंद्रसमाननाः ।
स्थिरालकाः कपोलाढ्याः काञ्चीनूपुरनादिताः॥२७॥
सुकल्पचारुजघनाः कर्णान्तायतलोचनाः ।
नानाजलाशयैश्चान्यैः पद्मिनीशतमण्डितैः ॥ २८ ॥
सरोवरैर्मनोज्ञैश्च प्रसन्नसलिलैस्तथा ।
कुमुदैः पुण्डरीकैश्च तथा नीलोत्पलैः शुभैः ॥ २९ ॥
कदम्बैश्चक्रवाकैश्च तथैव जलकुक्कुटैः ।
कारण्डवोत्करैर्हंसैस्तथैव स्थलचारिभिः ॥ ३० ॥

उनके दोनों कुच पीन और उन्नत मुख पूर्णचंद्रमाके समान कपोल मनोहर अलकावली स्थिर जघनदेश अत्यन्त शोभायमान और मनोहर तथा दोनों नेत्र कानोंतक विस्तृत हैं उनकी कांची और नूपुरकी ध्वनिसे शब्दायमान होकर यह स्थान मनुष्योंका मन हरण करता है और यह स्थान सैकडों कमलोंसे शोभायमान निर्मल जलवाले जलाशय सरोवरोंसे अत्यन्त मनोहर है यह जलाशय कुमुद पुण्डरीक नील कमल इत्यादि शोभायमान कमलोंसे और कदम्ब, चक्रवाक, जलमुर्गा वा कारण्डव हंस इत्यादि मनोहर कलकण्ठ जलचरगणोंसे अलंकृत रहते हैं ॥ २७–३० ॥

एवं नानाविधैर्वृक्षैः पुण्यैर्नानाविधै रवैः ।
नानाजलाशयैश्चान्यैः शोभितं तत्समन्ततः ॥ ३१ ॥

यह सब जलाशय तटस्थ विविधकलकंठ पक्षियोंसे शब्दायमान और नवीन फूलेहुए वृक्षोंसे शोभायमान हैं, तथा यह स्थान अन्यान्य अनके जलाशयोंसे अलंकृत रहता है ॥ ३१ ॥

आस्ते तत्र स्वयं देवो हयग्रीवो जनार्दनः ।
पृथिव्यां यानि तीर्थानि सरितश्च सरांसि च ।
पुष्करिण्यस्तडागानि वाप्यः कुण्डाश्च सागराः॥३२॥

वहां स्वयं देव जनार्दन हयग्रीव वास करते हैं । पृथ्वीतलमें जो कुछ तीर्थ, सरित्, सरः और पुष्करिणी, ताडग, वापी, कुण्ड और समुद्रहै ॥ ३२ ॥

तेभ्यः पूर्वं समाहृत्य जलानि च पृथक्पृथक् ।
सर्वलोकहितार्थाय रुद्रः सोमो गणैः सह ॥ ३३ ॥

उनमेंसे पृथक्पृथक् जल लाकर सर्वलोकोंके हितार्थ सर्व गणसहित रुद्र और सोम इस स्थानमें वास करते हैं ॥ ३३ ॥

तीर्थं पुनर्भवो नाम तस्मिन्क्षेत्रे वरानने ।
चकार कामिभिः सार्द्धं तत्पुनर्भवमुच्यते ॥ ३४ ॥

हे वरानने ! उस अपुनर्भवतीर्थक्षेत्रमें काम्यवस्तुओंको भोग करके भी वास करनेसे फिर जन्म लेना नहीं पडता, इसकिारण इस स्थानका नाम अपुनर्भव हुआ है ॥ ३४ ॥

अस्मिंश्च विपुले क्षेत्रे माघे मासि मम प्रिये ।
यस्तत्र यात्रां कुरुते विपुले विजितेन्द्रियः ।
विधिवत्सरसि स्नात्वा ततः श्रद्धासमान्वितः ॥ ३५ ॥
देवानृषीन्मनुष्यांश्च पितॄन्सन्तर्पयेत्ततः ।
तिलोदकेन विधिवन्नामगोत्रविधानतः ।
स्नात्वैवं विधिवत्तत्र सोऽश्वमेधफलं लभेत् ॥ ३६ ॥

हे प्यारी ! माघके महीनेमें जितेन्द्रिय होकर जो मनुष्य इस विपुल तीर्थ क्षेत्रमें यात्रा करता है और श्रद्धा भक्तियुक्त होकर सरोवरके जलमें विधिपूर्वक स्नान करनेके पीछे देवता, ऋषि, मनुष्य और पितरोंका तर्पण तथा विधिपूर्वक नाम गोत्र विधानसे तिलोदक स्नान करता है उसको अश्वमेधका फल मिलता है ॥ ३५ ॥ ३६ ॥

ग्रहोपरागे विषुवे संक्रान्त्यामयने तथा ।

युगादौ षडशीत्याञ्च तथान्यस्मिञ्छुभे तिथौ ॥ ३७ ॥
यस्तत्र दानं विप्रेभ्यः प्रयच्छति धनादिकम् ।
अन्यतीर्थाच्छतगुणं फलं प्राप्नोति मानवः ॥ ३८ ॥

ग्रहण, विषुव, संक्रान्ति, अयन, षडशीति युगादि (छियासी युगादि तिथियों) में और अन्यान्य शुभ तिथिमें जो मनुष्य वहां ब्राह्मणोंको धनादि दान करता है वह अपरापर तीर्थोंकी अपेक्षा शत-गुण फल पाता है ॥ ३७ ॥ ३८ ॥

पिण्डं तत्र प्रयच्छन्ति स्वपितृभ्यः सरस्तटे ।
पितृणामक्षयां तृप्तिं तत्कुर्वन्ति न संशयः ॥ ३९ ॥

जो मनुष्य वहां सरोवरके किनारे पितरोंको पिण्ड देता है, उसके द्वारा उसके पितरोंकी अक्षय तृप्ति होती है, इसमें सन्देह नहीं ॥३९॥

धनुषाष्टप्रमाणञ्च कुण्डमानं प्रकीर्त्तितम् ।
वराहकामयोर्मध्ये तत्तीर्थं सर्वकामदम् ॥ ४० ॥

वराह और कामरूपके मध्यस्थित सर्व कामदायक उस कुण्डका परिमाण आठ धनु है ॥ ४० ॥

पुनर्न भवनं यस्मादपुनर्भवनामकम् ॥
तत्र स्नात्वा नरो याति भास्करस्यालयं प्रति ॥ ४१ ॥

उसमें स्नानादि करनेसे पुनर्भव अर्थात् पुनर्जन्म नहीं होता, इसी कारण उसका नाम अपुनर्भव है, वहां स्नान करके मनुष्य सूर्यसदनमें जाताहै ॥ ४१ ॥

न पुनर्जायते जन्तुर्यस्मात्त्वयि निमज्जनात् ।
अतः स्नामि महातीर्थे पापं हर नमोऽस्तु ते ।
कुर्यादनेन स्नानं यः पश्येदेव त्रिलोचनम् ॥ ४२ ॥

हे तीर्थराज ! तुम्हारे जलमें स्नान करनेसे फिर जन्म नहीं होता, इसी कारण मैं तुम्हारे जलमें स्नान करता हूं. तुम मेरे पापोंको दूर करो. इस मंत्रसे स्नान करके त्रिलोचन देवका दर्शन करै ॥ ४२ ॥

गोकर्णश्च विकर्णश्च योगीशं सर्वकामदम् ।
गोकर्णं वृषभाकारं विकर्णं पुरुषाकृतिम् ॥ ४३ ॥

तदनन्तर गोकर्ण सर्वकामप्रद योगीश और विकर्ण हैं । गोकर्णका आकार बैलकी समान और विकर्णका आकार पुरषकी सदृश है॥४३॥

अधस्ताच्चैव योगानां योगज्ञानं ततः परम् ।
उत्तरे च सरस्तीरे पर्वते भद्रकाशके ॥ ४४ ॥

इस स्थानमें योगीशका दर्शन करनेसे योगियोंको परमयोग ज्ञान प्राप्त होता है । सरोवरके उत्तरीयतटमें भद्रकाश पर्वतके ऊपर ॥४४॥

या शिला पौत्रवित्ता च मध्ये शोणच्युतिः प्रिये ।
पञ्चधन्वन्तरे यावत्क्षेत्रं स्याद्धरवीथिकम् ॥ ४५ ॥

पौत्रवित्ता शिला और मध्यभागमें शोणच्युति शिला है, उसके पंच धनुः अन्तरमें हरवीथि नामक विख्यात क्षेत्र है ॥ ४५ ॥

तस्याः शैवाशिलायास्तु स्वभागे देवतात्रयम् ।
सम्पाद्य विधिवद्भक्त्या गन्धैः पुष्पैः पृथग्विधैः ।
चतुर्दश्याश्च मिथुने मृते मोक्षमवाप्नुयात् ॥ ४६ ॥

उस शैवशिलाके नियमित भागमें यह तीन देवता हैं । भक्तिपूर्वक आषाढके महीनेमें गंधपुष्पादिसे पूजा करनेपर मोक्ष प्राप्त होता है, तथा चतुर्दशीके दिन मृत्यु होनेसे भी मोक्षकी प्राप्ति होती है ॥ ४६ ॥

त्रिशूलाभयहस्ताय जटाभारविधारिणे ।
वृषध्वजाय देवाय गोकर्णाय नमो नमः ॥ ४७ ॥
युगरूपाय देवाय चन्द्रहस्ताय विष्णवे ।

गदाशार्ङ्गकहस्ताय विकर्णाय नमो नमः ॥ ४८ ॥

महेशाय वृषस्थाय ज्ञानरूपाय ज्ञानिने ।

धर्मज्ञाय सुरूपाय योगीन्द्राय नमोऽस्तु ते ॥ ४९ ॥

गोकर्णका प्रणाम यथाः–'त्रिशूलाभयहस्ताय जटाभारविधारिणे । वृषध्वजाय देवाय गोकर्णाय नमो नमः" । विकर्णका प्रणाम यथाः– "युगरूपाय देवाय चन्द्रहस्ताय विष्णवे । गदाशार्ङ्गकहस्ताय विकर्णाय नमो नमः" योगीन्द्रका प्रणाम यथाः–" महेशाय वृषस्थाय ज्ञानरूपाय ज्ञानिने । धर्मज्ञाय सुरूपाय योगीन्द्राय नमोऽस्तु ते ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ ४९ ॥

अपुनर्भवपूर्वे तु नवधन्वन्तरात्परम् ।

सप्तधन्वन्तरं यावत्कुण्डं वाराणसीयकम् ।

तत्र स्नात्वा महेशानि मृतो मोक्षमवाप्नुयात् ॥ ५० ॥

अपुनर्भवके पूर्वभाग नवधनुके अन्तरपर सात धनुः पर्यन्त विस्तृत वाराणसीयक कुण्ड है. हे महेशानि ! वहां स्नान कर मरनेसे मोक्ष प्राप्त होती है ॥ ५० ॥

चैत्रे कामत्रयोदश्यां स्नानेनानेन यत्नतः ।

सर्वपापविनिर्मुक्तः स गच्छेद्ब्रह्मणः पदम् ॥ ५१ ॥

चैतके महीनेकी कामत्रयोदशीमें मंत्रपूर्वक वहां स्नान करनेपर सब पापोंसे छूटकर ब्रह्मपद प्राप्त होता है ॥ ५१ ॥

सर्वतीर्थेषु यैः स्नानं कृतं वर्षशतैरपि ।

सकृद्वाराणसीकुण्डे तत्फलं लभते क्षणात् ॥ ५२ ॥

सब तीर्थोंमें सौ वर्ष स्नान करनेसे जो फल होता है, वाराणसीकुण्डमें एकवार स्नान करके तत्काल वही फल मिलता है ॥ ५२ ॥

तस्य पूर्वे पञ्चधनुर्दैर्घ्यमानेन शाङ्करि ।

मार्कण्डेयह्रदो नाम तत्र स्नात्वा व्रजेच्छिवम् ॥ ५३ ॥

हे शांकरि ! उसके पूर्वमें पांच धनुके अन्तरपर मार्कण्डेय ह्रद है, वहां स्नान करनेसे शिवत्व लाभ होता है ॥ ५३ ॥

उत्तरे सरस्तीरे मार्कण्डेश्वरसंज्ञितम् ।
ये वा पश्यन्ति च स्नात्वा कुण्डे माहेश्वरं ततः॥५४॥
आदित्यमर्चितं तत्र देवदेवं त्रिलोचनम् ।
सर्वपापविनिर्मुक्तो विमानवरमास्थितः ॥ ५५ ॥
गीयमानोथ गन्धर्वैः शिवलोकं व्रजेत्तु वै ।
तिष्ठत्यत्र प्रमुदितः कल्पमेकं वरानने ॥ ५६ ॥

सरोवरके उत्तर तटमें मार्कंडेय नामक महेश्वर हैं । इस सरोवरमें स्नान करके देवदेव त्रिलोचन और आदित्यकी पूजा करनेपर मनुष्य सब पापोंसे छूटजाता है और उत्तम विमानमें बैठ गंधर्वोंके द्वारा उप गीयमान होकर शिवलोकमें जाता है. हे वरानने ! वहां प्रमुदित चित्तसे एककल्प वास करता है ॥ ५५ ॥ ५५ ॥ ५६ ॥

मार्कण्डेयो मुनिश्रेष्ठस्तपस्तेपे महामतिः ।
मार्कण्डेयह्रदो नाम पापं मम ह्रदो हर ॥ ५७ ॥

मार्कण्डेय महामुनिने प्रथम तपश्चर्याका आचरण किया था, ऋषि-श्रेष्ठ महामुनि मार्कण्डेय वहां तप करनेसे उसका मार्कण्डेय ह्रद नाम हुआ है, हे सरोवर ! तुम हमारे हृदयके पापोंको हरो ॥ ५७ ॥

अनेन मज्जनं कृत्वा कुर्यान्मुण्डस्य मुण्डनम् ।
श्राद्धं कुर्यात्प्रयत्नेन चोपवासं समाचरेत् ॥ ५८ ॥

इस मंत्रसे मज्जन करके मस्तक मुण्डन करावे उसी स्थानमें यत्न-सहित श्राद्ध और उपवास करना चाहिये ॥ ५८ ॥

ततः प्रभाते विमले नित्यं निर्वर्त्य साम्प्रतम् ।
गोकर्णस्य विकर्णस्य नातिदूरे महेश्वरि ॥ ५९ ॥

हे महेश्वरि ! तदनन्तर विमल प्रातःकालमें नित्यकर्म समापनपूर्वक गोकर्ण और विकर्ण थोडीही दूर अवस्थित हैं ॥ ५९ ॥

कुण्डं ब्रह्मसरो नाम एकविंशतिमानतः ।
तत्र स्नात्वा श्रमहरं न पुनर्भवमादिशेत् ॥ ६० ॥

इक्कीस धनु प्रमाण ब्रह्मसरोवरनामक एक तीर्थ है, उस पापहरनेवाले तीर्थमें स्नान करनेसे पुनर्जन्म नहीं होता ॥ ६० ॥

मुक्तये सर्वपापानां ब्रह्मणा निर्मितं पुरा ।
ब्रह्मकुण्ड महाभाग त्राहि मां भवसागरात् ॥ ६१ ॥

समस्तपातकोंसे मुक्तिलाभ होनेके लिये ब्रह्माजीने प्रथम इसको निर्माण किया था अतएव ब्रह्मकुण्डनामक सरोवर ! तुम संसारसागरसे हमारी रक्षा करो ॥ ६१ ॥

स्नात्वा चानेन मन्त्रेण सरसोस्यैव पश्चिमे ।
कृष्णाख्यशैलरूपश्च वराहो नाम नामतः ॥ ६२ ॥

इस मंत्रसे वहां स्नान करे । इसी सरोवरके पश्चिममें स्थित कृष्णाख्य शैलरूप वराहनामक देवता है ॥ ६२ ॥

तं प्रणम्य नरो भक्त्या विष्णुलोके प्रमोदते ॥ ६३ ॥

उनको भक्तिपूर्वक प्रणाम करनेसे मनुष्य विष्णुलोकमें जाकर आनन्द लाभ करता है ॥ ६३ ॥

पिशंगरोमाञ्चिततूलकाय दंष्ट्राग्रभागे च धराधराय ।
नीलाचलोद्भासिकलेवराय महावराहाय नमो नमस्ते ६४

जिनके रोम पिशङ्ग वर्ण हैं जिनके दातोंके अग्रभागके ऊपर भूमण्डल विराजित है, नीलाचलकी समान जिनका शरीर है ऐसे वराहको नमस्कार है इस मंत्रसे उनको प्रणाम करे ॥ ६४ ॥

गोकर्णस्य तदैशान्यामिक्षुक्षेपत्रयान्तरे ।
सदने पर्वते रम्ये गत्वा पश्येच्च शङ्करम् ॥ ६५ ॥

गोकर्णके ईशान कोणमें, जितने स्थानमें तीन गन्ने रक्खे जासकें इतने अन्तरपर रम्यपर्वतमें जाकर मन्दरस्थित शंकरका दर्शन करै ॥ ६५ ॥

केदाराख्यं महादेवं सर्वदेवनमस्कृतम् ।
तं लिङ्गमव्ययं दृष्ट्वा श्रद्धया सुसमाहितः ॥ ६६ ॥
पूजयित्वा तु तं भक्त्या गन्धैः पुष्पैर्मनोहरैः ।
धूपैर्दीपैश्च नैवेद्यैर्नमस्कारैस्तथा स्तवैः ॥ ६७ ॥
दण्डवत्प्रणिपातैश्च नृत्यगीतादिभिस्तथा ।
संपूज्य तं विधानेन शिवलोकं व्रजेन्नरः ॥ ६८ ॥

वहीं सर्वदेवनमस्कृत केदाराख्य महादेव हैं उस अव्ययलिंगका दर्शन करनेपर श्रद्धा भक्तियुक्त और सावधान हो भक्तिपूर्वक मनोहर गंध, पुष्प धूप, दीप, नैवेद्य, नमस्कार, स्तव, नृत्य, गीत और प्रणामादि द्वारा यथा विधि उनकी पूजा करनेसे मनुष्य शिवलोकमें जाता है ॥ ६६ ॥ ६७ ॥ ६८ ॥

मदन सागरश्रेष्ठ सुखसौभाग्यदायक ।
आरोहयामि शिखरं पापं हर नमोऽस्तु ते ॥ ६९ ॥

हे सागरश्रेष्ठ मदन ! तुम सुख और सौभाग्यके देनेवाले हो ! मैं तुम्हारे शिखरपर आरूढ होताहूं, तुम हमारे पापका विनाश करो तुम्हें प्रणाम है ॥ ६९ ॥

पूर्वाशाभिमुखो भूत्वा गत्वा कुर्यात्प्रदक्षिणम् ।
क्षणेनैव समुद्धृत्य शिवलोकं स गच्छति ॥ ७० ॥

इस मंत्रद्वारा पूर्वाभिमुख हो प्रदक्षिणा करनेपर सब पापोंसे रक्षा पाकर शिवलोकमें जाता है ॥ ७० ॥

शिवं शुक्लवर्णं श्वेतवृषभारूढं पद्मासनस्थं
श्वेतनागयज्ञोपवीतिनं वरदाभयहस्तं

सोमसूर्याग्निचक्षुषं जटामुकुटचंद्रशेखरम् ॥
सितभस्मांगलेपनं अर्द्धनारीश्वरं पञ्चवक्रं त्रिनेत्रं
सद्योजातवामदेवतत्पुरुषाघोरेशानाभिधम् ।
पश्चिमे डमरुखड्गादिधारिणं खड्गगो-
क्षीरयोर्वर्णमुत्तरे वामदेवकम् ।
शङ्खचक्रधारिणं तप्तहेमाभवर्णं पूर्वे-
तत्पुरुषं गदापद्मधरं परं स्वच्छ-
सिन्दूराभं दक्षिणेऽघोरं त्रिशूलधरं
कपिलविटङ्कदंष्ट्रं नीलमेघाञ्जनोपम ॥ ७१ ॥

केदाराख्य शिव शुक्लवर्ण, सफेद बैलपर चढे. पद्मासनस्थ श्वेतनाग यज्ञोपवीतधारी वरदाभयहस्त अर्थात् हाथोंमें वर और अभय लिये सोम सूर्याग्नि चक्षुः जटामुकुट चन्द्रशेखर, श्वेतभस्मानुलेपन, अर्द्ध-नारीश्वर, पंचवक्त्र, त्रिनेत्र, तत्पुरुष, वाम, ईशान, सद्यःपश्चिम, शंख चक्रधारी, खड्ग गोक्षीर वर्ण उत्तर, वामदेव, डमरू खड्गादिधारी, तपेहुए सुवर्णकी समान वर्ण, पूर्व, गदा पद्मधारी, परमस्वच्छ सिन्दू-राभ, दक्षिण, अघोर त्रिशूल, कपिल, विटंकदंष्ट्र और नीलमेघाञ्जनो-पम हैं ॥ ७१ ॥

एवं केदाराख्यं शिवं ध्यात्वा शिवतन्त्रोक्तेन मार्गेण
पुष्पाञ्जलिं गृहीत्वा तन्मन्त्रेण पूजयेत् ॥ ७२ ॥

इस प्रकार केदाराख्य शिवका ध्यान करके शिवतन्त्रोक्त मंत्रद्वारा पुष्पांजलि ग्रहणपूर्वक प्रतिमंत्रसे पूजा करै ॥ ७२ ॥

नमश्चन्द्रार्द्धचूडाय नमः खट्वांगधारिणे ।
नमोऽस्तु शूलहस्ताय केदाराय नमो नमः ॥ ७३ ॥

जिनके मस्तकके ऊपर अर्धचन्द्रमा विराजमान है जो खट्वाङ्ग धारण कर रहे हैं और जिनके हाथमें त्रिशूल है ऐसे केदारजीको नमस्कार है ॥ ७३ ॥

सर्वलोकेश्वरं देवं मोक्षकारणमव्ययम्।
निष्कलं परमं देवं प्रणतोऽस्मि पुरातनम् ॥ ७४ ॥

सर्वलोकेश्वर, देव, मोक्षकारण, अव्यय, निष्कल, परमपुरातन देवको मैं प्रणाम करताहूं ॥ ७४ ॥

सर्वेषामेव गोतारं नमस्ते शम्भुमव्ययम् ।
शब्दातीतं गुणातीतं नमस्ते शम्भुमव्ययम् ॥ ७५ ॥

सबके रक्षाकरनेवाले अव्यय शंभुको नमस्कार है। शब्दातीत गुणातीत अव्यय शंभुको नमस्कार है ॥ ७५ ॥

इति प्रसादनं कृत्वा केदारस्य च पश्चिमम्।
गत्वा ब्रह्मवटं वृक्षमच्छिद्रमवधारयेत् ॥ ७६ ॥

इस प्रकार स्तुति और प्रणामद्वारा उनको प्रसन्न करै। तदनन्तर केदारकी पश्चिमदिशामें ब्रह्मवट वृक्षके समीप जाकर अच्छिद्रावधारण करना चाहिये ॥ ७६ ॥

केदारञ्च नमस्कृत्य कल्पवृक्षं ततः पुनः ।
दशजन्मार्जितं पापं तत्क्षणादेव नश्यति ॥ ७७ ॥

इस प्रकार केदार और कल्पवृक्षको नमस्कार करनेसे दश जन्मके इकठे पाप तत्काल नष्ट होते हैं ॥ ७७ ॥

नमोऽव्यक्तस्वरूपाय महामलयवासिने ।
महेन्द्रस्योपरिस्थाय न्यग्रोधाय नमो नमः ॥ ७८ ॥

हे अव्यक्तरूपवान्! हे महामलयाचलके ऊपर निवासकरनेवाले! हे महेन्द्रोपरि स्थित! न्यग्रोध! मैं तुम्हें प्रणाम करताहूं। इस मन्त्रसे वटवृक्षको नमस्कार करै ॥ ७८ ॥

केदारस्य च कौबेर इक्षुक्षेपत्रयान्तरे ।
पौष्पके नगरे क्षेत्रे कमलाक्षहरं भजेत् ॥ ७९ ॥

केदारकी उत्तरदिशामें तीन इक्षुक्षेपके अन्तरपर पौष्पकनगर क्षेत्रमें कमलाक्ष हरको भजन करै ॥ ७९ ॥

संसारसागरे मग्नं पापग्रस्तमचेतनम् ।
त्राहि मां भगनेत्रघ्न त्रिपुरारे नमोऽस्तु ते ॥ ८० ॥
नमः शिवाय शान्ताय सर्वपापहराय च ।
त्रिपुरारे नमस्तेऽस्तु कमलेश नमोऽस्तु ते ॥ ८१ ॥

हे त्रिपुरारि ! पापद्वारा ग्रसेहुए अतएव संसारसागरमें निमग्न हुए अचेतनकी रक्षा करो हे शान्तमूर्ति शिव ! तुम सब पापोंका नाशकरनेवाले हो. हे त्रिपुरारि ! हे कमलेश्वर ! मैं तुम्हें प्रणाम करता हूं इसमंत्रसे उनकी पूजा और प्रणाम करै ॥ ८० ॥ ८१ ॥

दक्षिणे कल्पवृक्षस्य इक्षुक्षेपान्तरे प्रिये ।
छत्राकारो गिरियोऽसौ स गिरिः पारियात्रकः ।
तस्यारोहणमात्रेण न पुनर्जायते भुवि ॥ ८२ ॥

अनन्तर कल्पवृक्षके दक्षिणमें एक इक्षुक्षेपके अन्तरपर छत्राकार जो गिरि वह पारियात्रक गिरि है, इसपर आरोहण करनेसे पुनर्जन्म नहीं होता ॥ ८२ ॥

अष्टषष्टिषु शैलेषु मध्ये ह्यत्युन्नतो गिरिः ।
मन्दराख्यं तु तं शैलं गत्वा तत्र समाहितः ॥ ८३ ॥
पूर्वभागे च शैलस्य स्थितो मधुरिपुर्हरिः ।
दर्शनात्तस्य देवस्य कुलानां तारयेच्छतम् ॥ ८४ ॥

यह अडसठ शैलोंमें ऊँचा है ! फिर मन्दराख्यशैलमें जाय, सावधान हो उसके पूर्वभागस्थित मधुरिपु हरिका दर्शन करनेसे सौ कुलोंका उद्धार होता है ॥ ८३ ॥ ८४ ॥

केदारमुदकं पीत्वा कामधेनुं स्पृशेद्यदि ।
पूजयेत्केशवं भक्त्या न भूयो जायते क्वचित् ॥८५॥

केदारोदकपान कामधेनुको स्पर्श, और भक्तिपूर्वक केशवकी पूजा करनेसे फिर कभी जन्म लेना नहीं पडता ॥ ८५॥

अनुत्तमोत्तमं क्षेत्रं शैलं मन्दरकं प्रिये ।
ककुदेश्वरं हरं दृष्ट्वा स याति परमां गतिम् ॥ ८६ ॥

हे प्यारी ! मन्दारक शैल अति उत्तम क्षेत्र है, वहां ककुदेश्वर हरका दर्शन करनेसे परम गति प्राप्त होती है ॥ ८६ ॥

ब्रह्मेश्वरश्च तत्रैव होममध्ये प्रतिष्ठितः ।
ब्रह्मेश्वरं नमस्कृत्य ब्रह्मज्ञानमवाप्नुयात् ॥ ८७ ॥

वही ब्रह्मेश्वर होममें प्रतिष्ठित है ब्रह्मेश्वरको नमस्कार करनेसे ब्रह्मज्ञान प्राप्त होताहै ॥ ८७ ॥

भावभूतेश्वरं दृष्ट्वा कृत्वा चैव प्रदक्षिणम् ।
मुच्यते पापसंघैश्च शिवलोके महीयते ॥ ८८ ॥

फिर भावभूतेश्वर देवका दर्शन और प्रदक्षिणा करनेपर सब पापोंसे छूटजाता है तथा शिवलोकको प्राप्त होताहै ॥ ८८ ॥

संपूजयेच्छिवं यस्तु मन्दरे क्षेत्रपर्वते ।
तस्य जन्मार्जितं पापं दर्शनाद्याति संक्षयम् ॥ ८९ ॥

जो मनुष्य मन्दर और क्षेत्रपर्वतमें शिवकी पूजा करता है, केवल दर्शनमात्रसे उसके जन्मार्जित पाप नष्ट होजाते हैं ॥

प्रयागे सङ्गमे स्नात्वा यत्फलं लभते नरः ।
तत्फलं लभते चाग्र्यं सहस्रगुणमेव हि ॥ ९० ॥
धर्मेश्वरस्य देवस्य कूपास्तिष्ठति चाग्रतः ।

तत्र स्नानेन देवेशि पिण्डनिर्वपणेन च ।
गोसहस्रफलं सम्यक् लभते च वरानने ॥ ९१ ॥

मनुष्यगण प्रयागके संगममें स्नान करके जो फल प्राप्त करते हैं, वह अग्रभागमें धर्मेश्वरका कूप प्रतिष्ठित है, उसमें स्नान और पिण्डदान करनेसे सहस्र गोदानका फल मिलता है ॥ ९० ॥ ९१ ॥

पारियात्रस्योत्तरतो धनुर्विंशान्तरे प्रिये ।
कपिलस्याश्रमे रम्ये संपश्येत्कपिलेश्वरम् ॥ ९२ ॥

हे वरानने ! पारियात्रके उत्तरमें बीस धनुषके अन्तरपर मनोहर कपिलाश्रममें कपिलेश्वरका दर्शन करके ॥ ९२ ॥

तं संपूज्य वरो भक्त्या विष्णुलोके महीयते ।
पारियात्रे स्थितं देवं सर्वाघभयनाशनम् ।
नास्ति किञ्चिद्भयं तस्य घोरे संसारसागरे ॥ ९३ ॥

भक्तिपूर्वक उनकी पूजा करनेसे विष्णुलोकमें पूजाको प्राप्त होताहै । पारियात्रस्थित सर्वपापनाशक देवका दर्शन करनेसे उस मनुष्यको घोरसंसारसागरसे भी कुछ भय नहीं रहता ॥ ९३ ॥

पिशाचमोचनं नाम तीर्थं तस्य च पूर्वतः ।
धनुरेकादशान्ते च तत्रास्ते कालभैरवः ॥ ९४ ॥

उसके पूर्वकी ओर ग्यारह धनुके अन्तरमें पिशाचमोचननामक तीर्थ है, वहां कालभैरव अवस्थित हैं ॥ ९४ ॥

कृष्णं गौरवृषाकारं पूर्वभागगतं प्रिये ।
पिशाचमोचने तीर्थे पूजयामास शूलिनम् ॥ ९५ ॥

इस पिशाचमोचननामक तीर्थके पूर्वभागस्थित वृषभाकृति कृष्ण गौर शूलि महादेवकी पूजा करै ॥ ९५ ॥

इत्थं देवस्य तल्लिङ्गं कपर्दीश्वरमुत्तमम् ।
पूजनीयं प्रयत्नेन स्तोतव्यं विविधैः स्तवैः ॥ ९६ ॥

इसी प्रकार उनका कपर्दीश्वरनामक उत्तम लिंग है यत्नपूर्वक विविधस्तवोंसे उसकी पूजा करै ॥ ९६ ॥

"व्याघ्रेश्वरस्य देवस्य दक्षिणे वरवर्णिनि ।
स्वयम्भूस्तत्र लिङ्गं वै देवानामपि दुर्लभम्" ॥
लिङ्गं पूर्वमुखं तत्तु श्रेष्ठस्थानमुदाहृतम् ।
कृत्तिवासेश्वरं प्राप्य संसारे विगतज्वरः ॥ ९७ ॥

हे वरवर्णिनि ! व्याघ्रेश्वरके दक्षिणस्थित देवताओंको भी दुर्लभ स्वयंभूलिंग पूर्वमुखमें प्रतिष्ठित हैं, इस स्थानको अत्यन्त श्रेष्ठ जानना चाहिये कृत्तिवासेश्वर देवका दर्शन करनेसे संसारज्वर दूर होताहै॥९७॥

संसारभयनिर्मुक्ताः सर्वपापविवर्जिताः ।
सुखेन मुक्तिमायान्ति यथार्हन्ते यतस्तथा ॥ ९८ ॥

संसारभय और सब पापोंसे छूटकर सुखसहित यथायोग्य मुक्ति प्राप्त करतेहैं ॥ ९८ ॥

व्याघ्रेश्वरस्य चैशान्ये धनुर्दशकमानतः ।
कृत्तिवासेश्वरं प्राप्तलिङ्गयोनिप्रतिष्ठितम् ।
कृत्तिवासेश्वरं देवं दृष्ट्वा चैव पुनःपुनः ॥ ९९॥
यदीच्छेत्तारकं ज्ञानं शाश्वतं चामृतं पदम् ।
एतत्सर्वैश्च कर्त्तव्यं यदीच्छेत्परमात्मनः ॥ १०० ॥

व्याघ्रेश्वरके ईशानकोणमें दश धनुःप्रमाण कृत्तिवासेश्वरकी लिंगयोनि प्रतिष्ठित है । मनुष्य यदि आत्माके तारनेवाले शाश्वत अमृतपद

स्वरूप ज्ञानकी कामना करै तो कृत्तिवासेश्वर देवका वारंवार दर्शन करै । यह सब कार्य सभीको करने चाहिये ॥ ९९ ॥ १०० ॥

मद्लाचलस्येशाने इषुक्षेपत्रयान्तरे ।
बाणेश्वरस्तु विख्यातः सप्तपातालभेदकः ॥ १०१ ॥

मद्लाचलके ईशानकोणमें तीन इक्षुक्षेपके अन्तरपर सप्तपाताल भेदक विख्यात बाणेश्वरलिंग प्रतिष्ठित है ॥ १०१ ॥

वत्सरं तत्तु लिङ्गानां सर्वेषामुत्तमोत्तमम् ।
तत्प्रणम्य नरो भक्त्या वत्सरान्मुच्यते परम् ॥१०२॥

यह वत्सरलिंग सबसे उत्तमोत्तम है, इसको भक्तिपूर्वक प्रणाम करनेसे मनुष्य एक वर्षमेंही मुक्त होता है ॥ १०२ ॥

तस्य देवस्य वायव्ये नानावर्णा तु या शिला ।
गरुडाख्यं महालिंगं पूजयेद्गरुडं नरः ॥ १०३ ॥

उन देवके वायुकोणमें नानावर्णकी जो शिला है, वही गरुडाख्य महालिंग है, मनुष्य गरुडदेवकी पूजा करै ॥ १०३ ॥

दर्शनात्तस्य देवस्य गोशतस्य फलं लभेत् ॥ १०४॥

उन देवका दर्शन करनेसे सौ गोदानका फल प्राप्त होता है ॥१०४॥

नमस्ते पक्षिराजेन्द्र वासुदेवहिते रत ।
अनुज्ञां देहि पक्षीश त्वमेतदर्शनं प्रति ॥ १०५॥

वासुदेव विष्णु भगवान्‌के हितकर्त्ता हे पक्षिराज ! मैं तुम्हें प्रणाम करताहूं तुम इसका दर्शन करनेके लिये मुझे आज्ञा दो ॥१०५॥

प्रणिपत्य पठेन्मन्त्रं पश्चिमस्यान्तरे महत् ।
विष्णोरायतनं प्राप्य नरः शिवजले शुभे ।
स्नात्वा मुण्डनं कृत्वा ध्यात्वा विष्णुं क्षपेन्निशाम् ॥ १०६

इस मंत्रको पढकर प्रणाम करै, फिर पश्चिमकी ओर विष्णुके मन्दिरमें जाय स्नान करनेपर मुण्डनपूर्वक विष्णुका ध्यान करके रात्रि बितावै ॥ १०६ ॥

ततः प्रभाते देवेशि मणिकूटस्य चोत्तरे ।
वल्लभाख्या नदी पुण्या सर्वपापप्रमोचनी ॥ १०७ ॥

हे देवि ! फिर प्रभातकालमें, मणिकूटके उत्तरकी ओर सब पापोंका नाश करनेवाली वल्लभा नदी बहती है ॥ १०७ ॥

तत्र स्नात्वा चतुर्दश्यां माघे वा फाल्गुनेथ वा ।
वल्लभायाश्च देवेशि महापातकनाशनम् ॥ १०८ ॥

उस पवित्र नदीमें माघ वा फाल्गुनके महीनेकी चतुर्दशीमें स्नान करनेसे महापातक नष्ट होते हैं ॥ १०८ ॥

वल्लभायां नरः स्नात्वा नीलकण्ठस्य दर्शनात् ।
न स्पृशन्तीह पापानि सप्तजन्मकृतान्यपि ॥ १०९ ॥

वल्लभामें स्नान करनेके पीछे नीलकंठका दर्शन करनेसे मनुष्योंके सात जन्मकृत पाप नष्ट होते हैं ॥ १०९ ॥

तस्मिंस्तीर्थे नरः स्नात्वा दृष्ट्वा सादरमाधवम् ।
यत्र तत्र स्थितो वापि संसारे न पुनर्विशेत् ॥ ११० ॥

उस तीर्थमें स्नान करनेके पीछे आदरपूर्वक माधवका दर्शन करनेपर वह जिस किसी स्थानमें क्यों न रहै, उसको फिर संसारमें प्रवेश करना नहीं पडता ॥ ११० ॥

संसारे सर्वतस्तस्य गङ्गा त्वायतनं भवेत् ॥ १११ ॥

संसारके सब स्थानही उसको गंगायतन (देवलोक वा गंगातट) स्वरूप होते हैं ॥ १११ ॥

वराहविवरं दृष्ट्वा नरव्रज्या महानदी ।
अशोककमलसञ्जाता कोलदण्डविनिस्सृता ॥ ११२ ॥

फिर वराहविवरका दर्शन करै । तदनन्तर महानदी नरव्रज अशोक कमलसंजाता यह कोलदण्डसे निकली है ॥ ११२ ॥

नन्दिनी पङ्कजा चैव नदी मधुमती परा ।
मणिकूटे च संयाता तस्य तत्राधिकं फलम् ॥ ११३ ॥

फिर नन्दिनी, पंकजा, और परमोत्तम मधुमती नदी है, यह नदी मणिकूटसे उत्पन्न है उसमें स्नान करनेसे अधिकतर फल लाभ होता है ॥ ११३ ॥

नमोऽस्तु ते पुण्यजले नमः सागरगामिनि ।
नमस्ते पापविमले नमो देवि शिवप्रदे ॥ ११४ ॥

तुम्हारा जल पवित्र है, तुम्हारी गति सागरपर्यन्त है, तुम पापोंका नाश कर निर्मल बनाके कल्याण देती हो इस कारण तुम्हें प्रणाम है ॥ ११४ ॥

अपुनर्भवजले स्नात्वा विशेद्गोकर्णमीश्वरम् ।
स्वर्गद्वारं च तत्रैव इमं मन्त्रमुदीरयेत् ॥ ११५ ॥
ब्रह्मा विष्णुस्तथा रुद्रः सर्वदेवैर्निरूपितः ।
स्वर्गद्वारं महापुण्यं समारोहेत्सुदुर्लभम् ॥ ११६ ॥

इस मंत्रसे अपुनर्भवजलमें स्नान करके ईश्वर गोकर्णमें प्रवेश करै । उसी स्थानमें स्वर्गका द्वार है, यह ब्रह्मा विष्णु और रुद्रादि सब देवताओंने निरूपण कियाहै । उस महापवित्र दुर्लभ स्वर्गद्वारमें आरोहण करना चाहिये ॥ ११५ ॥ ११६ ॥

दशलक्षणयुक्ताय चतुष्पादाय चारवे ।
अर्घ्यं ददामि धर्माय स्वर्गद्वारनिवासिने ॥ ११७ ॥

वहां यह मंत्र उच्चारण करै कि, जिनमें धर्मके दश लक्षण विद्यमान हैं जो चतुष्पाद और पवित्र विग्रहवान् हैं और जिनका निवास स्वर्गद्वारमें है ऐसे धर्मके निमित्त मैं अर्घ्यप्रदान करता हूं ॥ ११७ ॥

तत्र गत्वा युग्महस्तं नमस्कुर्यादतन्द्रितः ।
ह्रदे वाराणसीये च मार्कण्डेयसरे तथा ।
स्नात्वा कामेश्वरं दृष्ट्वा कल्पवृक्षं नमेत्ततः ॥११८॥
स्नात्वा पश्चाद्दुर्लभायां ततो हरिगृहं व्रजेत् ।
योऽर्चां तथैं च विधिवत्करोति नियतेन्द्रियः ।
कुलैकाविंशमुद्धृत्य विष्णुलोकं स गच्छति ॥ ११९॥

इस मंत्रसे अर्घ्य दे हाथ जोडकर नमस्कार करै फिर वाराणसीके ह्रद और मार्कण्डेय सरोवरमें स्नान करके कामेश्वरका दर्शन करै और कल्पवृक्षको प्रणाम करके फिर दुर्लभामें स्नानकर हरिगृहमें जाय । जो मनुष्य जितेन्द्रिय होकर इस तीर्थमें पूजा करताहै, वह इकीस कुलका उद्धार करके विष्णुलोकको प्राप्त होताहै ॥ ११८ ॥ ११९ ॥

मणिकूटस्य पूर्वे तु नातिदूरे महेश्वरि ।
विष्णुपुष्करकं नाम सर्वतीर्थोद्भवं जलम् ॥ १२० ॥

हे महेश्वरि ! मणिकूटके पूर्वमें थोडीही दूर विष्णुपुष्करनामक सर्वतीर्थोंके जलसे परिपूर्ण एक तीर्थ है ॥ १२० ॥

तत्र स्नात्वा वरारोहे विपुलां लभते श्रियम् ।
पुष्कराकारमास्थाय स्थितोऽसौ वसुधातले ॥१२१॥

हे वरारोहे ! वहां स्नान करनेसे विपुल श्री प्राप्त होतीहै और वह पुष्कर अर्थात् पद्मतुल्य रूप धारण करके पृथ्वीतलमें स्थित है १२१

मर्त्यलोकहितार्थाय पापं मे हर पुष्कर ।
स्नात्वा चानेन मन्त्रेण वारुणं तत्र संजपेत् ॥१२२॥

" मर्त्यलोकहितार्थाय पापं मे हर पुष्कर " इस मंत्रसे स्नानपूर्वक वारुणमंत्रका जप करै ॥ १२२ ॥

"दद्यादर्घ्यञ्च विधिवदारोहेदपि कूटकम् ।
मणिकूटाचले विष्णुर्हयग्रीवस्वरूपधृक्" ।
शतबाहुप्रमाणञ्च अचलाऽष्टसहस्रकम् ।
मन्त्रेणारोहयेद्देवि पीतपुष्पेण पूजयेत् ॥ १२३ ॥

फिर विधिवत् अर्घ्यप्रदानपूर्वक कूटारोहण करै विष्णु मणिकूटाचलमें हयग्रीवका रूप धारण करके अवस्थित हैं । वहां शतबाहुप्रमाण आठ सहस्र पर्वत हैं, मंत्रोच्चारणपूर्वक उनमें आरोहण करके पीले पुष्पोंसे पूजा करनी चाहिये ॥ १२३ ॥

ततः स विष्णुदेहं द्वारिकं तत्र प्रसादयेत् ॥ १२४ ॥

फिर वह मनुष्य विष्णुदेह द्वारिक (द्वारपालको) प्रसन्न करै ॥१२४॥

दण्डहस्त महाबाहो कालदैत्यनिषूदन ।
द्वारपाल नमस्तेऽस्तु प्रवेशं देहि मे सदा ॥ १२५ ॥

हे दण्डहस्त महाबाहो ! काल दैत्यनिषूदन द्वारपाल ! मैं तुमको नमस्कार करता हूं, तुम मुझको द्वारप्रदान करो ॥ १२५ ॥

पीतञ्च द्विभुजं शान्तं मणिकुण्डलमण्डितम् ।
चक्रबाणधरं शुक्लं समन्तात्परिवेष्टितम् ॥ १२६ ॥
सर्वलक्षणसम्पन्नं मणिशैलं त्रिलोचनम् ।
ध्यात्वा तत्पीठके मन्त्रमारोहच्छिखरं तदा ॥१२७॥

पीतवर्ण, द्विभुज, शान्तमूर्ति मणिकुण्डलमण्डित, चक्रबाणधारी, शुक्ल, चारों ओर परिवेष्टित, सर्वलक्षणसम्पन्न, मणिशैल; त्रिलोचनका ध्यान करके उनकी पीठमें मंत्रपाठ करके शिखरपर आरोहण करै ॥ १२६ ॥ १२७ ॥

मणिकूट गिरिश्रेष्ठ पीतवर्ण त्रिलोचन ।
त्वदद्यारोहणं कृत्वा द्रक्ष्यामि भवनं तथा ॥ १२८ ॥

हे गिरिश्रेष्ठ मणिकूट ! तुम्हारा पीतवर्ण और तीन नेत्र हैं अब हम तुम्हारे ऊपर आरोहण करके मन्दिरोंका दर्शन करते हैं ॥ १२८ ॥

तं पूर्वाभिमुखेनैव उत्तराभिमुखेन वा ।
आरोहेन्मणिशैलञ्च वर्जयेदन्यदिङ्मुखम् ॥ १२९ ॥

पूर्वकी ओर मुखकरके और उत्तरकी ओर मुखकरके मणिशैलमें आरोहण करै, अन्यदिशामें मुखकरके आरोहण न करै ॥ १२९ ॥

गत्वा विन्ध्याचलं पश्चात्कृत्वा तं त्रिःप्रदक्षिणम् ।
प्रविश्य संयतो भूत्वा धौतवासा जितेन्द्रियः ।
मूलेन स्नापयेद्देवं सौगन्धिकजलैः शुभैः ॥ १३० ॥
कर्पूरवासितैः स्निग्धैः सुगन्धिकुसुमादिभिः ॥
चन्दनागुरुपद्मानि यानि काम्यानि कानि चित् ।
कृत्यानि कुण्डमालिख्य तज्जले स्नानमाचरेत् ॥ १३१ ॥

अनन्तर विन्ध्याचलमें जाकर तीनबार प्रदक्षिणा करै । फिर धुलेवस्त्र पहर जितेन्द्रिय और एकाग्रचित्तहोकर मूलमंत्रद्वारा कपूर वासित सुगंधित जलसे देवताको स्नान कराकर चन्दन अगर पद्मादिद्वारा काम्य कार्य समापनपूर्वक कुण्ड लिखकर उस जलसे स्नान करावै ॥ १३० ॥ १३१ ॥

सितामलजलैश्चैव तोयैः कोष्णोदकेन च ।
उष्णेन वारिणा चैव क्रमात्पञ्चामृतेन च ॥ १३२ ॥

शुभ्रामलजल (मलहीनजल) कुछेक उष्ण जलसे, उष्णजल और पंचामृतसे ॥ १३२ ॥

त्रिसितेन त्रिगन्धेन त्रिजलेन मम प्रिये ।
प्रीत्यर्थं तस्य देवस्य स्नानं देवि समाचरेत् ॥ १३३ ॥

त्रिसित, त्रिगंध और त्रिजलसे स्नानकरावे । हे प्रिये ! इसके द्वारा देवता अत्यन्त प्रसन्न होता है ॥ १३३ ॥

त्रिसितं चन्दनं पद्मं उशीरं परिकीर्त्तितम् ।
नित्यं मलयजं मर्त्यं त्रिगन्धं सुमनोहरम् ॥ १३४ ॥

चन्दन, पद्म और खस इन तीनोंके मिलनेका नाम त्रिसित है, नित्यगंध, मलयजगंध और मर्त्यगंध इनका नाम त्रिगंध है ॥ १३४ ॥

तीर्थोदकं गाङ्गतोयं कर्पूरस्योदकं तथा ।
त्रिजलञ्च महेशानि स्नापयेदन्तरान्तरे ॥ १३५ ॥

तीर्थोदक, गंगाजल और कर्पूरोदक इनका मिलानाही त्रिजल है । इन तीनोंसे एकके अनन्तर दूसरेसे स्नान करावे ॥ १३५ ॥

स्नापयित्वा यथोक्तेन तथा स्नानं समाचरेत् ।
अर्द्धस्नानं ततः कुर्याद्विधिज्ञः परमेश्वरि ॥ १३६ ॥

इस प्रकार यथोक्तक्रमसे स्नान कराकर स्नानाचरण करै । हे परमेश्वरि ! इसके पीछे विधिका जाननेवाला मनुष्य अर्धस्नान करावै ॥ १३६ ॥

अष्टोत्तरसहस्रैस्तु सुवर्णघटितैर्घटैः ।
तण्डुलैः स्नापनं कुर्यात्कर्पूरादिविमिश्रितम् ॥ १३७ ॥

इसके उपरान्त सुवर्ण निर्मित घटसे एक सौ आठ तण्डुलयुक्त कर्पूरादिमिश्रित स्नान करावै ॥ १३७ ॥

अशक्तस्तु शतं कुर्याद्दशधा सुरसुन्दरि ।
ताम्रैर्वा राजतैर्वापि अथवा सति सम्भवे ।
मार्त्तिकैर्वा घटैः स्नानमशक्तस्तु समाचरेत् ॥ १३८ ॥

असमर्थ मनुष्य दशबार स्नान करावै । जो मनुष्य सुवर्णनिर्मित घटसे स्नान करानेमें असमर्थ है वह चांदी, तांबा वा संभव होनेपर भी मिट्टीके घटसे भी स्नान करासकता है ॥ १३८ ॥

स्नानात्पूर्वं महेशानि तीर्थं गत्वा महेश्वरि ।
तस्माच्च जलमाहृत्य कुम्भे कृत्वा विधानवित् ॥ १३९ ॥

हे महेशानि ! स्नानके पहिले तीर्थमें जाय उसका जल लाकर घटमें रक्खे ॥ १३९ ॥

गन्धं पुष्पं ततो दत्त्वा पुनर्मन्त्रं जपेत्ततः ।
अमृतीकरणं कुर्यान्मुद्रां तत्र च दर्शयेत् ॥ १४० ॥

फिर गंधपुष्पादिप्रदानपूर्वक यथाविधि मंत्र जपकर अमृतीकरण और मुद्राप्रदर्शन करै ॥ १४० ॥

षडङ्गं विन्यसेत्तत्र अवगुण्ठ्य ततोऽर्चयेत् ।
महोत्सवं ततः कृत्वा स्नानार्थं देवदक्षिणे ।
स्थापयेत्स्नानशेषे तु देवबुद्ध्या क्षिपेत्तनौ ॥ १४१ ॥

फिर षडङ्गविन्यास और अवगुंठन (आवेष्टन) प्रदानपूर्वक अर्चना करनेके पीछे महोत्सव करके स्नानार्थ देवको दक्षिणमें रक्खै इसके पीछेही स्नान करावे । स्नानशेष होनेपर देवताके शरीरमें जलनिक्षेप करना चाहिये ॥ १४१ ॥

उद्वर्त्तनं प्रतिदिनं कर्त्तव्यञ्च दिनान्तरे ।
दिनत्रयान्तरे वापि सर्वकाले विशेषतः ॥ १४२ ॥

प्रतिदिन दिनान्तरमें उद्वर्त्तन (चिकने द्रव्यादिका मलना) अर्थात् उबटन करना चाहिये । विशेषकर सदाही तीन दिनके अन्तरसे उद्वर्त्तन करै ॥ १४२ ॥

तिलोद्भवेन तैलेन सुगन्धेन मम प्रिये ।
पलेन च पलार्द्धेन तदर्द्धेनापि यत्नतः ।
केवलं रजनीभिश्च तण्डुलोद्वर्त्तनादिभिः ॥ १४३ ॥

संस्थाप्य देवदेवेशं बिल्वपत्रेण शाङ्करि ।
संघृष्टमात्रं पत्रैर्वा अपामार्गस्य मूलकैः ।
गुच्छकैर्नलपुष्पस्य कूर्चं कुर्यान्महेश्वरि ॥ १४४ ॥

हे प्यारी ! पल, पलार्द्धपरिमित सुगन्धित तिलके तेलसे अथवा चिकने तण्डुलादिद्वारा देवदेवको बेलपत्रमें स्थापन करके उद्वर्त्तन करै । चिरचिरेके पत्ते वा जडसे अथवा नलपुष्पकी कूर्चक (कूंची) द्वारा कूर्चन (कूंचा) करै ॥ १४३ ॥ १४४ ॥

कुशेन चामरेणाथ गोवालेन विशेषतः ।
उशीरं कूर्चकं दत्त्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ १४५ ॥

कुश, चामर, गोवाल (तन्तुविशेष) और विशेषकर खसकी कूर्चक प्रदान करके सब पापोंसे छूट जाता है ॥ १४५ ॥

दत्त्वा गोवालकं कूर्चं सर्वान्पापान् व्यपोहति ।
दत्त्वा च चामरं कूर्चं श्रियमाप्नोत्यनुत्तमाम् ॥ १४६ ॥

गोवालक (तन्तु विशेष) की कूर्चक (कूंची) दान करनेसे सब पाप नष्ट होते हैं । चामर कूर्चकप्रदान करनेसे अत्युत्तम श्री मिलती है ॥ १४६ ॥

न वराहस्य रोमेण न वंशेन कदा चन ।
गवयस्य तथाश्वस्य रोमन्तु परिवर्जयेत् ॥ १४७ ॥

वराहरोम, वंशगवय (गौकी समान मृगविशेष) रोम, तथा अश्व-रोम वर्जित है ॥ १४७ ॥

लिङ्गे वा प्रतिमायां वा शालग्रामे तथैव च ।
न कूर्चयेत्प्रतिदिनं पञ्चाहे सप्तमे तथा ॥ १४८ ॥

हे प्यारी ! लिंग वा प्रतिमा अथवा शालग्राममें प्रतिदिन कूर्च नहीं करना चाहिये । पांच वा सात दिनके पीछे ॥ १४८ ॥

मासान्ते वाथ पक्षान्ते कूर्चयेन्मम सुन्दरि ।
अयने विषुवे चैव भौमवारे दिनक्षये ॥ १४९ ॥

महीने वा पक्षके अन्तमें कूर्चन करै । अयनमें, विषुव (संक्रान्ति पुण्यकाल) में, मंगलवारमें दिनक्षयमें ॥ १४९ ॥

द्वादश्यां राहुग्रस्ते च तैलस्नानं न कारयेत् ॥ १५० ॥

द्वादशी और ग्रहणमें तैलस्नान न करावे ॥ १५० ॥

नैव तं कूर्चयेद्देवि न वराङ्गे मुखे ततः ।
नासिकान्ते तथा गुह्ये लिङ्गे च पुलकेषु च ॥ १५१ ॥

हे देवि ! वराङ्ग (मस्तक) मुख, नासिकान्त, गुह्य, लिंग वा पुलकमें कूर्चन न करै ॥ १५१ ॥

वस्त्रेण मार्जयेद्देवि कार्पासेनाथ चन्दनैः ।
रक्तवस्त्रे भवेत्कुष्ठी पांडुव्याधिमवाप्नुयात् ॥ १५२ ॥

हे देवि ! कार्पासवस्त्र वा चन्दनद्वारा मार्जन करै । लालवस्त्रसे मार्जन करनेपर कोढी और पाण्डुरोगसे ग्रसित होता है ॥ १५२ ॥

पट्टैश्चक्षुपमाप्नोति नीलरक्तैः क्षयं व्रजेत् ।
परिधाप्य ततो वस्त्रं स्वर्गसूत्रद्वयं तथा ॥ १५३ ॥
कटिवेष्टनकं दद्यान्नानारत्नादिभूषणम् ।
परिधानं विधायैवं स्नानं यः कुरुते नरः ॥ १५४ ॥
पूजाकाले भोजने च स्नाने चैव विशेषतः ।
सोपि नाशमवाप्नोति धननाशं तथैव च ॥ १५५ ॥

रेशमीन वस्त्रद्वारा मार्जन करनेसे चाक्षुष्य (निर्मलदृष्टि) लाभ होती है, और नीले वा लाल पटद्वारा मार्जन करनेसे क्षयको प्राप्त होता है फिर वस्त्र पहिरानेके पीछे स्वर्गसूत्रद्वय (बहुमूल्य दो वस्त्र) और कटि-

वेष्टन तथा रत्नादिभूषण प्रदान करै । इस प्रकार पहराकर वा पूजाकाल, भोजन और विशेषकर स्नानके समय जो मनुष्य स्नान करता है वह नाशको प्राप्त और उसका धन नष्ट होता है ॥ १५३ ॥१५४॥१५५॥

मलयोक्षेन गन्धेन गोपीचन्दनकेन वा ।
बिल्वकाष्ठोद्भवेनाथ तुलसीकाष्ठकेन वा ॥ १५६ ॥
पद्मकेन तमालेन तथा रोचनयाथ वा ।
विधाय तिलकं देवि श्रेष्ठमेव क्रमेण च ॥ १५७ ॥

फिर मलयजगंध, अथवा गोपीचन्दन, बिल्वकाष्ठोद्भव चंदन, वा तुलसीकाष्ठोद्भव चंदन, या पद्मक, तमाल, वा (गोरोचन) द्वारा तिलक करावे इनमें पूर्वपूर्वको श्रेष्ठ जानना चाहिये ॥ १५६ ॥ १५७ ॥

चतुःसमश्चातिसमं द्विसमश्च सुरेश्वरि ।
अत्रालिप्य ततोदेहं अयनेन विसर्जयेत् ॥ १५८ ॥

हे सुरेश्वरी ! चतुःसम (बराबर चार वार) वा (बराबर दो वार) देवताकी देहको लेपन करै । अयनकालमें यह आलेपित वर्जित जानना चाहिये ॥ १५८ ॥

शीते रात्रौ पुनः स्नानेनानुलिप्य सुगन्धिभिः ।
ललाटे तु विशेषेण वराङ्गे न कदाचन ॥ १५९ ॥

शीतकालकी रात्रिमें पुनः स्नानके समय सुगंधि अनुलेपन अनुचित है, विशेषरूपसे ललाटदेश वा उत्तमाङ्गमें कभी अनुलेपन उचित नहीं है ॥ १५९ ॥

चतुः समश्च त्रिसमं द्विसमश्च सुरेश्वरि ।
पादे पृष्ठे तथा नेत्रे न दद्यादनुलेपनम् ॥ १६० ॥

हे सुरेश्वरी ! चतुःसम (चारवार बराबर) वा त्रिसम (तीन वार बराबर) वा द्विसम (दो वार बराबर) रूपसे चरण पृष्ठ और नेत्रमें लगावै ॥ १६० ॥

चक्षुर्लग्ने हतालक्ष्मीः मुखलग्ने हतश्रिकः ।
दरिद्रः करलग्ने च पदलग्ने धनक्षयः ॥ १६१ ॥

नेत्रोंमें लगानेसे लक्ष्मीनाश, मुखमें लगानेसे श्री (श्रेष्ठता) नाश कर (हस्त) में लगानेसे दरिद्र और पैरमें लगानेसे धनक्षय होताहै ॥ १६१

लिंगस्य पुलकान्ते तु न दद्याच्चन्दनं प्रिये ।
पद्मपत्रे बिल्वपत्रे करवीरदले तथा ।
तत्र दद्याच्चन्दनञ्च लिंगे च सति सम्भवे ॥ १६२ ॥
नेत्राणि नाञ्जयेद्देवि कज्जलैश्च विशेषतः ।
मालतीपत्रसम्भूतं तिलतैलेन चायसे ।
तापयेत्पातयेद्देवि कज्जलं तत्प्रकीर्तितम् ॥ १६३ ॥

हे प्रिये ! लिंगके कुलकान्तमें चन्दन प्रदान करना उचित नहीं है हे देवि ! लिंग और तत्पुलकमें संभव होनेपर पद्मपत्र, बिल्वपत्र वा कनैरके दलमें चन्दन दान करै । हे देवि ! नेत्रांजन विशेषकर कज्जलद्वारा नहीं करना चाहिये । मालतीके पत्तोंका बना वा लोहनिर्मित पात्रमें तिल तैलद्वारा तापित करके निक्षेप करनेसे वही कज्जल कहा गया है ॥ १६३ ॥

नीराजनेन यः पूजां करोति वरवर्णिनि ।
अमृतं प्राप्नुयात्सोऽपि इह लोके परत्र च ॥ १६४ ॥

हे वरवर्णिनि ! नीरांजनद्वारा जो पूजा करता है, वह इस लोक और परलोकमें अमृत (मुक्ति) प्राप्त करता है ॥ १६४ ॥

अथ शुद्धजलं यस्तु यो न कुर्यात्सुरार्चिते ।
सोऽपि मूढो भवेद्रोगी क्षिप्रं वा नाशमाप्नुयात् ॥ १६५ ॥

हे सुरार्चिते देवि ! जो मनुष्य देवपूजामें जल शुद्धि नहीं करता. वह रोगी होकर शीघ्रही विनाशको प्राप्त होता है ॥ १६५ ॥

लिङ्गे वा प्रतिमायां वा पूर्वमेव मम प्रिये ।
नरैः संमार्जयेद्यन्त्रं कृत्वा चैव प्रदक्षिणम् ॥ १६६ ॥

हे प्यारे ! लिंग वा प्रतिमाके प्रथमही जलद्वारा यंत्र मार्जन करके प्रदक्षिणा करनी चाहिये ॥ १६६ ॥

संस्पृशेत्प्रतिमां भद्रे माञ्च लिंगस्वरूपिणम् ॥ १६७ ॥

हे कल्याणी ! प्रतिमा और लिंगरूपी मुझको स्पर्श करै ॥ १६७ ॥

नमो नारायणायेति ये वदन्ति मनीषिणः ।
किं कार्यं बहुमंत्रैर्वा मन्त्रैर्विभ्रमकारकैः ॥ १६८ ॥

जो बुद्धिमान् मनुष्य "नमो नारायणाय" यह मंत्र उच्चारण करता है उसको विभ्रमकारक बहुत मंत्रोंसे क्या प्रयोजन है ॥ १६८ ॥

नमो नारायणायेति मन्त्रः सर्वार्थसाधकः ।
यजंस्तेनैव मन्त्रेण सूक्तेन पुरुषेण वा ॥ १६९ ॥

"नमो नारायणाय" यह मंत्र सत् और सर्वार्थ साधक है । इस मंत्र वा पुरुष सूक्तमंत्रसे यजन करै ॥ १६९ ॥

द्वादशाक्षरबीजेन कृष्णबीजेन पूजयेत् ।
व्यस्तेन च समस्तेन अनुलोमविलोमकैः ॥
प्रयुक्तैर्बहुभिर्मन्त्रैर्विष्णुमन्त्रेण चैव हि ।
तत्रार्कचन्द्रवह्नीनां मण्डलानि विचिन्तयेत् ॥ १७० ॥
ततो विचिन्त्य हृदयमोङ्कारं ज्योतिरूपिणम् ।
कर्णिकायां समासीनं ज्योतिरूपस्वरूपिणम् ।
अष्टाक्षरं ततो मन्त्रं प्रवदन्ति यथाक्रमम् ॥ १७१ ॥

द्वादशाक्षर बीज और कृष्णबीज मंत्रसे पूजा करै । व्यस्त समस्त अनुलोम और विलोमद्वारा विहित बहुत मंत्र और वैष्णवमंत्रसे पूजा

करनी चाहिये । उस मणिकूटमें चन्द्र सूर्य और अग्निमण्डलकी चिन्ता करके हृदय मंत्र और ज्योतिरूपी ओंकार मंत्र तथा कार्णिकामें समासीन ज्योतिरूपस्वरूप अष्टाक्षरमंत्र यथाक्रमसे उच्चारण करै१७०१७१

केशवादि पुरः कृत्वा द्वादशाक्षरकं न्यसेत् ।
चतर्भुजं महासत्त्वं सूर्यकोटिसमप्रभम् ॥ १७२ ॥
चिन्तयित्वा ततो योगं ज्योतीरूपं सनातनम् ।
तत आवाहयेन्मन्त्रैः क्रमशोधितमानसः ॥ १७३ ॥

फिर केशवादिका पुरस्कार (संस्करण) करके द्वादशाक्षर मंत्र न्यास करै तदनन्तर क्रमानुसार शुद्धमन होकर चतुर्भुज महासत्त्व करोडसूर्यके समान प्रभाशील योग ज्योतिरूप सनातनकी चिन्ता करके आवाहन-मंत्र उच्चारण करै ॥ १७२ ॥ १७३ ॥

मीनरूपो वराहश्च नारसिंहोथ वा पुनः ।
आयातु देवो वरदो मम नारायणोऽग्रतः ॥ १७४ ॥
सुमेरोः पादपीठे च पद्मकल्पितमासनम् ।
सर्वसत्त्वहितार्थाय तिष्ठ त्वं मधुसूदन ॥ १७५ ॥

मीन, वराह और नरसिंह, यह देवता नारायणरूप आगमन करै और समस्त जीवों (प्राणियों) के हितके निमित्त पधारकर हे मधुसूदन ! सुमेरुपर्वतके ऊपर पद्मासनमें आप विराजित होकर अभीष्ट-सिद्धिकारिये यही आवाहनका मंत्र है ॥ १७४ ॥ १७५ ॥

त्रैलोक्यपतीनां पतये देवदेवाय ।
अर्घ्योऽयं हृषीकेशाय विष्णवे नमः ॥ १७६ ॥

इत्यर्घ्यम् ।

त्रिलोकीके स्वामियोंके भी स्वामी देवादिदेव ऐसे हे हृषीकेश ! हे विष्णो ! हम आपको प्रणाम करते हैं आप इस अर्घ्यको ग्रहण करें । इस मंत्रसे अर्घ्य देना चाहिये ॥ १७६ ॥

स्वपाद्यं पादयोर्देव पद्मनाभ सनातन ।
विष्णो कमलपत्राक्ष गृहाण मधुसूदन ॥ १७७ ॥

इति पाद्यम् ।

हे विष्णु ! अपने चरणकमलोंसे उत्पन्न हुए पाद्यको, हे कमलनेत्र ! हे पद्मनाभ ! हे अविनाशिन् ! आप ग्रहण करें । इस मंत्रसे पाद्य देना चाहिये ॥ १७७ ॥

मधुपर्कं महादेव ब्रह्माद्यैः कल्पितं तव ।
मया निवेदितं भक्त्या गृहाण पुरुषोत्तम ॥ १७८ ॥

इति मधुपर्कम् ।

हे पुरुषोत्तम भगवन् ! ब्रह्मादि देवताओंके द्वारा यह मधुपर्क आपके निमित्त कल्पना किया गया है । सो हे महादेव ! आप इसे ग्रहण करें । इस मंत्रसे मधुपर्क देवै ॥ १७८ ॥

मन्दाकिन्यास्तु ते वारि शुभं पीत्वा हराशुभम् ।
गृहाणाचमनीयं त्वं मया भक्त्या निवेदितम् ॥१७९॥

इत्याचमनीयम् ।

पापोंका हरनेवाला मन्दाकिनीका निर्मल जल भक्तिभावपूर्वक आपके आचमनके लिये हम निवेदन करते हैं आप ग्रहण करै, इस मंत्रसे आचमनप्रदान करै ॥ १७९ ॥

त्वमापः पृथिवी चैव ज्योतिस्त्वं वह्निरेव च ।
लोकसम्वित्तिमात्रेण वारिणा स्नापयाम्यहम् ॥१८०॥

इति स्नानम् ।

आप जल, पृथिवी, ज्योतिः (प्रकाश) और अग्निस्वरूप हैं, केवल सदाचार करनेहीकेलिये हम शुद्धजलसे आपको स्नान कराते हैं, इस मन्त्रसे स्नान करावै ॥ १८० ॥

बहुचित्रसमायुक्ते यज्ञसूत्रविभूषिते ।
स्वर्णसूत्रप्रभेदेन वाससी तव केशव ॥ १८१ ॥

बहुमूल्य एवम् यज्ञसूत्रसे समलंकृत सुवर्ण अर्थात् कलावतके कामसे युक्त ऐसे दो वस्त्र हे केशव ! मैं आपके निमित्त प्रदान करता हूं इस मन्त्रको पढकर दो वस्त्र देने चाहिये ॥ १८१ ॥

शरीरं ते लेपयामि चेष्टास्वैव च केशव ।
मया निवेदितान् गन्धान्प्रतिगृह्यानुमन्यताम् ॥ १८२॥

इति विलेदनम् ।

हे केशव ! मैं उत्तमोत्तम सुगन्धित द्रव्योंसे तुम्हारे शरीरका लेपन करता हूं, अतएव मेरे दियेहुए इन सुगन्धित द्रव्योंको ग्रहण करके तुम अपने शरीरमें लेप करो । इससे उबटन दान करै ॥ १८२ ॥

ऋग्वेदादिगमन्त्रेभ्यः शोधितं पद्मयोनिना ।
सावित्रीग्रन्थिसंयुक्तमुपवीतमनक्षतम् ।
सूर्यश्चन्द्रश्च विद्युच्च त्वमेवाग्निस्तथैव च ।
त्वमेव ज्योतिषां ज्योतिर्दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम् १८३॥

ऋग्वेदोक्त मन्त्रोंसे ब्रह्माजीके द्वारा शुद्ध कियेहुए, खण्डरहित सावित्रीकी ग्रन्थिसे युक्त इस दीपकको तुम ग्रहण करो हे देव ! तुम्हीं सूर्य चन्द्रमा पृथ्वी विद्युत् (बिजली) तथा अग्निस्वरूप हो अथ च तुम्हीं सब तागओंके अधिपति हो । इस मन्त्रको पढकर दीपदान करना कर्त्तव्य है ॥ १८३ ॥

अन्नं पञ्चविधश्चैव रसैः षड्भिः समन्वितम् ।
मया निवेदितं भक्त्या नैवेद्यं तव केशव ॥ १८४ ॥

इति नैवेद्यम् ।

हे केशव ! छः प्रकारके रसोंके स्वादसे युक्त पांच प्रकारके अन्नसे निर्माण किये हुए नैवेद्यको मैं भक्तिपूर्वक निवेदन करता हूं इसे आप ग्रहण करें । इससे नैवेद्य प्रदान करै ॥ १८४ ॥

पूर्वे चैव वसेद्देवो याम्ये सङ्कर्षणो वसेत् ।
प्रद्युम्नः पश्चिमे चैव तथैशान्ये त्रिविक्रमः ॥ १८५ ॥

पूर्वमें देव, दक्षिणमें संकर्षण, पश्चिममें प्रद्युम्न तथा ईशानकोणमें त्रिविक्रम वास करते हैं ॥ १८५ ॥

तथा च वासुदेवस्य गरुडं पुरतो न्यसेत् ।
तथा महागदाञ्चैव न्यसेद्देवस्य दक्षिणे ॥ १८६ ॥
ततस्तु वेदधनुषी न्यसेद्देवस्य वामतः ।
दक्षिणे वसुधा देवो वाङ्मयं तत्र विन्यसेत् ॥१८७॥

और गरुड वासुदेवके आगे वास करते हैं । तदनन्तर महागदा दक्षिणमें, वाममें वेद और धनुः वासुधादेवी और धर्मकी इस प्रकार चिन्ता करके न्यास करै ॥ १८६ ॥ १८७ ॥

श्रीस्तु दक्षिणतः स्थाप्या पुष्टिं स्वोत्तरतो न्यसेत् ।
वनमालाञ्च पुरतः श्रीवत्सं कौस्तुभं ततः ।
विन्यसेद्धृदयादीनि विन्यसेच्च चतुर्दिशम् ॥ १८८ ॥

लक्ष्मीको दक्षिण दिशामें रखकर पुष्टिको अन्य दिशामें न्यास करके प्रथम वनमाला फिर श्रीवत्स कौस्तुभ और हृदयमें चारों ओर विन्यास करै ॥ १८८ ॥

ततोऽपि देवदेवस्य कोणेनैव तु विन्यसेत् ।
ईशानं पूजयेत्पीठे तच्छक्तीरपि बाह्यतः ॥ १८९ ॥

तदनन्तर देवदेवको कोणमें विन्यास करके पीठेशान और उनकी सब शक्तियोंकी बाहिरी भागमें पूजा करके ॥ १८९ ॥

ग्रहांश्च दिक्पतींश्चैव दद्यात्पुष्पबलित्रयम् ।
एवं संपूज्य देवेशं मण्डपस्थं जनार्दनम् ॥ १९० ॥

ग्रह और दिक्पालोंको तीन पुष्पबलिप्रदान करै । इस प्रकार मण्डपस्थ जनार्दन देवकी पूजा करनेपर मनुष्यगण अभिलषित कामनाको प्राप्त होते हैं, इसमें सन्देह नहीं ॥ १९० ॥

अनेनैव विधानेन मण्डपस्थं हयाननम् ।
पश्येत्तु पूजितं यस्तु न विघ्नं विष्णुमव्ययम् ॥ १९१ ॥

जो मनुष्य इस प्रकारके विधानसे मण्डलस्थ अव्यय विष्णु हयग्रीव देवकी पूजा और उनका दर्शन करताहै, उसको कोई विघ्न नहीं होता ॥ १९१ ॥

सकृदप्यर्चितो येन विधिनानेन केशवः ।
जन्ममृत्युजराभीतः स विष्णोः पदमाप्नुयात् ॥ १९२ ॥

इस विधानद्वारा केशवदेवकी केवल एकहीबार पूजा करनेसे वह मनुष्य जन्म जरा (बुढापा) और मृत्युको भयसे हीन होकर विष्णुके पदको प्राप्त होता है ॥ १९२ ॥

यः स्मरेत्सततं भक्त्या हयग्रीवमतन्द्रितः ।
द्वे सन्ध्ये अन्वहं तस्य श्वेतद्वीपः प्रकल्पितः ॥ १९३ ॥

जो मनुष्य भक्तिमान् और सावधान होकर सदा हयग्रीव देवको स्मरण करता है मैं उसके लिये दो संध्याको चिन्ता करके श्वेतद्वीप निर्माणकर रखता हूं ॥ १९३ ॥

ॐकारादिसमायुक्तो नमस्कारप्रदीपितः ।
सारश्च सर्वतत्त्वानां मन्त्र इत्यभिधीयते ॥ १९४ ॥

जो ओंकारादिसंयुक्त, नमस्कारादियुक्त, सब तत्त्वोंका सार है उसीको मंत्र कहाजाता है ॥ १९४ ॥

अनेनैव विधानेन मण्डपस्थं हयाननम् ।
पूजयित्वा तु देवेशि गन्धं पुष्पं निवेदयेत् ॥ १९५॥

हे देवेशि ! इस विधानसेही गंध पुष्प प्रदानपूर्वक यथोक्तक्रमसे मण्डपस्थ हयानन देवकी पूजा करै ॥ १९५ ॥

एवमस्य प्रकुर्वीत यथोद्दिष्टक्रमेण तु ।
मुद्रां तत्र निबध्नीयाद्यथोक्तक्रमयोगतः ॥ १९६ ॥
जपश्चैव प्रकुर्वीत मूलमन्त्रेण मन्त्रवित् ।
अष्टाविंशतिरष्टौ वाथाष्टोत्तरशतं तथा ॥ १९७ ॥

तदनन्तर कहे हुए क्रमसे मुद्राबंधन और मूल मंत्रसे जप करना चाहिये आठ, अट्ठाईस वा एकसौ आठवार ॥ १९६ ॥१९७॥

काम्ये चैवाधिकं कुर्याल्लक्षकोट्यधिकं प्रिये ।
श्रीवत्सं पद्मशङ्खं च गदा गरुडमेव च ॥ १९८ ॥
चक्रं चन्द्रं च शार्ङ्गं च ह्यष्टौ मुद्राः प्रकीर्तिताः ।
अर्चनीयं न जानन्ति हरेर्मन्त्रान् यथोदितान्॥१९९॥
हिरण्यगर्भमन्त्रेण पूजयेत्परमेश्वरम् ।
वक्ष्यमाणेन मन्त्रेण परमेशं समर्चयेत् ॥ २०० ॥

और काम्यकर्ममें लक्ष जप, करोड जप करना चाहिये । हे प्यारी ! पद्म, चक्र, श्रीवत्स, गदा, गरुड, चंद्र, शंख और शारंग यह आठ प्रकारकी मुद्रा जाननी चाहिये । यदि कोई अर्चनाका मंत्र नहीं जानता हो तो वह 'हिरण्यगर्भ' इस मंत्रसे परमेश्वरकी पूजा करै वक्ष्यमाण मंत्रसे परमेश्वरकी अर्चना करनी चाहिये ॥ १९८ ॥ १९९ ॥ २०० ॥

नमोऽस्त्वनन्ताय विशुद्धचेतसे नभःस्वरूपाय सहस्रबाहवे।
सहस्ररश्मिप्रवणाय वेधसे हयास्यरूपाय नमो नमस्ते २०१

जिनकी अनन्त मूर्ति हैं, जिनका चित्त अतिशय निर्मल है जिनकी भुजा सहस्र हैं स्वयं विधाता और सहस्रों किरणोंके धारण करनेवाले हैं सुन्दर मूर्ति ऐसे हयग्रीवको मैं प्रणाम करताहूं ॥ २०१ ॥

विशालदेहाय विशुद्धकर्मणे
समस्तविश्वार्त्तिहराय शम्भवे ।
नमोऽस्तु सूर्यानलतीक्ष्णतेजसे
हयास्यरूपाय नमो नमस्ते ॥ २०२ ॥

हे विशालदेह ! हे विशुद्धकर्मन् ! हे समस्त विश्वका दुःख हरनेवाले ! हे शंभो ! हे सूर्याग्निके समान तीक्ष्ण तेजवाले ! हे हयास्य रूप ! मैं तुमको वारम्वार नमस्कार करताहूं ॥ २०२ ॥

अनादिदेवाचलशेखर प्रभो नमो विभो भूतपते महेश्वर ।
मरुत्पते सर्वपते जगत्पते नमो नमस्तेभगवन्महेश्वर२०३

हे अनादि देव ! हे अचलशेखर ! हे प्रभो ! भूतपते ! हे विभो ! हे महेश्वर ! हे मरुत्पते ! हे सर्वपते ! हे जगत्पते ! हे भगवन् ! हे महेश्वर ! मैं तुमको निरन्तर नमस्कार करता हूं ॥ २०३ ॥

जलेश नारायण विश्वशङ्कर
क्षितीश विश्वेश्वर विश्वलोचन ।
शशाङ्कसूर्यायतविश्वमूर्तये
हयास्यरूपाय नमो नमस्ते ॥ २०४ ॥

हे जलेश ! नारायण । हे विश्वके कल्याणकर्ता ! हे क्षितीश ! हे बिश्वेश्वर ! हे विश्वलोचन ! हे शशांक सूर्य समायतमूर्ते ! हे हयास्यरूप ! मैं तुमको वारम्वार प्रणाम करता हूं ॥ २०४ ॥

श्वेताय भक्ताभयकारणाय विद्याक्षिणे चैव चतुर्भुजाय ।
लोहित्यवक्त्रे विबुधेश्वराय तुरङ्गकण्ठाय नमो नमस्ते२०५

हे श्वेतरूप ! हे भक्तोंको अभय दान देनेवाले ! हे लोहित्यकारी ! हे समस्त देवताओंके अधीश्वर ! हे हयग्रीव ! मैं तुमको वारम्वार प्रणाम करता हूं ॥ २०५ ॥

शक्राय चैव मणिपर्वतमन्दिराय
पीताक्षपक्षिसहिताय च मुक्तिदाय ।
भक्तोस्मि ते पुस्तकधारिणेऽहं
पितॄन्त्समभ्युद्धर देवदेव ॥ २०६ ॥

शक्रके निमित्त मणिपर्वतमें मन्दिर करनेवालेके निमित्त पीताक्ष पक्षिसे सहितके निमित्त मुक्तिदाताके निमित्त पुस्तकधारिके निमित्त नमस्कार है. हे पितरोंके उद्धार करनेवाले ! देवदेव मैं आपका एकान्त भक्तहूं मेरे पितरोंका उद्धार करो (मैं तुमको प्रणाम करताहूं) ॥२०६॥

शुद्धाय मुक्तादिविभूषिताय प्रलम्बबाह्वे कमलासनाय ।
ततो घनाशाय पुरांतकाय हयास्यरूपाय नमोनमस्ते२०७

हे शुद्ध ! हे मुक्त ! हे मणिरंजित ! हे प्रलम्बबाहो ! हे कमलासन ! हे पापोंका नाश करनेवाले ! हे पुरघातक ! हे हयास्यरूप ! मैं तुमको वारम्वार प्रणाम करता हूं ॥ २०७ ॥

जयति वरदपाशः पुस्तकव्यस्तहस्तो
विधृतसितसरोजो मोक्षदोनन्तमूर्त्तिः ।
शशधरशुभमूर्तिर्भुक्तिमुक्तिप्रदायी
प्रणतसुरनरेभ्यो वाजिवक्त्रो मुरारिः ॥ २०८ ॥

जिनके समस्त हाथ पाश पुस्तक ग्रहण वरदेने सितसरोजधारण और मोक्ष देनेमें व्यग्र रहते हैं । जिनकी मंगलमय मूर्ति चन्द्रमाके सदृश है । जो भोग मोक्ष देते हैं । जिनको सुरनरादिक सभी प्रणाम करते हैं उन वाजिवक्त्र मुरारिकी जय हो ॥ २०८ ॥

इडासुर हयग्रीव मुरारे मधुसूदन ।
मणिकूटकृतावास हयग्रीव नमोऽस्तु ते ॥ २०९ ॥

हे इडासुर ! हे हयग्रीव ! हे मुरारे ! हे मधुसूदन ! हे मणिकूटमें वास करनेवाले ! हे हयग्रीव ! मैं तुमको नमस्कार करता हूं ॥ २०९ ॥

जन्मकोटिकृतं पापं कल्पकोटिकृतं तथा ।
हयास्यदर्शनादेव नेयाद्भास्करजाद्भयम् ॥ २१० ॥

सैकडों करोड कल्प और करोड जन्ममें किये समस्त पापोंसेही मैं हयग्रीवका दर्शन करके छूट गया अब मैं सूर्यपुत्र शनैश्चरका भय नहीं करता ॥ २१० ॥

स्तुतेः पाठं सप्तवारं पठित्वा तत्र भक्तितः ।
प्रदक्षिणात्रयं कुर्य्यात्पद्माकारं नमेत्ततः ॥ २११ ॥

हे देवि ! यह स्तोत्र सातवार पढनेके पीछे तीन वार प्रदक्षिणा करके पद्माकारको प्रणाम करै ॥ २११ ॥

दक्षिणादुत्तरं गत्वा देवस्य च महेश्वरि ।
हस्तांजलिं ततो बद्धा भ्रामयित्वा नमेत्ततः ॥२१२॥

हे महेश्वरि ! दक्षिणसे उत्तरमें जाकर हाथ जोड भ्रमणपूर्वक नमस्कार करना चाहिये ॥ २१२ ॥

प्रत्येकं प्रणमेद्देवि दण्डवत्प्राणिपातयेत् ।
न यो नमेद्भ्रमित्वा च ह्यपराधो भवेत्तदा ॥ २१३ ॥

हे देवि ! प्रत्येकप्रणाममें दण्डवत् प्रणिपात करै । जो मनुष्य भ्रमण करता हुआ प्रणाम नहीं करता है, उससे अपराध होता है ॥२१३ ॥

अबद्धाञ्जलिना यस्तु नमस्कारं करोति सः ।
मोहान्धकारनरके पच्यते नात्र संशयः ॥ २१४ ॥

जो मनुष्य विना हाथजोडे प्रणाम करता है, वह घोरतर मोहान्ध-नरकमें गिरकर दुःख भोगता है इसमें सन्देह नहीं ॥ २१४ ॥

पत्रान्तरे च प्रणमेन्मूर्ध्ना न च क्षितिं स्पृशेत् ।
शपन्ति देवतास्तस्य विफलं परिकीर्तितम् ॥ २१५ ॥

जो मनुष्य मस्तकसे पृथ्वीका विना स्पर्श किये पत्रान्तरमें (किसी आवरणके ऊपर) प्रणाम करता है, देवता उसको शाप देते हैं और उसका सब कुछ निष्फल होता है ॥ २१५ ॥

प्रणामो देवदेवस्य यावत्यो मूर्त्तिकाः प्रिये ।
शरीरे वा महेशानि तस्य पुण्यफलं शृणु ॥ २१६ ॥

हे प्यारी महेशानि ! वहां देवदेवकी जितनी मूर्ति हैं, उनको प्रणाम करनस जो पुण्यफल होता है, सो सुनो ॥ २१६ ॥

यावन्तो रेणवस्तस्य यावत्तिष्ठंति तत्र वै ।
तावद्वर्षसहस्राणि ब्रह्मलोके महीयते ॥ २१७ ॥

उसका परिमाण यह है कि, रेणु जितने काल अवस्थित होते हैं, उतनेही सहस्रवर्षतक वह ब्रह्मलोकमें जाकर ऐश्वर्य भोगता है ॥ २१७ ॥

श्रीदेव्युवाच ।

ब्रूहि मे देवदेवेश मम कान्त जगत्पते ।
मणिकूटे त्वयं विष्णुः स्थापितः केन वै पुरा ॥ २१८ ॥

श्रीदेवी बोली–हे देवदेवेश ! हे मेरे कान्त ! हे जगत्पते ! पूर्व कालमें किस मनुष्यने मणिकूटमें इस विष्णुको स्थापित किया था ? यह मुझसे कहिये ॥ २१८ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

शृणु देवि महाभागे आगमं वेदसन्निभम् ।
कथयामि पुरावृत्तं प्रतिमायाश्च सम्भवम् ॥ २१९ ॥

श्रीभगवान् बोले-हे महाभागे देवि! वेदसन्निभ आगमस्वरूप प्रतिसम्भवशास्त्रद्वारा प्रतिष्ठापित अर्थात् शास्त्रोंका सिद्धान्त प्राचीन वृत्तान्त कहताहूं सुनो ॥ २१९ ॥

प्रवृत्ते च महायज्ञे प्रासादे देवनिर्मिते ।
चिन्तयात्तौ महीपालः प्रतिमार्थमहर्न्निशम् ॥ २२० ॥

देवनिर्मित प्रासादमें यज्ञके आरम्भ होनेपर महीपाल प्रतिमाके लिये दिन रात चिन्ता करने लगे ॥ २२० ॥

केनोपायेन देवेशं सर्वेशं लोकपावनम् ।
सर्गस्थित्यन्तकर्तारं पश्यामि पुरुषोत्तमम् ॥ २२१ ॥

महाराज इन्द्रद्युम्नने मनमें विचारा कि, मैं किस उपायसे उन देवेश्वर सर्वेश्वर लोकपावन सृष्टि स्थिति संहारकारी पुरुषोत्तमका दर्शन पाऊंगा? ॥ २२१ ॥

चिन्तादुःखमयो राजा न शेते स्म दिवानिशम् ।
नभुङ्क्ते विविधान्भोगान्न च स्नानं प्रसाधनम् ॥ २२२ ॥

इस प्रकार चिन्ताकुल राजाने दिनरात शयन विविधभोगोंका भोगना भोजन स्नान और मण्डन प्रसाधनादि (अलंकारकी क्रिया) छोडकर चिन्ता करी ॥ २२२ ॥

शैलशृङ्गस्तरुर्वापि प्रशस्तो वा महीतले ।
विष्णोः प्रतिमयोग्याय सर्वलक्षणलक्षितः ॥ २२३ ॥

कि, पर्वतका शृङ्ग हो वा वृक्षही हो विष्णुकी प्रतिमाके निमित्त पृथ्वी तलमें जो सर्वलक्षणसम्पन्न और प्रशस्त होगा ॥ २२३ ॥

एतैरेव प्रमाणन्तु दयितं यत्सुरार्चनम् ।
तत्केन वा करिष्यामि चाज्ञापयतु मे प्रभो ॥ २२४ ॥

वही देवपूजामें प्रिय और प्रमाणसिद्ध होगा. वह मैं किस प्रकार सम्पादन करूंगा प्रभु मुझको आज्ञा दीजिये ॥ २२४ ॥

कुशानास्तीर्य सुप्त्वा च इन्द्रद्युम्नो महाबलः ।
हरिध्यानपरो भूत्वा सुष्वाप नियतेन्द्रियः ॥ २२५ ॥

यह विचार महाबल इन्द्रद्युम्न कुश बिछाय नियतेन्द्रिय और हरिके ध्यानमें रत होकर सोगये ॥ २२५ ॥

सुप्तस्य तस्य नृपतेर्वासुदेवो जगद्गुरुः ।
आत्मानं दर्शयामास सुप्ते तस्मै च चक्रभृत् ॥२२६॥

राजाके सोजानेपर जगद्गुरु चक्रधारी वासुदेवने उनको दर्शन दिया२२६

ददर्श स तु भूपालो देवदेवं जगद्गुरुम् ।
शङ्खचक्रधरं देवं गदापद्माग्रपाणिनम् ॥ २२७ ॥
युगान्तादित्यवर्णाभं नीलवैडूर्यसन्निभम् ।
सुवर्णपृष्ठमासीनं षोडशार्द्धभुजं शुभम् ॥ २२८ ॥

उस भूपालने जगद्गुरु शंख, चक्र, गदा, पद्मधारी, युगान्तकालीन सूर्यके समान प्रभायुक्त नील वैडूर्य वर्ण, गरुडकी पीठपर चढे, आठ भुजायुक्त मंगलमय देवदेवका दर्शन किया ॥ २२७ ॥ २२८ ॥

क्रतुनानेन दानेन धिया भक्त्या च ते नृप ।
तुष्टोस्मि ते महीपाल भवान्किमनुशोचति ॥ २२९ ॥

नारायणने कहा—हे नृप ! हे महीपाल ! मैं तुम्हारे इस यज्ञ, बुद्धि और भक्तिसे संतुष्ट हुआ हूं, तुम अब शोच मत करो ॥ २२९ ॥

यदत्र प्रतिमां राजञ्जगत्पूज्यां सनातनीम् ।
स्थापयिष्यसि हे धीर तस्योपायं ब्रवीमि ते ॥२३०॥

हे राजन्! हे धीर! इस स्थानमें जो जगत्पूज्य सनातनी प्रतिमा स्थापन करोगे, उसका उपाय मैं तुमसे कहता हूं सुनो ॥ २३० ॥

सागरस्य जलस्यान्ते नानाद्रुमविभूषिते।
वीचीभिर्हन्यमानस्तु न चासौ कम्पते द्रुमः॥ २३१ ॥

सागरके नानाद्रुमविभूषित जलान्तभागमें तरंगोंके द्वारा हन्यमान होकरभी जो वृक्ष कम्पित न हो ॥ २३१ ॥

गत्वा परशुहस्तश्च ऊर्म्मिमन्तं ततो व्रजेत् ।
एकाकी विरही राजन्सत्यं पश्यसि पादपम् ॥२३२॥

हे राजन्! तुम अकेले वेगसे विचरण करते करते परशु हाथमें लिये ऊर्म्मिमान् समुद्रतटपर जाकर निःसन्देह वृक्ष देखोगे ॥ २३२ ॥

इति कश्चिन्समालोच्य छेदयन्नविशङ्कितः ।
पाश्चिमायतनं वृक्षं प्रातरद्भुतदर्शनम् ।
छित्वा तैलरसं दत्त्वा तदा भूपाल चानय ॥ २३३ ॥
कुरु तत्प्रतिमां दिव्यां जहि चिन्तां विमोहिनीम् ।
एवमुक्त्वा महाबाहुरंतर्धानं गतो हरिः ॥ २३४ ॥

तुम मेरे वचनकी आलोचना कर निसंग हो, पाश्चिमायतन (जो पाश्चिममें स्थित हो) वह अद्भुतदर्शनवृक्ष प्रातःकालमें छेदन करके लाओ. फिर तेलरसप्रदानपूर्वक उसको लाकर उसके द्वारा दिव्यप्रतिमा निर्माण करो। अब तुम विमोहिनी चिन्ता मत करो। यह कहकर महाबाहु हरि अन्तर्धान होगये ॥ २३३ ॥ २३४ ॥

स चापि स्वप्नमालोच्य परं विस्मयमागतः ।
तां दिशं समुदीक्ष्यैव स्थितस्तद्गतमानसः ॥२३५॥
व्याहरन्वैष्णवं मन्त्रमुक्तश्चैव तदात्मकम् ।

प्रभातायां रजन्यां तु स ततोनन्यमानसः ॥२३६॥
स स्नात्वा सागरे रम्ये यथाविधि महायशाः ।
तं ददर्श महावृक्षं परं तेजस्विनं द्रुमम् ॥ २३७ ॥
मोहान्तकं दुरारोहं पुण्यं विफलमेव च ।
महोच्छ्रायं महाकायं प्रसुप्तश्च जलान्तिके ॥ २३८ ॥

फिर वह राजाभी स्वप्नकी आलोचना करके विस्मित हुआ । फिर वह एकाग्रचित्तसे तदात्मक वैष्णवमंत्र उच्चारणपूर्वक उसी दिशाको देखता-रहा । रात्रि बीतकर प्रभात होनेपर अनन्यमन उस राजाने मनोहर समुद्रके तटपर जाय जलान्तिकमें प्रसुप्त तेजस्वी, मोहान्तक; दुरारोह पुण्य-विफल, महाकाय महोच्च उसी महावृक्षको देखा ॥ २३५—२३८ ॥

नीलरत्नाग्र्यवर्णाभं नामजातिविवर्जितम् ।
नरराजस्तथा विष्णोर्द्रुमं दृष्ट्वा मुदान्वितः ॥ २३९ ॥

यह वृक्ष नीलोज्ज्वलवर्ण और नाम जाति वर्जित है, नरराज इन्द्र-द्युम्न विष्णुका यह वृक्ष देखकर प्रसन्न हुए ॥ २३९ ॥

चिच्छेदासौ परशुना निशातेन तदैव हि ।
सप्तधा द्रुमराजं तं पातयामास भूतले ॥ २४० ॥

और परशुसे काट उस द्रुमराजको सात खंडमें विभक्त करके भूमिमें गिरादिया ॥ २४० ॥

ओड्रदेशे मूलभागं कल्पयामास वै विभुः ।
तदूर्द्ध्वखण्डं काश्मीरे कबन्धाकारमेव च ॥ २४१ ॥
आदित्यं तं विजानीयाद्रामेण स्थापितं पुरा ।
शोणादित्यं तदूर्ध्वाङ्गं शुक्रेण स्थापितं प्रिये ॥२४२॥

देवदेव विभुने ओड्रदेशमें उसके मूलकी कल्पना करके वहां मूर्ति-स्थापन करी। उसका ऊर्ध्वखंड कबन्धाकार था, रामने उसको काश्मीरदेशमें आदित्यरूपसे स्थापित किया ! हे प्यारी ! उसका ऊर्ध्वभाग शुककर्तृक शोणादित्यरूपमें स्थापित हुआ है ॥ २४१ ॥ २४२॥

शिलारूपं महेशानि स्थापितं गुरुणा ततः ।
भागद्वयं कामरूपे भागैकं मलये गिरौ ॥ २४३ ॥

हे महेशानि ! तदूर्ध्वभाग गुरुको कर्तृकशिलारूपमें स्थापित हुआ । उसके दो ऊर्ध्व भाग कामरूपमें, उसके पीछेका एक भाग मलयगिरिमें ॥ २४३ ॥

मणिकूटे ततोर्द्धश्च स्थापितं वरुणेन हि ।
प्राच्यां नन्दीशमैशान्ये मत्स्याक्षो नाम माधवः२४४॥
शिलामयो दारुमयः कुबेरेणैव स्थापितः ।
महावराहनामा च योऽष्टादशभुजैर्युतः ॥ २४५ ॥

तदूर्ध्वभाग वरुणने पूर्वदिशामें मणिकूटमें नन्दीशरूपसे स्थापन किया । ईशानकोणमें कुबेरने मत्स्याक्षनामक शिलामय दारु (काष्ठ) मय माधवको स्थापित किया । महावराहनामक और अठारह भुजायुक्त ॥ २४४ ॥ २४५ ॥

हयाख्यो मणिकूटे च माधवाख्यो व्यवस्थितः ।
सम्भवः कथितो देवि प्रापणं शृणु पार्वति ॥ २४६ ॥

मणिकूटमें हयाख्य और मानव नामक विभु अवस्थित है । हे देवि ! संभव अर्थात् उत्पत्ति कहीगई है । अब प्रापण अर्थात् उपहार द्रव्य सुनो ॥ २४६ ॥

इङ्गुदीफलबिल्वानि बदरामलकानि च ।
खर्जूरं पनसश्चैव तथा तालफलानि च ॥ २४७ ॥

इंगुदी फल (जियापोता या हिंगोट) बेल बदर (बेर) आमला खजूर पनस तालफल ॥ २४७ ॥

दाडिमं कदलींचैव प्रयत्नेन नियोजयेत् ।
लकुचं मधुकं युक्तं तथा पूगफलानि च ।
वीरपूरञ्च मधुरं कर्कन्धूञ्च निवेदयेत् ॥ २४८ ॥

दाडिम और कदली यत्नपूर्वक नियोजित करै, लकुच (बडहल अथवा लुचकुच) मधुक (महुआ) सुपारी विजोरानींबू मधुर और कर्कन्धू (उन्नाव या छोटाबेर) निवेदन करै ॥ २४८ ॥

मूलकस्य च शाकञ्च राजकस्य तथैव च ।
फलं यस्य विशालञ्च तस्य शाकं प्ररोहकम् ॥ २४९ ॥

मूलीका शाक राजकशाक जिसका फल बडा हो उसका शाक और कलिका (कली) ॥ २४९ ॥

वास्तुकस्य च शाकञ्च पालङ्कस्य मम प्रिये ।
विलयानि प्रियाण्यन्यान्यथो वै तिन्तिडीफलम् ॥ २५०

वास्तुकशाक (बथुआ) पालङ्कशाक तिन्तिडीफल अर्थात् इमली ॥ २५० ॥

कूष्माण्डं पार्वतीयञ्च तथा चारणसम्भवम् ।
कदलं वीरपूरञ्च रामकं पौत्रकं तथा ।
अकालपनसञ्चैव तथान्यदपि वर्जयेत् ॥ २५१ ॥

पार्वतीय कूष्माण्ड (पेठा) चारणसम्भव कदल (फल विशेष) और विजोरानींबू रामक (कूठ) और पौत्रिक (कौरामक्खी-का शहद) अकाल पनस (बडहल) इस प्रकार अन्यान्य फल वर्जनीय हैं ॥ २५१ ॥

धान्यानाञ्च प्रवक्ष्यामि उपयोगांश्च शाङ्करि ।
एकचित्तं समाधाय प्रापणं शृणु पार्वति ॥ २५२ ॥

हे शांकरि ! अब धान्योंका प्रयोग कहताहूं, एकाग्रचित्तसे सुनो २५२

सोमधान्यं बृहद्धान्यं रक्तशालिकमेव च ।
राजधान्यं षष्टिकञ्च देववल्लभकं तथा ॥ २५३ ॥

सोमधान्य (समा) बृहद्धान्य लाल सट्ठी, राजधान्य (श्यामाक) षाष्ठिक (सट्ठी) देववल्लभ ॥ २५३ ॥

चणकं कोद्रवश्चैव वर्जयेन्मम सुन्दरि ।
क्षारश्च कृष्णक्षीरश्च वर्णं वै मार्तिकोद्भवम् ॥ २५४ ॥

चना, कोदों [illegible] धान्य वर्जित हैं । हे सुन्दरि ! क्षार कृष्णक्षीर मूर्तिकोद्भववर्ण ॥ २५४ ॥

लवणं प्राचि सम्भूतं तथोत्तरसमुद्भवम् ।
पशूनाञ्च प्रवक्ष्यामि वन्यानां ग्रामवासिनाम् ॥२५५॥

वर्णक प्राच्य और उत्तरसम्भूत लवण (खारी अथवा नमक जो खानिज नहीं है) को प्रयोग न करै । अब ग्राम और वनके पशुओंकी प्रयोग कहता हूं सुनो ॥ २५५ ॥

येन यान्युपभोग्यानि गव्यं देवि पयोमृतम् ।
मार्गं मात्स्यं तथा छागं शालनं शाशकं तथा॥२५६॥
एतैस्तु प्रापणं दद्याद्विष्णोश्चैव प्रियंकरम् ।
माहिषं वर्जयेन्मांसं क्षीरं दधि घृतं तथा ॥ २५७ ॥

गायका दूध, मृग, मत्स्य, छाग, शालन (एक प्रकारकी मछलीका मांस), खरगोशका मांसप्रदान करनेसे विष्णु प्रसन्न होते हैं । माहिष-मांस, दूध, दही और घृत वर्जित है ॥ २५६ ॥ २५७ ॥

पक्षिणाञ्च प्रवक्ष्यामि ये प्रयोज्या मम प्रिये ।
हारितश्च मयूरं च नायकं वार्त्तकं तथा ॥ २५८ ॥
कपिलश्चैव चाषश्च काककुक्कुटको शिरः ।
वन्यकुक्कुटकश्चैव शरारूश्च कपोतकः ॥ २५९ ॥

पक्षिगणोंमें जो प्रयोज्य हैं । सो कहता हूं, सुनो । हारीत (हरियल) मोर नायक (पक्षिविशेष) वत्तक कपिल (पीली) चाष नीलकण्ठ या (खुटबडई) काक कुक्कुट (मुर्गा) शिर वन्यकुक्कुट शरा कपोतक (जंगली कबूतर अथवा पंडाकता) ॥ २५८ ॥ २५९ ॥

बिल्वकः कुलिकश्चैव रक्तपुच्छश्च टिट्टिभः ।
कृष्णमत्स्याशनं चैव पत्रिणां च विशिष्यते ॥२६० ॥

बिल्वक, कुलिक, रक्तपुच्छक, टिट्टिभ, कृष्णमत्स्याशन यह सब पक्षियोंमें श्रेष्ठ हैं ॥ २६० ॥

अभक्ष्यश्चैव मांसञ्च यद्वा पञ्चनखस्य च ।
चित्रमत्स्यं रोहितश्च मांसकं च विवर्जयेत् ॥ २६१ ॥

अभक्ष्य पंचनखमांस, चित्रमत्स्य, रोहितमांस यह सब वर्जित हैं २६१

महाशल्यश्च राजीवं सिंहतुंकं महेश्वरि ।
मात्स्यान्येतानि देयानि विभालीश्च विवर्जयेत्॥२६२॥
जालपादाश्च सकुलान्देवि वाराहकं तथा ।
कौसुन्तशाकं पिण्याकं रक्तपादांश्च केसरान् ॥२६३॥

महाशल्य (मेंडक) राजीव सारस और सिंहतुंक देना चाहिये । विभाली, जलपाद (हंस) शउल मछली, और वाराहक नहीं दवे । साधकोत्तम कौसुन्तशाक (शाक विशेष) खजूर रक्तपाद केशर ॥ २६२ ॥ २६३ ॥

शोभाञ्जनं रक्तशेलुं कौसुकं तिन्दुकं तथा ।
पूतिकं कानकञ्चैव वर्जयेत्साधकोत्तमः ॥ २६४ ॥

सहँजना, रक्तशेलु, केंद, तेंदुआ, पूतिक और कानक त्यागदे॥२६४

यथोक्तं साधयेन्मत्रं योगी ध्यानपरायणः ।
अभक्ष्यं वर्जयेत्सर्वं देवताध्यानसाधने ॥ २६५ ॥

योगी जन ध्यानपरायण होकर सब देवताओंके साधनमें अभक्ष्य-त्यागपूर्वक ॥ २६५ ॥

हविष्याशी शुचिर्भूत्वा मन्त्रतन्त्रविशारदः ।
अहर्निशं जपेद्विद्यांतद्गतेनान्तरात्मना ॥ २६६ ॥

हविष्याशी, पवित्र और मंत्रतंत्रविशारद हो अन्तरात्माके सहित एकाग्रचित्तसे रात दिन विद्याका जप करै ॥ २६६ ॥

स भवेत्कालिकापुत्रः सर्वतो निर्भयो भवेत् ।
रहस्यं परमं देवि तव स्नेहात्प्रकाशितम् ॥ २६७ ॥

तो वह मनुष्य कालिकाका पुत्र और सर्वत्र निर्भय होता है । हे देवि ! यह मैंने तुम्हारे प्रति स्नेहके कारण रहस्य प्रकाशित किया ॥२६७ ॥

इति श्रीयोगिनीतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे देवीश्वरसम्वादे चतुर्विंशतिसाहस्रे द्वितीयभागे मुरादाबादनिवासी-कान्यकुब्जकुल-कमलदिवाकरभुवनविख्यातस्वर्गीयमिश्रसुखानन्द-सूरिसूनुपण्डितकन्हैयालालकृतभाषाटी-कायामष्टमः पटलः ॥ ८ ॥

कार्त्तिके शुक्लपक्षे तु नवबाणाकभूमिते (संवत् १९५९)
वर्षे विक्रमभूपस्य त्रयोदश्यां गुरोर्दिने ॥ १ ॥

कन्हैयालालमिश्रो वै योगिनीत्याख्यतन्त्रके ।
तान्त्रिकाणां प्रमोदाय भाषाटीकां व्यधामहम् ॥ २ ॥
नराणामल्पविषया मतिर्भवति सुस्फुटम् ।
अतोऽत्र स्खलनं यत्स्यात्तत्क्षन्तव्यं सुहृज्जनैः ॥ ३ ॥
गूढभावसमायुक्तं तन्त्रमेतत्सुदुर्लभम् ।
परोपकारिणे श्रीमत्क्षेमराजक्षितिस्पृशे ॥ ४ ॥
मुद्रणार्थं समूल्यं च विक्रयार्थं समर्पितम् ।
ईश्वरश्चानुकूल्यं च भजत्विति शिवं सदा ॥ ५ ॥

श्रीश्रीजगदम्बार्पणमस्तु ।

समाप्तोऽयं ग्रंथः ।